फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 21 मार्च 2024
वर्ष-2, अंक-225, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मोतियों की माला में घिरा नजर आया सुपरनोवा 18

कार्तिक आर्यन के साथ दिख सकतीं हैं माधुरी दीक्षित 17

## लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 102 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



- इस चरण में उप्र की आठ और उत्तराखंड की पांच सीटें भी शामिल
- 19 अप्रैल को होगा मतदान, चार जून को परिणाम

देश में 18वीं लोकसभा के सात चरणों में कराए जाने वाले चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार को प्रारम्भ हो गई। चुनाव आयोग ने आम चुनाव के पहले चरण में 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों की कुल मिलाकर लोकसभा की 102 सीटों के लिए बुधवार सुबह अधिसूचना जारी कर दी।

इसके साथ ही, इन सीटों के लिए प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने का कार्य शुरू हो गया। पहले चरण के मतदान 19 अप्रैल को कराए जाएंगे। पहले चरण में तमिलनाडु की 33, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ, मध्य प्रदेश की छह, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र की पांच-पांच, बिहार की चार, पश्चिम बंगाल की तीन, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय की दो-दो सीटें और छत्तीसगढ़, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अनादमन और निकोबार द्वीप समूह, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट शामिल हैं। इस चरण में बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों में नामांकन 27 मार्च तक भरे जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी और नाम 30 मार्च तक वापस लिए जा सकेंगे। बिहार में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 28 मार्च है और नामांकन पत्रों की जांच दो अप्रैल को की जाएगी। लोकसभा की कुल 543 सीटों के लिए आम चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में हो रहे हैं। मतगणना चार जून को होगी और चुनाव प्रक्रिया छह जून तक पूरी कर ली जाएगी।

## रद की गई बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा

**पटना, एजेंसी।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बाद 15 मार्च को दोनों पालियों हुई शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई) को बुधवार को रद कर दिया है। परीक्षा की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। बीपीएससी के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने बताया कि परीक्षा का तीसरा चरण रर कर दिया गया है। आयोग के सूत्रों के अनुसार टीआरई-तृतीय को रद करने का निर्णय बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा पेश की गई रिपोर्ट का विश्लेषण करने के बाद लिया गया। ईओयू ने प्रश्न पत्र लीक के आरोपों की जांच की थी।

### केजरीवाल के वकील ने दिल्ली हाईकोर्ट से मांगी सुरक्षा

## गिरफ्तार न करें तो ईडी के समक्ष पेशी को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी



- केजरीवाल की याचिका पर कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब नीति घोटाले के मामले में समन को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने ईडी को दो सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि ईडी के समक्ष पेश क्यों नहीं होते। तो सिंघवी ने आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह की ईडी की ओर से की गई गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए जवाब दिया कि उन्हें (मुख्यमंत्री केजरीवाल को) को आशंका है कि ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उन्हें सुरक्षा दी जाए तो वह पेश होने के लिए तैयार हैं।

ईडी का पक्ष रखते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और अधिवक्ता जोहेब हुसैन ने सिंघवी की केजरीवाल को राहत देने की दलीलों का विरोध किया।

### बिना सुनवाई आरोपियों को हिरासत में नहीं रख सकते

**नई दिल्ली।** आरोपी के स्वतः जमानत पाने के अधिकार को खत्म करने के लिए धन शोधन मामलों में पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रयासों की निंदा करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि किसी आरोपी को बिना मुकदमे के हिरासत में रखना कैद के समान है जो स्वतंत्रता में बाधक है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित सहयोगी प्रेम प्रकाश की स्वतः (डिफॉल्ट) जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि हम आपको (ईडी को) नोटिस दे रहे हैं। (कानून के तहत) मामले की जांच पूरी हुए बिना आप किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकते।




## चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में न्यायिक सदस्य आवश्यक नहीं

### केंद्र सरकार ने चयन समिति में सीजेआई को न रखने पर किया बचाव

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने 2023 के कानून के तहत दो नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का बचाव करते हुए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता चयन समिति में न्यायिक सदस्य की उपस्थिति से उत्पन्न नहीं होती है। इस कानून के तहत चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखा गया है। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में याचिकाकर्ता के दावे को खारिज कर दिया कि शीर्ष अदालत में सुनवाई से एक दिन पहले दो निर्वाचन आयुक्तों को 14 मार्च को जल्दबाजी में नियुक्त किया गया। न्यायालय में इस कानून को चुनौती दी गई जिसपर सुनवाई होने वाली थी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता जया ठाकुर और 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' सहित कई अन्य द्वारा दायर याचिकाओं के जवाब में यह हलफनामा दाखिल किया गया है। हलफनामे में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं का मामला एक भ्रांति पर आधारित है कि किसी भी प्राधिकार में स्वतंत्रता केवल तभी बरकरार रखी जा सकती है जब चयन समिति एक विशेष संरचना की हो। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि निर्वाचन आयोग या किसी अन्य संस्था या प्राधिकार की स्वतंत्रता चयन समिति में न्यायिक सदस्य की उपस्थिति से उत्पन्न नहीं होती है।



- न्यायिक सदस्य की उपस्थिति पारदर्शिता का मापदंड नहीं : केंद्र

### सूची विपक्ष के साथ साझा न करने का भी खंडन

केंद्र ने याचिकाकर्ताओं के इस दावे का खंडन किया कि नियुक्त किए जाने वालों की कोई सूची विपक्ष के साथ साझा नहीं की गई थी। केंद्र ने कहा कि खोज समिति द्वारा छह नाम की सिफारिश के बाद अंतिम सूची में नामित व्यक्तियों के नाम 13 मार्च, 2024 को लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी को उपलब्ध कराए गए थे। इसलिए, यह कहना पूरी तरह से गलत, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण है कि चयन समिति के तीसरे सदस्य को दो सदस्यों के विचार के तहत शॉर्टलिस्ट किए गए नाम दिए गए थे। सभी सदस्यों को एक साथ सूची प्राप्त हुई थी।

### सीईसी को मिला है संविधान में संरक्षण, निष्पक्ष रूप से कार्य करने में सक्षम

हलफनामे में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं का यह कहना कि न्यायिक सदस्यों के बिना चयन समितियां हमेशा पक्षपातपूर्ण होंगी, पूरी तरह से गलत है। कहा गया कि नियुक्ति की शक्ति कार्यपालिका के पास होने के बावजूद निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) तटस्थ और प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम रहे हैं। उच्च संवैधानिक पद के नाते मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संविधान में अंतर्निहित संरक्षण प्राप्त है, जो उन्हें निष्पक्ष रूप से कार्य करने में सक्षम बनाता है। अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के इस्तीफे के बाद निर्वाचन आयोग में दो रिक्तियां हुई थीं। उनके स्थान पर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को नियुक्त किया गया।

### शिव खेलैं मसाने में होरी...



रंगभरी एकादशी पर वाराणसी में बुधवार को लोगों ने जमकर होली खेली और नगर में शिव-पार्वती की शोभायात्रा निकाली।




### एक नजर

### पारस का इस्तीफा स्वीकार रिजिजु को मिला प्रभार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पशुपति कुमार पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और किरण रिजिजु को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभालने को कहा है। राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 75 की धारा दो के तहत पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति ने रिजीजु को अपने मंत्रालय के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का कार्यभार संभालने का भी निर्देश दिया है।

### आठ लाख रुपये के इनामी नक्सली ने किया समर्पण

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की तेलंगाना सीमा पर सक्रिय रहे आठ लाख रुपए के इनामी नक्सली ने आज पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया। आरोपी नक्सली रोशन सोड़ी ने सुकमा पुलिस के समक्ष समर्पण किया। वह बगैर हथियार के पुलिस के समक्ष पहुंचा। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रहा यह नक्सली अनेक मुठभेड़ों में शामिल रहा। उस पर अनेक जघन्य घटनाएं करने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने नक्सली का शॉल और श्रीफल भेंटकर स्वागत किया।

## दीपक कुमार ने संभाला कार्यभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- बैठकें कर आचार संहिता के अनुपालन को लेकर दिए निर्देश

**अमृत विचार :** राज्य के नवनियुक्त अपर मुख्य सचिव (गृह) दीपक कुमार ने मंगलवार देर रात गृह विभाग पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। 1990 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक कुमार बुधवार को भी लगभग पूरा दिन लोकभवन स्थित गृह विभाग के अपने कक्ष में बैठे रहे और अलग-अलग विषयों को लेकर मीटिंग करते रहे। इस दौरान उन्होंने तमाम सरकारी कामकाज निपटाए। राज्य की सुरक्षा व्यवस्था, चुनाव की तैयारियों और आचार संहिता की गाइडलाइन पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश भी दिए।

दीपक कुमार 17 मई 2010 से 14 जून 2012 तक गृह विभाग में सचिव पद पर तैनात रह चुके हैं। अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार पर लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने की बड़ी जिम्मेदारी है। दीपक कुमार को ऐन चुनाव के समय गृह विभाग की जिम्मेदारी देने के पीछे उनकी बेदाग छवि मानी जा रही है। 2003 में अयोध्या के जिलाधिकारी रह चुके दीपक कुमार कई बड़े पदों पर रहे व जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। दीपक कुमार अपर मुख्य सचिव वित्त और माध्यमिक शिक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

## रामलला के दर्शन कर धन्य हो गई : प्रियंका



**अयोध्या।** रामलला के दर्शन पाकर मैं धन्य हो गई हूं। ये बात बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने बुधवार को रामलला के दर्शन के बाद कही। वो पति निक जोनस और बेटी के साथ दर्शन करने आई थीं। राम मंदिर के पुजारी प्रदीप ने प्रियंका व जोनस को तिलक लगाया और ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने रामनामी ओढ़ाकर स्वागत किया। प्रियंका चोपड़ा परिवार के साथ अयोध्या पहुंचीं। भारी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट से प्रियंका चोपड़ा को रामलला के दरबार में पहुंचाया गया।

## सपा ने 6 और प्रत्याशी उतारे, एक का टिकट बदला

- मिर्जापुर सीट पर सपा के सामने होगा अपना दल कमेरावादी का उम्मीदवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी ने गठबंधन में गुटबंदी की चर्चा के बीच गौतमबुद्ध नगर सीट से अपना प्रत्याशी बदल दिया है। पार्टी ने बुधवार को छह और उम्मीदवारों की सूची जारी की है। समाजवादी पार्टी की छठी सूची सामने आने के बाद उम्मीदवारों की कुल संख्या 49 हो गई है।

सपा की ओर से गौतमबुद्ध नगर में पहले डॉ. महेंद्र नागर को लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया। लेकिन, उनका विरोध होने के बाद पार्टी ने अब राहुल अवाना को अपना लोकसभा उम्मीदवार बनाया है।

सपा ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क के पोते जियाउर्रहमान बर्क, बागपत से मनोज चौधरी, पीलीभीत से भगवत शरण गंगवार, घोसी से राजीव राय और मिर्जापुर से राजेंद्र एस बिंद पर दांव लगाया है। इस बार समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन में लोकसभा चुनाव लड़ रही है।

### पल्लवी पटेल ने घोषित की तीन सीटें



**लखनऊ।** एक ओर बुधवार को जहां सपा ने अपने छह नये उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक किए वहीं, दूसरी ओर उसके सहयोगी अपना दल (कमेरावादी) ने भी तीन सीटों पर लड़ने का एलान कर दिया। ऐसा लगता है कि दोनों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर समझौता नहीं हुआ है। समाजवादी पार्टी की विधायक पल्लवी पटेल ने संकेत दिए है कि वह सपा से अलग होकर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। उनकी पार्टी अपना दल (कमेरावादी) ने प्रदेश की जिन तीन लोकसभा सीटों पर बुधवार को चुनाव लड़ने का एलान किया है उनमें एक सीट मिर्जापुर भी है। जिस पर सपा ने भी अपना उम्मीदवार उतारा है। हालांकि अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि हम शुरू से ही इंडिया गठबंधन में हैं। हमारी पार्टी ने फूलपुर, कौशांबी और मिर्जापुर सीट पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। पल्लवी पटेल इन्हीं में से किसी सीट पर चुनाव लड़ेंगी।

## प्रोन्नति के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त हुए अध्यापकों को जूनियर हाई स्कूल में प्रोन्नत करने के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य नहीं है। कोर्ट ने इस निर्णय के बाद प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त उन सहायक अध्यापकों की जूनियर हाईस्कूल में प्रोन्नति का रास्ता साफ हो गया है, जिनकी नियुक्ति 23 अगस्त 2010 से पूर्व हुई थी। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने शिवकुमार पांडेय व दर्जनों अन्य याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया है। मामले के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापकों ने यह करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी कि राज्य सरकार ने उनकी प्राथमिक विद्यालयों से उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रोन्नति इस आधार पर रोक दी है कि वे सीनियर टीईटी उत्तीर्ण नहीं है जबकि ऐसी कोई अनिवार्यता नहीं है। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार और एनसीटीई से जवाब तलब किया था। एनसीटीई की ओर से दाखिल हलफनामे में बताया गया की 23 अगस्त 2010 को जारी अधिसूचना में स्पष्ट है कि इस अधिसूचना के जारी होने से पूर्व नियुक्त अध्यापकों को न्यूनतम अर्हता प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना में एनसीटीई ने सहायक अध्यापकों के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रोन्नति प्राप्त करने के लिए सीनियर टेट उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है, लेकिन यह आदेश अधिसूचना जारी होने की तिथि के बाद से प्रभावी माना जाएगा। इस स्थिति में अधिसूचना जारी होने की तिथि से पूर्व नियुक्त अध्यापको पर यह शर्त लागू नहीं होगी।

### बदलाव की तैयारी | प्रसार भारती का होगा कायाकल्प, नकारा पेशेवरों की होगी छंटनी

## 3 माह बाद मन की बात का 111वां एपिसोड होगा कुछ अलग

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली



- चार वर्ष से रिक्त अध्यक्ष पद पर नवनीत सहगल की हुई ताजपोशी

**अमृत विचार :** नरेंद्र मोदी यदि तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो उनके 'मन की बात' के 111वें एपिसोड की लोकप्रियता कुछ अलग नजर आएगी। इसके प्रसारण की नोडल एजेंसी 'प्रसार भारती' का तब तक काफी कुछ कायाकल्प हो चुका होगा। अपनी विशिष्ट कार्यशैली से नौकरशाही में खास पहचान बनाने वाले उत्तर प्रदेश कैडर के पूर्व नौकरशाह नवनीत सहगल को प्रसार भारती का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उक्त आशय की संभावनाएं प्रबल हुई हैं।

खबरों की दुनिया में भारत के सरकारी जन संचार तंत्र को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र करने के लिए 1997 में प्रसार भारती की स्थापना हुई थी और रेडियो, दूरदर्शन सहित कई सूचना माध्यमों को इसमें जोड़कर आजाद कर दिया गया था। लेकिन प्रसार भारती दिन पर दिन निजी जन संचार माध्यमों के मुकाबले पिटता चला गया। यही वजह है कि देश के कोने-कोने तक सबसे बड़ा नेटवर्क होने के बावजूद आम जनता तक पहुंच में अभी भी काफी पीछे है।

प्रसार भारती को पेशेवर मजबूती देने के लिए सरकार ने हाई प्रोफाइल कहे जाने वाले चार पत्रकारों को इसका अध्यक्ष बनाया लेकिन नतीजा शून्य रहा। करंट अफेयर्स के पूर्व संपादक निखिल चक्रवर्ती पहले अध्यक्ष बने थे। उनके बाद 3 वर्ष तक यह पद खाली रहा और सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डा.यूएस राव को इसका अध्यक्ष बनाया। प्रसार भारती की कार्य संस्कृति देखकर उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। तीसरे अध्यक्ष के रूप में अमेरिका में तैनात टाइम्स आफ इंडिया के पत्रकार एमवी कामथ को नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी अरुण भटनागर को चौथा अध्यक्ष बनाया, वह भी एक वर्ष बाद ही हट गए।

उनके बाद एक हिंदी अखबार की संपादक मृणाल पांडे 2011 तक इस पद पर रहीं। पायनियर के सलाहकार संपादक के सूर्य प्रकाश 2020 तक इस पद पर रहे। तब से 4 वर्षों तक अध्यक्ष पद रिक्त था। उपराष्ट्रपति की अध्यक्षता में गठित समिति ने पिछले दिनों सहगल के नाम की सिफारिश की थी, इस समिति में सूचना एवं प्रसारण सचिव व भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष भी एक सदस्य हैं। राष्ट्रपति ने उनकी नियुक्ति कर दी है और मंगलवार को पहली बार उन्होंने प्रसार भारती मुख्यालय में प्रवेश किया। एक मुलाकात के दौरान सहगल ने काफी सुधार के संकेत दिए हैं, कहा कि पहले अध्ययन करेंगे और फिर फैसले होंगे।

सहगल की नियुक्ति के बाद प्रसार भारती के सभी विभागों में हलचल है। कामकाजी लोग तो प्रसन्न हैं लेकिन तथाकथित पेशेवर कर्मयोगियों की बेचैनी बढ़ गई है यह भी संकेत मिले हैं कि ऐसे लोगों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी और उनसे प्रसार भारती जल्द ही किनारा करेगा।

## पप्पू यादव की पार्टी का कांग्रेस में विलय

नई दिल्ली, एजेंसी

पांच बार लोकसभा के सदस्य रहे बिहार के प्रमुख नेता पप्पू यादव की जन आधार पार्टी का बुधवार को कांग्रेस में विलय हो गया। कांग्रेस की बिहार की प्रभारी महासचिव मोहन प्रकाश , पार्टी के संचार विभाग विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, बिहार विधानसभा में कांग्रेस के नेता शकील अहमद ने बुधवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में यादव और उनके पुत्र सार्थक यादव को अंग वस्त्र पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। यादव के साथ ही उनके कई समर्थक कांग्रेस में शामिल हो गए। मोहन प्रकाश ने कहा कि पप्पू यादव के आने से कांग्रेस मजबूत होगी और इंडिया गठबंधन को भी बिहार में मजबूती मिलेगी।



- बेटे सार्थक यादव और समर्थकों के साथ ली कांग्रेस की सदस्यता

पप्पू यादव ने कहा कि जनाधार पार्टी सेवा संघर्ष और न्याय पर विश्वास करती है। वह पांच बार सांसद और एक बार विधायक रहे लेकिन उनकी विचारधारा कांग्रेस की रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को एक मजबूत नेता बताते हुए कहा कि वह मोदी सरकार के खिलाफ सबसे सशक्त आवाज हैं। उन्होंने राहुल गांधी को सबसे सशक्त नेता बताया।

### बसपा सांसद दानिश अली कांग्रेस में शामिल



**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लोकसभा सदस्य दानिश अली समर्थकों के साथ बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय में उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया। उन्होंने कहा कि अमरोहा के सांसद दानिश अली के कांग्रेस में शामिल होने से देश में न्याय की लड़ाई को बल मिलेगा। अली ने कहा कि आज जो देश की परिस्थितियां हैं, वह किसी से छिपी नहीं है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### ट्रायल में 44 खिलाडियों ने आजमाई किस्मत



**अयोध्या, अमृत विचार :** उप्र में स्थापित खेल छात्रावासों में प्रवेश के लिए क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय की देखरेख में बुधवार को डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन हुआ। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि बुधवार को हैंडबॉल व टेबल टेनिस खेलों के लिए ट्रायल हुआ। इसमें हैंडबॉल ट्रायल में 33 खिलाड़ियों ने व टेबल टेनिस खेल में 11 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। खिलाड़ियों का शटल रन, स्टैंडिंगब्रॉड जम्प, 100 मीटर व 800 मीटर दौड़, मेडिसिन बॉल थ्रो टेस्ट के बाद स्किल टेस्ट हुआ और उसके बाद खेल प्रदर्शन का बारीकी का से निरीक्षण किया गया। हैंडबॉल में उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान व मुशर्रफ ने तथा टेबल टेनिस में धीरेन्द्र पुरुषोत्तम ने ट्रायल लिया।

### तेज रफ्तार वाहन ने राहगीर को कुचला

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या रायबरेली हाईवे पर मंगलवार देर रात नऊवा का कुआं ओवर ब्रिज के पास तेज रफ्तार वाहन ने पैदल घर की ओर जा रहे राहगीर को कुचल दिया। थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के बंदी दासपुर मजरे कादीपुर निवासी अर्जुन तिवारी के रूप में हुई है।




### शहादत दिवस पर कार्यक्रम आज

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान 23 मार्च को शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु का शहादत दिवस समारोह पूर्वक मनायेगा।अंगूरीबाग स्थित गोकुल पैलेस में सुबह 11 बजे से शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण करके आयोजन प्रारंभ किया जाएगा। संस्थान के सेक्रेटरी विश्व प्रताप सिंह अंशू ने बताया कि इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों की भूमिका विषय पर चर्चा होगी। अध्यक्षता सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक प्रीतम सिंह तथा मुख्य वक्ता संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय होंगे।

# मेडिकल कॉलेज में ट्रॉमा के नाम पर ड्रामा

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था अभी से चरमरा गई है। नए भवन में संचालित ट्रॉमा सेंटर के नाम पर ड्रामा भर है। सर्जिकल सामानों का टोटा है। ब्लेड तक बाहर से मंगाए जा रहे हैं। तीन दिन से सीटी स्कैन मशीन खराब है। नए भवन में पहुंचने वाले गंभीर मरीज को गोद में उठाकर बेड तक ले जाना पड़ता है। यह हाल तब है जब खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या की स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती का निर्देश दे चुके हैं।

नए भवन के ट्रॉमा सेंटर/इमरजेंसी में बुधवार को पहुंचने वाले गंभीर मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गंभीर मरीजों के तीमारदार पहले स्ट्रेचर की तलाश में अंदर गए। खाली हाथ लौटे। मरीजों को गोद में या फिर कंधों के सहारे बेड तक ले गए। गोंडा के मसकनवा की शांति देवी की तबियत काफी खराब थी। तीमारदार उन्हें कार से इमरजेंसी के बाहर तक लाए। एक लड़का उतरा और अंदर से बाहर आते समय कहने लगा। इतना बड़ा अस्पताल और स्ट्रेचर तक की व्यवस्था नहीं है। इसके बाद शांति देवी को एक महिला के सहारे कंधे पर लादकर ले गया, भर्ती कराया। शांति देवी ऐसी इकलौती मरीज नहीं थीं। दिन में कई मरीज पहुंचे। उन्हें भी स्ट्रेचर नहीं मिला। सूत्र बताते हैं कि इमरजेंसी में तीन स्ट्रेचर थे, एक टूट गया। अब दो से ही काम चलाया जा रहा है। दो व्हील चेयर भी है, लेकिन वह मरीजों को नहीं मिल पाई।

**हालात** स्ट्रेचर व व्हील चेयर के इंतजाम नहीं, ब्लेड तक बाहर से मंगा रहे

### बाहर से मंगाया 12 नंबर का ब्लेड




मरीज अक्षय को लिखी गई पर्ची।

इमरजेंसी में सर्जिकल सामानों का टोटा है। ऐसा सूत्रों का कहना है। हालांकि इस संबंध में कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। आशापुर से आए मरीज अक्षय ने पर्ची दिखाते हुए आरोप लगाया कि उससे 12 नंबर का सर्जिकल ब्लेड बाहर से मंगाया गया। उसे प्लास्टर बंधा हुआ था। उस ब्लेड से ही उसका प्लास्टर काटा गया।

### तीन दिन से खराब है सीटी स्कैन मशीन

मेडिकल कॉलेज के पुराने भवन में लगी सीटी स्कैन मशीन में खराबी बुधवार को तीसरे दिन भी दूर नहीं हो पाई। मौके पर मिले टेक्निशियनों का कहना था कि इंजीनियर मशीन के मरम्मत कार्य में लगे हुए हैं। वहीं 128 स्लाइस की सीटी स्कैन मशीन का संचालन अभी तक नहीं हुआ।





मेडिकल कॉलेज में मरीज को स्ट्रेचर नहीं मिला तो कंधे के सहारे ले जाया गया।

### देखिए खबर में लगी तस्वीर और पढ़िये डॉक्टर साहब का बयान

ट्रॉमा/इमरजेंसी प्रभारी डॉ. विनोद आर्या ने बताया कि मरीजों को ले जाने के लिए स्ट्रेचर उपलब्ध है। ऐसा कभी नहीं हुआ कि मरीजों को गोद में लेकर जाना पड़ा हो। चार स्ट्रेचर व व्हील चेयर इमरजेंसी में ही रखे हैं। हो सकता है कि कोई और लेकर गया हो। आपको किसी ने अगर ऐसा बताया है तो गलत है। आप कभी भी अचानक आइये और देखिए यहां कितनी जबरदस्त व्यवस्था है। 25 बेड की इमरजेंसी चल रही हैं। प्रतिदिन मरीज की देखभाल की जा रही है।

> मैं खुद एक-एक मरीज के पास जाकर पूछता हूं कि बाहर से कुछ मंगाया तो नहीं जा रहा है। बाहर से दवाएं व सामान लिखने पर मनाही है। सीटी स्कैन मशीन जल्दी ही बन जाएगी। -डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य

### चुनाव कार्य में तीन अफसरों की तैनाती

**अयोध्या।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने दो और अफसरों को चुनाव कार्य में लगाया है। अतिरिक्त मजिस्टेरट अंशुमान सिंह मैनपावर मैनेजमेंट, टेरनिंग मैनेजमेंट, मैटीरियल मैनेजमेंट, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट और जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी से सौपे गए अन्य कार्य कराएंगे। अपर उप जिलाधिकारी सदर अरविन्द कुमार को कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी एंड आईटी, स्वीप, कानून व्यवस्था, वीएम, सिक्योरिटी प्लान, ईवीएम मैनेजमेंट, एमसीसी, खर्च की मानीटरिंग और जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी से दिए गए कार्य का कराएंगे। सहायक अभिलेख अधिकारी राम प्रसाद त्रिपाठी को बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस, मीडिया, कम्नीकेशन प्लान, इलेक्ट्राल रोल, कम्पलेन रिड्रेसशल एण्ड वोटर हेल्पलाइन आब्जर्वर और दूसरे कार्यों को निर्वहन करेंगे। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने दी।

# जमीन पर तो कहीं डेस्क पर दी परीक्षा

## अव्यवस्थाओं के बीच 1702 परिषदीय विद्यालयों में एग्जाम शुरू, कुछ प्रश्नपत्रों में रहीं त्रुटियां

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित 1792 परिषदीय विद्यालयों में बुधवार को अव्यवस्था के बीच वार्षिक परीक्षाएं शुरू हुईं। किसी स्कूल में जमीन पर तो कहीं डेस्क पर बैठकर बच्चों ने परीक्षा दी। पहले दिन गणित के प्रश्न पत्र की गड़बड़ी ने परीक्षार्थियों को उलझा दिया। हालांकि विभाग ने दावा किया कि सुचिता पूर्ण ढंग से परीक्षाएं शुरू हुईं हैं। जहां भी गड़बड़ी की सूचना थी वहां खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है। कड़ी निगरानी में बच्चों ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि करीब 99 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति रही।



सोहावल के धन्नीपुर प्राथमिक विद्यालय में परीक्षा देते छात्र। अमृत विचार

### किसी कक्षा में कम तो किसी में ज्यादा पहुंचे प्रश्न पत्र

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** परिषदीय परीक्षा में अव्यवस्था का बोलबाला रहा। विद्यालयों में भेजे गए प्रश्नपत्र पैकेट में भारी गड़बड़ी मिली। किसी कक्षा के प्रश्न पत्र कम पहुंचे तो किसी कक्षा के ज्यादा पहुंचे। कक्षा पांच के प्रश्नपत्र के सवाल नंबर आठ का विकल्पीय उत्तर ही गलत मिला। जिसे लेकर बच्चे भ्रमित होते रहे। प्राथमिक विद्यालय धन्नीपुर में कक्षा एक से पांच तक के पंजीकृत 67 बच्चों में एक कक्षा तीन का और एक कक्षा पांच का विद्यार्थी गैरहाजिर रहा। कक्षा दो और तीन के प्रश्न पत्र पैकेट में प्रश्न पत्र निर्धारित संख्या से दो, तीन ज्यादा रहे। कक्षा पांच के पंजीकृत संख्या 21 के लिए केवल 15 प्रश्न पत्र मिले। दो बच्चो के बीच ताल मेल से प्रश्न पत्र रखकर पेपर हल कराया गया। बच्चे टाट पट्टी पर बैठे मिले जो एक-दूसरे की मदद कर रहे थे। प्रधानाध्यापिका विमला देवी ने बताया कक्षा पांच में छह प्रश्न पत्र कम आए। इसी कक्षा के पहले दिन पहली पाली गणित के पेपर में सवाल नंबर आठ के बहु विकल्पीय उत्तर में गलती है। दूसरा और चौथा विकल्प एक ही है।



प्राथमिक विद्यालय शहनेवाजपुर में परीक्षा की निगरानी करतीं शिक्षिका। अमृत विचार

### कक्षा चार और पांच के गणित के प्रश्न पत्रों में मिली समानता

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र पूरा बाजार के 132 में विद्यालयों में दोनों पालियों में परीक्षा हुई। पहली पाली की परीक्षा बुधवार सुबह 9 :15 बजे शुरू हुई जो 12 :15 तक चली। पहली पाली में कक्षा दो में हिंदी, कक्षा तीन में सामाजिक विषय, कक्षा चार और कक्षा पांच में गणित की परीक्षा हुई। पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा छह, सात व आठ में गणित की परीक्षा हुई। पूर्व माध्यमिक विद्यालय समाहाकला के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मनोज यादव ने बताया कि कुल पंजीकृत संख्या 60 है। जिसमें 58 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे। कक्षा चार व पांच के गणित के पेपर में करीब 10 प्रश्न एक समान हैं। जिससे विद्यार्थियों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। प्राथमिक विद्यालय नरायनपुन इंचार्ज प्रधानाध्यापक दयानंद व प्राथमिक विद्यालय अंकवारा की इंचार्जअध्यापिका कलावती ने बताया कि कक्षा चार और पांच के गणित के पेपर में पीछे के भाग पर करीब 10 प्रश्न ऐसे हैं जो दोनों में समानता रही, जिसके चलते परीक्षार्थियों को परेशानियां हुई है।

### ऑनलाइन भी नामांकन कर सकते हैं प्रत्याशी

**अयोध्या।** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी ऑनलाइन भी अपना नामांकन कर सकते हैं। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बुधवार को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऑनलाइन नामांकन करने की अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इसके लिए प्रत्याशी वेब लिंक https://suvidha.eci.gov.in/login के माध्यम से नामांकन कर सकते हैं। इसके बाद उसका प्रिंट निकाल प्रारूप-1 में रिटर्निंग अफसर द्वारा निर्गग सूचना में इंगित स्थान पर दाखिल कर सकते है। इसी प्रकार शपत्र पत्र भी उक्त लिंक के माध्यम से ऑनलाइन भर सकते हैं और प्रिंट आउट को नोटराइजेशन के पश्चात रिटर्निंग अफसर के समक्ष दाखिल कर सकते है। जमानत राशि को भी ऑनलाइन जमा करने का प्रावधान किया गया है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह ने बताया कि प्रत्याशी पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के तहत नकद रूप से ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमानत धनराशि जमा कर सकते है।

## सार-संक्षेप

### अवंतीबाई लोधी त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ति : रामचंद्र



कार्यक्रम को सम्बोधित करते रुदौली विधायक।

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की पुण्यतिथि आदर्श नगर पालिका परिसर में मनाई गई। क्षेत्रीय विधायक रामचन्द्र यादव ने विरांगना अवंति बाई लोधी के जीवन पर प्रकाश डाला। विधायक ने कहा कि 1857 संग्राम में महान पराक्रम का परिचय देने वाली रानी अवंतीबाई ने अपनी मातृभूमि पर ही देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। अवंती बाई के बलिदान दिवस पर देश उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहा है। आयोजक शिवकुमार लोधी और संचालक राम नेवल लोधी ने किया। पप्पू प्रधान लोधी, अखिलेश कुमार लोधी, जगपता लोधी, सभासद रामराज लोधी, सभासद कुलदीप सोनकर, आशीष वैश्य, सुरेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### चूल्हे की चिंगारी से चार घरों में लगी आग

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बनबीर पुर मजरे गोपालपुर गांव में बुधवार दोपहर बाद तेज रफ्तार हवा से चूल्हे की चिंगारी से उठी आग ने चार घरों में हजारों की संपत्ति जलाकर राख कर दिया। थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा का कहना है कि बुधवार दोपहर बाद तेज रफ्तार हवा के दौरान करीब 2 .30 बजे लालता प्रसाद के छप्पर के घर में खाना बन रहा था। तेज रफ्तार हवा के दौरान चूल्हे की चिंगारी से उठी आग ने देखते ही देखते समूचे घर को अपने आगोश में ले लिया। जब तक गुहार पर ग्रामीण इकट्ठा हुए तब तक आग पड़ोसी राजाराम और राम मनोहर सहित चार घरों में फैल चुकी थी। फायर ब्रिगेड के दस्ते ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।घटना में हजारों की संपत्ति आग की भेंट चढ़ गई है।

### सामंजस्य से होता है क्षमता का विकासः जिला स्काउट कमिश्नर

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के पाराताजपुर में स्थित रामदेव महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित हुआ। जिसका समापन बुधवार को किया गया। मुख्य अतिथि जिला स्काउट कमिश्नर अनूप प्रियदर्शी रहे। महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने गीत, कविता एवं नाटक के माध्यम से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि जिला स्काउट कमिश्नर अनूप प्रियदर्शी ने कहा कि जिस प्रकार अध्ययन से ज्ञान में वृद्धि होती है, ठीक उसी प्रकार से राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में परस्पर सामंजस्य एवं सहयोगपूर्ण ढंग से कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार ने बच्चों को समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्रबंधक संजय यादव ने सम्बोधित किया। प्रशासक ज्ञान सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय पाराताजपुर के नोडल संकुल इरशाद अहमद, कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार, बलराम प्रजापति, अजय चौरसिया, कंचन यादव आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ एसके यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सहायक अध्यापक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय खिरौनी मया गोसाईगंज के प्रधानाध्यापक अखंड प्रताप सिंह पर जानलेवा हमला करने के मामले में सहायक अध्यापक के खिलाफ जानलेवा हमला, लूट समेत अन्य धाराओं में बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। यह रिपोर्ट सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट अतुल पाल की कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई है। अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह ने बताया कि घटना 19 फरवरी 2024 की है। कंपोजिट विद्यालय गोसाईगंज में इंचार्ज प्रधानाध्यापक अखंड प्रताप सिंह व सहायक अध्यापक संतराम के बीच मारपीट हुई थी। जिसमें संतराम अपने तीन-चार अन्य सहयोगियों के साथ इंचार्ज प्रधानाध्यापक को लोहे की रॉड से मारा था। जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आई थीं। उनके कंधे की हड्डी टूट गई थी। हमले के दौरान शर्ट की जेब में रखा 6000 रुपये, जरूरी कागजात, आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि लूट लिया गया था। घटना की रिपोर्ट थाने पर दर्ज नहीं हुई और न पुलिस ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक का मेडिकल परीक्षण ही करवाया। मामले में संतराम की तहरीर पर पीड़ित के खिलाफ ही थाने पर एससी एसटी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट भी दर्ज कर ली गई। इस पर प्रधानाध्यापक ने अदालत की शरण ली और अर्जी देकर रिपोर्ट दर्ज करवाने की याचना की। सुनवाई के बाद कोर्ट में मामले में रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश थानाध्यक्ष गोसाईगंज को दिया था। कोर्ट के आदेश पर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर : प्रो. गोयल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं। समाज को उनके अनुभवों से लाभ उठाना चाहिए। उनके इस अनुभव से हम सभी लाभान्वित हो सकते है। ये बातें बुधवार को अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहीं। वो अवध विवि और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ के संयुक्त संयोजन में बुधवार को इम्पॉवरिंग इनोवेशन : प्रोटोटाइप/प्रोसेस डिजाइन एंड डेवलपमेंट वर्कशॉप विथ ए फोकस ऑन एल्डरली केयर रिमांडर सिस्टम विषय दो दिवसीय ऑनलाइन वर्कशॉप में बोल रहीं थीं। कुलपति ने कहा कि बुजुर्गों की देखभाल में प्रोटोटाइप डिजाइन मदद कर सकता है। इसमें दोनों संस्थानों को हार्डवेयर की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने अनुभूति एक प्रयास के तहत बुजुर्गों की देखभाल के लिए दो वृद्धाश्रम गोद लिए हुए है। विश्वविद्यालय ने सामाजिक शोध एवं कोर्स के हिस्से से जोड़कर विद्यार्थियों को बुजुर्गों से रिश्ता जोड़ा है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानन्द शुक्ल ने कहा कि दो दिवसीय वर्कशॉप शोधार्थियों व अन्य के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। कुलपति प्रो. गोयल की मौजूदगी में इससे पहले एमओयू किया गया था। दोनों संस्थानों के मध्य शोध एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों संचालित की जायेगी। समन्वयक डॉ. कविता ठाकुर रहीं।

### सरकार बदलने से अधिक संविधान बचाने का है चुनाव

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** लोकसभा अंबेडकर नगर इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता सम्मेलन विधानसभा गोसाईगंज गोदवा की बाग में बुधवार को हुआ। अध्यक्षता सियाराम निषाद व संचालन चंद्रभान वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि सपा प्रत्याशी लाल जी वर्मा ने कहा कि यह चुनाव सरकार बदलने का नहीं है यह चुनाव देश के संविधान को बचाने की चुनौती है। भाजपा ने महंगाई पर नियंत्रण करने का वादा किया था प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि हिंदू मुस्लिम की नफरत फैलाकर देश को बांटने का काम भाजपा सरकार कर रही है। पूर्व सांसद व विधायक आलापुर त्रिभुवन दत्त व टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा ने भी सभा को संबोधित किया। पारसनाथ यादव जिला अध्यक्ष अयोध्या व अंबेडकर नगर जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव, इंद्रपाल यादव राजेश वर्मा, कमला प्रसाद बागी पूर्व विधान परिषद सदस्य हीरालाल यादव, अजीत पटेल, रामसुंदर यादव व रोली यादव ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर पदाधिकारीऔर कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 20 लेखपालों के भरोसे हैं 159 राजस्व गांव

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** तहसील में राजस्व कर्मियो का टोटा इतना बढ़ गया है कि अब एक तिहाई संख्या ही बची है। जिसके कारण तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

यहां तहसील में 159 राजस्व गांवों 80 लेखपालों की जगह मात्र बीस से काम चलाया जा रहा है। इसके अलावा 16 राजस्व निरीक्षकों की जगह महज आठ काम कर रहे हैं। इनमें से जून में दो राजस्व निरीक्षक सेवानिवृत्त हो जायेगें। आधा दर्जन सर्किल राजस्व निरीक्षकों में दो पदों पर कुर्सी खाली है। राजस्व लेखपालों की संख्या 60 से घटते - घटते 20 तक रह गई है। जिनके जिम्मे बाबूगीरी से लेकर पैमाईश, जांच, आख्या, बयान, साक्ष्य, कब्जा दिलाने तक का काम लिया जाता है। रौनाही, मंगलसी, मुबारकगंज, बड़ागांव, मसौधा, रानीबाजार सर्किल क्षेत्रों से गठित तहसील के 159 राजस्व गांवो से जुड़े कुल 10 आरआई में 4 राजस्व कानूनगों कार्यालय का काम देखते है। 6 सर्किल क्षेत्रों से जुड़े इतने ही राजस्व निरीक्षकों में दयाराम वर्मा का रिटायरमेंट अप्रैल में है तो राम देव 30 जून 24 को सेवानिवृत्त हो रहे है। ऐसे में सर्किल क्षेत्रों का राजस्व काम काज प्रभावित हो रहा है। शिकायत कर्ताओं की जांच पड़ताल, सरकारी पैमाईश, आख्या रिपोर्ट, सबके लिए विभाग से केवल औपचारिकता निभाई जाती है। यहां नए लेखपालों की नियुक्ति से 12 लेखपाल गत माह मिले थे लेकिन न्यायालय के निर्देश पर वापस हो गए।




> चुनाव बाद शासन से जल्दी व्यवस्था होगी और काम आसान हो जायेगा। लोगों के काम प्रभावित न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। - विनोद चौधरी, तहसीलदार सोहावल

### अल्लाह का मेहमान होता है रोजेदार : मौलाना जफर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रमजान उल मुबारक का महीना बरकतों का है। इस महीने में जो बंदा रोजा रखता है वह अल्लाह ताअला का मेहमान होता है। रमजान में हर नेकी का सवाब बढ़ जाता है। सामूहिक तौर इफ्तार करें तो उसका सवाब कई गुना बढ़ जाता है। पूरे महीने इबादत करें और गरीब व जरूरतमंदों की मदद भी। मौलाना जफर अब्बास कुम्मी बताते हैं कि इस महीने में अल्लाह अपने बंदों पर रहमतों की बारिश करता है। रोजेदार इबादत में मशरूफ हो जाता है। इस पाक महीने में ही परवरदिगार ने अपने बंदों को कुरआन का तोहफा दिया था। रमजान के महीने में इंसान खुद-बखुद पाक हो जाता है। ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की कुरबत अख्तियार करने को वह तैयार रहता है। इस्लाम में इस महीने की बड़ी अहमियत है। रोजा रखने वाला हर इंसान खुद बखुद गुनाहों से रोकता है। उन्होंने कहा कि उसकी जुबान से कोई गलत अल्फाज न निकले, इसका वह पूरा ध्यान देता है क्योंकि गलत बातों से रोजेदार के रोजे पर असर पड़ता है। उन्होंने कहा इस पूरे महीने आसमान से रहमतों की बारिश होती है। वहीं रमजान का पहला अशरा मुकम्मल होने के बाद अब दूसरा अशरा शुरू हो गया है।



# बौद्धिक संपदा से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था : कुलपति

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** बौद्धिक संपदा अधिकार भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में गति प्रदान करता है। ये रचनाकारों, अन्वेषकों एवं उद्यमियों के विचारों को आत्मविश्वास के साथ सशक्त बनाता है। बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के लिए अपने तंत्र को अनुकूलित और मजबूत करना चाहिए। इससे रोजगार सृजन, निर्यात में वृद्धि एवं समग्र आर्थिक उन्नति होती है।

यह बातें कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बुधवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के पशुपालन महाविद्यालय प्रेक्षागृह में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहीं। वह वानिकी एवं कृषि विज्ञान में बौद्धिक संपदा अधिकार की संभावनाएं एवं भूमिका विषय पर छात्र- छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय से आईं अतिथि वक्ता डॉ. शकुंतला संगम ने कहा कि छात्र-छात्राओं में आईपीआर के विषय में जानकारी होना वैज्ञानिक जगत के लिए बहुत जरूरी है। बौद्धिक संपदा अधिकार विभिन्न प्रकार की सुरक्षाएं उपलब्ध कराता है। जिनमें किस्मों, फसल के नाम, जीन, प्रजनन प्रक्रियाओं, पेटेंट और अन्य कानूनी पदनाम के रूप में संरक्षण सहित कई अन्य अविष्कार भी शामिल है। अतिथि वक्ता शैलेश कुमार तिवारी एवं सिद्धार्थ शुक्ला ने भी इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी। वानिकी अधिष्ठाता डॉ. संजय पाठक के संयोजन में कार्यक्रम हुआ।धन्यवाद ज्ञापन डॉ. देवेंद्र ने दिया। संचालन डॉ. सीताराम मिश्रा ने किया।




सेमिनार में कुलपति का स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

▸▸ वानिकी एवं कृषि विज्ञान में बौद्धिक संपदा अधिकार की संभावनाएं एवं भूमिका विषय पर हुआ राष्ट्रीय सेमिनार

**आयोजन** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की 61वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा में तीसरे दिन हुईं विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं

# शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा के साक्षी बने 99 प्रकांड विद्वान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** देश भर के विभिन्न प्रांतों और क्षेत्रों से आए संस्कृत के 99 विद्वान भी केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की 61वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा के साक्षी बने हैं। संस्कृत के इन विद्वतजनों ने रामनगरी में समागम से समृद्ध होते भारत में समृद्ध होती संस्कृत का एक बड़ा संदेश दिया है।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीनिवास वरखेडी के संयोजन ने अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा को उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया है। यहां जहां तिरुपति के प्रकांड विद्वान प्रो. कुप्पा विश्वनाथ शर्मा की उपस्थिति है वहीं वाराणसी के पुष्कर देव पूजारी प्रो. राजाराम शुक्ल की मौजूदगी संस्कृत के छात्र - छात्राओं के लिए प्रेरणा बनी हुई है। यहां तिरुपति के श्रीहरि रविराम धयगुडे, वाराणसी के प्रो. राजाराम शुक्ल, सतारा के श्रीकृष्ण शास्त्री, पुणे के डॉ. राजेश्वर विश्वास देशमुख, हैदराबाद के प्रो. श्रीपादसुब्रह्मण्य शास्त्री, श्रृंगेरी के एस् नरसिंहमूर्ति, प्रो. के मधुसूदन, प्रो. मणिद्रविड शास्त्री, डॉ. तुलसी जोशी, डॉ. रंगनाथ, चेन्नै, प्रो. रणवीरनाथ भट्टाचार्य, प्रो. पीयूष कान्त दीक्षित, प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल, प्रो. रामनाथ झा, के इ देवनाथन, धरनेधरा पाडिचेरी, सत्यधरा आचार्य कटटी, अरुणाचार्य के, सुधाकर आचार्य समेत करीब 99 संस्कृत के विद्वान छात्र - छात्राओं की संस्कृत भाषा की क्षमता का आंकलन कर रहे हैं।

अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा में तीसरे दिन बुधवार को अयोध्या के सार्वभौम संस्कृत उ.मा. विद्यालय में सुबह 8:30 से मीमांसा भाषण, जैनबौद्ध भाषण, सांख्ययोग भाषण, वेदभाष्य भाषण, आयुर्वेद भाषण, भारतीय विज्ञान भाषण स्पर्धा, पुराणेहितास शलाका, साहित्य शलाका, काव्य शलाका, भारतीय गणित शलाका, शास्त्रार्थविचार (द्वितीय सोपान), भगवद्गीता कण्ठपाठ, सुभाषित कण्ठपाठ, शास्त्रार्थ विचार स्पर्धा हुई। जिसमें 18 राज्यों के लगभग 150 संस्कृत छात्र - छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संचालन लखनऊ से आए प्रो. मदन मोहन पाठक, प्रो. धनीन्द्र कुमार झा, डॉ. गणेश शंकर विद्यार्थी, डॉ. प्रफुल्ल गडपाल, डॉ. गणेश टी पण्डित, डॉ. अमृता कौर ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. निवास वरखेडी, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मधुकेश्वर भट्ट, लखनऊ परिसर के निदेशक एवं वरिष्ठ आचार्य प्रो. सर्वनारायण झा, प्रो. लोकमान्य मिश्र, आचार्य प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी, आचार्य भारत भूषण त्रिपाठी, आचार्य गुरुचरण सिंह नेगी, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. चन्द्रश्री पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा में शामिल प्रतिभागी।



निर्णायक मंडल के सदस्य को सम्मानित करते निदेशक।

### चार दिवसीय प्रतिस्पर्धा का समापन आज

अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा का समापन गुरुवार को भव्य ढंग से होगा। सुबह 6 :00 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुबह 9 बजे से स्फूर्तिस्पर्धा और दोपहर 2 .30 बजे से मणिरामदास छावनी ट्रस्ट के सत्संग भवन हाल में समापन समारोह का आयोजन किया जायगा। आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आए सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक, रजत पदक, कास्य पदक प्राप्त छात्र-छात्राओं को मोमेण्टों, नगद राशि प्रदान की जायगी।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था) (छात्रावास की व्यवस्था)
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
Email-id: gicfaizabad@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646





**रोजा**

शिया
सहरी : 04.47 बजे
इफ्तार : 06.27 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.38 बजे
इफ्तार : 06.14 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### रामनवमी मेला की तैयारी बैठक 28 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** चैत्र रामनवमी मेला 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैयारी के सम्बंध में विभागीय अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में 28 मार्च को शाम चार बजे होगी। अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल ने बुधवार को बताया जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में समस्त सम्बंधित अधिकारी आवश्यक तैयारियों/सूचनाओं के साथ बैठक में शामिल होंगे।

# थम गया शहर, 250 गांवों की बिजली गुल

## अचानक बदला मौसम, एक घंटे तक चली धूल भरी आंधी, गिरे पेड़, बाइक दबीं, बाल-बाल बचे लोग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया। धूल भरी आंधी चलने से शहर की रफ्तार थम गई। जगह-जगह पेड़ गिरने, डाल व तार टूटने से 250 से भी अधिक गांवों की बिजली गुल हो गई। पेड़ों के नीचे दबकर कई मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि किसी तरह की जनहानि की जानकारी नहीं मिली है। धूल का सबसे अधिक गुबार शहर में निर्माणाधीन जगहों पर दिखा। इस दौरान सड़क से गुजर रहे लोग जहां-तहां रुक गए।

लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड परिसर में एक पुराना जामुन का पेड़ टूटकर कर्मचारी संगठन भवन पर गिर गया। जिसके चलते कार्यालय भवन के समक्ष खड़ी एक बाइक और दो साइकिल और सीढ़ी की पक्की रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि किसी को चोट- नहीं आई। नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जगदीश कुमार कश्यप ने बताया कि पेड़ टूटकर कार्यालय भवन के अगले हिस्से में गिरा है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज के द्वितीय तल पर पीडियाट्रिक्स की प्रयोगात्मक परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थी भी बाल-बाल बच गए। आंधी चलने के दौरान कोरिडोर में लगी खिड़कियां आपस में टकराई और कांच पास में ही जा गिरा। गनीमत रही कि आंधी चलते ही विद्यार्थी खिड़कियों के पास से हट गए थे।





धूल भरी आंधी गुबार बनकर कहर बरपा रही थी एवं आंधी के दौरान मुंह ढककर जाती युवतियां। अमृत विचार



संगठन भवन पर पेड़ की डाल गिरने के चलते क्षतिग्रस्त सीढ़ी की रेलिंग और चपेट में आए वाहन।

### सोहावल में देर रात तक नहीं आई बिजली

पूराबाजार प्रतिनिधि के अनुसार आंधी से विद्युत उपकेन्द्र के नरायनपुर, रसूलाबाद और भदौली फीडर से जुडे करीब 200 गांव की बुधवार शाम तक बिजली नहीं आई। अंजना के सुरेंद्र तिवारी, खनुवावां के मंसाराम निषाद, भूपेंद्र पांडे, कछौली के प्रमोद मौर्या ने बताया कि आंधी के बाद से बिजली चली गई। विद्युत उपकेंद्र रसूलाबाद के अवध अभियंता राकेश प्रसाद ने बताया कि तीनों फीडर के लाइनमैन को क्षेत्र में खराबी ढूंढने के लिए भेजा गया था। खराबी ठीक करने के बाद रात तक आपूर्ति बहाल कर दी गई थी। सोहावल में देर रात तक करीब 50 गांवों में अंधेरा छाया रहा।

### आम के बौर को पहुंचा नुकसान

पूराबाजार के अलग-अलग गांवों के किसान शोभाराम वर्मा, योगेंद्र सिंह, सूबेदार यादव, अशोक व अर्जुन तिवारी ने बताया कि आंधी से फसलों पर कोई असर नहीं पड़ा है, लेकिन आम के पेड़ों के बौर को नुकसान जरूर पहुंचा है।

### तापमान बढ़ने की वजह से आई थी आंधी

नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि तापमान में अचानक बढ़ोतरी होने के कारण आंधी आई थी। हालांकि जिले के कुछ क्षेत्रों में हवा कम चली। कुमारगंज में आंधी का बिल्कुल भी असर नहीं दिखा। कई जगहों पर बारिश हुई है। इस कारण देर शाम तक ठंडी हवा चली।

## हरियाणा की फैक्ट्री में बॉयलर फटने से रुदौली के दो युवकों की मौत

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार:** रोजी रोटी के सिलसिले में रुदौली विधानसभा क्षेत्र के 11 युवक हरियाणा के रेवाड़ी जिले में लाइफ लॉन्ग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में नौकरी करते थे, जिसमें बीते शनिवार को अचानक बॉयलर फटने से बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे में घायल दो युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल 9 युवकों का हरियाणा के पीजीआई रोहतक में इलाज चल रहा है। क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव विधानसभा क्षेत्र के जखौली गांव के जंगीपुरवा पहुंचकर मृतकों व घायलों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। विधायक ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर हरियाणा सरकार से अच्छी चिकित्सा मुहैय्या कराने का आग्रह किया है। ग्राम पंचायत जखौली मजरे जंगीपुरवा के अमरजीत वर्मा पुत्र लालमन व राजेश कुमार पुत्र राम शबद की इलाज के दौरान मौत हो गई। अरविंद कुमार, सूरज, रीतेश कुमार, प्रीतम, अजय कुमार, वकील व जखौली निवासी संतोष कुमार, राकेश कुमार चौहान का इलाज चल रहा है।

▸▸ **प्राइवेट कंपनी में करते थे नौकरी, 9 का रोहतक पीजीआई में चल रहा इलाज**

# हनुमान गढ़ी पर नागा साधुओं ने खेली होली



होली खेलकर निशान लेकर जाते राजू दास। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बुधवार को रामनगरी के मंदिरों में रंगभरी एकादशी पर जमकर होली खेली गई। छह हजार से अधिक मंदिरों के गर्भगृह में विराजमान भगवान के विग्रह को ब्रह्ममुहूर्त में साज-सज्जा के साथ आरती कर गुलाल लगाया गया। अवध में होली के आगाज पर मंदिरों में आने वाले भक्तों को भी प्रसाद के रूप में गुलाल लगाया गया।

माघ शुक्ल पंचमी, बसंत पंचमी पर्व से रामनगरी में औपचारिक रूप से मंदिरों में होली का शुभारंभ हो जाता है। प्रतिदिन भगवान को अबीर-गुलाल भी चढ़ाया जाता है, लेकिन फाल्गुन शुक्ल एकादशी को रंगभरी एकादशी पर्व प्रमुख रूप से मनाया जाता है। रंगभरी एकादशी पर प्रसिद्ध सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में रंगों के बीच आस्था का ज्वार दिखा। सड़कें अबीर और गुलाल से रंगी नजर आईं। कड़ी सुरक्षा में प्रमुख सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के निशान को लेकर साधु-संतों की टोली अयोध्या की सड़कों पर निकली। संतों ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया। हनुमानगढ़ी के नागा परम्परा से जुड़े साधु-संतों ने हनुमान गढ़ी मंदिर में रखे हनुमंत लला के प्रतीक चिन्ह झंडे और निशान को लेकर मंदिर परिसर में ही जमकर होली खेली। जुलूस की शक्ल में नागा साधुओं की टोली बैंड बाजे के साथ अखाड़ों के पहलवानों के करतब दिखाते हुए सड़कों पर निकली। होली की मस्ती में सराबोर संतों ने हर आने-जाने वाले लोगों को अबीर गुलाल लगाया। नागा संतों का यह जुलूस अयोध्या के प्रमुख मार्गों से होता कई मंदिर में पहुंचा। जहां पर उन्होंने भगवान के विग्रह के साथ होली खेली। इसी क्रम में संतों ने अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा कर सरयू स्नान भी किया।



महापौर ने होली के गीत गाए। अमृत विचार

### राम मंदिर में मनाई गई रंग भरी एकादशी

**अयोध्या, अमृत विचार :** राममंदिर में रंग भरी एकादशी पर्व मनाया गया। रामलला के समक्ष फूलों की होली खेली गईं। नगर निगम अयोध्या के महापौर और तिवारी मंदिर के महंत गिरीश पति त्रिपाठी, मधुकरिया संत मिथिला बिहार दास ने होली के गीतों का गायन किया। महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि ठाकुर जी ने हमारे ऊपर सबसे बड़ी कृपा की और साथ ही साथ हमारे पूर्वज परम पूज्य वशिष्ठावतार ख्याति प्राप्त पंडित उमापति त्रिपाठी की साधना की कृपा से ही प्रभु श्री राम लला की राग सेवा में सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। मेरा जीवन मेरी पूर्वजों और गुरुदेव भगवान के आशीर्वाद से धन्य हो गया। इस आयोजन के दौरान राजलक्ष्मी, इंद्रजीत शुक्ला, श्रीनिवास मूर्ति, विवेकानंद पाठक, दीपक शुक्ला सहित अन्य लोगों मौजूद रहे।

## राम अदालत वर्मा हत्याकांड का आरोपी दोष मुक्त

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बहुचर्चित राम अदालत वर्मा हत्याकांड के आरोपी को कोर्ट ने संदेह का लाभ देकर दोष मुक्त कर दिया। यह फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट कुलदीप सिंह की अदालत से हुआ। फौजदारी के अधिवक्ता सईद खान ने बताया कि 8 सितंबर 2018 की रात गोसाईगंज कस्बे के बरदही बाजार में राम अदालत वर्मा का शव उनके मकान के ऊपरी मंजिल पर मिला था। मृतक का गला कटा हुआ था। निचली मंजिल पर किराएदार भी रहते थे। इसकी रिपोर्ट चंद्रभान वर्मा मृतक के बेटे ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई थी। कुछ दिन बाद विवेचना में पुलिस ने रविंद्र नाथ वर्मा को आरोपी बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। उसके निशानदेही पर चाकू भी बरामद किया। बहस के दौरान अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ता का तर्क था कि चाकू की बरामदगी रेलवे लाइन के पास सार्वजनिक स्थान से हुई है जहां कोई भी व्यक्ति आ जा सकता है। बरामद चाकू पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ की रिपोर्ट में मानव रक्त भी नहीं पाया गया। मकान के भूतल पर छह किराएदार रहते थे। इसके मुख्य द्वार पर चैनल लगा है। जिसमे ताला लगा रहता था। कोई बाहरी व्यक्ति अंदर कैसे गया। अभियोजन पक्ष की इन्हीं खामियों के चलते कोर्ट ने रवींद्र वर्मा को दोष मुक्त कर दिया।

## सरयू के किनारे मिला दुर्लभ पक्षी धनेश



**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में सरयू के आरती घाट पर बुधवार को एक पक्षी को लोगों ने बैठे देखा। यह सामान्य पक्षियों से भिन्न था। लोगों ने इसे धनेश नामक पक्षी बताया। यह लुप्त प्राय पक्षियों में माना जाता है। लोग इसे देखना शुभ मानते हैं। विशेष प्रजाति के पक्षी के मिलने की खबर पर आसपास के लोग पहुंच गए। छेड़ने में इसने दो लोगों पर चोंच प्रहार कर दिया। समाजसेवी रितेश के प्रयास से इसे पकड़कर पिंजड़े में रखा गया। पुलिस इसे चौकी नयाघाट ले आई। वन विभाग के दरोगा कमल सिंह ने बताया कि यह धनेश नामक पक्षी है। यह लुप्तप्राय स्थिति में है। वन विभाग के कर्मचारियों को इसे सुरक्षित ले जाने के लिए बुलाया गया।

# सख्ती : मोबाइल ग्रुप के माध्यम से वाहनों के प्रवेश पर लगी रोक

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** सुविधा शुल्क लेकर रामलला के वीआईपी दर्शन कराने वाले कॉकस पर रोक लगाने के लिए एसएसपी राजकरन नय्यर ने बुधवार के दर्शन व्यवस्था का मौका मुआयना किया। मातहतों के पेंच कसे और एक वाहन पास के लिए बने एक मोबाइल ग्रुप के माध्यम से वाहनों की इंट्री पर रोक लगा दी। दर्शन पास का दुरूपयोग रोकने के लिए चेकिंग प्वॉइंट पर सख्ती बढ़ा दी है। चर्चा कुछ पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की भी है।

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद विभिन्न विभागों और राजनीतिक दलों के साथ विभिन्न पेशा लोगों का आगमन बढ़ा तो ट्रस्ट समेत विभागों और पुलिस-प्रशासन पर अपने-अपने लोगों को दर्शन कराने का दबाव बढ़ा। जिसके लिए विभागों और व्यवस्था से जुड़े लोगों की ओर से दर्शन सहायक नामित किये और उनको पास उपलब्ध कराया गया। विभिन्न स्तरों से नियुक्त सहायकों व दर्शन व्यवस्था से जुड़े लोगों से संपर्क का फायदा उठा कुछ लोगों ने आम श्रद्धालुओं को भी सुविधा शुल्क लेकर मोबाइल के साथ लंबी कतार से इतर रंग महल बैरियर और वेद मंदिर इंट्री प्वॉइंट से परिसर में प्रवेश दिलवाना शुरू कर दिया। जबकि वेद मंदिर इंट्री प्वॉइंट से केवल निर्माण में लगे मजदूरों और अधिकारियों को ही प्रवेश दिया जाता है। इन मार्गों पर जाँच और तलाशी में ज्यादा सख्ती नहीं हुई। मामले में एसओजी की ओर से अभियान व संदिग्धों से पूछताछ के बीच एसएसपी ने बुधवार को दर्शन व्यवस्था का जायजा लिया।



श्रद्धालु की तलाशी लेता कर्मचारी।

▸▸ **सुविधा शुल्क लेकर रामलला के दर्शन कराने वाले कॉकस पर रोक के लिए एसएसपी ने की कार्रवाई**

### सतर्क रहने की हिदायत

एसएसपी राजकरन नय्यर ने सभी की सघन जांच व तलाशी तथा मोबाइल-बैग आदि को परिसर में प्रवेश न देने तथा सतर्क रहने की हिदायत दी है। चर्चा कुछ पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की भी है लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई सूचना सार्वजनिक नहीं हुई है।

## सार-संक्षेप

### चुनाव के चलते कर्मचारियों की छुट्टी पर लगी रोक

**अयोध्या। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक लगा दी गई है। अब बगैर प्रभारी मतदान कार्मिक व सीडीओ की अनुमति के कर्मचारियों को अवकाश नहीं मल पाएगा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन का जा कार्यक्रम जारी हो चुका है। आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी है। सीडीओ ऋषराज का कहना है कि ऐसी स्थिति में अधिकारियों/कर्मचारियों के अवकाश पर चले जाने के कारण निर्वाचन सम्बंधी कार्य प्रभावित हो सकता है। उन्होंने विभाग के कायर्लयाध्यक्षों को निर्देश अपरिहार्य/आकस्मिक परिस्थितियों को छोड़कर बिना पूर्वानुमति के अपने कार्यालय के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी का अवकाश स्वीकृत न करें।

### रोडवेज बस चालक के साथ मारपीट, एआरएम से शिकायत

**अयोध्या अमृत विचार :** रोडवेज बस चालक के साथ खजुरहट में मारपीट का मामला सामने आया है। बस चालक ने एआरएम सहित संगठन में इसकी शिकायत की है। रोडवेज प्रशासन इसको लेकर पुलिस और परिवहन विभाग के संपर्क में है। लोहिया सेवा की बस यूपी 42 एटी 8391 के बस चालक अरुण कुमार पांडे ने बताया कि खजुरहट में बस चालक को कुछ लोगों ने मारा। यह लोग एक ट्रेवैल एजेंसी की बस से जुड़े बताए गए हैं। विभाग के लोगों का कहना है कि इस रूट पर आए दिन ऐसी घटना होती है। यह लोग उस रूट पर सरकारी बसों का संचालन बाधित करना चाहते हैं। चर्चा यहां तक पहुंच चुकी है कि इस रूट पर रोडवेज बसें बंद कर दी जाए या फिर प्राइवेट बस सेवा, लेकिन इसमें हस्तक्षेप खादी के भी होने की चर्चा है। घटना की शिकायत सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से की गई है। लेकिन कार्रवाई न होने पर कर्मचारियों में नाराजगी है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश का कहना है कि जानकारी मिली है। घटना को लेकर पुलिस विभाग और एआरटीओ को पत्र लिखा जा रहा है। कार्रवाई कराई जाएगी।

### एलएलबी के 24 व बीपीएड के 11 परीक्षार्थी नकल करते धरे गए

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की बीपीएड, एमपीएड व एलएलबी त्रि-वर्षीय व पंचवर्षीय प्रंथम सेमेस्टर की परीक्षा में बुधवार को सचलदल की सघन तलाशी में 35 नकल करते धरे गए। प्रथम पाली की परीक्षा में बीएनकेबी पीजी कॉलेज अम्बेडकरनगर में बीपीएड की परीक्षा में 11 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। वहीं दूसरी ओर सचलदल ने एलएलबी की परीक्षा में अवध लॉ कॉलेज में छह एवं टीआरसी लॉ कॉलेज में 15 व बीएनकेबी पीजी कॉलेज में तीन परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़े गए। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर नकलविहीन परीक्षा के कराने के लिए सचलदल द्वारा विभिन्न केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

### आगामी सत्र में नामांकन बढ़ाने पर होगा जोर



संकुल बैठक में मौजूद अभिभावक और शिक्षक।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर न्याय पंचायत चांदपुर नगर क्षेत्र की संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय अहिरौली में नोडल संकुल राधेश्याम अंबेश की अध्यक्षता में हुआ। संचालन संकुल विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दीपमाला निगम ने किया। बैठक में प्रारंभ हो रही वार्षिक परीक्षा, एक अप्रैल से शुरू हो रहे नवीन सत्र 24/25 की चुनौतियों पर, विद्यालयों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति, डीबीटी योजना, भाषा गणित की शिक्षण योजना, टीएम निर्माण और उपयोग, आगामी सत्र में अधिक से अधिक नामांकन पर जोरहआदि विषयों पर चर्चा पर चर्चा की गई। जिले में ब्लॉक के आदर्श नोडल संकुल चुने गए राधेश्याम अंबेश, न्याय पंचायत के निपुण विद्यालय के प्रधानाध्यापक गौतम तिवारी सहित समस्त स्टाफ और आदर्श शिक्षिका चुनी गई विद्या यादव का स्वागत किया गया। संकुल बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया। संकुल राकेश वर्मा, गिरीश चंद्र, आलोक पांडेय, सुरेश कुमार, गौतम तिवारी, विद्या यादव, अवंतिका राय, आनंद कुमार, अनूप द्विवेदी, राजलक्ष्मी, मंजू चौरसिया, दीपमाला तिवारी, शालिनी आदि मौजूद रहे।

### होली पर मनरेगा कर्मियों को मिला एक महीने का मानदेय

**अयोध्या। अयोध्या विचार :** होली पर मनरेगा कर्मियों को एक महीने का मानदेय मिल गया। दो ब्लॉक के कर्मियों की बोहनी नहीं हुई। यह तो शासन से ईपीएफ काटे जाने के निर्देश पर हो पाया। अन्यथा तो कई महीनों के मानदेय की आस लगाए कर्मचारियों को अब तक तो निराशा ही हाथ लगी। मनरेगा कर्मियों को कई महीने से मानदेय नहीं मिला है। ईपीएफ नहीं जमा हो पाया, कर्मचारी होली पर इसे दिलवाने की गुहार कर चुके हैं। इस बीच शासन ने दिसबंर महीने का मानदेय देकर इस महीने का ईपीएफ जमा कराने का निर्देश दिया। बुधवार को साइट खोली गई। इस दौरान मवई, रूदौली, सोहावल, मसौधा, अमानीगंज, हरिंग्टनगंज, मिल्कीपुर, बीकापुर, तारून के कर्मचारियों का भुगतान हो गया। वह भी ऊंट के मुहं में जीरा जितना ही है। मयाबाजार और पूराबाजार में वह भी नहीं मिला। मयाबाजार के ब्लॉक अध्यक्ष बीरेन्द्र ने बताया कि तीन माह अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर का मानदेय एक एफटीओ बन जाने की वजह से भुगतान नहीं हो पाया। पूराबाजार के ब्लॉक अध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि ब्लॉक में डोंगल ख़राब हो जाने के कारण भुगतान नहीं हो पाया।

# रामनवमी पर आठ रेलिंग के बीच से गुजरेंगे श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम नवमी पर लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षा मानकों के तहत सुगम दर्शन कराने की योजना पर राम मंदिर की स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक हुई। नभ, जल और थल से मंदिर पर नजर बनाए रखने की व्यवस्था पर भी मंथन हुआ। एडीजी जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर ने बताया कि रामनवमी पर अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात किया जाएगा। जन्मभूमि पथ से राम मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं को पंक्तिवत दर्शन कराया जा सके। इसके लिए चेकिंग प्वॉइंट और आठ लाइनों में प्रवेश कराये जाने के लिए स्टील से बनी रेलिंग लगाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि उस दौरान प्रथम चरण का चुनाव भी रहेगा। जिसको देखते हुए सुरक्षा बेहतर व्यवस्था रहेगी और अन्य जनपदों से भी सुरक्षा बलों की मांग की गई है। परिसर में होल्डिंग एरिया बनाया जाएगा। दर्शन अवधि को भी बढ़ाये जाने की सहमति बनी है। तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिसर सहित जन्मभूमि पथ पर एफआर सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। बैठक से पहले राम जन्मभूमि परिसर में बने यात्री सुविधा केंद्र और जन्मभूमि पथ पर लगाए जा रहे नए बैरियर का एडीजी सुरक्षा रघुवीर ने निरीक्षण किया। जिसके बाद परिसर में बने रेड जोन सुरक्षा कार्यालय में बैठक की। बैठक में कमिश्नर गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, जिलाधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी राजकरण नय्यर समेत आईजी सीआरपीएफ, एसएसएफ, इंटेलीजेंस, आईबी, पीएससी समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



स्थायी सुरक्षा समिति की बैठक में मौजूद एडीजी जोन व मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

▸▸ **सुरक्षा और सुगम दर्शन की तैयारी में जुटे अधिकारी, बाहर से आएगी फोर्स**

### मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक आज से

रामनवमी से पहले मंदिर निर्माण कार्य की भी प्रगति को लेकर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक गुरुवार से शुरू होगी। समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र अयोध्या पहुंच चुके हैं। बैठक में यात्री सुविधा केंद्र और जन्मभूमि पथ पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए तैयार की गईं योजनाओं पर मंथन किया जाएगा।

## रात 11 बजे के बाद होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** होलिका दहन 24 मार्च को है। 25 को होली खेली जाएगी। जिले में 2195 जगहों पर होलिका दहन की तैयारी की जा रही है। होलिका दहन के दिन भद्राकाल सुबह 9:55 से प्रारंभ होकर रात्रि 11:13 तक रहेगा, लेकिन भद्रा के कारण रात 11 बजे के बाद एक घंटा 20 मिनट 12:33 मिनट तक शुभ मुहूर्त में होली जलाई जाएगी। ज्योतिषाचार्य प्रवीण शर्मा के अनुसार होलिका दहन भद्रा के बाद रात 11:13 से मध्य रात्रि 12:33 के मध्य होगा। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग बन रहा है। यह योग सुबह 7:34 बजे से अगले दिन सुबह 6:19 बजे तक है। इस वर्ष होली पर चंद्र ग्रहण का भी योग बन रहा है, लेकिन भारत में इसका प्रभाव नहीं रहेगा।

## एक नजर

### बीमारी से प्रधान का निधन

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** ब्लाक क्षेत्र के गांव पंचायत पारागरीबशाह के प्रधान बरसाती वर्मा का बीमारी के कारण बुधवार की सुबह निधन हो गया। निधन की सूचना पाकर उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा।

### हादसे में दो घायल

**बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के चौरे बाजार प्रभु नगर सुल्तानपुर सीमा के पास प्रयागराज हाईवे पर मंगलवार रात बाइक और साइकिल में भिड़ंत हो गई। इससे साइकिल सवार जमौली खुर्द कूरेभार निवासी रामदुलार व बाइक सवार विनोद राम गोपियापुर जनपद बस्ती घायल हो गए। चौरे बाजार पुलिस चौकी प्रभारी जनार्दन सिंह ने दोनों घायलों को सीएचसी बीकापुर भेजा। जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### चीनी मिल ने किसानों के खाते में भेजी धनराशि

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** अकबरपुर चीनी मिल मिझोड़ा ने होली से पहले 12 हजार किसानों को बड़ी राहत दी है। चीनी मिल ने छह से नौ मार्च तक गन्ने की बिक्री करने वाले किसानों के खाते में लगभग साढ़े नौ करोड़ रुपए की धनराशि भेज दी है। चीनी मिल में अभी तक आठ लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की गई है। वहीं 10 से 13 मार्च तक गन्ना बेचने वाले कसानों का भी भुगतान करने की तैयारी चीनी मिल प्रशासन ने शुरू कर दिया है। उप गन्ना महाप्रबंधक अरविंद सिंह ने बताया कि अब तक चीनी मिल में 86 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है।

### चोरी में दो गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी के आरोप में दो को गिरफ्तार किया है। इसके पास से नकदी बरामद की है। नगर कोतवाल अश्वनी पांडेय ने बताया कि काली प्रसाद तिवारी निवासी बेगमगंज गढ़ैया थाना कैंट और करंजा उर्फ नदीम निवासी लक्ष्मणपुरी कॉलोनी बेनीगंज कोतवाली नगर को अफीम कोठी के पास से गिरफ्तार किया गया है। काली प्रसाद से 15,772 रुपये और करंजा उर्फ नदीम के पास 6065 रूपए बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि आशीष कुमार मौर्या निवासी ककरही बाजार की दुकान में दीवाल तोड़कर रुपये चोरी हुए थे।

### तीन का चालान

**अयोध्या, अमृत विचार :** शहर पुलिस ने आयुध और एनडीपीएस एक्ट में तीन लोगों को पकड़कर चालान किया है। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि कैंट पुलिस ने अमरजीत निवासी कोला थाना रौनाही को रायपुर बगिया के पास तमंचा कारतूस और नगर कोतवाली पुलिस ने बिजुलियाडीह के पास मनमोहन कुमार जायसवाल निवासी ईटियाथोक बाजार थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा को 1272 ग्राम गांजा व अमर यादव निवासी तोपपुर अबुसराय सहादतगंज थाना कैंट को 15 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

### पनीर- पापड़ के नमूने भरे

**अयोध्या, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा विभाग की सचल दल टीम ने बुधवार को तीन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर पांच नमूने संग्रहित किए। टीम ने पनीर, मावे व कार्न पापड़ का नमूना भरकर जांच के लिए भेजा है।

### बैठक में मंथन

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** भाजपा की गोसाईगंज विधानसभा की संचालन समिति की बुधवार को बैठक हुई। टिकरी तारापुर के जगदीश शर्मा हीरावती इंटर कालेज में हुई बैठक में अम्बेडकर नगर के सहसंयोजक राम मोहन भारती ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडेय को जिताने की अपील की। अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र मणि त्रिपाठी व संचालन विधानसभा संयोजक दान बहादुर सिंह ने किया। महेंद्र मिश्रा, अशोक वर्मा, शैलेन्द्र सिंह अशोक तिवारी पूजा राव, शशिप्रभा सिंह, सुमन आलोक मिश्रा, मायाराम वर्मा अरविंद निसाद, आनन्द पांडेय मौजूद रहे।

# प्रयागराज और श्रावस्ती ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

## प्रदेशीय सीनियर महिला-पुरुष खो-खो प्रतियोगिता के विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

**वाराणसी और बलिया टीम रही उपविजेता**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही तीन दिवसीय 85 वीं प्रदेशीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता बुधवार को सम्पन्न हो गई। इसमें महिला वर्ग में प्रयागराज ने ट्रॉफी पर कब्जा किया। पुरुष वर्ग के श्रावस्ती ने खिताबी जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि लक्ष्मीबाई पुरस्कार प्राप्त अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रीति गुप्ता व विशिष्ट अतिथि उप्र खो-खो संगठन के महासचिव चंद्रभान सिंह ने विजेता व उप विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों को पदक से नवाजा।



श्रावस्ती ट्रॉफी के साथ प्रदेशीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता की पुरुष विजेता टीम। अमृत विचार



ट्रॉफी के साथ प्रदेशीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता की विजेता प्रयागराज महिला टीम। अमृत विचार

उप्र खो-खो एसोसिएशन व जिला खो-खो संघ के संयुक्त तत्वावधान में हो रही प्रतियोगिता में बुधवार को महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला संघर्षपूर्ण व रोमांचक रहा। प्रयागराज ने वाराणसी पर 4-3 खिताबी जीत दर्ज की। इसके पूर्व हुए सेमीफाइनल में प्रयागराज ने बस्ती को 9-5 से व वाराणसी ने गोरखपुर को 10-7 से हराया था। हार्ड लाइन मैच में गोरखपुर ने बस्ती को 7-3 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला लगभग एकतरफा रहा। श्रावस्ती ने बलिया पर मध्यांतर तक 14-7 से बढ़त बनाते हुए 22-10 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। इसके पूर्व खेले गए सेमीफाइनल में श्रावस्ती ने वाराणसी को 17-13 से व बलिया ने बस्ती को 12-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। हार्ड लाइन मैच में वाराणसी ने बस्ती को 15-7 से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उप्र खो-खो संघ के चेयरमैन धर्मेन्द्र सिंह, आयोजन सचिव अभिषेक सिंह, सचिव उप्र खो-खो संघ चन्द्रभानु सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष कनक चक्रधर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनोद सिंह, प्रधानाचार्य परिषद के पूर्व महामंत्री रामप्रिय शरण सिंह, विजेन्द्र सिंह, चन्द्रशेखर सिंह, योगेश्वर सिंह, श्रद्धा व अंजू समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# रचनाओं की प्रस्तुति से रामलला को निवेदित की श्रद्धा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लेखपाल संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित रामोत्सव की श्रंखला में तुलसी उद्यान के मंच पर रचनाकारों ने रचनाओं से रामलला के प्रति श्रद्धा निवेदित की। मंच पर मौजूद कवियों ने बुधवार को प्रभु राम की स्तुति करते हुए आध्यात्मिक वातावरण का सृजन किया।

आयोजित कवि सम्मेलन में प्रभु राम की स्तुति के लिए पधारे ओज कवि कमल आग्नेय ने चरण अहल्या माँ को तारने में आये काम, पादुकाएँ राज करने के काम आ गईं पढ़कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। कवि डॉ. शिवा त्रिपाठी, वंदना शुक्ला, चांदनी पांडेय, प्रियांशु वात्सल्य, सौरभ जायसवाल, हेमंत पांडेय, धीरज चंदन आदि ने भी अपनी विशेष काव्य प्रस्तुति से पूरा वातावरण राममय कर दिया। वहीं राम फिर भव्य मंदिर में हैं आ गए,विश्व सम्पूर्ण है राममय हो गया पढ़कर कमलेश मौर्य मृदु ने सभी को आह्लादित किया। शबाहत हुसैन और राजबहादुर सिंह ने अपनी कविताओं से प्रभु राम की स्तुति की। जीडी गोएनका पब्लिक स्कूल सीतापुर के बच्चों ने प्रस्तुति दी। हमीरपुर से आए गायक प्रह्लाद सिंह एवं उनके साथी कलाकारों ने अल्हड़ कबीरी गायन से छटा बिखेरी। कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रोताओं ने आनंद लिया।



मंच पर कवियों और कलाकारों को सम्मानित करते आयोजक।

# आयुष और शुभम बने बैडमिंटन विजेता

**▸▸ हैंडबॉल में मसौधा, हॉकी में डाभासेमर व वॉलीबॉल में सूर्यवंश क्लब ने जीती ट्रॉफी**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** उप्र खेल प्रोत्साहन समिति व जिला प्रशासन के सहयोग तथा क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में डाभासेमर के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में जिला आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में बुधवार को अंडर-14 बालक वर्ग की स्पर्धाएं हुई। इसमें एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, जूडो, हैण्डबाल, वालीबॉल व हॉकी के मुकाबलों में टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नितीश कुमार ने विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।



मुख्य अतिथि डीएम नितीश के साथ विजेता वॉलीबॉल की टीम। अमृत विचार

बैडमिंटन अंडर-14 स्पर्धा के एकल बालक वर्ग में आयुष ने 21-14 से शिवांश को हराया। युगल में आयुष व शुभम ने शिवांश व प्रतीक को 21- 17 से हराकर खिताब जीता। अंडर-14 बालक वर्ग हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मसौधा ने हैरिंग्टनगंज को पराजित किया। हॉकी के फाइनल मुकाबले में डाभासेमर टीम ने जवाहर नवोदय विद्यालय को हराया। वॉलीबॉल के फाइनल में सूर्यवंश क्लब ने यश विद्यामंदिर को हराकर खिताब जीता। एथलेटिक्स के 60 मीटर दौड़ में निशांत प्रथम, आदित्य द्वितीय रहे। 100 मीटर में अविनाश प्रथम, निशांत द्वितीय रहे। 200 मीटर में अविनाश प्रथम, समर्थ द्वितीय रहे। 400 मीटर में आनंद प्रथम, श्रेयांक द्वितीय रहे। 600 मीटर में अवनीश प्रथम, आदर्श द्वितहीय, अनुराग तृतीय रहे। 800 मीटर में आदर्श प्रथम, अमन द्वितीय विकास तृतीय रहे। 100 मीटर में विजय प्रथम, सनी द्वितीय, आदर्श तृतीय रहे। 1500 मीटर में विजय प्रथम, सनी द्वितीय, अजय तृतीय रहे। लंबी कूद में आदित्य प्रथम, अनुभव द्वितीय व अनुराग तृतीय स्थान पर रहे। डिस्कस थ्रो में सुजीत प्रथम, समर्थ द्वितीय, विकास तृतीय रहे। शॉटपुट में अनुभव प्रथम, प्रखर द्वितीय, शुभम तृतीय रहे। जैवलिन थ्रो में शुभम प्रथम, सुजीत द्वितीय, दिव्यांश तृतीय रहे। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद, विवेक, अनूप दुबे, कीर्तिमणि पांडेय, सीडी सिंह साहित खिलाड़ी, प्रशिक्षक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# आरक्षित भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

अयोध्या

**अमृत विचार :** सदर तहसील के पूराकलंदर थाना क्षेत्र स्थित भगवाभीट निवासी मो. युसूफ ने जिलाधिकारी से ग्राम सभा क्षेत्र स्थित पशुचर और कब्रिस्तान के लिए आरक्षित भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। शिकायत में मो. युसूफ का आरोप है कि पशुचर और कब्रिस्तान के लिए आरक्षित भूमि पर ग्राम प्रधान व गाँव निवासी दो लोग पड़ोसी गांव मुडेडीहा निवासी शख्स से अवैध कब्जा करवा रहे है। पूर्व में उन्होंने 11 मार्च को तहसील और थाने पर शिकायत कर अवैध कब्जा रोकवा दिया। जिसको लेकर विपक्षी की ओर से गाली-गलौच कर फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी। मामले की 12 मार्च को डीएम से शिकायत पर डीएम ने एसडीएम सदर और थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया था। एसडीएम सदर ने तहसीलदार और तहसीलदार ने 16 मार्च को राजस्व निरीक्षक को पुलिस बल लेकर सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा रोकवाने और कब्जा खाली कराने का निर्देश दिया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बाबत पूराकलंदर के थाना प्रभारी रतन शर्मा का कहना है कि प्रकरण राजस्व से जुड़ा है। शिकायत पर उन्होंने पुलिस बल भेज काम रोकवा दिया था। मामले में राजस्व विभाग की ओर से पैमाइश की जानी है। पैमाइश के बाद ही सार्वजनिक जमीन का चिन्हांकन हो सकेगा।

# रामोत्सव के शौर्य पर्व में झलकी समृद्ध संस्कृति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामोत्सव के तहत तुलसी मंच पर तीन दिवसीय शौर्य पर्व का समापन मंगलवार सांझ 11 प्रदेशों से आए 250 कलाकारों की रोमांचक प्रस्तुतियों से हुआ।

तीसरे दिन शौर्य पर्व का आरंभ ओडिसा के कलाकारों ने दो दो शंख का एक साथ वादन करते हुए किया। पश्चिम बंगाल से आए सृष्टिधर महतो के दल ने छाऊ नृत्य से महिषासुरमर्दिनी नृत्य प्रस्तुत किया। मणिपुर के थांग टा प्रस्तुति में तलवार और बरछी के प्रहारों और बचाव से महिलाओं का प्रदर्शन और गुजरात की किशोरियों ने दोनों हाथों से तलवार चलाने के कला को गुजरात रास से प्रस्तुत किया। पंजाब से आए कलाकारों ने पारंपरिक युद्ध शैली को गतका के माध्यम से दिखाया।



तुलसी के मंच पर प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश मल्ल खंभ में छोटे छोटे कलाकारों का अद्भुत संतुलन और करतब, बुंदेलखंड का दिवारी अखाड़ा प्रस्तुत किया। महाराष्ट्र के मर्दानी खेल, पश्चिम बंगाल के राईबेंशो,झारखंड के पायका नृत्य, तेलंगाना के कर्रा सामू में कलाकारों की चपलता से दर्शक स्तब्ध थे। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया। पुनः प्रकाश श्रीवास्तव, अखिलेश अवस्थी, राजेश कुमार, अमित श्रीवास्तव, वैभव, दीपा, प्रमोद, रामजी, लवकुश, सुमित, आरती, पूजा समेत सभी को सम्मानित किया गया।

# लाभार्थियों से और तेज करें संवाद

**▸▸ भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में बोले सांसद लल्लू सिंह**

अयोध्या

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की बैठकें आयोजित की गईं। नेताओं ने कहा कि मतदाताओं के साथ योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क व संवाद बढ़ाए जाएं।

बैठकें अमानीगंज, बाबा बाजार, रुदौली देहात व नगर मंडल और जिला पदाधिकारियों की हुई। यह अलग-अलग हुई। जिले की बैठक चुनाव कार्यालय पर हुई। यहां सांसद लल्लू सिंह ने कहा जिले के सभी पदाधिकारी मंडल व शक्ति केन्द्रों के पदाधिकारियों के सपंर्क में रहे। लाभार्थियों से संपर्क व संवाद की प्रक्रिया को और तेज करें। मोदी के नेतृत्व की सरकार में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा है। अयोध्या का अद्वितीय विकास सरकार ने किया है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि जिला पदाधिकारियों को कमजोर बूथ पर विशेष ध्यान देना होगा। रुदौली नगर की बैठक में विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि सरकार के सर्वांगीण, सर्वसमावेशी तथा सर्वस्पर्शी विकास ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी पात्र इससे छूट न जाए। अमानीगंज की बैठक में ओम प्रकाश सिंह, राम प्रकट रावत, सियाराम रावत, अशोक मिश्र, देवेन्द्र सिंह, राघवेन्द्र पाण्डेय, लोकसभा कार्यालय पर आयोजित बैठक में अशोक मिश्र, अखण्ड सिंह डिम्पल, राघवेन्द्र आदि मौजूद रहे।



अमानीगंज में बैठक से पूर्व सांसद लल्लू सिंह का स्वागत किया गया।

# एसएसएफ में तैनात उपनिरीक्षक की मौत

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) में तैनात एक उपनिरीक्षक की बुधवार को जिला अस्पताल में मौत हो गई। परिवार उनको खून की उल्टी के बाद हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लाया था। एसएसएफ के अधिकारियों और जवानों ने विधिक औपचारिकताओं को पूरा कराया है। मूल रूप से बस्ती के पैकोलिया थाना क्षेत्र स्थित बेलभरिया राम गुलाम निवासी जगदंबा प्रसाद पांडेय (53) पुत्र भागवत पांडेय वर्तमान समय में विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) में कार्यरत और रामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में तैनात थे। परिवार कैंट थाना क्षेत्र स्थित मीरनघाट पुलिस चौकी स्थित सरकारी आवास में रहता है। तीन दिन पूर्व उनकी तबियत बिगड़ने पर परिवार ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था और डॉक्टरों ने हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी थी। उनको बुधवार को खून की उल्टी होने लगी। बेटा आदित्य पांडेय उनको लेकर जिला अस्पताल पहुंचा तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उनको मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पर एसएसएफ के अधिकारी सहायक सेनानायक अभय शंकर मिश्र, निरीक्षकगण यशवंत यादव व मानवेन्द्र पाठक और जवान भी पहुंच गए। शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम कराया।



जगदंबा प्रसाद पांडेय (फाइल फोटो)

## सार-संक्षेप

### औषधि निरीक्षक ने जांच के लिए भेजे छह नमूने

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर आगामी त्योहार होली के दृष्टिगत नशीली और नकली औषधियों की रोकथाम के लिए जनपद के विभिन्न मेडिकल स्टोरों पर औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने छापेमारी कर कार्रवाई किया। जिसमें शहजादपुर अकबरपुर स्थित मेसर्स दृ बजरंग मेडिकल स्टोर, वर्मा मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान औषधियों के क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान वर्मा मेडिकल स्टोर से तीन औषधियों के नमूने और बजरंग मेडिकल स्टोर से तीन औषधियों के नमूने समेत कुल छह नमूने जांच के लिए संग्रहित कर किए गए। औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि संग्रहित नमूनों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### दोहरीकरण कार्य के चलते ट्रेनों का मार्ग बदला

**अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ-वाराणसी रेल प्रखंड पर जाफरगंज-अकबरपुर जंक्शन के मध्य नॉन-इंटरलॉकिंग एवं रेल दोहरीकरण कार्य के चलते रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया है। रेलवे की ओर से बताया गया कि गुरुवार को हावड़ा-योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस, योगनगरी ऋषिकेश-हावड़ा दून एक्सप्रेस,धनबाद- फिरोजपुर गंगा सतलज एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ के रास्ते, पटना-गोमती नगर वंदे भारत एक्सप्रेस कैफियात सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कोटा-पटना एक्सप्रेस,फरक्का एक्सप्रेस व बहराइच-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस का सुलतानपुर के रास्ते होगा। जयनगर-अमृतसर क्लोन विशेष ट्रेन शुक्रवार को गोरखपुर जंक्शन के रास्ते जाएगी।

### पुलिस ने 100 लीटर कच्ची शराब व 500 किग्रा लहन किया नष्ट

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के तीन थानों की पुलिस और आबकारी टीम के संयुक्त प्रयास से बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना राजेसुल्तापुर पुलिस टीम, थाना आलापुर पुलिस टीम, थाना जहांगीरगंज पुलिस टीम और आबकारी टीम ने 500 किग्रा लहन बरामद कर मौके पर नष्ट किया। वहीं 100 लीटर अवैध कच्ची शराब और शराब बनाने का उपकरण भी पुलिस ने बरामद किया है। अभियान के तहत थाना तीन थानों की पुलिस और आबकारी टीम द्वारा माझा कम्हरिया, कम्हरिया, चाड़ीपुर घाट, सिद्धनाथ, सरयूनगर आदि गांवों में अवैध शराब की बरामदगी के लिए दविश दी गई। दविश के दौरान 500 किग्रा लहन को पुलिस ने बरामद कर नष्ट किया है। वहीं 100 लीटर अवैध कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि सरयू घाट के लगे मांझा क्षेत्र में कच्ची शराब बेचने की शिकायत मिली थी। जिस पर टीम गठित कर ड्रोन और पुलिस बल की मदद से एक विस्तृत कार्रवाई की गई। जिसमें 500 ग्राम लहन और 100 लीटर अवैध शराब बरामद किया गया है। पुलिस मामले में संलिप्त लोगों पर मुकदमा दर्ज कर अन्य विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

### विरासत के अनुरूप ही पर्यटकों में छवि प्रस्तुत करनी होगी

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबन्ध एवं उद्यमिता विभाग में बुधवार को एमबीए टूरिज्म मैनेजमेंट पर्यटन के छात्रों की भूमिका विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्यवक्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के टूरिज्म एवं होटल मैनेजमेंट संस्थान के विभागाध्यक्ष प्रो. लवकुश मिश्रा ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के साथ-साथ घरेलू पर्यटक बड़ी संख्या में अयोध्या आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पर्यटक के मन के अनुरूप ही अयोध्या की छवि प्रस्तुत करनी होगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या का पर्यटन अल्पकालिक न होकर लंबे समय तक रहने वाला है। विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. महेन्द्र पाल सिंह द्वारा किया गया। प्रो. शैलेन्द्र वर्मा, डॉ. राना रोहित सिंह, डॉ. अंशुमान पाठक, डॉ. आशीष पटेल, डॉ.प्रियंका सिंह, डॉ. रामजी सिंह आदि मौजूद रहे।

### अधेड़ की मौत मामले में अंतिम संस्कार से इनकार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पिटाई से हुई अधेड़ की मौत के मामले में मृतक का शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने विभिन्न मांगों को लेकर अंतिम संस्कार से मना कर दिया। जिससे पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। सूचना पर पहुंचे तहसील अधिकारियों के मान, मनौव्वल के बाद मामला शांत हुआ और तब जाकर अंतिम संस्कार हुआ। बीते रविवार को कटका थाना क्षेत्र के मसोढ़ा गांव निवासी सुरेंद्र सिंह गांव स्थित शुभम यादव के भट्ठा के पास भैंस चरा रहे थे। तभी रंजिशन थाना क्षेत्र के ही सेमरा निवासी राजकुमार और उसके पुत्रों ने लात घूंसों से पिटाई करते हुए सर पर लाठी से वार कर दिया। जिससे सुरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने इलाज के दौरान लखनऊ में मंगलवार को दम तोड़ दिया। जिनका शव पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को उनके गांव पहुंचा। कई मांगों को लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से परिजनों ने जैसे ही मना किया तभी कई ग्रामीण भी पीड़ित परिवार के समर्थन मे उतर आए। परिजनों ने पुलिस पर नाइंसाफी का आरोप लगाते हुए मांग किया कि आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए और तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए आर्थिक सहायता दी जाए। सूचना पर उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह, क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य पहुचे। जहां पर परिजनों को घंटों समझाने-बुझाने का सिलसिला जारी रहा। अधिकारियों द्वारा उन मांगों पर आश्वासन दिया गया। तब जाकर परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। जिसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच मृतक का अंतिम संस्कार चहोडा घाट पर किया गया। क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि हत्या की धारा को बढाते हुए नामजद आरोपी के साथ अन्य दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**स्टेशनों पर थमीं सरगर्मी** — विभिन्न प्रांतों से हुआ 295 आस्था ट्रेनों का संचालन, अभियान थमने के बाद वापस लौटे ड्यूटी में लगे कर्मचारी

# श्रीराम के दर्शन करने 34 दिनों में आए चार लाख श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 34 दिनों तक चले श्रीराम जन्मभूमि दर्शन यात्रा अभियान के तहत विभिन्न प्रांतों से रेलवे ने कुल 295 विशेष आस्था ट्रेनों का संचालन किया। इन ट्रेनों से चार लाख चार हजार 117 श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे और दर्शन-पूजन के बाद अपने गंतव्य को रवाना हुए।

जिले के अयोध्या धाम जंक्शन समेत आसआस के स्टेशनों पर आस्था ट्रेनों का संचालन थमने और दर्शन अभियान खत्म होने के बाद विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर ड्यूटी में लगाए गए सुरक्षा कर्मचारी और अन्य विभाग के अधिकारी वापस लौट गए हैं।



22 जनवरी को आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद छह फरवरी से शुरू हुआ यह अभियान शनिवार 16 मार्च तक संचालित होना था लेकिन आस्था विशेष ट्रेनों का संचालन 10 मार्च तक ही हुआ। अभियान के अंतिम दिन रविवार 10 मार्च को राजस्थान प्रांत से विशेष ट्रेन 1476 श्रद्धालुओं को लेकर आई थी। अभियान को लेकर रेलवे प्रशासन ने विशेष ट्रेनों को अयोध्या धाम जंक्शन, अयोध्या कैंट, दर्शननगर, सलारपुर और मसौधा रेलवे स्टेशनों पर रोकने की व्यवस्था बनाई थी। कई विशेष ट्रेनों को पड़ोसी जिले गोंडा के लकड़मंडी रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिया गया। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रयागराज समेत अन्य ज़ोन से रेलवे पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों-कर्मचारियों की विशेष ड्यटी लगाई थी। साथ ही रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त इंतजाम किये गए थे और श्रद्धालुओं को संबंधित स्टेशन से टेंट सिटी और दर्शन के लिए ले जाने-लाने के लिए ई-बसों के अलावा रोडवेज के अधिकारियों-कर्मचारियों को लगाया गया था।

राजकीय रेलवे पुलिस अयोध्या कैंट के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय ने बताया कि दर्शन के लिए विशेष ट्रेनों से आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त आवंटित फ़ोर्स और जांच-तलाशी दस्ते की ड्यूटी लगाई गई थी। अभियान ख़त्म होने के बाद फ़ोर्स वापस लौट गई है। अब केवल नियमित ट्रेनों का संचालन हो रहा है।

### इन प्रांतों से आईं आस्था विशेष ट्रेन

आकंड़ो के मुताबिक तेलंगाना, महाराष्ट्र, कर्नाटक, ओडिशा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम, मध्य प्रदेश, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, बिहार, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और गुजरात अदि प्रांतों से श्रद्धालुओं को दर्शन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुल 295 आस्था स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया।

### सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील

**अयोध्या, अमृत विचार :** आगामी पर्व होली, रमजान व ईद को सकुशल संपन्न कराने की कवायद के तहत बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट व एसपी सिटी ने शांति समिति के सदस्यों के साथ नगर कोतवाली में बैठक की। सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर लोगों के सुझाव व शिकायतों को सुना। लोगों को मिलजुलकर सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में समिति के सदस्यों ने साफ-सफाई, मार्गों और धार्मिक स्थलों स्थित गढ्ढों, सुभाषनगर में धर्मस्थल के बगल होलिका दहन स्थल होने को लेकर सतर्कता बरते जाने का मामला उठाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट राजेश मिश्रा और एसपी सिटी मधुबन सिंह ने कहा कि पुलिस-प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर सभी इंतजाम किये जा रहे हैं। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह, नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय, व्यापारी नेता सुशिल जायसवाल, मनोज जायसवाल, दानिश अहमद, डॉ. इरफम आदि मौजूद रहे।



10वां रोजा

शिया
सहरी : 04.40 बजे
इफ्तार : 06.22 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.39 बजे
इफ्तार : 06.16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# शिकायतों का ससमय करें निस्तारण : जिलाधिकारी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिम्मेदारों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने कांटेक्ट सेंटर और सी विजिल कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद लोकसभा क्षेत्र अंबेडकरनगर में सकुशल, पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित जिला कांटेक्ट सेंटर, वीडियो अवलोकल टीम और सी विजिल कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। वहां पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को गहनता पूर्वक निगरानी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई शिकायत आती है तो चुनाव आयोग द्वारा दिए गए समय सीमा के अंतर्गत मामलों का निस्तारण कराए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरसः पालन करें। जिला कांटेक्ट सेंटर द्वारा 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। इस टोल फ्री नंबर पर निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वहीं सी विजिल ऐप के माध्यम से निर्वाचन की गतिविधियों के संबंध में आमजन मानस शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसका निस्तारण आयोग द्वारा दिए गए समय के तहत सुनिश्चित कराया जाएगा। इस दौरान मौके पर जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित अन्य संबंधित आधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सिंगल विंडो कार्यालय का किया निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सिंगल विंडो कार्यालय का निरीक्षण किया। जिसमें एसडीएम अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल सहित अन्य ड्यूटी पर लगाए गए कार्मिक उपस्थित पाए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया गया जो भी आवेदन प्राप्त होते हैं उन्हें समय सीमा के अंतर्गत निस्तारित किया जाए। इसके उपरांत उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। वहां पर सभी कार्मिक उपस्थित पाए गए।

# प्रशिक्षकों ने दी कंट्रोल यूनिट और वैलिड यूनिट के बारे में जानकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण के दौरान मौजूद डीएम।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने बुधवार को लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया।

प्रथम पाली का प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस को दिलाया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विस्तार पूर्वक भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों के बारे में जानकारी दी गई। वहीं साथ ही साथ कंट्रोल यूनिट, वैलिड यूनिट व वीवी पैट को सुचारू रूप से संचालित करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया और डेमो भी करके दिखाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से इसके बारे में विस्तृत रूप से पूछा भी गया। वहीं द्वितीय पाली का प्रशिक्षण विधानसभा क्षेत्र आलापुर के जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस मौके उपस्थित रहे।

## जमीन बेचने पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला, घायल

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जमीन बेचने को लेकर भाई ने अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर पीड़ित पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे पीड़ित का सिर फट गया और उसे गंभीर चोटे आयी है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला सम्मनपुर थाना क्षेत्र के गांव कुर्की महमूदपुर का है। बता दें कि गांव निवासी रफीक पुत्र वासअली ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपनी एक बिस्वा जमीन गांव के ही साहबे आलम पुत्र मोहम्मद जैफ को बेच दिया है। जमीन बेचने को लेकर पीड़ित रफीक के भाई अब्दुल करीम, सफीक, कप्तान और रिश्तेदार परवेज एकजुट होकर बीते मंगलवार को सुबह लाठी और डंडे से लैस होकर पीड़ित रफीक के उपर टूट पड़े, जिससे उसका सिर फट गया। पीड़ित की गुहार पर लोगों ने उसे किसी तरह से बचाया। इसके बाद विपक्षियों ने साहबे आलम को जान से मारने की धमकी दी और पीड़ित के घर का दरवाजा और बिजली मीटर को तोड़ दिया। जिससे पीड़ित के परिजन डरे और सहमे हुए हैं। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### युवती और नाबालिग को भगाने के मामले में केस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कटका थानाक्षेत्र से एक नाबालिग और युवती के भगाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पहला मामला थानाक्षेत्र के एक गांव का है। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरी 21 वर्षीय पुत्री को विपक्षी रवीउल्लाह निवासी भेदौरा थाना अतिरौलिया जनपद आजमगढ़ बहला फुसलाकर भगा ले गया। वहीं दूसरा मामला भी इसी थानाक्षेत्र का है। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरी 15 वर्षीय पुत्री स्कूल पढ़ने के लिए गई थी। जिसे आयुष उर्फ गोलू बहला फुसलाकर फरार हो गया है। पुलिस ने दोनों मामले मे मुकदमा दर्ज किया है।

### आंधी व तूफान में दो घरों की गृहस्थी जलकर राख

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।** बुधवार की दोपहर को अचानक मौसम बदल गया। ऐसे में आई तेज आंधी और तूफान में गांव लक्ष्मी देवी पत्नी विरजू के छप्परनुमा आवासीय मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग फैल कर बगल के लालमती पत्नी उदय के भी छप्परनुमा आवासीय मकान को अपने आगोश में ले लिया। सूचना पर थाना अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन किया। दोनों पीड़ितों के करीब डेढ़ लाख रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है। थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में उचित कार्रवाई की जा रही है।

### शायरों और उलमाओं का जमावड़ा 25 को

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** नगर के मोहल्ला जाफराबाद स्थित छोटा इमामबाड़ा में आगामी 25 मार्च को रात्रि में अंजुमन जाफरिया के तत्वावधान में आयोजित होने वाले जश्न शहजाद-ए-सुल्ह में शायरों व उलमाओं का जमावड़ा होगा। हजरत मुहम्मद साहब के बड़े नवासे हजरत इमाम हसन के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जहां दर्जनों शायर तरही कलाम पेश करेंगे। वहीं स्थानीय उलमा हजरत इमाम हसन के व्यक्तित्व पर तकरीर करेंगे। संचालन नजफ मुजफ्फरनगरी करेंगे।

# राहत : होली पर 13 अतिरिक्त बसों का 22 से होगा संचालन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



अकबरपुर डिपो।

**अमृत विचार।** होली को देखते हुए परिवहन विभाग ने कमर कस ली है। त्योहार को देखते हुए परिवहन निगम अकबरपुर डिपो से 13 अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा। इन बसों का संचालन लखनऊ, कानपुर और दिल्ली के लिए आगामी 31 मार्च तक किया जाएगा। बसों के संचालन होने से यात्रियों को लाभ मिलेगा।

बता दें कि बड़े शहरों और राज्यों में रहने वाले लोग होली की खुशियां अपनों के साथ मना सकें इसके लिए परिवहन निगम ने बड़ी राहत दिया है। आगामी 22 मार्च से लखनऊ, कानपुर और दिल्ली के लिए 13 अतिरिक्त बसों का संचालन अकबरपुर डिपो से किया जाएगा। यात्रियों को यह सुविधा 31 मार्च तक मिलेगी। जिसमें दिल्ली के लिए तीन बसें, कानपुर के लिए चार बसें और लखनऊ के लिए छह अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा आजमगढ़, मऊ और बलिया के लिए भी बसों के फेरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। एआरएम सीवी राम ने बताया कि 22 मार्च से अकबरपुर बस डिपो से 13 अतिरिक्त बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। इसके अलावा बेड़े में शामिल 65 बसों का पूर्व की तरह ही संचालन होता रहेगा।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक किया सील

**महिला की मौत के मामले में हुई कार्रवाई, संचालक फरार**

आलापुर, अंबेडकरनगर।




क्लीनिक सीज करने की कार्रवाई करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

**अमृत विचार।** गुर्दे की पथरी का आपरेशन कर इलाज के दौरान महिला की हुई मौत के दो दिन बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध क्लीनिक को सील कर दिया तो वहीं पुलिस ने भी संचालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि आरोपी झोलाछाप डॉक्टर का पता नहीं चल सका है।

बता दें कि शहाबुद्दीनपुर निवासी बुद्धिराम की पत्नी शोभा देवी गुर्दे की पथरी से पीड़ित थी। परेशानी बढ़ने पर स्वजनों ने शोभा देवी को माडरमऊ बाजार में झोलाछाप डॉक्टर द्वारा संचालित अवैध क्लीनिक में भर्ती कराया था। वहां डाक्टर ने महिला का ऑपरेशन करने के उपरांत वहीं भर्ती कर इलाज करता रहा। बताया जाता है कि संचालक ने पड़ोसी जनपद संतकबीरनगर के दूसरे प्रशिक्षित डॉक्टर को बुलाकर ऑपरेशन करवाया था। इधर, इलाज के दौरान शोभा देवी की हालात बिगड़ती गई तो डॉक्टर ने स्वजनों को अन्यत्र ले जाने की सलाह दी। 10 दिन बाद गत सोमवार को लोग उसे जिला अस्पताल फिर मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर ले गए। वहां भी स्थिति गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही शोभा देवी ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मृतका के पति की तहरीर के आधार पर क्लीनिक संचालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### आरोपी क्लीनिक संचालक फरार

महिला की मौत की सूचना मिलते ही संचालक अपनी क्लीनिक बंद कर फरार हो गया है। वहीं मृतक के पति बुद्धिराम ने थाने पर क्लीनिक संचालक के खिलाफ तहरीर दिया, लेकिन पुलिस भी हीला-हवाली करती रही। मामला सुर्खियों में आने के बाद पुलिस ने आरोपी क्लीनिक संचालक सूरज कुमार उर्फ गोलू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आया। सीएमओ डॉ. राजकुमार के निर्देश के बाद सीएचसी रामनगर के अधीक्षक डॉक्टर आशीष राय ने डॉक्टर विनीत सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम गठित कर मौके पर भेजा। टीम ने सूरज कुमार की ताला बंद क्लीनिक पर नोटिस चस्पा कर उसे सील कर दिया।

## मुंबई जा रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के माझा कम्हरिया गांव निवासी एक नवयुवक की मौत मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से हो गई। युवक रोजगार की तलाश में मुंबई जा रहा था। घटना से मृतक के घर कोहराम मचा हुआ है। गांव निवासी बालकेश्वर सिंह (18 वर्ष) पुत्र सुरसेन सिंह पारिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण बीते शनिवार को रोजगार की तलाश में मुंबई जाने के लिए गांव के ही युवक सोनू के साथ निकला। बताया जाता है कि वह बनारस से ट्रेन से मुंबई जा रहा था। इसी बीच ट्रेन वाराणसी के थाना क्षेत्र शिवपुर के कादीपुर के पास ट्रेन आउटर पर खड़ी थी। इसी दौरान बालकेश्वर सिंह ट्रेन से नीचे उतरकर टहलने लगा। इतने में अचानक आयी मालगाड़ी की चपेट में वह आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची शिवपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद जब मृत युवक का शव घर आया तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिवारिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में छोटे भाई नीरज सिंह, बहन बिन्द्रेश्वरी और मां गुड्डी सिंह का रो-रोकर बुरा हाल हैं। घटना की सूचना पर भारत की क्रान्तिकारी मजदूर पार्टी के मित्रसेन, बिंद्रेश, किशन, पंचराम, रामानंद, जयराम, श्याम ने परिवारीजनों का ढांढस बधाया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106–टेली / टेंडर / 15 / 2023–24 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के वाराणसी, सुल्तानपुर और अयोध्या कैंट के स्टेशन कार्यालयों एवं लखनऊ की ऑफिसर्स कॉलोनी में रेलनेट कनेक्टिविटी का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रू 62,89,614.52/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रू 1,25,800.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 210 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 02.04.2024 at 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराषि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।
निविदा सू संं0: 106–टेली / टेंडर / 15 / 2023–24 दिनांक: 10.03.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
891/24

# वाराणसी-अयोध्या व गोरखपुर-बस्ती के बीच होगा सेमीफाइनल



खिलाड़ियों से मिलतीं अधिशासी अधिकारी बीना सिंह व साथ में हैंडबाल संघ के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित ओपन स्टेट महिला हैंडबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन दस टीमों ने किया प्रतिभाग**

**अमृत विचार।** राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय ओपन स्टेट महिला हैंडबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर बीना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बुधवार को आयोजित होने वाले मैच का शुभारंभ किया। जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्या ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

बता दें कि राज्य स्तरीय महिला हैंडबाल प्रतियोगिता जिला ओलम्पिक व हैंडबाल संघ के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह के अनुरोध पर जिला खेल कार्यालय को आवंटित किया गया है। इसी के तहत प्रतियोगिता का संचालन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश की गोरखपुर, लखनऊ, बस्ती, प्रयाराज, वाराणसी, सहारनपुर, अयोध्या, बागपत (मेरठ मंडल), सोनभद्र (मिर्जापुर), अंबेडकरनगर की टीमें प्रतिभाग कर रहीं हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहले मैच में गोरखपुर ने अंबेडकरनगर की टीम को 13-09 से पराजित किया। जिसके बाद प्रयागराज ने बागपत को 10-1 के अन्तर से हराया। वहीं बस्ती ने प्रयागराज को 15-14 और अयोध्या ने सहारनपुर को 16-6 के अन्तर से पराजित किया। लखनऊ ने बागपत को 7-0 से व सहारनपुर ने सोनभद्र को 7-5 के अन्तर से हराया। वाराणसी ने लखनऊ को 20-6 और वाराणसी ने बस्ती को 15-10 के अन्तर से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच में अयोध्या, बस्ती, गोरखपुर, वाराणसी ने प्रवेश किया। प्रतियोगिता के आखिरी दिन वाराणसी-अयोध्या और गोरखपुर-बस्ती के बीच सेमीफाइनल मुकाबला होगा। कार्यक्रम का संचालन विजय चन्द मिश्र द्वारा किया गया।

### ये भी रहे मौजूद

ओपन स्टेट महिला हैंडबाल प्रतियोगिता के दौरान जिला व्यायाम शिक्षक मो. हसन, जिला हैंडबाल संघ के कोषाध्यक्ष आशाराम, बेसिक शिक्षा विभाग की अध्यापिकाएं और कार्यालय सहायक अनुपम प्रजापति, एथलेटिक्स प्रशिक्षिका सुमेधा यादव, भारोत्तोलन प्रशिक्षक सत्यम सिंह व अन्य खेल प्रेमी मौके पर मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
यह कि मै दिनेश कुमार पुत्र श्री रामसेवक सेन्चूरी पल्प एण्ड पेपर लालकुआ जिला नैनीताल में सुरक्षा सुपरवाइजर के पद पर तैनात था। इस पद पर मेरा नाम दिनेश कुमार दर्ज हो गया था जबकि सही नाम दीपक कुमार है। दीपक कुमार के नाम से मुझे जाना जाता है। **दीपक कुमार पुत्र रामसेवक निवासी नथापुर्वा, पोस्ट लोहामढ़, जनपद कन्नौज**

सूचना
मैं MOHAMMAD SHABBIR ALI ,मैंने अपनी बेटी का नाम ARIBA ,से बदलकर ARIBA KHAN ,रख दिया है अब मेरी बेटी को ARIBA KHAN, के नाम से जाना व पहचाना जाये। D/O- MOHAMMAD SHABBIR KHAN R/O- 117, PALKA BEHTA THANA GUDAMBA, LUCKNOW

सूचना
सूचित हो कि मेरे दो पुत्र राज नारायण मिश्र उर्फ प्रसून और प्रभु नरायन मिश्र अपने परिवार के साथ मुझसे अलग रहते हैं, मुझसे सरोकार नही रखते हैं न ही देखभाल व सेवा करते हैं। राज नारायण मिश्र उर्फ प्रसून और प्रभु नरायन मिश्र की गलत आदतों से तंग आकर मैंने उन्हें अपनी समस्त संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **राम विशाल मिश्र पुत्र राम लखन मिश्र ग्राम व पोस्ट पुरुषोत्तमपुर थाना व तहसील जयसिंहपुर जिला सुलतानपुर**

सूचना
पहले मेरा नाम MAMUNA SHAHEEN था अब मैने बदलकर अपना नाम MAMUNA SHAHIN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। Add: MM-4/26, VINAY KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, UTTAR PRADESH- 226010

गुमशुदगी सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे पति बसन्त कुमार निषाद करीब 20 वर्षो से लापता हैं। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कहीं पता नही चल सका है। पति बसन्त कुमार निषाद की गुमशुदगी की सूचना मैंने थाने और पुलिस अधीक्षक को दी है। **नौरंगी देवी पत्नी बसन्त कुमार निषाद ग्राम मल्हीपुर थाना चांदा जिला सुलतानपुर**

सूचना
सूचित हो कि मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में उसका नाम त्रुटिवश MOHAMMED AQIB तथा उसकी माता का नाम त्रुटिवश SHAHNAZ BANO दर्ज है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम MOHAMMAD AQIB तथा उसकी माता का सही नाम SHAHNAJ BANO है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में उसका व उसकी माता का सही नाम दर्ज किया जाये। **अब्दुल अलीम पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी– छुहियापुरवा, सहारा स्टेट, जानकीपुरम, लखनऊ।**

NOTICE
I declare that my daughter Mariyam Ansari has passed ICSE(Class 10) in 2022 with her UID 7676537 and Index No. 1223834/069 and she is persuing ISC(Class 12) 2024 with her Index No.2241745/039 from Jesus & Mary School and College Balrampur and my correct name is MOHD ASHFAQ ULLAH ANSARI. Mohd Ashfaq Ullah Ansari S/O Abdul Qadir AnsariR/O Shekharpur, Balrampur (U.P.) Mob: 8960633678

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### घर में घुसकर महिला से छेड़खानी, केस दर्ज

**परसपुर, अमृत विचार :** परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि उसके पति मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते है। आरोप है कि 12 मार्च को उसका जेठ उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेडखानी की विरोध करने पर उसकी पिटाई की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### कार्यक्रम अधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार सोनी ने ग्राम पंचायत परसौरा महेशपुर व महादेवा कला का स्थलीय भ्रमण किया। यहा पर उन्होंने इन ग्राम पंचायतो द्वारा मनरेगा के तहत कराये जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के बारे में जानकारी लेते हुए पंचायत सचिव शबाना प्रवीण को शीघ्र निर्माण कर पूरा कराये जाने का निर्देश दिया, ग्राम रोजगार सेवक रामस्वरूप शुक्ल भी उपस्थित रहे।

### सड़क जर्जर को दुरुस्त कराने की मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिशुनापुर बेलभरिया के पानी टंकी से मदार पुरवा तक जाने वाला मार्ग जर्जर हो गया है। प्रधान अफसर अली ने बताया कि उक्त मार्ग का निर्माण 15 साल पहले कराया गया था लेकिन अब यह मार्ग पाँच साल से जर्जर हो गया है। ऐसी स्थिति में क्षेत्रीय जनता को गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के आँगनबाड़ी केंद्रो के कार्यकर्ताओं के प्रथम चरण का तीन दिवसीय उन्मुखी प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शुरू हो गया है। ब्लॉक के सीडीपीओ दुर्गेश गुप्त ने बताया कि इस प्रशिक्षण के लिए मुख्य सेविका सुमिता वर्मा व सुषमा सिंह, एआरपी चंद्रशेखर तिवारी व सहायक अध्यापक अपूर्वा अग्रवाल को प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इस चरण में 50 केंद्रो के आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है।

### विद्यालय परिसर में लगा हैंडपंप चोरी, दी तहरीर

**मनकापुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के बनकटवा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका रीना शर्मा ने पुलिस को दिये तहरीर में कहा है कि बीते शनिवार को नया हैण्डपम्प लगाया गया था। सोमवार को जब विद्यालय पहुँची तो देखा हैंडपम्प गायब था। पूछताछ में पता चला कि अज्ञात चोरो रात में हैंडपम्प खोल कर चुरा ले गए। इसी विद्यालय में बीते कुछ माह पहले भी अज्ञात चोरों ने विद्यालय में लगा टुल्लू पम्प मोटर व 50 मीटर केबिल विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी कर लिया था। इसके सम्बन्ध में भी स्थानीय थाने में तहरीर दी गयी थी।

# कला महोत्सव में शिक्षकों-प्रशिक्षुओं ने दिखाई प्रतिभा

## डॉयट प्राचार्य ने प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित, बीएसए ने कराई कार्यक्रम की शुरुआत

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों व डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए कला महोत्सव का आयोजन किया गया इस। इस कला महोत्सव में शिक्षकों व प्रशिक्षुओं ने अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया। डायट प्राचार्य की तरफ से सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



कला महोत्सव में अपनी पेटिंग्स दिखातीं करनैलगंज की शिक्षिकाएं। अमृत विचार




प्रतिभागी शिक्षकों के साथ डॉयट प्राचार्य अतुल तिवारी। अमृत विचार

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दर्जीकुआं में बुधवार को आयोजित कला महोत्सव का शुभारंभ डायट प्राचार्य अतुल कुमार तिवारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

महोत्सव में परिषदीय विद्यालयों के 35 अध्यापकों व डॉयट पर ट्रेनिंग कर रहे 50 प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। महोत्सव में करनैलगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय टेपरी की शिक्षिका शताक्षी पांडेय, हरिगवां की हर्षिता वर्मा, हीरापुर कमियार की चंद्रावती, चकरौत की रजनी यादव, कंपोजिट विद्यालय करनैलगंज की शालू श्रीवास्तव, भंभुआ द्वितीय की शिवांगी, झिंगही की विमल व हनुमानगंज की प्रतिभा सिंह ने विभिन्न विषयों पर पोस्टर व मॉडल्स का प्रदर्शन किया। इटियाथोक ब्लाक के शिक्षक मनोज दीक्षित, शौनक शुक्ला, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, सुरेश कुमार ने भी इस महोत्सव में अपनी कला का प्रदर्शन किया। डीएलएड प्रशिक्षुओं ने भी जल संचयन, सौर ऊर्जा व चंद्रयान के मॉडल्स प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम प्रभारी रहे डायट प्रवक्ता वीर बहादुर सिंह ने बताया कि डायट प्राचार्य अतुल तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक अविनाश कुमार मिश्र, प्रवक्ता ज्ञान बहादुर व अन्य प्रवक्ताओं ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और शिक्षकों व प्रशिक्षुओं के प्रयास की सराहना की।

निर्णायक मंडल में प्रवक्ता सौमित्र सिंह, संदीप जायसवाल एवं प्रवक्ता रेनू राय ने महोत्सव के विजेताओं का चयन किया। कला उत्सव में इटियाथोक के शिक्षक मनोज दीक्षित व शौनक शुक्ला प्रथम, मनकापुर के बलजीत सिंह कनौजिया द्वितीय व कर्नैलगंज की प्रतिभा सिंह तथा सताक्षी पांडेय तृतीय स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागियों को डॉयट प्राचार्य अतुल तिवारी ने सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## 75 स्वयं सहायता समूहों को वितरित किया गया ऋण

**रुपईडीह, अमृत विचार:** चालू वित्तीय वर्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉक के 74 महिला स्वयं सहायता समूहो को ऋण वितरित किया गया है। ब्लॉक मिशन प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि विभाग द्वारा 215 महिला स्वयं सहायता समूहो का सीसीएल किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस लक्ष्य के सापेक्ष विभिन्न बैंकों की शाखाओ द्वारा 74 स्वयं सहायता समूहो का सीसीएल कर ऋण वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 291 समूहों की पत्रावलियों को ऋण के लिए विभिन्न बैंकों की शाखाओ को भेजा गया है।

# मौसम के बदले मिजाज ने बढ़ाई किसानों की धड़कन

## बुधवार दोपहर आई तेज आंधी में बिखर गए आम के बौर



खेत में लगी गेहूं और सरसों की फसल। अमृत विचार



आम के पेड़ पर लगे बौर। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बुधवार दोपहर बाद आई तेज आंधी से आम के बौर टूटकर बिखर गए। गेंहू, सरसों और अरहर की खड़ी फसल झुक गयी। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे में तेज बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी दी है।

बुधवार की सुबह जिले में मौसम एकदम साफ था। लेकिन दोपहर दोपहर अचानक इसमें तब्दीली आ गयी। हवा धीरे धीरे तेज होती गयी और कुछ देर बाद यह आंधी में परिवर्तित हो गयी। आसमान में बादल घिर गए तो किसानों की धड़कन बढ़ गयीं। हालांकि करीब एक घंटे बाद हवा की रफ्तार कुछ धीमी जरूर हुई लेकिन इस एक घंटे के भीतर तेज हवा के चलते कई जगह पर खेत में खड़ी गेंहू व सरसों की फसल झुक गयी। अरहर के पौधों में लगे फूल झर गए तो वहीं आम के बौर भी टूटकर बिखर गए। किसानों का कहना है कि सरसों की फसल पककर खेतों में खड़ी है। वहीं गेंहू की बालियां भी निकल आई हैं। दाने कमजोर न हो इसलिए गेंहू की सिंचाई की जा रही है। सिंचाई के कारण खेतों में नमी है। ऐसे में अगर हवा तेज हुई तो न सिर्फ फसल गिरेगी बल्कि उसके दाने भी कमजोर हो जायेंगे। जिसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा और गेंहू की पैदावार कम होगी। इस बार आम की फसल भी अच्छी है। पेड़ों पर बौर लगे हैं लेकिन बुधवार को तेज हवा ने उन्हे खूब नुकसान पहुंचाया है। अब अगर आंधी के साथ बारिश होती है तो खेतों में खड़ी फसल को जबरदस्त नुकसान पहुंचेगा।

### मार्च में चले तेज हवा तो घटती है पैदावार

कौड़िया क्षेत्र के किसान महेंद्र कुमार कहते हैं कि मार्च का महीना बसंत का महीना माना जाता है। इस महीने में न तो तेज धूप होती है और न ही ठंढ पड़ती है। इस दोरसे मौसम में गेंहू की फसलों का विकास तेजी से होता है। गेंहू की बालियां निकलते ही किसान फसल की सिंचाई कर देते हैं ताकि खेत में नमी बनी रहे और दाने मजबूत तथा मोटे हो जाएं, लेकिन अगर इस महीने में तेज हवा चल जाए तो गेंहू के दाने कमजोर हो जाते हैं और उनका उत्पादन घट जाता है। पैदावार करीब एक से डेढ क्विंटल तक कम हो जाती है।

### मौसम विभाग ने जारी किया एलो अलर्ट

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए एलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की तरफ से कहा गया है कि आगामी 24 घंटे में प्रदेश के पूर्वी जिलों में तेज हवा के साथ बरसात हो सकती है। इस दौरान ओलावृष्टि की भी संभावना है। जिन जिलों के लिए चेतावनी जारी की गयी है उनमें गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या, अंबेडकर नगर, बस्ती व बाराबंकी सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 23 जिले शामिल है। इस चेतावनी के मुताबिक अगर बरसात होती है तो किसानों की कमर टूट जायेगी।

## सीडीओ ने मतदान केंद्र का लिया जायजा

**रुपईडीहा, अमृत विचार :** मतदान केंद्रो का निरीक्षण किए जाने के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी एम अरुण मौली ने ब्लॉक रुपईडीह के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव व खंड शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह के साथ मतदान केंद्र मनोहर जोत ,असिधा, गौनरिया, हरदैंया, भटपुरवा व बलहीजोत का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने सभी मतदान केंद्रो पर रैंप निर्माण, पेयजल, बिजली, शौचालय तथा बीएलओ से विशेष विधानसभा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं के नाम शामिल होने, संशोधन करने व मृतकों के नाम काटे जाने को प्राप्त आवेदन पत्रों के बारे में जानकारी ली।

# लूट का खुलासा न होने से आक्रोश

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार:** नगर के गुड़ाही बाजार स्थित गोपी ज्वेलर्स पर हुई लूटकांड की घटना के दो सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद खुलासा न होने पर बुधवार को सर्राफा व्यवसायी विश्वनाथ शाह के प्रतिष्ठान पर सर्राफा एसोसिएशन व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बैठक की तथा एक सप्ताह के भीतर घटना का खुलासा न होने पर दुकाने बंद कर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

बीते चार मार्च को नगर के सर्राफा व्यवसायी विश्वनाथ साह की दुकान से दो अज्ञात लुटेरों ने भारी मात्रा में सोने, चांदी और नकदी की लूट की थी। घटना के 16 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक पुलिस खाली हाथ है। इससे क्षुब्ध होकर नगर व्यापार मंडल, सर्राफा एसोसिएशन तथा धार्मिक संगठनों ने एसटीएफ का गठन करके घटना का पर्दाफाश कराये जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि सात दिन में घटना का खुलासा न होने पर नगर के समस्त व्यापारी अपनी दुकानें बंद करके प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।



गोपी ज्वेलर्स पर हुई लूट का खुलासा न होने पर रोष जताते व्यापारी। अमृत विचार

इस मौके पर राहुल सिंह, अशोक सिंहानिया, अरुण कुमार वैश्य, महेश कुमार मिश्र, मोहित पाण्डेय, मुकेश खेतान, अल्ताफ राईनी, चांद बाबू, मोहम्मद सलीम सिद्दीकी, अरुण कुमार बाथम मौजूद रहे।

# सरकारी जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा, रुकवाया

संवाददाता, तरबगंज

**अमृत विचार:** सड़क किनारे स्थित करोड़ों रुपये की बेशकीमती सरकारी ग्राम समाज भूमि पर दबंगों ने अतिक्रमण कर निर्माण शुरू कर दिया। मामले की सूचना पर लेखपाल ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से निर्माण रुकवा दिया है। लेकिन दबंग निर्माण करने के लिए लाबिंग में जुटे हैं।

मामला वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्जनपुर घाट का है। जहां पर गाटा संख्या 528 बंजर भूमि के रूप में दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल लगभग दो हेक्टेयर है। इसी जमीन से होकर दुर्जनपुर घाट बालेश्वरगंज की सड़क गुजरती है लिहाजा सड़क के दोनों और जमीन काफी कीमती है। जिस पर दबंग भूमाफियाओं की नजर है। इस जमीन पर दबंगों ने पूर्व में भी अतिक्रमण कर मकान बना लिए थे जिसका मुकदमा भी चल रहा है। अब आचार संहिता लगते ही पुनः निर्माण करना शुरू कर दिया।

ग्राम प्रधान ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की है। वहीं सूचना मिलते ही लेखपाल संदीप यादव ने स्थानीय पुलिस के साथ निर्माण रुकवा दिया है। लेखपाल का कहना है कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों को खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किशोरी प्रशिक्षण संपन्न




छह दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रमाणपत्र के साथ लाभार्थी। अमृत विचार

**परसपुर, अमृत विचार :** छह दिवसीय किशोर/किशोरी प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन का प्रशिक्षण कार्य बुधवार को पूर्ण हुआ। अधीक्षक डॉ लवकेश शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 11 से लेकर 16 साल के किशोर किशोरियों को उनके शरीर में होने वाले मेन्टल व फिजिकल बदलाव के बारे में जागरूक करते हुए जानकारी दी गयी। जिससे वह जाकर क्षेत्र में अपने मित्रों तथा आसपास उसके बारे में लोगों को जागरूक कर सकें और कोई भी दिक्कत आए तो उसको अपने पेरेंट्स से साझा कर सकें तथा गलत संगत व रास्ते पर न जाए। वही एनीमिया तथा हार्मोनल बदलाव से किशोरावस्था में शरीर में होने वाले बदलाव बारे में जागरूक किया गया।किशोर किशोरियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी प्रदीप पांडेय, दृष्टि रावत,अखिलेश कुमार सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पेड़ से बांधकर युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**इटियाथोक, अमृत विचार :** रंजिश के चलते पेड़ से बांधकर युवक पर रॉड,लाठी डंडे बरसाये गये। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दूसरे दिन घटना की प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि 8 वर्ष पहले अखिलेश की बहन को सुनील कुमार भाग ले गया था कुछ दिन पहले सुनील की मां का निधन हो जाने पर वह पत्नी के साथ घर आया इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के मध्य 16 मार्च को मारपीट हो गई। पुरानी रंजिश को लेकर सुनील के भाई अनिल कुमार को मंगलवार की सुबह शौच से घर वापस आते समय गांव के ही राम केवल व पुत्र अखिलेश व दुर्गेश,राम विलास,रज्जन,दरऊ निवासी सुभागपुर ने मिलकर घर के सामने पकड़ लिया।उक्त लोगों ने अनिल को आम के पेड़ से रस्सी से बांध दिया।इसके बाद लाठी डंडे व लोहे की राड से पिटाई की।इस घटना का लोगों ने दूर से वीडियो भी बनाया।वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।पुलिस ने मारपीट,बलवा करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी अखिलेश को गिरफ्तार कर लिया गया है।अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### तकनीकी खराबी से एटीएम सेवा बंद, लोग परेशान



**बेलसर, अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक मंगुरा बाजार की एटीएम सेवा एक सप्ताह से बंद है। उपभोगता परेशान हैं। मंगुरा बाजार के भारतीय स्टेट बैंक की एटीएम सेवा बीते एक सप्ताह से बंद है जिससे सैकड़ों उपभोगताओ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । उपभोग्ता संत कुमार ने बताया की तीन दिन से एटीएम लिए घूम रहा लेकिन एटीएम के का शटर नही खुल रहा है। महेश कुमार ने बताया की एक सप्ताह से एसबीआई मंगुरा का एटीएम बंद है जिससे एटीएम सेवा का लाभ नहीं मिल रहा है। पवन ,प्रमोद शुक्ल,देवा नंद, शिव शंकर ,अतुल कुमार,संतोष कुमार ने एटीएम सेवा शुरू करने की मांग की है। शाखा प्रबंधक अतुल कुमार दुबे ने बताया की एटीएम में तकनीकी खराबी आने से लोगो को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सूचना उच्च अधिकारियों को भेजी गई है दो दिन के भीतर सेवा शुरू हो जाएगी।

### रामकथा से सभी जीव का होता है कल्याणः संत रामदेव



कथा कहते रामदेव दास।

**परसपुर, अमृत विचार :** अन्दूपुर टेपरा स्थित श्री ब्रम्हदेव बाबा के स्थान पर आयोजित पांच दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के प्रथम दिन कथा वाचक संत रामदेव दास रामायणी ने कहा कि पार्वती मैया भगवान शिव से भगवान राम के बारे में पूछती है।उन्होंने कहा कि राम कथा से सारे लोक लोकांतर के जीव का कल्याण होता है। राम कथा लोक मर्यादा भी है और आत्म कल्याण की बात भी है। माता पार्वती ने शिव से पूछा कि भगवान का अवतार किस लिए हुआ । उन्होंने कहा कि भगवान का अवतार सज्जनों की रक्षा व दुष्टों के विनाश व धर्म की स्थापना के लिए युग युग मे समय समय पर भगवान का अवतार होता है हमको सदमार्ग पर चलने व धर्म पूर्वक जीवन यापन के लिए तथा संसार से कुशल पूर्वक परलोक जाने के लिए भगवत कथा व भगवान का नाम सहायक है। उन्होंने कहा कि जब तक मानव जीवन भगवत आश्रय नही लिया जाएगा तो जीव इस लोक में भी असफल रहेगा और सदा सदा के लिये जन्म मृत्यु के बंधन से बच नही पायेगा। इस अवसर पर मुख्य यजमान राम करन गुप्ता,शिवभान गुप्ता,आनंद पांडेय,हरिशंकर गुप्ता,राम बरन गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, महिला गंभीर

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** वजीरगंज थानाक्षेत्र के तीन अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी।

मंगलवार देर शाम को डुमरियाडीह चौराहे पर पिकअप की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार शिव राम यादव निवासी डुमरिया डीह गंम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। दूसरी घटना बुधवार दोपहर की है अयोध्या गोंडा मार्ग पर चंदापुर चौराहे के पास इंडियन बैंक रुपया निकालने आये 45 वर्षीय विनोद कुमार निवासी कोंडर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी।वहीं एक अन्य घटना में अयोध्या गोंडा मार्ग पर सीएचसी के सामने बुधवार दोपहर को बाइक की चपेट में आकर थानाक्षेत्र के डल्लापुर निवासी मीरा पत्नी रामपाल उम्र 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गयी। सीएचसी पर प्राथमिक इलाज के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अधीक्षक डॉ आशुतोष शुक्ल ने बताया कि महिला के सिर में गंभीर चोट आयी है।थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मृतकों को पीएम के लिए भेजा गया। घायल महिला का इलाज मेडिकल कालेज गोण्डा में हो रहा।

# दस खाद्य वस्तुओं के लिए गए नमूने

## खाद्य विभाग की टीम के पहुंचने पर मिलावट खोरों में मचा रहा हड़कंप

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** होली त्यौहार को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से मिलावट खोरो के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के दुकानों से दस खाद्य वस्तुओं का नमूना लिया गया है ।जिनको लेकर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है।



दुकान पर खाद्य सामग्री की जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

होली त्यौहार को लेकर खाद्य में औषधि प्रशासन विभाग मिलावट खोरो के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। खाद्य निरीक्षक बाजारों में जाकर दुकानदारों के यहां से नमूने ले रहे हैं जिनको परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। मिलावट खोरो के खिलाफ अभियान पिछले तीन दिन से चल रहा है अब तक 10 से अधिक खाद्य वस्तुओं के नमूने लिए गए हैं । जिनको जांच के लिए भेजा जा रहा है । खाद्य विभाग की टीम के क्षेत्र में पहुँचने से बाजारों में हड़कंप मचा रहा । कई दुकानदार अपने दुकान पर ताला लगाकर चंपत हो गए । खाद्य विभाग की टीम ने खोया, तेल, सूजी, मिठाई समेत खाद्य पदार्थों को नमूने के लिए लिए हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है । खाद विभाग की टीम जिले के सभी तहसीलों में अभियान चला रही है। बस स्टैंड पर बाहर से खोया आने की सूचना पर छापेमारी की गई खोया भी बरामद हुआ है। जिसका नमूना लिया गया।

छापेमारी के दौरान मुख्य खाद्य निरीक्षक संजय सिंह, निरीक्षक मनीष जयप्रकाश, जुगल किशोर ,विनोद वर्मा, संतोष कुमार रहे। अभिहित अधिकारी द्वितीय अजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर त्योहार को लेकर मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अब तक अभियान के दौरान 10 खाद्य वस्तुओं के नमूने लिए गए हैं। जिनको जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान अनवरत जारी रहेगा।

**परेशानी** सर्वर डाउन होने के चलते दुकान से वापस आ रहे राशनकार्ड धारक, कोटेदार व राशनकार्ड धारकों में हो रही कहासुनी

# सौ गांवों में इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन ठप, वितरण प्रभावित

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** राशन वितरण के लिए सरकारी दुकानों पर आवंटित की गई इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन व ई पॉस मशीनों का संचालन नेटवर्क की समस्या में उलझ गया है। वितरण के छठवें दिन 100 गांव में मशीनों का संचालन ठप रहा जिससे राशन वितरण प्रभावित हुआ।



राशन वितरण की दुकान का निरीक्षण करते जिलापूर्ति अधिकारी। अमृत विचार

नए इलेक्ट्रॉनिक मशीन में तो गड़बड़ी लगभग सभी जगह पर पाई गई, लेकिन प्रशासन, कंपनी के प्रतिनिधियों ने कड़ी मशक्कत के बाद खाद्यान्न वितरण शुरू कर दिया। आंकड़ों के मुताबिक अभी तक 100 ऐसे गांव हैं जहां पर नई मशीन पूरी तरीके से खराब है। जिसके चलते खाद्यान्न, राशन कार्ड धारकों को नहीं मिल पा रहा है । इन गांवों के दुकानदारों व लाभार्थी से रोज मारपीट की स्थिति बन रही है। कोटेदार सर्वर ना होने की बात कह रहा है। तो वही राशन कार्ड धारक गल्ला के लिए रोज दुकान पर आने का ताना दे रहा है। पूर्ति विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर खाद्यान्न की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वही इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन कंपनी लिंक बेल के प्रतिनिधि सक्रिय हैं । लगातार प्रयास के बावजूद जिन गांवों में खाद्यान्न का वितरण नहीं हो रहा है, वहां रोज नोक झोक हो रही है। खाद्यान्न लेने वालों को लग रहा है कि कोटेदार जानबूझकर उनका टरका रहा है। जबकि स्थिति यह है कि जब से नई मशीन लगी है पूरी तरीके से सर्वर ही नहीं रहा है। 15 मार्च से जनपद में वितरण की शुरुआत हुई है इससे पहले जब पुरानी मशीन होती थी तो 1 दिन में 60 से 70 राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न आराम से मिल जाता था। लेकिन जो नई मशीन आई है इससे अभी 10 -12 राशन कार्ड धारकों को ही दिन भर में वितरण हो पा रहा है। ऐसे में जिला प्रशासन के लिए भी नई मशीन चुनौती बनी हुई है। हालांकि पूर्ति विभाग से जुड़े अफसर का दावा है कि वितरण की तिथि माह के अंतिम तक है। लेकिन जिन गांवों में अभी तक वितरण की शुरुआत नहीं हुई है उनको लेकर पूर्ति विभाग भी टेंशन में है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि जिले के अधिकतर कोटे की दुकानों पर वितरण शुरू हो गया है। करीब 100 ऐसी दुकाने हैं जहां पर वितरण शून्य है। उन दुकानों पर विशेष नजर रखी जा रही है। प्रयास है कि जल्द ही वहां पर भी वितरण का कार्य शुरू कर दिया जाए। जिस कंपनी की मशीन है उनके इंजीनियरों का दिशा निर्देश दिया जा रहा है।

## दो घरों से लाखों का माल समेटा

**मसकनवा, अमृत विचार :** एक ही गावं के दो घरों में अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया।घटना छपिया थाना क्षेत्र के माडा गावं का है। पुलिस को दिए तहरीर के अनुसार पीड़ित विवेक कुमार ने बताया कि मंगलवार की मध्यरात्रि में घर के पीछे लगे चैनल से अज्ञात चोर अंदर घुस आये।

तहरीर के अनुसार चोर लगभग 36000 रुपये नगद व सोने चांदी के जेवरात चुरा ले गए। वहीं गावं के ही मलखान पुत्र बाबूराम ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि गांव के बाहर मुर्गी फार्म पर सो रहा था जहाँ अज्ञात चोर जाली काटकर पैंट में रखे 16000 नगद चुरा ले गए।

## एक नजर

### आग लगने से गृहस्थी जलकर राख

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना क्षेत्र के भीखमपुर के निदुरा में मंगलवार दोपहर को अज्ञात कारणों से लगी आग से हरिश्चन्द की पूरी गृहस्थी जल कर खाक हो गयी।आग की चपेट में आकर मनीषा पत्नी राममूरत भी झुलस गई। लेखपाल अंकित मौर्य ने एक लाख रुपये की क्षति का अनुमान लगाते हुए रिपोर्ट तहसील को भेजी है।

### दुर्घटना मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

**मसकनवा, अमृत विचार :** ट्रैक्टर ट्राली से हुई मोटरसाइकिल सवार की एक्सीडेंट के मामले में छपिया पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रार्थी झिनकन पुत्र ग़ज्जन निवासी हथियागढ़ द्वारा पुलिस को दिए गए तहरीर के अनुसार बीते शनिवार को गुलाम अली उम्र 32वर्ष अपनी पत्नी रेशमा खातून उम्र 30 वर्ष निवासी हथियागढ़ को शाम करीब आठ बजे लेकर मसकनवा किसी काम से जा रहा था। पीड़ित ने बताया कि रास्ते में भोपतपुर पेट्रोलटंकी के पास मिट्टी से लदे ट्रैक्टर ट्राली ने साइड मार दी जिससे मोटरसाइकिल सवार पति पत्नी बुरी तरह घायल हो गए।

### भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**करनैलगंज, अमृत विचार :** बुधवार को भारतीय किसान क्रांति यूनियन के ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक हलधरमऊ ब्लाक परिसर में आयोजित की गई। जिसमें किसानों की तमाम समस्याओं एवं ग्रामीण स्तर पर ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा, राशन वितरण में अनियमितता सहित अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया और पांच सूत्री ज्ञापन खंड विकास अधिकारी हलधरमऊ को सौंपा गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के तहसील अध्यक्ष राजन मिश्रा ने की तथा बैठक में घनश्याम गोस्वामी, सत्येंद्र दुबे, रामदेव गोस्वामी, सूर्यभान सिंह, शोभाराम, बाबादीन, जमाल अहमद, फुरकान, जमीर अहमद, समृन्निशा, चंदा देवी, फकरुल निशा, मनसा देवी सहित तमाम कार्यक्रम मौजूद रहे।

### सीएचसी में स्क्रीनिंग नेत्र शिविर आयोजित

**करनैलगंज, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टि हीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पर एक स्क्रीनिंग नेत्र शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नजर की जांच, चश्मे की जांच, संबलबाई, मोतियाबिंद, कंजक्टिविज, ट्रेकोमा जैसी गंभीर बीमारियों की जांच एवं इलाज किया गया। जिसमें से मोतियाबिंद ऑपरेशन योग्य पाए गए मरीज इंद्रावती देवी, बेचेलाल, कामना, श्यामलाल, अब्राहम सिंह, सुखराम, शीला सिंह, द्रौपदी, गंगाराम, जागापता, सूरज, लाल, माया देवी, स्वामी प्रसाद, गंगाराम, राम रूप, विलास ,रामादेवी, ननका देवी आदि को अयोध्या नेत्र चिकित्सालय भेजा गया।

# काला नमक चावल निर्यात को जीआई टैग जरूरी

## विदेश में काला नमक चावल के निर्यात के लिए जरूरी है लाइसेंस, लाइसेंस न होने पर हो सकती है कार्रवाई

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** यदि आप काला नमक धान की खेती कर विदेश में निर्यात कर मुनाफा कमाना चाहते हैं तो आपको अधिकृत उपयोगकर्ता का लाइसेंस लेना होगा। जीआई टैग प्राप्त काला नमक चावल को विदेश में निर्यात के लिए लाइसेंस जरूरी है। बिना इसमें पंजीकरण कराये निर्यातक नहीं बन सकते हैं। यदि पंजीकरण नहीं है और कोई विदेश काला नमक भेज रहा है तो वह कानूनी कारवाई की जद में आ सकता है।

पूरे प्रदेश में 13 कृषि उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त है। जिनमें से देवीपाटन मंडल को काला नमक धान का जीआई टैग मिला है। गोंडा जिले के 36 किसान काला नमक धान की खेती करते हैं और इन्होंने अधिकृत उपयोगकर्ता का लाइसेंस भी ले रखा है। नियम के मुताबिक यही 36 लोग अपने काला नमक चावल को विदेश भेज सकते हैं। उनके अलावा कोई भी बिना अधिकृत यूजर का प्रमाण पत्र लिए बिना काला नमक चावल का निर्यात विदेश में नहीं कर सकता हैं। यदि लोग ऐसा करते हैं तो यह अवैध है। अफसरों का कहना है कि बिना लाइसेंस काला नमक चावल का निर्यात करने वाले व्यापारियों को चिन्हित किया जा रहा है। जल्द ही ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

> जीआई टैग प्राप्त काला नमक चावल मंडल से अभी बहुत कम ही निर्यात हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जीआई टैग को एक ट्रेडमार्क के रूप में देखा जाता है। जब किसान को इस ट्रेडमार्क के तहत निर्यात का अधिकृत उपयोगकर्ता का लाइसेंस मिल जाएगा तो उसे लाभकारी मूल्य मिलना निश्चित है ।अधिकृत यूजर के पंजीयन के बाद कोई व्यक्ति अथवा किसान अपने जीआई टैग के उत्पादन का निर्यात कर सकता है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाभकारी मूल्य प्राप्त कर सकता है। पंजीयन के लिए आधार कार्ड खतौनी की आवश्यकता है ।10 शुल्क के रूप में जमा होता है 10 साल के लिएपंजीयन हो जाएगा। अधिकृत यूजर का लाइसेंस मिल जाएगा।
> –अशोक वर्मा, सहायक कृषि विपणन अधिकारी

**इस तरह लिया जा सकता है लाइसेंस :** काला नमक चावल निर्यात के लिए जीआई टैग और लाइसेंस लेने की प्रक्रिया अत्यंत सरल है। काला नमक चावल के अधिकृत यूजर का लाइसेंस लेने के लिए किसान को बहराइच रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में कृषि विपणन विभाग के बने कार्यालय में जाकर मात्र 10 का शुल्क देकर 10 साल के लिए प्रमाण पत्र लेना है। जब पंजीयन हो जाएगा और प्रमाण पत्र मिल जाएगा तो वह किसान अधिकृत यूजर बनकर चावल को विदेश में भेज सकेगा। पंजीयन हो जाने के बाद जो वेबसाइट है, उसपर किसान का नाम पता रहेगा। जिससे विदेशी के लोग काला नमक चावल खरीदने के लिए संपर्क कर लेंगे और स्थानीय किसान अपनी उपज को आसानी से बेच सकेगा।

कृषि विपणन विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि किसान को आधार कार्ड, खतौनी व शुल्क देना है उसके बाद विभाग अपने स्तर से प्रयास कर अनापत्ति प्रमाण पत्र लेते हुए पंजीयन कर देगा। इसके बाद अधिकृत यूजर बन किसान काला नमक चावल को विदेश भेजने के लिए अधिकृत हो जाएगा।

# उचक्के ने किसान के उड़ाए चालीस हजार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** नवाबगंज कस्बे के पीएनबी में पैसा निकालने आए किसान दम्पति की जेब से चोरों ने चालीस हजार रुपये पार कर दिए। घटना बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई।

शोभापुर निवासी मीरा देवी पति अशोक कुमार के साथ बुधवार को पीएनबी से पचास हजार रुपये निकालने आईं थी। तीन बजे के बाद में बैंक से उन्हें पैसा मिला जिसमें बैंक कैशियर द्वारा चालीस हजार रुपया दिया गया। सभी नोट पांच सौ के थे इसी दौरान दस हजार रुपए के दस के नोट की गड्डी बैंक कैशियर ने दी। महिला ने सभी पैसा अपने पति अशोक कुमार को दे दिया। और अशोक कुमार ने चालिस हजार रुपए अपनी पैंट की जेब में रख लिया तथा दस हजार की गड्डी को बदल कर बड़ी नोट देने के लिए कैशियर के पास गए।इसी बीच में एक युवक ने उनके पैंट की जेब से बैंक के अंदर चालीस हजार रुपया निकाल कर बैंक से फरार हो गया। थोड़ी देर के बाद जब अशोक कुमार ने अपने पैंट की जेब को चेक किया तो रुपया गायब था। तत्काल घटना के बारे में बैंक मैनेजर राकेश वर्मा और स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगालने लगी सीसीटीवी फुटेज में एक युवक अशोक कुमार के जेब से पैसा निकालते हुए दिखाई दे रहा है।

# गरजा बुलडोजर, रेलवे की जमीन से हटाया अतिक्रमण

## रेलवे ने 32 दुकानों पर गिराई गाज, मस्जिद की बाउंड्री भी तोड़ी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** शहर के स्टेशन रोड पर बुधवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस अभियान में जेसीबी मशीनें जमकर गरजी और रेलवे के जमीनों पर किया गया अवैध अतिक्रमण ढहा दिया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान एक मस्जिद की बाउंड्री वॉल भी तोड़ दी गई। इस अतिक्रमण अभियान में करीब 32 दुकानें प्रभावित हुई है।

बुधवार तड़के सेहरी करने के बाद मुहम्मद इस्राइल की आंख लग गई, सुबह आंख खुलते ही सूचना मिली कि रेलवे अमला जेसीबी चलाने जा रहा है। देखते ही देखते तीन जेसीबी दुकानों के आगे चबूतरे तोड़ने लगीं। आईओडब्ल्यू सुभाष चौधरी की उंगली जिधर टेढ़ी होती उधर जेसीबी गहरा गडढ़ा बनाती जा रही थी। दुकानदार गिड़गिड़ाते हुए रमजान और होली पर्वो का हवाला देते रहे लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। दुकानों के टीन टापर व शटर भी उजाड़े गए और अधिकांश के आगे चार से पांच फीट गहराई तक खोद दिया गया। देवेन्द्र सोनी, सुरेश यादव, तीर्थ गुप्ता व अन्य का कहना है कि न तो चल रहे रमजान का खयाल रखा गया और न ही आने वाली होली का। बताया कि सभी दुकानदारों का रेलवे के साथ 2027 तक का अनुबंध है, किराया भी एडवांस मे जमा है फिर भी अपनी ही दुकानों को निशाने पर लिया जा रहा है। घंटे भर चले इस अभियान के बाद निर्माण और आरपीएफ के अफसरों का दिल नहीं माना। जेसीबी समेत टीम ने स्टेशन के आगे सतई पुरवा का रुख किया और वहां भी अभियान चलाया गया। बताया जा रहा है कि यहां कुछ ऐसे निर्माण भी गिराए गए जोकि नगरपालिका सीमा मे थे। एक मस्जिद की बाउंड्री, शौचालय और उसका टैंक तोड़ ड़ाला गया। मौके पर आईओडब्ल्यू और निर्माण टीम के अफसर, आरपीएफ निरीक्षक नरेंद्र सिंह तोमर मय फोर्स तीन जेसीबी के साथ मौजूद रहे।



जय नारायण चौराहे पर दुकानों के चबूतरे तोड़ती रेलवे की जेसीबी। अमृत विचार



सतईपुरवा में रेलवे ने मस्जिद की चारदीवारी भी तोड़ी। अमृत विचार

### मारपीट के मामले में नौ लोगों को किया गिरफ्तार

**रुपईडीह :** बच्चों के झगड़े के लेकर कौड़िया के सहरिया कला गाँव मे दो पक्षों के मध्य लाठी डंडों से हुई मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि बच्चों के झगड़ों को लेकर गाँव निवासी प्रधान प्रतिनिधि शहजाद व भोले के मध्य कल मंगलवार को सुबह आपसी विवाद हो गया था। यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी डंडो से मारपीट हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। पुलिस द्वारा प्रधान प्रतिनिधि शहजाद, साकिर हुसैन, मोहम्मद इलियास, ताहिर हुसैन, मोहम्मद कैफ, गुल्ले, भोले, राजू खान व सोनू खान को पुलिस द्वारा कर गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है। बताया इन आरोपितो की गिरफ्तारी पुलिस चौकी दुबहा बाजार के प्रभारी गोपाल सिंह और आरक्षी राम सिंह यादव व नीरज सिंह द्वारा की गई है।

### राशन वितरण में अनियमितता की हुई शिकायत

**करनैलगंज:** करनैलगंज में कोटेदारों द्वारा राशन वितरण में की जा रही अनियमितता को लेकर नगर के सभासदों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर जांच व कार्रवाई करने की मांग की है। नगर पालिका परिषद के सभासदों में गीता देवी, हिना बेगम, सुमन, माधव राज, सचिन कुमार, पवन कुमार, रामचंद्र, सरोज, सुमन गुप्ता, रुकैया, लक्ष्मी कश्यप सहित तमाम सभासदों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया है जिसमें कहा गया है कि राशन वितरण में शासन स्तर से काफी सुधार किया गया उसके बावजूद कोटेदार पांच किलो की जगह पर मात्र चार किलो प्रति यूनिट के दर से राशन दे रहे हैं।

# सात दिवसीय शिविर शुरू

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेम चंद्र यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्वयं सेवकों ने शिविर स्थल से भट्ठा परेड सरकार तक मतदाता नामांकन जागरूकता रैली निकाली। स्वयं सेवकों ने भट्ठा परेड गांव का डोर टू डोर सर्वे कर लोकसभा मतदाता सूची में छूटे हुए व्यक्तियों का आधार कार्ड एवं फोटो एकत्र कर 1 अप्रैल को आयोजित होने वाले मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में लोगों को जागरूक किया। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो रंजन शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर ममता शर्मा ने स्वयं सेवकों को संबोधित किया। प्रोफेसर रंजन शर्मा ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में पवन कुमार सिंह वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी, डॉ चमन कौर कार्यक्रमाधिकारी, डा परवेज आलम कार्यक्रमाधिकारी, डॉ दिलीप शुक्ला कार्यक्रमाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में स्वयं सेवक अभिजीत यश भारती, गार्गी मिश्रा, रुचि तिवारी, लकी तिवारी, जूली शुक्ला, मो. हुसैन, देवेश पाण्डेय आदि रहे।




जागरूकता रैली निकालतीं एनएसएस की छात्राएं। अमृत विचार

## सब्जी मंडी में लगी आग, हादसा टला

**गोंडा कार्यालय:** शहर के उतरौला रोड स्थित नवीन सब्जी व फल मंडी में बुधवार को अचानक आग लग गयी। मंडी परिसर के झाड़ियों में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों को देख व्यापारियों में अफरा तफरी मच गयी। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझ जाने से बड़ा हादसा टल गया। गोंडा उतरौला मार्ग स्थित फल एवं सब्जी मंडी में दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग पूरे परिसर में फैलने लगी। मंडी के कर्मचारियों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मंडी परिसर के दक्षिणी सिरे पर काफी घास फूस लगा हुआ है जहां पर आग लगी थी उसी के समीप केले का प्लांट भी लगा है । दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया।

करीब दो घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हवा तेज चलने के कारण आग को बुझाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर जब काबू पाया तो मंडी के व्यापारियों व कर्मचारियों ने राहत के सांस ली। दमकल कर्मियों के अथक प्रयास के बाद जब आग बुझ गई तो व्यापारियों के जान में जान आई। हवा तेज चलने के कारण आग बुझाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। बताते हैं कि यदि आग उत्तर दिशा की तरफ बढ़ती तो फल की कई दुकानें आग की चपेट में आ जाती।

## जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा

**गोंडा:** पुरानी आबादी पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर की है। कौड़ियां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत विरवा निवासिनी लखराजी पत्नी बेचू पासवान ने कौड़ियां थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि मेरे मकान के पश्चिमी ओर पुरानी आबादी की पुस्तैनी जमीन है। जिसपर विपक्षी लल्लन पुत्र रजा अहमद के द्वारा जबरदस्ती से कब्जा करने की नियत से ईट व बालू रख दिए। मना करने पर जान-माल की धमकी देते हैं। कौड़ियां थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि शिकायत मिली है जांच के लिए निर्देशित कर दिया गया है। जांच कर विविध कार्रवाई की जाएगी।

# सवाल-जवाब कर परखा बच्चों का शैक्षिक स्तर

## कक्षा एक के बच्चों की हुई मौखिक परीक्षा, दो से आठ तक बच्चों को मिला प्रश्नपत्र

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले नौनिहालों की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई। पहले दिन कक्षा एक के विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षाएं ली गई। शिक्षकों ने बच्चों से सवाल जवाब कर उनके शैक्षिक स्तर की जांच की।

वहीं दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने हिंदी, तीसरी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने सामाजिक विज्ञान व 4 से 8 तक के बच्चों ने गणित की परीक्षा दी। परीक्षा से बच्चे उत्साहित नजर आए। बेसिक शिक्षा विभाग के 2609 परिषदीय स्कूलों में 3.60 लाख नौनिहाल शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बुधवार से इन बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हुई। तय कार्यक्रम के मुताबिक पहले दिन कक्षा एक के बच्चों की मौखिक परीक्षा हुई। शिक्षकों ने प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों से सवाल जवाब किए। प्राथमिक विद्यालय डढ़वा कानूनगो की प्रधानाध्यापिका शाइस्ता उस्मानी ने बताया बच्चों ने शांति ढंग से परीक्षा दी। परसापुर की प्रधानाध्यापक रूबी खानम ने परीक्षा के लिए स्कूल में अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता बताई। परीक्षा के शुचिता बनाए रखने के लिए जनपद स्तरीय टीम का गठन किया गया है।



प्राथमिक विद्यालय डढ़वा कानूनगो में परीक्षा देते बच्चे। अमृत विचार



प्राथमिक विद्यालय तीतगांव करुआपारा में परीक्षा देते बच्चे। अमृत विचार

### एसएमसी के खातों में उपलब्ध कराई गई है धनराशि

झंझरी ब्लाक के बीईओ समय प्रकाश पाठक ने बताया विद्यालयों में बच्चों की संख्या के सापेक्ष प्रश्न पत्र एक दिन पूर्व ही उपलब्ध कराया जा चुका है। वहीं उत्तर पुस्तिका के लिए एसएमसी खाते में धनराशि हस्तांतरित की गयी है। ब्लॉक के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक की देखरेख में परीक्षा संचालित हो रही है। संजीव मिश्रा, अशोक सिंह, राहुल देव वर्मा, मोहम्मद अनीस आदि ने विद्यालयों की परीक्षा का अनुश्रवण किया।

### सौ बच्चों को कराया गया शैक्षिक भ्रमण

**बेलसर, अमृत विचार :** पैंतीस विद्यालयों के एक सौ बच्चो को कराया गया शैक्षिक भ्रमण। बेलसर के 100 बच्चों को लखनऊ के साइंस सिटी का शैक्षिक भ्रमण खंड शिक्षा आधिकारी बेलसर राम खेलावन सिंह के नेतृत्व में करवाया गया। विकास खंड बेलसर के 35 विद्यालयों से 100 बच्चों का चयन किया गया जिन्हें सोमवार को लखनऊ साइंस सिटी के सभी जानकारी वाले स्थल को दिखाया गया ।बच्चों के साथ उनके विद्यालय के शिक्षक बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत कर रहे थे। बच्चे दिन भर उत्साह के साथ अपने गुरुजनों से साइंस सिटी लखनऊ के शैक्षिक उपकरणों के बारे में, विभिन्न इवेंटों के बारे में विज्ञान के रहस्य के विषय में जानकारी हासिल किया ।बच्चों ने वहां पर प्रागऐतिहासिक पार्क, साइंस म्यूजियम, म्यूजियम आफ इल्यूजन, समुद्र के अन्दर जीवन, थ्री डी पिक्चर कॉन्सेप्ट, कॉन्सेप्ट आप मिरर ,स्टार, मून एंड गैलेक्सी तथा इतिहास की प्रकृतियों को देखा।

## नौ बच्चों ने सैनिक परीक्षा की उत्तीर्ण



परीक्षा के बाद चयनित बच्चे। अमृत विचार

**गोंडा:** दर्जीकुआं के पास ग्रामीण अंचल में संचालित संस्कार इंटरनेशनल स्कूल सफलता की नई कहानियां गढ़ रहा है । संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक अभय सिंह ने बताया कि सैनिक स्कूल जैसी बड़ी परीक्षा में विद्यालय के नौ विद्यार्थियों ने जिनमे आयुष शर्मा, प्रत्युष सिंह, उन्नति चौरसिया,रुद्र प्रताप सिंह, आयुष्मान सिंह, गगनदीप, अर्श हुसैन, पर्व सिंह, रुद्र सिंह ने स्थान बना कर जनपद को गौरवान्वित किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि हर वर्ष ऐसे कई विद्यार्थियों की मदद विद्यालय परिवार से की जाती है जो आर्थिक वजह से शिक्षा से वंचित रहजाते हैं । विद्यालय के प्रबंधक ने गोंडा की सामाजिक संस्था रुद्र फाउंडेशन जोकि वर्तमान समय में देश के 10 से अधिक राज्यों में शिक्षा वा समाज के लिए कार्य कर रही है, उनका भी धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि संस्था के सभी पदाधिकारियों के सहयोग और मोटिवेशन के बिना ये संभव नही था।

**महासमर 2024** कैसरगंज संसदीय सीट से पिछले तीन चुनावों में जीत दर्ज कर हैट्रिक लगा चुके हैं बृजभूषण शरण सिंह, अब तक सीट पर प्रत्याशी घोषित नहीं हो सका है

# कैसरगंज में बृजभूषण शरण नहीं तो कौन ... असमंजस में है भाजपा

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** कैसरगंज संसदीय सीट से पिछले तीन चुनाव में लगातार जीत हासिल करते रहे सांसद बृजभूषण शरण सिंह की दावेदारी को लेकर इस बार भाजपा नेतृत्व असमंजस में है। यह बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व अब तक की सीट पर अपना प्रत्याशी घोषित नहीं कर पाया है। बृजभूषण शरण सिंह की दावेदारी को लेकर पार्टी में सहमति नहीं बन पा रही है पार्टी के अंदरखाने में इस बात पर मंथन हो रहा है कि अगर बृजभूषण नहीं तो कैसरगंज से इस बार कौन। टिकट वितरण में हो रही देरी से पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी पशोपेश में हैं।



बृजभूषण शरण सिंह।

कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिनती भाजपा के कद्दावर नेताओं में होती है। राम मंदिर आंदोलन से राष्ट्रीय राजनीति में कदम रखने वाले बृजभूषण सिंह छह बार संसद सदस्य चुने जा चुके हैं। राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले बृजभूषण शरण सिंह वर्ष 1991 में पहली बार गोंडा संसदीय सीट से सांसद चुने गए थे। कैसरगंज संसदीय सीट से वह जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। पिछले तीन चुनावों से लगातार हासिल कर रहे हैं। हालांकि इस बार उनका टिकट अटक गया है। पार्टी ने अब तक उनकी उम्मीदवारी का ऐलान नहीं किया है। महिला पहलवानों के तरफ से दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न केस के चलते पार्टी इस बार उन्हे टिकट देने से बच रही है। 23 मार्च को मामले की सुनवाई होनी है। भाजपा नेतृत्व की इस फैसले पर भी नजर है। कहा जा रहा है कि बृजभूषण शरण सिंह को टिकट देने पर उसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। बृजभूषण की दावेदारी को लेकर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व असमंजस में है। पार्टी के अंदर खाने में किसी साफ सुथरे छवि के व्यक्ति को टिकट देने पर चर्चा हो रही है। लेकिन बृजभूषण नहीं तो कौन, मामला इसी पर अटका हुआ है। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि सिर्फ कैसरगंज ही नहीं ,गोंडा व श्रावस्ती सीट पर भी बृजभूषण शरण सिंह की पकड़ मजबूत है। ऐसे में पार्टी बृजभूषण का टिकट काटकर उन्हें नाराज भी नहीं करना चाहती, लेकिन फिर मामला जाट बाहुल्य सीटों पर जाकर अटक जा रहा है।

### बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं बृजभूषण शरण सिंह

सांसद बृजभूषण अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। बसपा प्रमुख मायावती को वह चुनावी मंच से गुंडी कह चुके हैं तो योग गुरु बाबा रामदेव भी पिछले वर्ष उनके निशाने पर रहे। कांग्रेस व सपा पर भी वह लगातार हमलावर रहे हैं। कई बार तो वह प्रदेश की योगी सरकार पर भी निशाना साध चुके हैं। उनके बयान अक्सर विवाद भी पैदा करते हैं।

### इन नामों के चुनाव लड़ने की है चर्चा

वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह के अलावा जिन नामों की चर्चा हो रही है उनमें तरबगंज भाजपा विधायक प्रेम नरायन पांडेय का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। खबर है कि वह भाजपा नेतृत्व से मुलाकात भी कर चुके हैं। नेतृत्व उनके नाम पर सहमत भी है लेकिन खुद उनकी तरफ से अभी सहमति नहीं बन रही है। इसके अलावा श्रावस्ती जिले के पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा व लोक गायिका मालिनी अवस्थी को भी कैसरगंज सीट से उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा है।

### कब कहां से जीते बृजभूषण

राम मंदिर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले बृजभूषण शरण सिंह पहली बार 1991 में भाजपा के टिकट पर गोंडा से सांसद चुने गए थे। वर्ष 1996 के चुनाव में भाजपा ने फिर से उन्हे उम्मीदवार बनाया लेकिन इस बार उन्हे हार का सामना करना पड़ा। हालांकि वर्ष 1998 में उनकी पत्नी केतकी सिंह ने भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की। वर्ष 1999 में बृजभूषण शरण सिंह फिर से सांसद बने। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हे बलरामपुर सीट से चुनाव लड़ाया तो वहां भी उन्होने जीत दर्ज की। वर्ष 2009 में उन्हे भाजपा ने टिकट नहीं दिया तो वह सपा में चले गए और कैसरगंज से सांसद बने। वर्ष 2014 में वह फिर से भाजपा में लौटे और सांसद बने। वर्ष 2019 में भी कैसरगंज से सांसद चुने गए।

### गांजा बेचते पकड़ा गया मुजफ्फरनगर का हिस्ट्रीशीटर

**मनकापुर, अमृत विचार :** मनकापुर कोतवाली पुलिस ने मुजफ्फरनगर के हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गांजा बेचते समय गिरफ्तार किया है। हिस्ट्रीशीटर के साथ उसके गिरोह के चार अन्य सदस्य भी पकड़े गए हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने 11 किलो गांजा तमंचा व कारतूस बरामद किया है। मनकापुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की रात उपनिरीक्षक अखिलेश राही अपनी टीम के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच सूचना मिली कि रेलवे क्रासिंग के पश्चिम बन्दरहा गिलुवा गाँव के मोड़ के पास कुछ संदिग्ध लोग मौजूद हैं। तलाशी में आरोपियों के पास से 11 किलो अवैध मादक पदार्थ, दो तमंचा, व कारतूस बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़ा गया शातिर मोहम्मद नसीम उर्फ वसीम कुरैशी पुत्र मो याकूब निवासी सम्भलहेडा थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर का रहने वाला है।

# गौरैया के कम होने से पर्यावरण को सबसे बड़ा खतरा

संवाददाता, बहराइच

**विश्व गौरैया दिवस**



▶▶ छात्राओं को जागरूक कर दिया संरक्षण का संदेश

**अमृत विचार:** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर बुधवार को कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब की ओर से विहान बालिका आवासीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत विद्यालय के बच्चों को गौरैया संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही शिक्षिकाओं को नेस्ट (घोंसले) वितरित किया गया।

कार्यशाला में उपस्थित छात्राओं को कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष भगवान दास लखमानी ने बताया कि गौरैया एक छोटी चिड़िया है, इसका मनुष्य के वास स्थानों से पुराना नाता रहा है। गौरैया हमारे साथ रहना चाहती है लेकिन आजकल के आधुनिक घरों में उसे घोंसले बनाने की जगह नहीं मिलती है। गौरैया काकून, बाजरा, धान, पके हुए चावल के दाने आदि खाती है, अत्याधुनिक शहरीकरण के कारण उसके प्राकृतिक भोजन के स्रोत समाप्त हो रहे हैं। छोटे पेड़ और झाड़ियों को काटे जाने से भी इनके प्रजनन में बाधा उत्पन्न होती है। गौरैया बबूल, कनेर, नींबू, अमरूद, अनार, मेहंदी, बांस आदि पेड़ पसंद करती है। हजारों मोबाइल के टॉवर शहरों व गांवों में लगाए जा रहे हैं जो गौरैया के लिए प्रमुख खतरा हैं। इनसे निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक किरणें इसे उत्तेजित करती हैं और इनकी प्रजनन क्षमता को कम करती हैं। हमें गौरैया को बचाना चाहिए क्योंकि ये वह चिड़िया है जो घरों में मौजूद कीड़े-मकोड़ों को खत्म करने में हमारी मदद करती है। कार्यक्रम में क्लब की ओर से स्कूल की वार्डन प्रिया प्रसाद को स्कूल में लगाने के लिए 5 गौरैया बॉक्स प्रदान किए गए। सभी 100 छात्राओं को ब्लैक व ब्लू कलर के डॉट पेन, चॉकलेट वितरित किए गए और ताइकवांडो खेलने वाली 6 छात्राओं को सफेद टी शर्ट प्रदान की गई। इस अवसर पर शिक्षक संदीप यादव, अंकित कुमार, शिक्षिकाओं में निधि मिश्र, रुमन देवी, भूरत्न प्रभा, प्रियंका आदि मौजूद रहीं।



शिक्षिकाओं को नेस्ट वितरित करते अतिथि। अमृत विचार

# दरवाजे का कुंडा तोड़कर नकदी-जेवरात ले गए चोर

विशेश्वरगंज, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के ग्राम पंचायत पुरैना निवासी एक ग्रामीण के मकान का दरवाजा तोड़कर चोरों ने नकदी समेत लाखों की चोरी कर दी। पुलिस ने गांव पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैना के मजरा राजापुरवा निवासी मनीराम के यहां मंगलवार रात चोर घुस गए। चोरों ने दरवाजा का कुंडा तोड़कर नकदी, जेवरात व बर्तन समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। मनीराम ने बताया कि बेटे की शादी के लिए केसीसी बनवाकर कर्ज लेकर आए थे। उसके भी डेढ़ लाख रुपये चोर ले गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच की जा रही है।



चोरी के बाद रोती-बिलखती महिला।

# हाईकमान ने टिकट दिया तो जीत की हैट्रिक लगाएंगे सिटिंग सांसद

## मोदी लहर में बहराइच और कैसरगंज से दो-दो बार जीत चुके हैं चुनाव




राजू जायसवाल, बहराइच

**मतदाताओं की स्थिति**

| | |
|---|---|
| लोकसभा सीट | 2 |
| विधान सभा सीट | 7 |
| कुल मतदाता | 2602762 |
| पुरुष | 1373392 |
| महिला | 1229288 |
| अन्य मतदाता | 82 |

**सबसे पहले सपा से जीते थे बृजभूषण शरण सिंह**

कैसरगंज के सिटिंग सांसद बृजभूषण शरण सिंह सबसे पहले सपा से लोकसभा चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। इसके बाद से वह वर्ष 2014 और 2019 में हुए चुनाव में भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज कर चुके हैं जबकि सांसद अक्षयवर लाल गोंड शुरू से ही भाजपा और आरएसएस के सदस्य हैं।

**अमृत विचार :** जिले के बहराइच और लोकसभा सीट से अभी तक भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई है। हालांकि, लोग कैसरगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह और बहराइच से सांसद पुत्र के टिकट को लेकर आशान्वित हैं लेकिन अगर वर्तमान सांसदों को भाजपा ने टिकट दिया तो दोनों हैट्रिक लगाएंगे।

बहराइच जिले को अयोध्या का मुख्य द्वार कहा जाता है। राम मंदिर की लड़ाई में जिले के राम भक्तों के साथ जनसंघ के लोगों ने जेल काटी लेकिन जिले में स्थित बहराइच और कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए अभी तक भाजपा ने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। मौजूदा समय में भाजपा के अक्षयवर लाल बहराइच और कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण शरण सिंह सांसद हैं। दोनों दो बार से निरंतर सांसद हैं। अगर इस बार भी भाजपा ने सिटिंग सांसदों को टिकट दी तो दोनों जीत की हैट्रिक लगा सकते हैं। हालांकि, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। बता दें कि 70 वर्ष से अधिक की उम्र पार कर चुके अक्षयवर लाल गोंड और बृजभूषण को टिकट मिलने की स्थिति को लेकर लोगों में उहापोह है। हालांकि, कैसरगंज से सिटिंग सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र और बहराइच लोकसभा की स्टिंग संसद के पुत्र डॉ. आनंद गौड़ के नाम की चर्चा भी जोरों पर है। लोग अब लिस्ट पर नजरें गड़ाए हुए हैं। भाजपा किसे टिकट देती है, कौन चुनाव मैदान में होगा, अभी लोगों को कुछ दिन और इंतजार करना होगा।

# मूलभूत व्यवस्थाओं से परिपूर्ण हो मतदान स्थल

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत विकास खंड सिरसिया के अंतर्गत बनाए गए मतदेय स्थल उच्च प्राथमिक विद्यालय मोतीपुर मसहा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों व मतदेय स्थलों पर सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों व मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टियों के आवागमन का रास्ता, फर्नीचर, विद्युत कनेक्शन, शौंचालय व दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप के साथ पेयजल, बाउंड्रीवॉल व साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल, तहसीलदार भिनगा जागृति सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## मोबाइल शॉप में लगी आग से दुकान हुई खाक

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के कारीकोट गांव स्थित मोबाइल और जनसेवा केंद्र की दुकान में आग लग गई। आग लगने से सारा सामान जलकर राख हो गया। सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कारीकोट के मजरा राजाराम ताड़ा गांव निवासी पंकज कुमार पुत्र राधेश्याम की मोबाइल की दुकान है। वह जनसेवा केंद्र भी चलाता है। मंगलवार रात दुकान में आग गई। दुकान में रखे मोबाइल, बैटरा, पंखा समेत इलेक्ट्रॉनिक का सामान जलकर राख हो गया। सुबह धुंआ उठता देख लोगों ने सूचना दी। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि लेखपाल की रिपोर्ट मिलने के बाद आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी।




**एक नजर**

### 70 लीटर कच्ची शराब के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** पुलिस ने 70 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। साथ ही 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम घोलिया से चार पिपियों में 70 लीटर कच्ची शराब व उपकरण बरामद किए। मौके से जितेंद्र, सतराम, लल्लू, मुंशी निवासी घोलिया थाना सिरसिया को गिरफ्तार किया गया।

### पुलिस लाइन के जवानों की परखी फिटनेस

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** बुधवार को क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचकर परेड की सलामी ली। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए।

### 530 ग्राम चरस के साथ तस्कर दबोचा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** थाना प्रभारी महिमानाथ उपाध्याय ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम चकवा के निकट मुख्य मार्ग से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम शरीफ निवासी ग्राम रेहरा बिशुनपुर थाना कोतवाली भिनगा बताया। उसके पास से 530 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** कमरे में सोए युवक का सुबह छत के कुंडे से शव लटकता मिला। गिलौला थाना क्षेत्र के भिखारी पर मसढ़ी निवासी रामपाल उर्फ उप्पल पुत्र पुत्तीलाल की मंगलवार रात किसी बात को लेकर पत्नी से कहासुनी हो गई। पत्नी बच्चों समेत छत पर सोने चली गई। रामपाल अपने कमरे में लेट गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। सुबह जब परिवार वाले उठे तो काफी देर उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला। लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे में रामपाल छत के कुंडे से दुपट्टा के सहारे फंदे पर लटका हुआ था।

# 46 बोटा खैर की लकड़ी बरामद

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमावर्ती सिरसिया के संरक्षित वन क्षेत्र पूर्वी सोहेलवा के जंगल से काटकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लादकर ले जा रहे खैर के बोटो को एसएसबी व वन विभाग की टीम ने दबोचा है। वन माफिया भागने में सफल रहे। पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत बरामद बोटो को रेंज कार्यालय लाया गया जहां दो नामजद सहित चार के खिलाफ वन अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया।

सोहेलवा जंगल की सुरक्षा के लिए एसडीओ बलरामपुर एमबी सिंह क्षेत्र भ्रमण के लिए पूर्वी सोहेलवा पहुंचे थे। देर शाम पूर्वी सोहेलवा पहुंचे एसडीओ रेंजर अनिमेष वर्मा, वन रक्षक अजय कुमार, आशीष सिंह, पन्ना लाल के साथ गश्त पर निकले। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि जरमौली चौकी अंतर्गत वन माफिया जंगल की ओर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जा रहे हैं। एसडीओ ने 9वीं वाहिनी एसएसबी बलरामपुर कमांडेंट से जानकारी को साझा की। तत्परता दिखाते हुए कार्यवाहक कमांडेंट ऋषि पाल सिंहने बताए गए रास्तों की नाकेबंदी की। बुधवार भोर बनघोघवा बांध व कैथौली गांव के समीप एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आती दिखी लेकिन वन माफिया जवानों को देख फरार हो गए। जवानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली पर भारी मात्रा में लदे खैर के बोटो को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया। एसडीओ ने बताया कि पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदे 46 बोटे खैर पूर्वी सोहेलवा रेंज लाया गया है। मौके पर चार वन तस्कर मौजूद थे जिसमे दो की पहचान सिरसिया थाना क्षेत्र के भितुहुरिया निवासी राहुल वर्मा व संजय वर्मा निवासी जोखवा है। ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित खैर के बोटो को रेंज कार्यालय लाकर दो नामजद सहित चारों वन तस्करों की तलाश की जा रही है।

# जंगल के निकट झाड़ी में मिला युवक का शव

**रहस्य गहराया**

▶▶ वनकर्मी बाघ के हमले में मौत की जता रहे आशंका, जांच जारी

मिहीपुरवा, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के सुजौली थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का क्षत-विक्षत शव जंगल के निकट झाड़ी में मिला। बाघ ने हमले में उसकी मौत की आशंका जताई जा रही है।

जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली रेंज के सुजौली ग्राम पंचायत के मजरा नौसर कोठी गांव निवासी जुगल (27) पुत्र नरेश तीन दिन पूर्व घर से खेत के लिए निकला था लेकिन वापस वह घर नहीं पहुंचा। परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। बुधवार सुबह 11:00 गांव निवासी राम आधार के खेत से 100 मीटर दूर जंगल के निकट जुगल का क्षत विक्षत शव मिला। इसकी जानकारी ग्राम प्रधान राजेश गुप्ता ने पुलिस के साथ वन विभाग को दी। प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह मौके पर पहुंचे। वनकर्मियों ने बाघ के हमले में मौत की बात कही। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सिर्फ खोपड़ी और कमर के नीचे का कुछ हिस्सा मिला है। कपड़े से परिवार के लोगों ने शव की शिनाख्त की। डीएफओ बी शिव कुमार ने बताया कि झाड़ियों से युवक का शव बरामद हुआ है। बाघ के हमले में मौत की बात सामने आ रही है। परिवार के लोगों को आर्थिक सहायता दी जाएगी।



बेसुध बैठे युवक के परिवार वाले।

**परिवार में था अकेला**

पिता नरेश ने बताया कि जुगल परिवार में अकेला था। एक बेटी है जिसकी शादी हो गई है। बेटे की मौत से मां बेहोश हो रही है। वह बार-बार बेटे के वापस आने और खेत जाने की बात कहकर बेसुध हो रही है।

## वर्ग पहेली-16

**बाएं से दाएं**

2. 1. वह सफ़ेद या हलका पीला तरल पदार्थ जो गाय भैंस से प्राप्त होता है
3. 1. खुरखुर शब्द होना 2. छूने में ऊबड़-खाबड़ या खुरखुरा लगना।
4. 1. गोश्तख़ोर, मांसाहारी 2. 'निरामिषभोजी' का विलोम।
8. दे. तलुवा।
10. 1. पेंदी 2. हाथ और पैर का तल 3. तलवा 4. तलछट।
11. 1. चिह्न लगाने वाला 2. हिसाब लिखने वाला, आंकने वाला, मूल्य निरूपक 3. गिनती करने वाला, गणक 4. चिह्न या निशान लगाने का यंत्र।

**ऊपर से नीचे**

1. गंगा, भागीरथी।
5. 1. वधिक, ज़ल्लाद 2. बहेलिया, चिड़ीमार।
6. 1. धनुष 2. रुई धुनने वाला यंत्र, धुनकी।
7. 1. दोस्त, मित्र, साथी 2. प्रेमी 3. पति।
9. 1. मिट्टी के बरतनों पर चमक लाने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला एक चमकीला रोगन या वार्निश 2. आग की लपट, लौ, ज्वाला, चिनगारी।



**वर्ग पहेली -15 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 सी | 2 सा |
| 3 अ | 4 भ | या | | 5 चं | | र |
| | ड़ | | 6 पं | च | को | सी |
| 7 म | क | ड़ | जा | ल | | |
| | दा | | बी | | | 8 पु |
| 9 फ़ि | र | क़ा | | | | छा |
| | | | 10 स | नी | च | र |

## सुडोकू -95

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 2 | | | 6 |
| | | 7 | | | | 4 | | 1 |
| | 6 | | | | 5 | | 9 | |
| 6 | | | 4 | | | | | 5 |
| 9 | | | | | | | | 7 |
| | 3 | | | 7 | 9 | | | |
| 8 | | | 6 | | | | 7 | |
| | | 3 | | | | 2 | | |
| 4 | | | 9 | | | | 8 | |

**सुडोकू -94 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 22 मार्च 04.44 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**आज का पंचांग**




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्लेशा 22 मार्च 01.27 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज आपको बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। उच्च अधिकारी आपकी निष्ठा की सराहना करेंगे। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बितायेंगे। आपके विचारों को समाज में ख्याति मिलेगी। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करें।

**वृष** — आज धन-सम्मान और कीर्ति में वृद्धि होगी। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। आपके मन में एक साथ कई सारे विचार जन्म लेंगे। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती है।

**मिथुन** — आज अपनी जीवनशैली में बदलाव ला सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में आनंद बढ़ेगा। धन कमाने के नए स्रोत मिल सकते हैं। मित्रों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे। पैतृक व्यवसाय में अच्छी उन्नति होने के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — आज आप एकांत में रहने का प्रयास करेंगे। व्यापार की परिस्थितियों में सुधार होगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। मांसपेशियों में जकड़न होने की संभावना है। प्रेम संबंधों को विवाह की सहमति मिल सकती है।

**सिंह** — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं रहेगी। निजी रिश्तों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। हिंसात्मक विचारों से आपको बचना चाहिए। जॉब में लक्ष्य को समय को तय समय पर पूर्ण कर लेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है।

**कन्या** — आज क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। वाहनों के प्रयोग में सावधानी रखें। परिवार के सदस्य आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। इसका दबाव भी आपके ऊपर काफी ज्यादा रहेगा। कारोबार को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**तुला** — आज व्यापार में नए सौदे कर सकते हैं। जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेंगे। करियर में आप बदलाव का विचार बना सकते हैं। लोग आपकी प्रतिभा के कायल रहेंगे। आपको कोई प्रपोज कर सकता है।

**वृश्चिक** — आज पिता आपके प्रति गर्व का अनुभव करेंगे। परिजनों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। लव लाइफ का तनाव दूर होगा। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। बड़े अधिकारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**धनु** — आज आपके मन में यह धारणा उत्पन्न हो सकती हैं कि लोग आपसे झूठ बोल रहे हैं। बेकार की बातों में अपना समय बर्बाद न करें। परिजनों से किसी कारण बहस हो सकती है। करियर में उतार-चढ़ाव की सम्भावना है।

**मकर** — आज आलस्य को अपने ऊपर हावी न होने दें। महत्वपूर्ण निर्णयों को लेकर दुविधा की स्थिति उभर सकती है। यदि आप कुछ नया सीखने के इच्छुक हैं तो समय बेहतरीन है। अप्रिय व्यक्तियों के कारण आपका मूड खराब हो सकता है।

**कुंभ** — आज कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। आपका आत्मविश्वास आपके लिए काफी सहयोगी रहेगा। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए दिन विशेष रूप से उत्तम है। आय के कई स्रोत बन सकते हैं।

**मीन** — आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने का अवसर प्राप्त होगा। आप किसी सहयोगी कर्मचारी के ऊपर कुपित हो सकते हैं। अहंकार के कारण आपसे मित्र एवं संबंधी दूर हो सकते हैं। अनुभवी व्यक्ति आपका सही मार्गदर्शन कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- आखरी गुलाम — दोपहर : 12.00
- जख्मी सिपाही — रात : 07.00

**SONY PIX**
- रश ऑवर 3 — सुबह : 09.21
- द वॉटर हॉर्स — रात : 09.00

**SONY MAX**
- सूरमा — सुबह : 09.52
- पीकू — रात : 07.00

**ZEE CINEMA**
- सरफरोश — सुबह : 09.15
- घायल : वन्स अगेन — रात : 08.55

**colors CINEPLEX**
- आरक्षण — सुबह : 11.25
- देवदास — रात : 07.04

**आज की सुपरहिट फिल्म**




सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़का स्कूल से जल्दी घर आ गया।
दादा- क्या हुआ बेटा, तुम बहुत जल्दी घर आ गए।
लड़का- हां दादा, मैंने एक मच्छर को मारा तो टीचर ने भगा दिया।
दादा- तुम सच बोल रहे हो, एक मच्छर मारने के लिए स्कूल से भगा दिया।
लड़का- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा हुआ था।

टीचर- क्लास में लड़ाई क्यों नहीं करनी चाहिए?
मोटू- क्योंकि पता नहीं एग्जाम में कब किसके पीछे बैठना पड़ जाए।
मोटू की बात सुनकर टीचर की बोलती हो गई बंद।

# खाटू श्याम के जयकारों से गूंजा नगर और ग्रामीण क्षेत्र, राहों पर बिछे फूल

**फाल्गुन महोत्सव**

▸▸ **कोई जमीन पर लेटकर तो कोई पैदल निशान यात्रा लेकर निकला**

नानपारा/जरवल, बहराइच





फाल्गुन महोत्सव पर नानपारा में निकाली गई निशान यात्रा में शामिल महिलाएं, जरवल में मौजूद लोग व मिहीपुरवा में लेटकर खाटू श्याम को मनाने का जतन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में फाल्गुन महोत्सव के मौके पर श्याम भक्तों की ओर से निशान यात्रा निकाली गई। खाटू श्याम को मनाने के लिए कोई जमीन पर लेटकर तो कोई पैदल निशान यात्रा लेकर निकला।

फागुन मेला व निशान उत्सव पर बुधवार को नगर के श्री श्याम प्रभु एवं दादी राणी सती मंदिर कमेटी की ओर से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। खाटू श्याम प्रभु व दादी राणी सती के दरबार का फूलों से श्रंगार किया गया। सुबह 11 बजे श्री श्याम प्रभु व दादी राणी सती मंदिर की ओर से निशान यात्रा निकाली गई जो नगर के विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर निशान को प्रभु से स्पर्श करा पुनः खाटू श्याम प्रभु मंदिर पहुंचकर खाटू श्याम को निशान अर्पित कर समाप्त हुई। यात्रा में श्याम भक्त हाथों में श्याम नाम की पताका लिए, महिलाएं राजस्थानी पोशाक में चुनरी ओढ़ खाटू श्याम प्रभु की निशान को हाथों में लिए भजनों की धुन पर नाचते-गाते चल रहीं थीं। निशान यात्रा मे श्याम प्रभु के जयकारों के साथ अबीर-गुलाल उड़ाया गया। निशान यात्रा में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज दीपक सिंह पुलिस बल के साथ चल रहे थे। निशान यात्रा का श्याम प्रेमियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर व इत्र से स्वागत किया। इस दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रामस्वरूप अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद मनीरामका, सुरेश गोयल, अजीत भीमराजका आदि रहे। उधर, नगर पंचायत जरवल के मोहल्ला कृष्णा नगर स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर से भी बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा मोहल्ला अग्रवाल, मोहल्ला जामा मस्जिद, चौक बाजार होते हुए लखनऊ-बहराइच मार्ग पर भ्रमण करती रही। उसके बाद घोसियाना रोड होते हुए बाबा खाटू श्याम मंदिर पहुंची। इस दौरान कृष्ण मुरारी अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, परमेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अमन अग्रवाल, अश्वनी अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल, अशोक सोनी आदि रहे।



**दसवां रोजा**

शिया

सहरी : 04.36 बजे

इफ्तार : 06.27 बजे

सुन्नी

सहरी : 04.49 बजे

इफ्तार : 06.15 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# नेपाल सीमा से सटी नानपारा कोतवाली से गायब हो गए हथियार और कारतूस

## कोतवाल ने जांच के बाद दर्ज कराई रिपोर्ट, विभाग में हड़कंप

**अनियमितता**

▸▸ **लंबे समय से एक-दूसरे को चार्ज देते समय बरती गई लापरवाही**

नानपारा, बहराइच




**अमृत विचार :** जिले के अति संवेदनशील भारत-नेपाल सीमा की नानपारा कोतवाली से भारी संख्या मे कारतूस, हथियार गायब हो गए। यह सिलसिला काफी पुराना है। हेड मोहर्रिर व कोतवाल एक-दूसरे से बिना गिनती चार्ज लेते रहे। जीपी लिस्ट गायब पाए जाने पर इसकी जांच एसपी ने टीम गठित कर कराई तो गड़बड़ी की पुष्टि हुई। अब केस दर्ज किया गया है।

नानपारा कोतवाली में तैनात रहे हेड मोहर्रिर विनोद यादव ने अपने पूर्ववर्ती हेड मोहर्रिर राम विचार से 17 दिसंबर 2021 को चार्ज लिया तो जीपी लिस्ट न मिलने से शस्त्र व हथियारों का मिलान नहीं हो सका। इसकी शिकायत एसपी से तत्कालीन कोतवाल ने की। एसपी के आदेश पर 31 जुलाई 2023 को जांच एएसपी ग्रामीण को सौंपी गई थी। एएसपी ग्रामीण ने इसकी जांच दूसरे सर्किल कैसरगंज सीओ रूपेंद्र गौड़, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, आर्मेमर उपनिरीक्षक विजय कुमार श्रीवास्तव को सौंपी थी। शस्त्र व हथियार कम होने की पुष्टि होने पर कोतवाल राकेश कुमार सिंह की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। किसी को नामजद नहीं किया गया है। भारी मात्रा में कारतूस, चाइनीज कारतूस, रिवाल्वर व अन्य हथियार गायब हैं। एएसपी ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी ने शस्त्र व कारतूस कम पाए जाने पर एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है, गायब हथियारों का पता चल सकेगा। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

**रिपोर्ट पर दर्ज हुआ केस**



पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि कोतवाली नानपारा स्थित मलखाने का चार्ज जिसने लिया, उसके द्वारा कई दंगा नियंत्रण के सामान गायब मिले। इसकी जांच कैसरगंज सीओ की अगुवाई में कराई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। जल्द ही गायब सामान बरामद किया जाएगा।

# सड़क हादसों में वृद्ध की मौत, 7 घायल

रुपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसों में वृद्ध की मौत हो गई। बालक समेत 7 लोग घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। वृद्ध ने लखनऊ में इलाज के दौरान दम तोड़ा।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरहना निवासी सहीपत (65) पुत्र बीकानू साइकिल से गांव निवासी बाबूराम के साथ खेत जा रहा था। 18 मार्च को नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर नैनिहा कांटा गांव के पास बाइक ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए। वृद्ध को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां भी हालत में सुधार नहीं हुआ तो लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर में मंगलवार शाम को इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। उधर, कोतवाली नानपारा के पुरानी बाजार निवासी अलीम (9) पुत्र कमालू को पैदल जाते समय घर के पास बाइक ने टक्कर मार दी। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, राम गांव थाना क्षेत्र के कलवारी पुरवा गांव निवासी बाइक सवार सुलेमान और दूसरे बाइक सवार सुबराती पुत्र हजरत तारिक की बौंडी मोड़ के पास आमने-सामने टक्कर हो गई। उधर, रुपईडीहा थाने के चरदा जमोग कस्बे में भग्गापुरवा निवासी संदीप सोनी पुत्र कमलेश सोनी बाबागंज से ई-रिक्शा से चरदा जमोग आ रहा था। आर्यावर्त बैंक के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गया। उसमें सवार श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाने के लक्ष्मन नगर निवासी 26 वर्षीय काजल पुत्री पप्पू, 55 वर्षीय हीरा देवी पत्नी बुद्धीलाल, नानपारा निवासी 18 वर्षीय विक्की पुत्र नंदन सोनी घायल हुए हैं।

**ससुराल वालों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप**

राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार : हरदी थाना क्षेत्र के गंगापुर निवासी ओमप्रकाश अवस्थी ने बेटी के ससुराल वालों पर प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया है। उसने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बेटी सुषमा देवी उर्फ दिव्या का विवाह 5 वर्ष पूर्व सीतापुर जनपद के थाना थानगांव क्षेत्र के सरैया भटपुरवा निवासी रवि पुत्र अवधेश पांडेय से किया था। बेटी के ससुराल वाले बाइक व रुपये की मांग कर बेटी को मारते-पीटते थे। 14 मार्च को बेटी ने जानकारी दी जिस पर दोनों बेटे रामजी व राहुल को भेजा जहां अभद्रता की गई। उसने रवि, प्रियांशु पुत्र अवधेश, सुमन पांडे पत्नी अवधेश, अंजू पुत्री अवधेश के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**एक नजर**

### वारंटी को भेजा जेल

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि वारंटी जटाशंकर निवासी गोसाई पुरवा 2009 के पुराने मामले में फरार चल रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किया था जिसे उप निरीक्षक शिवम त्रिपाठी ने दबिश देकर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### वांछित अभियुक्त दबोचा

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने 120बी के वांछित अभियुक्त देवेंद्र पाल सिंह पुत्र ऋषि पाल सिंह निवासी रॉयल होम्स ताला नगरी राम घाट रोड, थाना हरदुआ गंज, अलीगढ़ को मरी माता मंदिर के निकट से दबोचा है।

### ट्रेन से कटकर मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के गोंडा-बहराइच रेल प्रखंड के हटीला रेलवे क्रॉसिंग के पास बुधवार दोपहर वृद्ध की ट्रेन से कटकट मौत हो गई। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# डीएम ने गुंडा एक्ट के तहत 12 अपराधी किए जिलाबदर

**बहराइच, अमृत विचार:** जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी ने आदेश जारी कर गुंडा एक्ट के तहत 12 अपराधियों कों जिलाबदर किया है।

थाना बौण्डी के ग्राम राजा रेहुवा निवासी राजू सिंह, थाना दरगाह शरीफ के मो. हमजापुरा निवासी मंजीत सिंह, रुपईडीहा के गोविंदापुर नौव्वागांव निवासी पंचराम, पुरानी बाजार बाबागंज निवासी मो. कैफ, कैसरगंज के ग्राम करीम बेहड़ निवासी विजय राज वर्मा, राजू उर्फ मनीष व कमल कुमार वर्मा, पवही निवासी प्रमोद कुमार, सुजौली के विजय नगर चहलवा निवासी अभिमन्यू चौहान, हुजुरूपुर के महौली निवासी बुद्धीलाल, नवाबगंज के उमरिया निवासी कमल उर्फ कोमल, फखरपुर के अलादादपुर निवासी दिनेश को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। इसके अलावा, थाना पयागपुर के रंजीतनगर मनिकापुर कलां निवासी बाबू उर्फ राजीव कुमार, कोतवाली नगर के मो. नाजिरपुरा निकट दुलदुल हाउस निवासी जीशान अहमद सहित कई अन्य को जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिया है कि अपने संबंधित थानों में छह माह तक उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

# परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के प्राथमिक, जूनियर और बालिका विहान विद्यालय में बुधवार से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई। सुबह की पाली में सभी परीक्षार्थी शामिल हुए।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित परिषदीय विद्यालयों में बुधवार से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई। कक्षा 1 से 5 और जूनियर विद्यालय मे कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। जिले के 2,800 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शांति पूर्ण माहौल में परीक्षा दी। शहर के हुजूरपुर रोड पर बालिका विहान आवासीय विद्यालय में वार्डेन प्रिया प्रसाद की देखरेख में परीक्षा शुरू हुई। तेजवापुर विकास खंड के टिकोरा मोड़ परिषदीय विद्यालय की अध्यापिका शमा परवीन ने बताया कि बच्चों ने बिना भय के उत्साहपूर्वक वार्षिक परीक्षा दी। पहले दिन ही सभी विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने बताया कि पहली पाली में गणित की जबकि द्वितीय पाली में कला की परीक्षा हुई।



तेजवापुर के परिषदीय विद्यालय में परीक्षा देते विद्यार्थी। अमृत विचार

**सार-संक्षेप**

### सिलाई मशीन से आत्मनिर्भर बनेंगी युवतियां



साइकिल व सिलाई मशीन के साथ गांव की महिलाएं और युवतियां।

राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार : तहसील महसी क्षेत्र के घाघरा तटीय पिपरी निवासी डॉ. अंजू वर्मा ने गरीब युवतियों को साइकिल व असहाय महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ सिलाई मशीन वितरित की हैं। डॉ. बिहारी लाल की बहू अंजू वर्मा पत्नी दीनबंधु प्रजापति वैज्ञानिक इसरो की संस्था बुलंद उड़ान की संस्थापिका ने मंगलवार को राधा पुत्री देवेंद्र सिंह निवासी कॉलोनी, शांति शुक्ला पुत्री स्व. अनंत राम शुक्ला निवासी किशानगंज, फूलमती पुत्री अच्छेलाल निवासी मेथौरा, रीना पुत्री अरविंद भगवानपुर को साइकिल दी। गगन पांडेय पत्नी स्व. संदीप पांडेय निवासी कल्याण पुरवा, अंशु यादव पुत्री राम तेज यादव निवासी मेथौरा को सिलाई मशीन देकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। इस दौरान डॉ. बिहारी लाल, डॉ.हरिशंकर प्रजापति, डॉ.महेश कुमार, दिलीप कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नारी है शक्ति स्वरूपा: कथावाचक

जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार : जरवल के तपेसिपाह गांव में चल रही श्री राम कथा अमृत वर्षा मानस में बुधवार को कथा व्यास मधुकर भैया ने नारी के शक्ति स्वरूप का बखान किया। रामम धाम आश्रम बरखंडी पुरवा में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन चल रहा है। कथा के 7वें दिन मेरठ से आए आश्रम संस्थापक कथा व्यास मधुकर भैया ने कहा कि नारी सिर्फ भोग की वस्तु नहीं है, नारी शक्ति स्वरूपा है। वनवास के दौरान चित्रकूट में कामदगिरि पर्वत पर प्रभु श्रीराम ने मां सीता का श्रृंगार कर फूलो का हार पहनाकर उनके आदि शक्ति स्वरूप की पूजा की और कहा कि बिना आदि शक्ति के आशीर्वाद से वन में राक्षसों से युद्ध नहीं जीता जा सकता है। कथा व्यास ने श्रोताओं को बताया कि मां सीता ही आदि शक्ति है। आज समाज नारी को सिर्फ भोग की वस्तु समझ रहा जबकि नारी शक्ति का रूप होती है। हर घर में नारी का सम्मान होना चाहिए तभी समाज वास्तविक विकास कर सकता है। इस दौरान महेश पंडित योगेंद्र पंडित, महेश चंद्र, पप्पू प्रधान, रणजीत यादव, रमेश कुमार, सौरभ भास्कर, कृष्ण पाल, संजय समेत अन्य मौजूद रहे।



श्री राम कथा सुनाते कथा व्यास मधुकर भैया।

### पुलिस के साथ एसएसबी के जवानों ने किया मार्च



फ्लैग मार्च करते पुलिस व एसएसबी के जवान। अमृत विचार

मटेरा, बहराइच, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और बिना डर के लोगों से मतदान करने की अपील के साथ पुलिस सड़कों पर मार्च कर रही है। इसमें एसएसबी जवान भी पूरी तैयारी के साथ साथ दे रहे हैं। जिले के महसी तहसील के पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस और एसएसबी के जवान बुधवार को सड़कों पर गशत के लिए उतरे। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा, पिपरिया बसुहार, राजपुर, मुनीमपुर, देवदत्तपुर, पिपरीमाफी, धनावा, लालुहि, पथरखुर्द, पठारकल, अलीनगर, बरदहा, नकहा, नकहि, बहोरिकापुर, इमामगंज, सैय्यदनगर, कोला, बौडी, शिवपुर बाजार आदि जगहों पर त्योहारों व लोकसभा चुनाव को लेकर सीओ ने सभी से बिना भय मतदान करने की अपील की।

# दादी मतदान करने जरूर जाना: जिलाधिकारी

कैसरगंज, बहराइच



निरीक्षण के दौरान वद्धा से बातचीत करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में अधिक मतदान को जागरूक करने के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बुधवार को मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। वह तहसील कैसरगंज के गोड़हिया नंबर-3 के मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय नई आबादी गजराज सिंहपुरवा व कम्पोजिट विद्यालय लखनपुरवा और गोड़हिया नंबर-2 के मतदान केंद्र संविलियन विद्यालय मंगल मेला पहुंचीं। डीएम ने बुजुर्ग महिलाओं से अपील करते हुए कहा, 'दादी मदतान करने जरूर जाना।'

मतदान केंद्रों के भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने पोलिंग स्टेशनों से संबंधित मतदाताओं से मुलाकात कर जानकारी प्राप्त की कि उन्हें मतदान करने में किसी प्रकार की कहीं कोई दिक्कत तो नहीं है। निरीक्षण के समय मौजूद लोगों को डीएम ने मतदाता शपथ भी दिलाई। डीएम ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपील की कि मतदान दिवस के दिन अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने गांव की बूढ़ी महिलाओं से भी मतदान करने का आह्वान किया। डीएम ने बीएलओ व सुपरवाईजर्स को निर्देश दिया कि मतदान से पूर्व पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित हो जाए। निरीक्षण के दौरान विगत निर्वाचन में कम मतदान के कारणों की जानकारी करने पर ग्रामवासियों ने बताया कि यहां के कुछ मतदाता घाघरा नदी के उस पार आबाद हैं जिस कारण उन्हें आने में कठिनाई होती है। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएम ने खंड विकास अधिकारी कैसरगंज सत्य प्रकाश पांडेय को निर्देश दिया कि मतदान से पूर्व नाव की व्यवस्था करा दें, ताकि लोगों को आसानी हो। उन्होंने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि इस बार 60 प्रतिशत पार के लक्ष्य के साथ मतदान अवश्य करें। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट वीरेंद्र नाथ द्विवेदी, खंड शिक्षा अधिकारी कैसरगंज जितेंद्र बहादुर चौधरी व अन्य मौजूद रहे। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने परिषदीय विद्यालयों के पठन-पाठन, भवन, कक्ष-कक्षों, परिसर की साफ-सफाई का जायजा लेते हुए बच्चों से पुस्तक को पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा।

# प्राइमरी स्कूल में पेड़ से लटका मिला महिला का शव

**बौंडी, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के अलीपुर दरौना गांव स्थित प्राइमरी स्कूल परिसर में लगे सहतूत के पेड़ से बुधवार सुबह महिला का शव फंदे से लटकता मिला। मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

ग्राम पंचायत अलीपुर दरौना में प्राइमरी स्कूल में सहतूत के पेड़ से बुधवार सुबह ग्रामीणों ने एक महिला का शव लटकता देखा। शव की शिनाख्त गांव निवासी आसमीन (22) पत्नी फखरुद्दीन के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबी की। आसमीन के मामा कलीम ने बताया कि फखरपुर थाना क्षेत्र के गजाधरपुर गांव की रहने वाली उसकी बहन नूर बानों ने डेढ़ वर्ष पूर्व बेटी की शादी की थी। आरोप है कि शादी के बाद आसमीन को ससुराव लाले कम दहेज लाने का ताना देकर व अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। कई बार मायके व ससुराली पक्ष के लोगों ने पंचायत भी की लेकिन नतीजा सिफर रहा। मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मां नूरबानो ने ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि महिला के मां की तहरीर पर पति, सास-ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

**खुशखबरी** रसूलपुर सरैयां में बने आंगनबाड़ी केंद्र में खेल-खिलौनों से बच्चों के भविष्य को दिया जाता है आकार, 21 हजार से अधिक ने कुपोषण को दी मात

# आंगनबाड़ी के 'आंगन' में सुपोषित हो रहा बचपन

बहराइच कार्यालय

**अमृत विचार :** बचपन को कैसे गढ़ा जाता है, यह देखना है तो रसूलपुर सरैयां आइएं। जनपद मुख्यालय से महज 13 किलोमीटर की दूरी पर बना आंगनबाड़ी केंद्र किसी प्ले स्कूल से कम नहीं है। खास बात यह है कि यहां आने वाले ज्यादातर बच्चे गरीब व श्रमिक परिवारों से आते हैं जहां सेहत, शिक्षा और स्वच्छता के मानक दूसरों की अपेक्षा कमतर होते हैं लेकिन केंद्र की आंगनबाड़ी प्रतिमा के प्रयास से न सिर्फ यहां के नौनिहालों की सेहत दुरुस्त है, बल्कि उनकी शिक्षा व आचरण में भी बदलाव दिखाई देने लगा है।



बच्चे को आहार खिलाती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

जिले के रसूलपुर सरैया गांव निवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिमा बताती हैं कि केंद्र में वर्तमान में 45 बच्चे पंजीकृत हैं। यहां आने वाले ज्यादातर बच्चों के परिवार वाले पालतू जानवरों की देखभाल करते समय अपशब्दों का इस्तेमाल करते थे। शुरुआत में यही शब्द बच्चों की जुबान पर भी होते थे। इसके सुधार के लिए केंद्र पर बच्चों को आपस में बातचीत का सलीका सिखाया गया, कम वजन के बच्चों के खानपान में आवश्यक सुधार के साथ उन्हें खेल-खेल में पोषक तत्वों से भरपूर फल और सब्जियों की पहचान कराई गई। कविता और दूसरी गतिविधियों के माध्यम से हाथों की स्वच्छता व बाजार की वस्तुओं को न खाने के लिए प्रेरित किया गया तो धीरे-धीरे बदलाव का असर दिखने लगा। आज केंद्र में आने वाले सभी बच्चे स्वस्थ हैं और गाली-गलौज के बजाए बताते हैं कि वह आगे चलकर पुलिस, डॉक्टर आदि बनेंगे। उनकी बातचीत का लहेजा अब बदल गया है। आंगनबाड़ी केंद्र में जब भी कोई अधिकारी या बाहर व्यक्ति आता है तो इन बच्चों का आचरण देखकर अचंभित रह जाता है।

**ये सुविधाएं हैं मिलती**

▸▸ अनुपूरक आहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा, 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को विद्यालय पूर्व शिक्षा।

" बच्चों और उनकी माताओं की व्यापक देखभाल सहायता के लिए जनपद में 3472 आंगनबाड़ी केन्द्रों संचालित किए जा रहे हैं। यहां 3 से 6 वर्ष के 233056 बच्चे और 39510 गर्भवती पंजीकृत हैं। शुरुआती देखभाल, सुरक्षित वातावरण, पोषण संबंधी सहायता व समग्र विकास गतिविधियों के संचालन से इस वित्तीय वर्ष में 21666 बच्चे कुपोषण के चक्र से बाहर आ चुके हैं। "

**-राज कपूर**, जिला कार्यक्रम अधिकारी

**एक बाह में बढ़ गया एक किलो वजन**

रसूलपुर सरैयां निवासी महेश पेशे से मजदूरी करते हैं। महेश बताते हैं कि उनकी दो माह की बेटी निधि का वजन महज दो किलोग्राम था। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिमा ने सबसे पहले मा के खानपान में सुधार कराया, उन्हें घर के बने भोजन में हरी साग-सब्जी शामिल करने के साथ आंगनबाड़ी से मिलने वाले पोषाहार को प्रतिदिन सेवन करने के लिए कहा। उनके सुझाव से बेटी को टीकाकरण और 6 माह तक सिर्फ स्तनपान कराया गया। इसके साथ ही उसे मां के सीने से लगाकर केएमसी (कंगारू मदर केयर) दी गई। एक माह बाद उसके वजन में एक किलोग्राम की वृद्धि हुई। 6 माह की आयु पूरी होने के बाद निधि को स्तनपान के साथ-साथ घर में बनी मिश्रित दाल, मसला हुआ आलू व आंगनबाड़ी में मिलने वाला पोषक तत्वों से भरपूर फोर्टिफाइड राशन से निर्मित भोजन खिलाया गया। निधि आज 8 माह की है और स्वस्थ है।

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम्।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री की भूटान यात्रा

लोकसभा चुनाव प्रचार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिवसीय यात्रा पर भूटान जा रहे हैं। इस दौरान वह भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और उनके पिता जिग्मे सिंग्ये वांगचुक (भूटान के पूर्व नरेश) से मुलाकात करेंगे। बुधवार को प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि यह यात्रा दोनों पक्षों को पारस्परिक हित के द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करने और दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए हमारी अनुकरणीय साझेदारी को विस्तारित एवं मजबूत करने के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगी। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित रूप से होने वाली उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की 'पड़ोसी प्रथम की नीति' पर जोर देने की कवायद के अनुरूप है। चीन के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री की इस यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भूटान पारंपरिक तौर पर भारत के करीब रहा है। भारत और चीन भूटान में अपने सामरिक और सीमाई हित देखते हैं। बीते सालों में भूटान में भारत से निर्भरता घटाने और अपने हितों में विस्तार के लिए इतर भी संभावनाएं तलाशने पर राय बन रही है। भूटान भारत और चीन के मध्य अवस्थित है। चीन ने हाल के दशकों में वैश्विक स्तर पर तरक्की की है और भूटान पर उसके साथ सीमा विवाद को सुलझाने का दबाव बढ़ रहा है। भूटान चीन के साथ 477 किमी का बॉर्डर साझा करता है। चीन 1961 से ही भूटान के एक इलाके पर दावा करता आ रहा है। भूटान और चीन 1984 से सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

इस बीच भूटान ने अपनी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखते हुए भारत के साथ संबंध प्रगाढ़ किए और चीन के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने का मार्ग अपनाया। चीन और नेपाल की नजदीकियां सामरिक और व्यापारिक तौर पर बढ़ी हैं तथा चीन अपने पूर्वी तट से भी सामरिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में भूटान को अपने आंतरिक घेरे में लेने की चीन की कवायद गौर करने लायक है। जबकि भूटान की विकास परियोजनाओं का भारत ने न सिर्फ खाका खींचा है, बल्कि उनमें भारी निवेश भी किया है। भारत ने भूटान में अरबों डॉलर का निवेश किया है। अपनी तरफ से भारत भूटान का सबसे बड़ा विकास साझेदार बना रहेगा। विश्लेषकों के मुताबिक यह यात्रा दोनों पक्षों को अनूठी साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करने और भारत भूटान के बीच मित्रता व सहयोग के स्थायी संबंधों का विस्तार करने के तरीकों साधनों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगी।

# अभी बहुत दूर है लोकतंत्र की मंजिल



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> राष्ट्रीय आंदोलन पर विचार करें तो महात्मा गांधी ने पहचान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत लोक चेतना में होता है। उन्होंने जनता को जनार्दन कहा था। कहा ही नहीं था, हृदय से स्वीकार किया था। यह विश्वास उनके चिंतन का और सत्याग्रह आंदोलन का आधार था।

अभी हम लोकतंत्र के मार्ग पर चल रहे हैं, फिर भी लोकतंत्र की मंजिल अभी बहुत दूर है। रास्ते में अनेकानेक रुकावटें और बाधाएं आ रही हैं और हमारा संघर्ष उन बाधाओं से चल रहा है, लेकिन हम लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। ये बाधाएं और रुकावटें बहुत ही शक्तिशाली हैं। सामंती मानसिकता हो या व्यक्ति और वर्ग के स्वार्थ हों। कदम-कदम पर कांटों की तरह चुभते हैं। कोई दल ऐसा नहीं, जहां जनता के प्रति निष्ठा का महत्व हो। कहने को तो सभी यही कहते हैं कि हम जनता के सेवक हैं और जनता के लिए प्राण न्यौछावर कर देंगे, किंतु वास्तविकता यह है कि प्रत्येक दल में नेता या सुप्रीमो के प्रति व्यक्तिगतनिष्ठा का महत्व है। नेता के जयजयकार और यश-गायन से ही मेवा मिलती है तो कोई जनता की सेवा भला क्यों करेगा?

हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी समस्या है, लोक से अपरिचय। लोक के प्रति हमारे शासकों का अंग्रेजों के जमाने से चला आया नजरिया। महात्मा गांधी ने भारत की पैदल यात्राएं भी कीं, लोक को जगाया और लोकमानस में जगह बनाई, लेकिन उनके बाद लोक संपर्क के सरकारी विभाग बन गए। चुनाव के समय जनता में गए जरूर पर लोकजागरण के लिए नहीं, भ्रमित करके वोट पाने के लिए। अनेक देशों में लोकतंत्र का विस्तार और उसकी प्रकृति को समझने के लिए विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग हैं। भारत के अधिकांश विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग नहीं हैं।

हमारे लोकतंत्र की समस्याओं के समाधान का रास्ता विदेशों से होकर आता है। विशेषज्ञों के दल विदेशों में जाते रहे हैं, अभी भी जाते हैं। वे कुछ शब्द विदेशों से आयात कर के ले आए, लोकतंत्र के प्रतिनिधियों ने कमर कस ली कि भारत के लोकतंत्र को इन शब्दों के चौखटे में जड़ के ही मानेंगे। हथौड़ा चला रहे हैं, परेशान हैं कि भारत का लोकतंत्र इन शब्दों के चौखटे में क्यों नहीं आता? दूसरों को देखकर हम चलना सीख सकते हैं, दूसरों के पैरों से नहीं चल सकते। चलने के लिए पैर भी अपने होंगे और रास्ता भी अपना होगा। ग्लोबल युग है तो संसार के देशों से मेलजोल, आदान-प्रदान जरूरी है, होगा। विशेषज्ञों के दल आएंगे और जाएंगे, ठीक है, सवाल यह है कि क्या किसी एक विशेषज्ञों के दल ने भी इस विशाल देश के लोगों के जीवन में गहरे स्तरों पर पंहुचकर लोकमानस की विषमताओं, विडंबनाओं, संगतियों, विसंगतियों, आस्थाओं, कल्पनाओं, सपनों को समझने का कोई एक भी सच्चा और योजनाबद्ध प्रयास किया?

> भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता परिवर्तन का आंदोलन नहीं था, वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक-सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाहकर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया और मान लिया कि संप्रभुता का स्रोत जनता है, लोक जीवन है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और आंदोलन शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया था और मान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत जनता है।

राष्ट्रीय आंदोलन पर विचार करें तो महात्मा गांधी ने पहचान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत लोक चेतना में होता है। उन्होंने जनता को जनार्दन कहा था। कहा ही नहीं था, हृदय से स्वीकार किया था। यह विश्वास उनके चिंतन का और सत्याग्रह आंदोलन का आधार था। उन्होंने जान लिया था कि जनता उनको शासक मान रही है, तभी तक वे शासक हैं, जिस क्षण जनता उनको अस्वीकार कर देगी, उसके बाद वे शासक नहीं रह जाएंगे। इसलिए उन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाया। नमक कानून को तोड़ना तो एक प्रतीक भर था, लेकिन यह साम्राज्य को एक चुनौती थी। हम तुमको और तुम्हारे कानून को अस्वीकार करते हैं, तुम्हारी अवज्ञा करते हैं, हम तुमसे अब नहीं डरते। लोगों का मन बदल गया, लोग निर्भय हो गए। शासक भय दिखाकर शासन करता है, किंतु जब उसके सामने यह चुनौती आ गई कि सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है। भय समाप्त, शासन समाप्त। भारत छोड़ो आंदोलन वाले दिन गांधीजी ने बतला दिया कि संप्रभुता के स्रोत तुम स्वयं हो। तय कर लो कि अब अंग्रेज तुम्हारे शासक नहीं हैं।

भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता-परिवर्तन का आंदोलन नहीं था, वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक-सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाहकर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया और मान लिया कि संप्रभुता का स्रोत जनता है, लोक जीवन है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और आंदोलन शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया था और मान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत जनता है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और जनतंत्रात्मक शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय जीवन की सामजिक-राजनैतिक, सांस्कृतिक-आर्थिक-साहित्यिक समस्त गतियों का केन्द्र लोकजीवन है। विचार कीजिए कि क्या यह लोकतंत्र किसी राजा-बादशाह अथवा सम्राट ने कृपा पूर्वक दे दिया था। क्या यह लोकतंत्र एक दिन आसमान से बरस पड़ा था। क्या संविधान सभा ने किसी सनक या उत्तेजना में लोकतंत्र के मार्ग का वरण कर लिया था। वास्तव में लोकतंत्र लोक जीवन के युगयुगीन संघर्ष का प्रतिफल है। संप्रभुता राज सिंहासन या राजमुकुट में से नहीं निकलती, संप्रभुता का स्रोत तो लोकचेतना ही है। लोकमानस की स्वीकार्यता। लोकमानस अस्वीकार कर दे तो सम्राटों के सिंहासन भी हिल जाते हैं।

देशी हों या विदेशीः क्रूर राजाओं आक्रांताओं, दस्युओं, बादशाहों, सामंतों, जमींदारों ने क्या-कुछ कम जुल्म ढाए थे? लोक जीवन-लोक संस्कृति, लोक आस्था एवं लोकविश्वास को कुचलने में कोई कसर छोड़ी थी क्या? बार-बार निर्मम प्रहार किया, परंतु वे प्रहार करने वाले इतिहास के मलबे में दबकर खाद बन गए और विजयिनी लोक संस्कृति का विटप महक रहा है। संप्रभुता का स्रोत अस्त्र-शस्त्रों में नहीं होता। अस्त्र-शस्त्रों या सैन्यबल से कुछ समय के लिए जनता को दबाया तो जा सकता है, किंतु जैसे ही जनता अपनी एकता की शक्ति को पहचान कर खड़ी हो जाती है, तब वह सैन्य बल बिखर जाता है। संप्रभुता का स्रोत लोकचेतना में है। आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारी आधारभूत समस्याओं का मूल है, तंत्र की लोक से अनपहचान। तंत्र में वे सभी बुद्धिजीवी भी हैं, जो लोक को अभी भी रैयत या प्रजा समझ रहे हैं।

एक न्यायमूर्ति के मुंह से तंत्र के मन की बात रपट पढ़ी थी, जब उसने कहा था कि देश की 90 जनता ईडियट है और क्या सामंतवाद के सींग होते हैं? यही वृत्ति उन शिक्षाशास्त्रियों की है, जो अपने राजनैतिक आश्रयों के मत-वाद को परम-तत्व के समान मानकर उनका साहित्यिक भाष्य करते रहे हैं।

## प्रसंगवश

# उम्र के जालिम जाल-फरेब

लोगों की उम्र उनकी जन्मतिथि से निकाली जाती है। वैज्ञानिक दायरों में इसे समयबद्ध आयु (क्रोनोलॉजिकल एज) कहते हैं। इस नाप के साथ कुछ बुनियादी मुश्किलें जुड़ी हैं। पचास-पचपन साल का एक इंसान मजे से हाफ मैराथन दौड़ लेता है। जबकि उसी उम्र के दूसरे मनुष्य के लिए अक्सर बाजार से सब्जी लाना भी पहाड़ हो जाता है। इस फर्क को समझने के लिए जैविक उम्र (बायोलॉजिकल एज) की धारणा आई जिसका इस्तेमाल सेक्सोलॉजी, संतानोत्पत्ति और जीवनशैली से जुड़े चिकित्सा क्षेत्रों में किया जा रहा है, लेकिन इंसान की उम्र का खेल समझना उसकी शारीरिक बारीकियों में जाने से कहीं ज्यादा कठिन है।



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

क्या इस खेल में कुछ भूमिका उसके मन की भी होती है? यदि हां तो कितनी? इसे ठोस रूप में समझने के लिए आत्मगत आयु, सब्जेक्टिव एजिंग की शब्दावली चलन में आई जिसके दो पहलू हो सकते हैं। एक यह कि आप खुद को कितने साल का महसूस करते/करती हैं (फेल्ट एज) और दूसरा यह कि आप कितने साल के होना/दिखना चाहते/चाहती हैं (आइडियल एज)। इस बारे में कामकाजी आंकड़ें पूरी दुनिया में अभी केवल एक संस्था नॉर्वेजियन लाइफ कोर्स, एजिंग एंड जेनरेशन स्टडी (नोरलाग) के पास हैं जिसने सन् 2001 में 40 से 80 साल की उम्र वाले विविध संस्कृतियों और शैक्षिक स्थिति के कुल 6292 स्त्री-पुरुषों से फोन पर फॉर्म भराकर उनकी राय लेना शुरू किया और इस क्रम में 2002, 2007 और 2017 में यानी पहले एक, फिर पांच और दस साल के अंतर पर उनके आयु संबंधी सारे वस्तुगत और मनोगत ब्यौरे इकट्ठा किए।

दुनिया की कई नामी शोध संस्थाएं फिलहाल इन आंकड़ों पर काम करके महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाल रही हैं जिनमें सन् 2020 में आई कैंब्रिज यूनिवर्सिटी की एक स्टडी बहुत खास है। उम्र के उत्तरार्ध में पैदा होने वाली समस्याओं पर केंद्रित इसके विशद निष्कर्षों में एक यह है कि हर इंसान खुद को अपनी वास्तविक उम्र से छोटा महसूस करता है और उससे भी छोटा होना/दिखना चाहता है, लेकिन कमसिन होने की यह इच्छा जीवन को लेकर उसका असंतोष बढ़ा देती है। नतीजा यह कि उसके जीवन की गुणवत्ता और कम हो जाती है।

# विलुप्ति की कगार पर कई वन्यजीव प्रजातियां



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> हिमालय की ऊंची पहाड़ियों में भूरा भालू और लाल लोमड़ी भी देखी गई थी, पर आज शायद ही कभी किसी को ये दिखलाई देते हों।

पहाड़ी क्षेत्रों के संदर्भ में विकास के कथित मॉडल को पहाड़ के लोगों के उत्थान से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन स्थानीय जैव विविधता से खेलकर बनाई जा रही सड़कें, बांध व कंक्रीट के बढ़ते जंगल दरअसल विकास की दोषपूर्ण अवधारणा की उपज है। हिमालय ने देश के उत्तरी भाग में जीवन और सभ्यता के विकास के लिए आवश्यक जलतंत्र की रचना सहित वन और जैव संपदा के विशाल भंडार से हमें नवाजा है, लेकिन बीते कुछ दशकों में हमने अपने हितों के लिए जिस बेरहमी से हिमालय और उसकी उपत्यकाओं से अंधाधुंध छेड़छाड़ की, उसी का परिणाम है कि आज कई वन्य जीवों की प्रजातियां या तो पूरी तरह से लुप्त हो गई हैं या फिर विलुप्ति की कगार पर हैं।

उत्तराखंड के संदर्भ में जिन पशु-पक्षियों के जीवन पर वन व वनस्पतियों के विनाश, मौसम परिवर्तन, जंगल की आग, हिम रेखा के सिकुड़ने, भोजन की कमी तथा वन तस्करों की बढ़ती सक्रियता के कारण संकट उत्पन्न हुआ है, उनमें हिमबाघ, गुलदार, कस्तुरी मृग, भालू, जंगली सुअर, काकड़, घुरड़, जंगली मुर्गी, मोनाल, चितराल, जंगली बिल्ली, खरगोश, चकोर, बटेर, मछलियों में महासीर आदि शामिल हैं। वन पक्षी एवं पशु संरक्षण अधिनियम, भारतीय वन अधिनियम, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम आदि कई कानून जंगल के जानवरों की सुरक्षा के लिए बने हैं, परंतु कथित विकास के सामने ये तमाम कानून बेअसर हैं।

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रहे सड़क व बांध निर्माण तथा पर्यटन विकास के नाम पर हो रहे कार्यों से जहां पहले से ही अस्थिर भू-क्षेत्र में अनेक खतरे पैदा हो रहे हैं, वहीं कभी हजारों की संख्या में पाई जाने वाली विशिष्ट हिमालयी प्राणियों की नस्लें लुप्त होने को अभिशप्त हैं। हिमालय में मौसम परिवर्तन तथा वन्य क्षेत्र में मानव की बढ़ती दखलंदाजी की सर्वाधिक मार हिमबाघ पर पड़ी है। ऊपरी हिम आच्छादित क्षेत्र में हिमबाघ अब दिखाई नहीं देते। अस्सी के दशक में उत्तराखंड में छह हिमबाघ पाए जाने की सूचना वन विभाग के पास थी।

इसी तरह भागीरथी, मंदाकिनी व अलकनंदा के जल ग्रहण क्षेत्र में पाई जाने वाली जंगली बिल्ली व पैंथर भी अब दिखलाई नहीं देते। घटते वन क्षेत्र, नदियों से छेड़छाड़, अवैध अतिक्रमण तथा मानव प्रभाव से भयभीत ये वन्य जीव लुप्त होने को बाध्य हैं। यदि सरकार ने समय रहते गंभीरता से इनके संरक्षण के प्रयास किए होते तो ये जीव आज हिमालय के अपने प्राकृतिक आवासों पर विचरण रह होते। अनेक सुंदर हिमालयी जीव अपने को जीवित रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन्हीं में से एक है, उत्तराखंड का राज्य पशु कस्तुरी मृग। इसकी नाभि में मौजूद सुगंधित कस्तुरी के कारण इसका बहुत महत्व है, पर यह कस्तुरी ही इस खुबसूरत जीव के विनाश का कारण बन रही है। एक कस्तुरी मृग से एक समय में 25 से 30 ग्राम कस्तुरी प्राप्त होती हैं जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लाखों में है। यही कारण है कि यह खुबसूरत मृग शिकारियों द्वारा मारे जा रहे हैं। कभी पहाड़ में इनकी अच्छी खासी संख्या थी, पर आज ये अंगुलियों में गिनने लायक रह गए हैं। जाड़ों में भारी हिमपात के कारण मृग निचले इलाकों में चले आते हैं और आसानी से मारे जाते हैं।

हिमालय की ऊंची पहाड़ियों में भूरा भालू और लाल लोमड़ी भी देखी गई थी, पर आज शायद ही कभी किसी को ये दिखलाई देते हों। सड़क निर्माण के लिए हो रहे विस्फोटकों की भयावह आवाज से भयभीत वन्य जीव पलायन को विवश है। प्रतिकूल परिस्थितियों को सहनकर जो विजयी है, वही जीवित भी है। जंगली बकरा भी विलुप्त होने के कगार पर है। यह बुरांस तथा बेतुला के वृक्षों से आच्छादित जंगल में रहना पसंद करता है, पर मानवीय हस्तक्षेप और हर साल जंगलों में आग लगने से कई वन्यजीवों की तरह यह जीव भी जल कर मरने को शापित है। अगर गुलदार और बाघ की बात करें तो ये नरभक्षी हो चले हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि जंगल में न तो इनके लिए सघन वन क्षेत्र रह गया है और न ही शिकार के लिए पर्याप्त जानवर। कहीं संसाधनों की कमी है तो कहीं मैनपावर की। एक अन्य रक्षित प्रजाति का जीव हिमालयी थार भी अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। 90 से 100 सेमी ऊंचे इस जीव का वजन सौ किलो से अधिक होता है। यह भी अब विलुप्त हो रही प्रजातियों की सूची में है। अधिकांश वन्यजीव अब राष्ट्रीय अभयारण्यों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। इनकी संख्या कम होती देखकर लगता है कि उजड़ना और खत्म होना ही वन्य जीवों की नियति बनकर रह गई है। यह क्रम जारी रहा तो एक दिन हिमालय की घाटियों में पशु-पक्षियों के कलरव व चहचहाट के स्थान पर केवल सन्नाटा ही सुनाई देगा।

## सोशल फोरम

# अब तो कहानी हो गई गौरैया

गौरैया! हां, जानी-पहचानी चिड़िया। एक जमाना था जब ढेर दिखती थीं। बिजली और टेलीफोन की लाइव लाइनों पर दूर तक एक लाइन से बैठीं दिखती थीं। मुंडेरों पर, खिड़कियों पर और आंगन में कपड़े सुखाने के लिए बंधी रस्सी पर भी।

घर से स्कूल जाने के रास्ते और फिर स्कूल में ढेर चिड़ियां इधर-उधर बैठी दिखतीं। कभी-कभी ऐसा भी होता कि मास्साब पढ़ा रहे होते और मैं ऊपर रोशनदानों में बैठी चिड़ियों के कार्यकलाप देख रहा होता था। मास्साब जाने कब आकर कान उमेठ कर डपट देते-ये चिड़ियां इम्तिहान पास कराने नहीं आएंगी।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

दुमंजिले पर घर में एक स्टोर। उसकी खिड़की बाहर की ओर खुलती है। ये कभी-कभार ही खुलती। खिड़की के ऊपर के हिस्से में कांच था। एक दिन कांच थोड़ा सा टूट गया। यानी चिड़ियों के आने जाने के लिए पर्याप्त रास्ता बन गया। किताबों से भरे घर में और किताबें रखने की जगह कम पड़ गई तो पिताजी ने स्टोर में दो रैक टांगकर पुस्तकें भर दीं। चिड़ियों को मौका मिल गया। पुस्तकों के पीछे एक जोड़े ने तिनका-तिनका जोड़कर घौंसला बनाया। थोड़ी मदद मैंने भी कर दी। थोड़ी सूखी घास-फूस लाकर खिड़की पर रख दी। ताकि चिड़िया को तिनका बीनने दूर न जाना पड़े। फिर वो दिन भी आया कि चिड़िया का घोंसला पूर्ण हुआ। उसने अंडे दिए। कुछ दिन बाद उसमें से तीन बच्चे निकले। चिड़िया कहीं से दाना-दुनका चुग कर लाती। बच्चे मां की आहट पाते ही चीं-चीं करके शोर मचाना शुरू कर देते।

बच्चे थोड़ा बड़े हुए। चिड़िया मां ने उन्हें उड़ना सिखाया। चिड़िया का चिड़ा कुछ नहीं करता था। बस बैठा देखा करता था। एक दिन मैंने देखा तीन की जगह दो ही बच्चे हैं। एक पता नहीं कहां चला गया। मां ने आशंका जताई बिल्ली इधर-उधर घूमती रहती है। स्टोर बंद रखा करो। फिर वो दिन आया, बच्चे बड़े हो गए। उन्होंने अपना जोड़ा बना लिया। पुराना जोड़ा जाने कहां फुर्र हो गया। वक्त आगे बढ़ता रहा और उधर पेड़ों के साथ-साथ चिड़ियों की संख्या भी कम होती रही। आज मुझे दूर-दूर चिड़ियां नहीं दिखाई देती हैं। पेड़ भी कट गए हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# पशु पालना स्वास्थ्य संबंधी मुसीबत को निमंत्रण



डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

> पालतू पशुओं से विभिन्न रोगों के मानव तक फैलने के रास्ते अलग-अलग हैं। इनमें से चार प्रमुख मार्ग हैं, श्वासनली, आहारनाल, त्वचा और कीट।

आजकल जानवर पालने का फैशन सा चल पड़ा है। गांवों में रोजी-रोटी के लिए तो शहरों में आधुनिकता की आड़ में अभी यह फैशन चलन में बहुत है। सिर्फ कुत्ता या बिल्ली पालने का शौक होता तो गनीमत भी थी, लोग तो खरगोश, सफेद चूहा, कबूतर, तोता, गिरगिट तक पालने लगे हैं। इनके पालने से जानलेवा बीमारियों का खतरा बना रहता है। पालतू पशुओं से विभिन्न रोगों के मानव तक फैलने के रास्ते अलग-अलग हैं। इनमें से चार प्रमुख मार्ग हैं, श्वास नली, आहारनाल, त्वचा और कीट।

पक्षियों का निमोनिया श्वांस नली के जरिए ही पक्षी से मानव तक फैलता है। किसी भी पक्षी से इस रोग का फैलाव होने की संभावना रहती है। बत्तख और हंस के जरिए तक यह रोग फैल सकता है। आहारनाल के जरिए टाइफाइड रोग फैल सकता है। अगर कोई आदमी अक्सर पशुओं को चूमता है तो उसे इस रोग का खतरा हो सकता है। श्लेषमा के जरिए पागल कुत्ते का रोग होने का खतरा होता है। पागल कुत्ते के काटने या बिल्ली के पंजे से चोट लगने के बाद मनुष्य के शरीर में रोग के विषाणु पहुंचते हैं। कुछ वैज्ञानिक शोध की माने तो कुत्ते-बिल्ली जैसे जानवर पालने वाले ज्यादातर लोग किसी न किसी उन बीमारीयों का शिकार/ ग्रसित हुए रहते हैं, जो पालतू जानवरों से आती है। पालतू बिल्लियों से एक बीमारी फैलती है जिसे वैज्ञानिक भाषा में "कैट स्क्रैच डिसीज" कहा जाता है, जो बिल्लियों की खरोंच से फैलती है, जरूरी नहीं है कि बिल्ली गुस्से में ही खरोंचे, वह आप से खेलते और प्यार जताते हुए भी खरोंच सकती है और इस बीमारी को फैला सकती है। पालतू जानवरों से इंसानों में "रिंगवर्म" जैसी बीमारी का खतरा कुछ ज्यादा ही होता है। यह बीमारी आम तौर पर कुत्तों के द्वारा फैलती है। घरों में कुत्तों के साथ सोने बैठने वाले लोगों में त्वचा संबंधित इस बीमारी का खतरा ज्यादा होता है। यह एक प्रकार के फंगस की बीमारी है। त्वचा पर चकते, दाने और लगातार खुजली इसके प्रमुख लक्षण है। घरेलू पक्षी जैसे तोता, कबूतर, मैना पालने वाले लोगों को आम तौर पर "सिटाकोसिस" नामक बीमारी का खतरा बना रहता है। इसे पैरट फीवर भी कहते हैं, ये बीमारी संक्रमित पक्षी के शरीर से हवा के जरिए फैलती है और अगर हम भी उसी हवा में सांस ले रहे हैं तो बीमारी के वायरस नाक के जरिए हमारे फेफड़ों में पहुंच जाते हैं। बीमारी के लक्षणों में बुखार, डायरिया, सूखी खांसी और शरीर में ठिठुरन शामिल है। इस के लिए एंटीबायोटिक की खुराक लेनी पड़ती है वरना इसे नजर अंदाज करने पर लेने के देने पड़ सकते है।

भारत में दूध, दही के लिए गाय और मांस के लिए बकरी व ऊन के लिए भेड़ का पालन किया जाता है। एक बीमारी है, ब्रुसेलोसिस जो बीमार गाय, बकरी और भेड़ से होती है। आमतौर पर संक्रमित गायों या बकरियों का दूध पीने पर ये बीमारी हो सकती है, लेकिन अगर आप इन पशुओं को पालने के शौकीन हैं तो शरीर पर हुए हल्के-फुल्के जख्मों के जरिए भी इस बीमारी के बैक्टीरिया भीतर पहुंच जाते हैं। इसके लक्षण मौसमी फ्लू से मिलते-जुलते होते हैं। बूढ़े-बुजुर्ग लोगों को इससे सबसे ज्यादा खतरा होता है, क्योंकि इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कमजोर होती है। साल 2015 से 2018 में दक्षिण, उत्तर और यूरोप में "मैड काऊ डिजीज" फैली थी। तब मनुष्य ने अपनी जान बचाने के लिए ही लाखों गायों को बेवक्त ही गला काट दिया था। यह बेहद खतरनाक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जो मरीज की जान भी ले सकती है। पूरी दुनिया को दहशत जदाकर तब इस बीमारी नें सैकड़ों जानें ली थीं। रेबीज पालतू जानवरों से होने वाली सबसे खतरनाक बीमारियों में गिनी जाती है। वायरस से फैलने वाली ये बीमारी पालतू जानवरों में आसपास रहने वाले जंगली जानवरों से आती है और जानवरों की सफाई के दौरान इंसानी शरीर में इसके वायरस प्रवेश कर जाते हैं। याद रखें असावधान होकर पशु पालना जहरीला सांप पालने के बराबर है। सांप काटेगा तो जहर ही निकलना है और जहर जानलेवा होता है।

## व्यंग्य

# सीटें आई हैं

चुनाव की घोषणा हो गई है। छल-दंभ, द्वेष-पाखंड, झूठ-अन्याय से निस दिन लिप्त रहने वाला गाना प्रत्येक बोलेरो में सुनने को मिलेगा। सीटों का सवाल। हर पांच साल में सीट मिलती हैं। कहीं न कहीं कोई उस पर बैठता है। पंचवर्षीय सीटें पंचकोसी परिक्रमा के बाद प्राप्त हो जाती हैं। दूर से दिखने में कठिन लगता है, पर सीटें मिलना आसान है। जनता है किसी न किसी को सीट दे ही देती है। खुद हमेशा अपने पैरों पर खड़ी रहती है। पैरों पर खड़े रहना काफी अच्छा बताया गया है। खासकर अगर पैर खुद के हों, जो अपने पैरों पर खड़ा है, वो होनहार है।



मृदुल पांडेय
सहायक अध्यापक

कहावतें कितनी झूठी बना दी गई हैं। होनहार वो है, जो खुद बैठा रहे और दूसरों को खड़ा रखे। शायद इसीलिए बड़े-बड़े ऑफिसों में साहब के आगे सिर्फ दो कुर्सी होती हैं। खैर अब सीटों का बंटवारा होगा। कुछ सीटें इधर जाएंगी, कुछ उधर जाएंगी। सीटों के पैर होते हैं। हर पांच साल में कहीं न कहीं भागदौड़ लगाती रहती हैं, लेकिन कुछ सीटें हैं, जो जल्दी नहीं मिलती। सत्तर सालों में तो नहीं मिली। इनको पाने में बहुत मशक्कत है। पहले प्रधान के घर जाना पड़ता है, प्रधान ब्लॉक भेजता है, ब्लॉक जिले पर भेजता है और जिला फिर वापस स्कूल। हां, ये प्राथमिक विद्यालय की सीटें हैं जिसको पाना सांसद की सीट पाने से मुश्किल काम है। क्योंकि इस पर विधायक नहीं बैठते, सांसद नहीं बैठते, अधिकारी नहीं बैठते। खेत मे हाड़-तोड़ मेहनत करने वाले हल्कू का लड़का बैठता है, शहर जाकर 500 रुपये की दिहाड़ी करने वाले आत्माराम की बिटिया बैठती है। बप्पा को खेत में काम पर सीट नहीं मिली और उनके संतानों को स्कूल में। यही बप्पा-अम्मा हर पांच साल में सबको एक-एक करके सीट देते हुए आएं हैं और इनका खुद का भविष्य जाड़ा-गर्मी बरसात में चटाई पर बैठ सरस्वती की उपासना कर रहा है। क्या किसी को कभी खाक मतलब रहा है? भारत जहां चुनाव को पर्व माना जाता है, वहां सीटें प्रसाद हैं, जो गिन-गिन कर लोगों को दी जाती है। ऐरे गैरे बच्चों को बैठने के लिए नहीं। ऊपर बैठे लोग भी जानते हैं, अगर इनको बचपन में ही सीटें दे दी गईं तो शायद ये हर जगह सीट की ही मांग करेंगे। फिर उनको विश्वविद्यालय में भी सीट चाहिए होगी, नौकरी की भी सीट चाहिए होगी, चुनाव में भी सीट चाहिए होगी। सीट की आदत ही ऐसी है कि अगर लग जाए तो आदमी बिना सीट के नहीं रह पाता। फिर क्यों न उसे कुछ भी करना पड़ जाए। इसलिए इनको सीट नहीं देना है, पर सीटें आई हैं सत्तर साल बाद ही सही सीटें आई हैं। लड़-झगड़कर ही सही। बच्चे खुश हैं। अपनी सीटें ढो रहे हैं। रिक्शे से क्लास तक ले जा रहे हैं। ललचाई आंखो से देख रहें हैं। साफ कर रहे हैं। बंटवारा कर रहे हैं। इनका बंटवारा चुनाव की सीटों से ज्यादा कठिन है, क्योंकि ये पूरा ख्याल रखा गया है कि सीटें पर्याप्त न हों, सबको सीट न मिल सके, कुछ न कुछ कमी जरूर रखनी है। देश के बच्चों में एडजस्ट करने की आदत बचपन से ही डालना है। इसलिए सीट सिर्फ इतनी हों कि लटक-लटक कर एक पर चार-पांच बैठ सकें। किसी स्कूल में सिर्फ कुछ क्लास के बच्चे ही बैठ सकें। ताकि उनको अपने कर्तव्यों का अहसास हमेशा बना रहे कि उनको बस एडजस्ट करना है। आधे में लटकना है और दिखावा करना है कि उनके पास भी सीट हैं। भारत सीटों का देश है और सीटें आई हैं।



**दसवां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.34 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.44 बजे
इफ्तार : 06.20 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### समर कैंप आज से

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सिस्टर नीतू इंटरनेशनल इंटरमीडिएट कॉलेज कुड़ुवपुर में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन 21 से 23 मार्च तक किया जाएगा। इस दौरान खेलकूद, संगीत, योगा, कला, डांस आदि कार्यक्रम होंगे। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### शोध कार्यशाला कल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से गुरुवार को एक दिवसीय शोध प्रविधि कार्यशाला का आयोजन किया गया है। विभागाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में प्रात: साढ़े दस बजे से शुरु होने वाली इस कार्यशाला में शोध क्या क्यों और कैसे विषय पर विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जिसमें हिन्दी विषय के शोध व परास्नातक के विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहेंगे।

### हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** हरीपुर गांव निवासी लालमणि उपाध्याय (60) को को गांव के पास ही एक बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। ग्रामीणों की मदद से सूरापुर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। जहां से उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। बुधवार को पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### धूल भरी आई आंधी से किसानों की बढ़ी चिंता

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार को क्षेत्र में करीब 12 बजे दिन में आसमान पर बादल छा गया। एकाएक तेज हवा के साथ धूल भरी आंधी से राहगीरों को सुरक्षित स्थानों पर छिपने के लिए विवश कर दिया। तेज आंधी के साथ बूंदाबादी भी होने लगी। जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई। गेहूं की बालियों में अभी दूध ही है। किसान राम पियारे, आंशू, इंद्रजीत यादव, नन्हे का कहना है कि गेहूं की बालियों पर आंधी से फूल झड़ने से नुकसान उठाना पड़ सकता है व कहीं पानी व ओला पड पडा.तो किसान पूरी तरह बर्बाद हो सकता है।

# किशोरी के अपहरण व दुराचार के दोषी को 10 साल का कारावास

## अदालत ने दोषी पर 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले से दो साल पूर्व नाबालिग किशोरी के अपहरण व दुराचार करने के दोषी इश्तेखार अहमद को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने बुधवार को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 30 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने पीड़िता के क्षतिपूर्ति के लिए अर्थदण्ड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।



एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक दोषी ने छह सितंबर 2022 किशोरी को बहला-फुसलाकर कर अपहरण कर दुराचार की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़िता के परिवार वालों की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये छह गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला एक साल तीन माह 29 दिन में कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया।

### पुलिस की क्लीन चिट रिपोर्ट रद्द, आरोपी तलब

लंभुआ थाना क्षेत्र के गरवां गांव में बीते साल मारपीट, अपमानित, नुकसानी व हत्या की धमकी देने के मामले में सीजेएम ने पुलिस की फाइनल रिपोर्ट रद्द कर आरोपियों को तलब करने का आदेश दिया है। वादी के वकील रजनीश शुक्ला के मुताबिक थाना क्षेत्र लंभुआ में 7 मई 2023 की मारपीट की घटना में क्रास केस दर्ज किया गया था, परंतु वादी गीता देवी की तरफ से दर्ज केस में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट दाखिल की थी। पुलिस रिपोर्ट को सीजेएम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिस पर सीजेएम बटेश्वर कुमार ने संज्ञान लेते हुए वादी के केस को राज्य के रूप में दर्ज कर आरोपियो सरोज सिंह, विनोद, पंकज समेत आठ को कोर्ट ने एक मई को तलब किया है।

### दहेज हत्या के तीन आरोपियों को भेजा जेल

**कादीपुर, सुलतानपुर :** पुलिस ने दहेज हत्या के नामजद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उन तीनों को जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि कोतवाली के कटसारी गांव की खुशबू (23) एक मार्च की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मामले में मृतका की मां अमरावती की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का केस दर्ज किया था। बुधवार को धोपाप मोड़ के पास से पुलिस ने पति अमित कुमार, ससुर सोमनाथ एवं सास विद्यावती को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उन तीनों को जेल भेज दिया गया। मामले का एक आरोपी धर्मेंद्र कुमार अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

### हमले के 3 अभियुक्तों को पांच साल की सजा

**कोर्ट ने कुल 52 हजार 500 रुपये अर्थदंड भी लगाया**

**संवाददाता, सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र मोतिगरपुर के ढेमा गांव में 11 साल पूर्व फिरतू पर घुसकर जानलेवा हमला करने, अपमानित व हत्या की धमकी देने के तीन आरोपियों को न्यायाधीश अनुपम शौर्य ने बुधवार को पांच साल की जेल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 17 हजार 500 रुपए अर्थदंड भी लगाया है। एडीजे संजय सिंह के मुताबिक जमीनी विवाद को लेकर दो जून 2013 को आरोपियों शंकर, रविंद्र, महेंद्र ने लाठी डंडे व टेगारी से हमला कर दिया था, जिसमें वादी फिरतू, जगरानी व वृजरानी को गंभीर चोटें आई थी। अदालत ने अभियोजन के पक्ष से पेश साक्ष्यों के आधार पर शंकर, रवींद्र व महेंद्र को मंगलवार को दोषी करार देकर जेल भेजा दिया था, जिन्हें जेल से तलब कर बुधवार को पांच साल की जेल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने अर्थदंड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति चोटिल फिरतू, वृजरानी व जगरानी को देने का आदेश भी दिया है।

# पारिवारिक लाभ को भटक रहे 542 लाभार्थी

## परिवार के मुखिया की आकस्मिक मौत पर मिलता है योजना का फायदा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** परिवार के मुखिया की मौत से हुए घाव पर मरहम लगाने के लिए सरकार की ओर से पारिवारिक लाभ दिया जाता है, लेकिन पारिवारिक लाभ योजना के तहत आवेदन करने वाले लाभार्थी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। ऑनलाइन प्रक्रिया होने के बावजूद गाइडलाइन के मुताबिक 45 दिन के अंदर आर्थिक मदद के दावे बेमानी साबित हो रहे हैं। सत्यापन कार्य में तेजी नहीं है, जिससे कई महीनों से लाभार्थियों के आवेदन लंबित चल रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पारिवारिक लाभ योजना के तहत परिवार के कमाऊ सदस्य की आकस्मिक मृत्यु होने पर आश्रित को 30 हजार रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता दी जाती है। ऑनलाइन प्रक्रिया होने से आवेदन करने पर फार्म पहले संबंधित तहसील के एसडीएम कोड पर फीड होता है। जिसके बाद से 45 दिन के अंदर जांच प्रक्रिया पूरी कर पात्रों को आर्थिक मदद दी जाती है। शासनादेश के मुताबिक समय सीमा का पालन नहीं किया जा रहा है। बल्कि, नियम कायदे की धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैं। कागज़ों में समाज कल्याण विभाग के मुताबिक एसडीएम स्तर पर जांच के बाद स्वीकृत लाभार्थियों को एक महीने के अंदर धनराशि ट्रांसफर कर दी जाती है, जबकि हकीकत यह है कि एसडीएम स्तर से सत्यापित हुए 542 आवेदन समाज कल्याण मे पेंडिंग पड़े हुए हैं। वहीं तमाम आवेदनों की तहसील स्तर पर ही समय से जांच नहीं हो पा रही है। इससे लाभार्थियों को 45 दिन के अंदर लाभ देना संभव नहीं हो पा रहा है।



विकास भवन। अमृत विचार

> तहसीलों से वेरिफाई होकर आए 542 परिवारिक लाभ के आवेदन धन न होने के चलते पेंडिग पड़े हैं। जो वितीय वर्ष 2022-2023 व 2023-2024 के है। धन की डिमांड की गई है। पैसा आते हैं लाभार्थियों के खाते में भेज दिया जायेगा। -**अमित कुमार सिंह,** जिला समाज कल्याण अधिकारी

## भतीजी से दुराचार का आरोपी चाचा गिरफ्तार

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** पुलिस ने सगी भतीजी के साथ दुराचार कर उसे गर्भवती कर देने के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी चाचा को पुलिस ने बुधवार को मालापुर डबल नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल कराने के बाद उसे कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि आरोपी के ऊपर अपनी नाबालिग भतीजी के साथ दुराचार करने का मामला दर्ज है। पीड़िता की मां की तहरीर पर 17 मार्च की रात चाचा के विरुद्ध पास्को एक्ट, बलात्कार एवं जान से मारने की धमकी का केस दर्ज हुआ था।

# हत्या में वांछित 20 हजार का इनामी दबोचा गया

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** साल भर से हत्या में वांछित फरार चल रहे आरोपी पर स्थानीय पुलिस ने 20 हजार का इनाम घोषित किया था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।



कुड़वार थाना क्षेत्र के कुडियारा मजरे कोटा निवासी चौकीदार रामसूरत निषाद के पुत्र धर्मेन्द्र कुमार निषाद की चार मार्च 2023 को हत्या हो गई थी। जिसमें पूरे सुविधान पांडेय का पुरवा मजरे कोटा निवासी विजय प्रकाश पांडेय वांछित चल रहा था। वांछित आरोपी की पुलिस को तलाश थी, लेकिन उसे पकड़ने में स्थानीय पुलिस को सफलता नहीं मिली। सीजेएम कोर्ट से आरोपी के खिलाफ धारा 82 व 83 की कार्यवाही भी हुई थी। एसपी सोमेन बर्मा ने आरोपी पर 20 हजार का इनाम रखते हुए प्रभारी निरीक्षक कुड़वार के नेतृत्व में टीम गठित की। प्रभारी निरीक्षक कुडवार अरुण कुमार द्विवेदी ने हमराहियों के साथ वांछित विजय प्रकाश पांडेय को गोमती नदी पुल से बुधवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। कुड़वार प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को न्यायालय भेजा गया था, जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

# अदालतों में 8 दिनों से कामकाज ठप

- आज मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे वकील

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** कादीपुर की कोर्ट में अखंडनगर और कादीपुर थानों से संबंधित चालानी और परिवाद के मुकदमों को ट्रांसफर के बाद वकीलों की हड़ताल बुधवार को आठवें दिन भी जारी रही। इस बीच ट्रांसफर की गई फाइलों की सुनवाई भी कादीपुर कोर्ट में शुरू हो गई है। काम करने वाले वकीलों को चेतावनी के कारण न्यायिक कामकाज पूरी तरह बंद रहे।

बुधवार को बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय व महासचिव आर्तमणि मिश्र की अगुवाई में अधिवक्ता सभागार के सामने वकीलों की खुली बैठक बुलाई गई। बैठक में अमेठी जिले के तहसील महासचिव उपेंद्र शुक्ल भी बार एसोसिएशन सुलतानपुर के समर्थन में रहे, जिनका बार अध्यक्ष ने आभार जताया। ज्यूडिशरी ट्रांसफर से नाराज वकीलों ने शीघ्र अदालत को वापस लाने की मांग की। बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय ने बताया गुरुवार को भी वकीलों को हड़ताल जारी रहेगी। गुरुवार को जिलाधिकारी को अधिवक्ता जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपेंगे। 28 तारीख को अधिवक्ताओं का महासम्मेलन होगा। बैठक में पूर्व अध्यक्ष रायसाहब सिंह, नागेंद्र सिंह, शिवमंगल शुक्ल, रामविशाल तिवारी, अरविंद सिंह राजा, रणजीत सिंह त्रिसुंडी, बद्री प्रसाद पांडेय, काशी प्रसाद शुक्ल, दिनेश यादव, अखिलेश शुक्ल, शशि सिंह व मीडिया प्रभारी अशोक शुक्ल समेत सैकड़ों वकील मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करते वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा।

# प्रकृति की सहचरी होती है नन्ही गौरैया: तिवारी

**सेंचुरी वेलफेयर सोसायटी ने लगाए 50 हैंगिंग स्टैंड**

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार:** प्रकृति की सहचरी होती हैं नन्हीं गौरैया। पर्यावरण की मजबूती और खूबसूरती को बढाने में सहायक नन्ही गौरैया का संरक्षण जरुरी है। उक्त बातें विश्व गौरैया दिवस पर सेंचुरी वेलफयर सोसायटी के विजय तिवारी ने कही।

बुधवार को गौरैया के संरक्षण के मद्देनजर 50 जगहों पर दाना पानी हैंगिग स्टैंड लगाने की चकिया गांव में शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के साथ समूचे विश्व में गौरैया पक्षी की संख्या में लगातार कमी आ रही है। विश्व गौरैया दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को गौरैया के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। गौरैया लंबे कालखंड से मानव जाति के अति निकट रहने वाली प्रकृति की सहचरी है। गौरैया की लुप्त होती प्रजाति और कम होती आबादी बेहद चिंता का विषय है। इसके लुप्त होने से पर्यावरण को भारी नुकसान तो होगा ही। प्रकृति की खूबसूरती पर भी असर पडे़गा। हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि गौरैया संरक्षण के लिये गर्मी में अपने छत आंगन और बालकनी में दाना पानी की व्यवस्था जरुर करें।

## सार-संक्षेप

### धनपतगंज में पुलिस व जवानों ने किया पैदल मार्च


धनपतगंज में रूट मार्च करते अर्द्धसैनिक बल के जवान।

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव और होली त्यौहार के मद्देनजर कस्बा धनपतगंज में सीआईएसएफ और थाना पुलिस ने संयुक्त रुप से रूट मार्च किया। लोगों को क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने का संदेश दिया। टीम का नेतृत्व कर रहे उपनिरीक्षक थाना धनपतगंज अनूप सिंह ने लोगों को हिदायत दी कि लोग होली त्यौहार और होने वाले लोकसभा चुनाव मे शांति बनाये रखें। शांति भग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल, रेफर

**अखण्डनगर/दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखंडनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोल्हनपारा के पास बुधवार दोपहर बाद राजेश सोनी (45) व पिंटू विंद (48) निवासी सिद्दीकपुर काशीराम कालोनी थाना शाहगंज जिला जौनपुर बाइक से दोस्तपुर की तरफ से अपने घर जा रहा था। राहुलनगर अखणडनगर से बाइक से अभिषेक उपाध्याय (24) हरथुआ बभनपुर ,अखण्डनगर दोस्तपुर जा रहे थे। लगभग साढे तीन बजे दिन में आमने सामने हुई जोरदार टक्कर में तीनों बुरी तरह से घायल हो गये। स्थानीय लोग एम्बुलेंस बुला कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर इलाज के लिए भेजा। जहां डाक्टर ने हालत ख़राब देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अबेडकर नगर रेफर कर दिया। बाइक राजेश सोनी चला रहा था। हेल्मेट नहीं पहन रखा था ।घटना स्थल अखण्डनगर के ताजुद्दीनपुर गांव की है।

### भाजपा मंडल की बैठक में लोकसभा चुनाव पर मंथन

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मां शारदा इंटर कॉलेज में बुधवार को लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भाजपा मोतिगरपुर मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। विधानसभा प्रभारी बालकृष्ण पांडेय ने कहा सभी पार्टी कार्यकर्ता आपस मे मिलकर कार्य करें और सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में मदद करें। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने बूथ जीतो,चुनाव जीतो का मंत्र दिया। क्षेत्रीय विधायक राजप्रासाद उपाध्याय राजबाबू ने कहा अब समय बहुत कम है। बूथ प्रबंधन को मजबूत करना हमारी जिम्मेदारी हैं। विधानसभा संयोजक विनोद सिंह, अनुज दुबे, मंडल अध्यक्ष विनय प्रजापति, अंकित मिश्र, हरिशंकर शर्मा, सुमन सिंह, गया प्रसाद, बब्बन चौबे, प्रकाश नारायण, बैजनाथ तिवारी, अजय वर्मा व राजू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### अयोध्या के चूड़ादास ने हरियाणा के पहलवान को दी पटखनी

**करौंदीकला, सुलतानपुरख् अमृत विचार :** बुधवार को हरीपुर में आयोजित दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने अपना दम दिखाया। प्रतियोगिता में अयोध्या, राजस्थान, झांसी, मऊ, वाराणसी, जौनपुर, नेपाल, कानपुर, पीलीभीत सहित अन्य स्थानों से आये पहलवानों ने भाग लिया। अयोध्या के चूड़ा दास ने टाइगर पहलवान हरियाणा को पटखनी देकर खिताब पर कब्जा जमाया। दंगल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सर्वेश मिश्रा भाजपा नेता रहे। पहलवानों में पहला मुकाबला अयोध्या के बाबा बजरंगी दास और हरियाणा के मो. वसीम के साथ हुआ। जिसमें मो वसीम ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला आजमगढ़ के भोला यादव और वाराणसी के राज पहलवान के बीच हुआ। इस मुकाबले में भोला यादव विजयी रहे। तीसरा मुकाबला मऊ के देवानंद और पीलीभीत के विशाल के बीच हुआ। इस मुकाबले में मऊ के देवानंद विजयी हुए। वहीं मऊ से आई महिला पहलवान रिया का मुकाबला लखनऊ से आई शालू पहलवान के बीच हुआ। इस मुकाबले को रिया ने जीता। महिला पहलवानों के दांवपेच ने दर्शकों का मनमोह लिया। पुरुष वर्ग का निर्णायक मुकाबला चूड़ा दास पहलवान अयोध्या और टाइगर पहलवान हरियाणा के बीच हुआ, जिसमें अयोध्या के चूड़ा दास ने बाजी मारी। दंगल के आयोजन समिति की तरफ से पहलवान चूड़ा दास को 30 हजार नगद और विजेता महिला पहलवान रिया को 20 हजार का नगद पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मधुसूदन सिंह, कल्लू पांडेय, आत्माराम मिश्रा, नितिन तिवारी, प्रशान्तानंद, आनंद मिश्रा, गिरीश उपाध्याय, मनोज गुप्ता सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक अंगद सिंह और राजन सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

### आबकारी निरीक्षक महेंद्र को एसपी ने किया सम्मानित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार को पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने जयसिंहपुर सर्किल के आबकारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप वर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आबकारी निरीक्षक जयसिंहपुर महेंद्र प्रताप वर्मा द्वारा अपने क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों पर लगाम लगाने व अवैध शराब निर्माण पर रोक लगाने को लेकर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक उनके कार्यों की प्रशंसा भी की है।


आबकारी निरीक्षक को सम्मानित करते एसपी।

# 32 खाद्य पदार्थों के नमूने भेजे प्रयोगशाला

- छापेमारी अभियान के चलते मिलावट करने वालों में मचा हुआ है हड़कंप

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** होली पर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग लगातार छापेमारी कर रहा है। छापेमारी अभियान के चलते मिलावट करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

बुधवार को सहायक आयुक्त खाद्य डा. अमर सिंह व मुख्य खाद्य सुरक्षा राजीव मिश्र के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ जिले विभिन्न बाजारों में छापेमारी करते हुए 32 खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए गए। जिन्हें जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। टीम ने सदर तहसील के नगर पालिका, अहिमाने प्रतापगंज, बल्दीराय के हलियापुर, जयसिंहपुर के गोसाईगंज व बगिया चौराहा, लंभुआ के कामतागंज आदि बाजारों में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान बाजारों में हड़कंप मचा रहा। छापेमारी के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार, संजय कुमार, हीरालाल, संदीप कुमार, अभय प्रताप सिंह मौजूद रहे।


दुकान से नमूने भरते हुए खाद्य विभाग की टीम।

> होली पर्व तक छापेमारी अभियान चलता रहेगा। मिलावट कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा। एकत्रित नमूने जांच के लिए भेजा गया है। -**राजीव मिश्र,** मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी

# मतदान को निकाली जागरूकता रैली

- राणा प्रताप पीजी कालेज के शिविर में संगोष्ठी भी हुई आयोजित

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा श्री संस्कृत महाविद्यालय करौंदिया में लगाये गये विशेष शिविर के पांचवें दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में मतदाता जागरूकता रैली और द्वितीय सत्र में हार्टफुलनेस संस्थान के ध्यान योग पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. बृजेश सिंह ने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली श्री संस्कृत महाविद्यालय करौंदिया परिसर से प्रारम्भ होकर विवेक नगर के विवेकानंद पार्क पहुंची । यहां से शिविरार्थी मतदाता जागरूकता सम्बंधित विभिन्न नारे लगाते हुए निराला नगर ,घासीगंज , गभड़िया, चौक घंटाघर के रास्ते जिला चिकित्सालय पहुंचे। शिविर स्थल पर रैली का समापन हुआ। दूसरे सत्र में हार्टफुलनेस ध्यान योग पर चर्चा करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. आरसी सिंह ने कहा जब हम अपने भीतर से आती हुई बातों को सुनकर उनकी प्रेरणाओं को समझना सीख जाते हैं तो हम अपने जीवन के मालिक बन जाते हैं। हृदय पर ध्यान करते हुए मन के साथ हृदय के सूक्ष्म समन्वय की प्रक्रिया पूरी होती है इसीलिए हम इस प्रक्रिया को हार्टफुलनेस कहते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. नीतू सिंह, साक्षी शर्मा, जिगर, अंतिमा सिंह व ऋषि सोनकर आदि मौजूद रहे।



एनएसएस शिविरार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली। अमृत विचार

**मांग पूरी** | पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने परशुराम युवा वाहिनी को सौंपा पत्र

# डीएम आवास चौराहे का नाम अब परशुराम चौक

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** बीते पाच वर्षों से परशुराम युवा वाहिनी मिशन द्वारा डीएम आवास चौराहे को भगवान परशुराम चौक के लिए संघर्षरत थी। बुधवार को जब पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने परशुराम युवा वाहिनी को स्वीकृति पत्र सौंपा तो खुशी की लहर दौड़ गई। संगठन के संरक्षक विपिन मिश्रा एडवोकेट व देवेंद्र पाठक के संयोजन में संगठन के दर्जनों पदाधिकारियो ने नामकरण पर मोहर लगने की खुशी में विप्र समाज के दर्जनों महानुभावों को जहां माला पहनकर सम्मानित किया वहीं मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई ।

परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिवारी व संगठन से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने डीएम आवास चौराहे को भगवान परशुराम चौक बनाए जानें की मांग कर रहे थे। संघर्ष में ब्राह्मण समाज संगठन के जिलाध्यक्ष पंडित सुभाष तिवारी व राष्ट्रीय युवजन ब्राह्मण सभा भी साथ थी। बीते दिनों हुई पालिका की बोर्ड बैठक में बढैयावीर से सभासद प्रवीण मिश्रा ने परशुराम चौक का प्रस्ताव रखा। जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मत से पारित कर दिया था। बुधवार को पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बोर्ड की कार्यवाही कर संस्था के संरक्षक विपिन मिश्रा को प्रमाण पत्र सौंपा तो खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण कुमार उपाध्याय,बार उपाध्यक्ष विद्याभूषण पांडेय, विजय कुमार उपाध्याय व्यापारी नेता हिमांशू मालवीय,मनीष मिश्र,रमाशंकर पांडेय, विपिन मिश्रा, देवेंद्र पाठक, सूर्य प्रकाश पांडेय, पीयूष तिवारी, जयशंकर दूबे, विनय कुमार मिश्रा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे ।


परशुराम चौक का नामकरण पत्र मिलने पर जताई गई खुशी। अमृत विचार

# यूट्यूब से मंगाई गाय, गाय मिली न पैसा, शिकायत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** पुलिस की ओर से लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के बाद भी लोग लालच के चलते साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। ठगी का एहसास होने पर पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग करते हैं।

साइबर ठगी का एक मामला मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बबरही गांव निवासी से हुआ है। गांव निवासी बंसीलाल निषाद ने सोमवार को यूट्यूब पर वीडियो में एक गाय देखा। गाय उसे जब अच्छी लगी तो वीडियो में मौजूद मोबाइल नंबर पर फोन कर गाय की कीमत पूछी। मोलभाव करके गाय को 35 हजार रुपये में तय कर लिया, तो गाय मालिक ने अपना नाम सूर्यकुमार पुत्र फूलचंद निवासी धारी जयरामपुर जिला जयपुर राजस्थान बताया। गाय खरीदने के लिए उक्त व्यक्ति ने 10 हजार रुपए एडवांस मांगा। साथ ही कहा कि मंगलवार को 11 बजे गाय आपके घर पहुंच जायेगी। लालच में बंसीलाल ने 10 हजार रुपए आनलाइन भेज दिया। साइबर ठग ने मंगलवार को फोन कर कहा कि आपका पैसा अभी नहीं आया है। गाय पिकअप पर लदी हुई अयोध्या में खड़ी है। गाय चाहिए तो 17 हजार पांच सौ रुपए भेजो। शाम तक गाय पहुंच जायेगी। बंसीलाल ने फिर से 17,500 रुपए उसी नंबर पर भेज दिया। चार बजे तक जब गाय नहीं आई तो फोन मिलाया। फोन बंद होने पर ठगी का एहसास हुआ। बंसीलाल ने मोतिगरपुर थाने पर मंगलवार देर शाम शिकायत की। प्रभारी थानाध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया शिकायत मिली है। विधि संगत कार्यवाही की जा रही है।



**रोजा**

शिया
सहरी : 04.45 बजे
इफ्तार : 06.22 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.49 बजे
इफ्तार : 06.12 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**पैग़ाम-ए-रमज़ान**

हम इस तरह दिया करें इफ़्तार की दावत। जिसमें हो ख़ास मुफ़लिस वो नादार की दावत।। इफ़्तार पार्टी नहीं, है सिर्फ़ पार्टी। जिसमें हो सिर्फ़ सेठ, ज़मींदार की दावत।।
नियाज़ कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर

**एक नजर**

### मेडिकल स्टोर पर छापेमारी

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर।** कस्बा के उसका राजा में दवा की दुकान पर बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की है। छापेमारी की भनक लगते ही अधिकांश मेडिकल स्टोर संचालकों ने दुकान का शटर गिरा दिया। ड्रग इंस्पेक्टर नवीन सिंह की अगुवाई में दवा की दुकान पर छोपेमारी की गई। इस कार्यवाही में लाइसेंस और जीएसटी बिल की जांच की गई और मेडिकल स्टोर से कुछ दवाइयां जब्त कर सेंपल के लिए लिया गया है।

### होली पर विशेष गाड़ी का किया जाएगा संचालन

**गोरखपुर।** होली पर 09405/09406 साबरमती-गोमतीनगर-साबरमती होली विशेष गाड़ी का संचालन साबरमती से 22 मार्च को तथा गोमतीनगर से 24 मार्च को एक फेरे के लिए किया जायेगा।

# शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराएं होली का पर्व

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में दिए निर्देश, एसपी प्राची सिंह भी रहीं मौजूद

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** होली का त्योहार सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में एसपी प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, एएसपी सिद्धार्थ मुख्य रूप से मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों से आये पीस कमेटी के सदस्यों से थानों में आयोजित की गयी पीस कमेटी के बैठक की फीडबैक की जानकारी ली। कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराएं।



बैठक करते डीएम, सीडीओ, एसपी व मौजूद जनपद स्तरीय अधिकारी।



सभी एसडीएम और सीओ शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाने की तैयारियां सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में कोई भी समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि जिसे रंग खेलना पसन्द न हो उसे रंग न लगाएं। हल्ला, हुड़दंग व छेड़छाड़ की घटनाओं से बचें अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी ऐसे व्यक्ति को रंग न लगाएं जिसकी धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचे।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिया कि होली जुलूस के दौरान संदिग्धों पर विशेष नजर रखी जाए। पुलिस बल के जवानों की ड्यूटी सम्बन्धित जुलूस स्थलों पर लगाई जाए, जिससे कोई अप्रिय घटना न होने पाये। होलिका दहन स्थल पर भी पुलिस तैनात की जाए। जनपद वासियों से अपील किया कि पुरानी परम्पराओं के अनुसार होली का त्योहार मनाएं। ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का मानक के अनुरूप इस्तेमाल करें। होली का त्योहार प्रत्येक दशा में शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जायेगा। एसपी ने बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों से अपील की कि सभी लोग अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क रहेंगे तो कोई भी समस्या उत्पन्न नहीं होने पायेगी। कहा कि जिन थाना क्षेत्रों में होली के पर्व पर जुलूस निकाला जाता है तो उस पर थानाध्यक्ष विशेष रूप से सतर्क रहकर स्पेशल पुलिस बल की व्यवस्था करके जुलूस को शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराएंगे। सभी लोग बाडी प्रोटेक्टर अपने पास अवश्यक रखें।

बैठक में उपजिलाधिकारी बांसी कुणाल, डुमरियागंज डा संजीव दीक्षित, इटवा राहुल सिंह, संबधित क्षेत्राधिकारी, जिला आबकरी अधिकारी वीर अभिमन्यु, अधि0अभि0 विद्युत सिद्धार्थनगर आरके कुशवाहा, अधिशासी अधिकारी समस्त नगर पालिका, नगर पंचायत, जेए रामकेवल, पीस कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## एसपी ने जनता दर्शन में सुनीं जन समस्याएं

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं शिकायतों को सुना। पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें तीन भूमि विवाद, दो मारपीट, व 13 अन्य विवाद से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए संबंधित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों को मौके पर बुलाकर विवादों का निस्तारण कराया जाए।

# मनरेगा कार्य के नाम पर हो रही लूट

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** बढ़नी ब्लॉक के ग्राम पंचायत गड़रखा में मनरेगा के तहत दो स्थानों पर कार्य के लिए 18 मार्च को 231 श्रमिकों का मास्टर रोल निकाला गया था। लेकिन जांच के दौरान कोई श्रमिक मौके पर नहीं मिला। बीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिव व तकनीकी सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 18 मार्च का मास्टर रोल शून्य कर दो दिन में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

बढ़नी ब्लॉक के गड़रखा में मारुफ के खेत से अजीम अली के खेत तक नाला खुदाई कार्य व बरकत के खेत से पप्पू के खेत तक नाला निर्माण कार्य की शिकायत विधायक विनय वर्मा से एक क्षेत्रीय व्यक्ति ने किया। विधायक ने तत्काल बढ़नी बीडीओ श्याम मनोहर मुरली मिश्र से जांच करवाने के लिए कहा। बीडीओ ने एपीओ सिराज अहमद से जांच करवाया तो पता चला कि दोनों कार्यों में 231 श्रमिकों का मास्टर रोल निर्गत है, लेकिन कार्य स्थल पर एक भी मजदूर कार्य करते नहीं पाया गया। इसके बाद बीडीओ ने गड़रखा के पंचायत सचिव संजय कुमार व तकनीकी सहायक राकेश कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत गड़रखा के 18 मार्च का मास्टर रोल शून्य करते हुए अवगत कराएं व दो दिन में स्पष्टीकरण देते हुए यह बताएं कि किन परिस्थितियों में ऐसा किया गया।



### बीडीओ ने कहा

इस संबंध में बढ़नी बीडीओ श्याम मनोहर मुरली मिश्र ने बताया कि जांच के दौरान शिकायत के सही मिलने पर एक दिन का मास्टर रोल जीरो करने का निर्देश दिया गया और दो दिन पहले सचिव व तकनीकी सहायक को दो दिन में स्पष्टीकरण देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## बदले मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बदले मौसम ने एक बार फिर से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बुधवार सुबह से ही तेज हवाओं के साथ आसमान में बादल छा गए। हल्की बरसात ने जहां ठंड का अहसास कराया वहीं किसानों को तेज बारिश होने पर फसल बर्बादी की चिंता सताने लगी। किसानों की रवि की फसल पूरी तरह से करीब करीब पककर तैयार हो चुकी है। ऐसे में यदि बारिश हुई तो नुकसान तय है। इससे कुछ दिन पहले भी तेज हवाओं के साथ हुई भारी बारिश ने काफी नुकसान किया था। किसानों ने कहा कि यदि इसी तरह मौसम रहा तो गेहूं की कटाई और सरसों में काफी दिक्कत हो सकती है।

# सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** अपनी लापरवाही के चलते हर दिन लोग सड़क हादसों में जान गंवा रहे हैं, इनमें अधिकतर युवा वर्ग है। यातायात नियमों का पालन नहीं करना भारी पड़ रहा है। डुमरियागंज क्षेत्र में सोमवार की देर रात इसी तरह के एक हादसे में दो नवयुवकों की मौत हो गई। दोनों दोस्त थे और बाइक से जाते समय स्कार्पियो ने उन्हें टक्कर मारी थी।

क्षेत्र के मुडाडीहा निवासी सत्येंद्र (20) पुत्र देवी लाल यादव और सनोज कुमार (22) पुत्र शिव कुमार चौधरी बाइक से सोमवार को भारतभारी गए थे। रात करीब 10 वापस लौटते समय अमौना पांडेय गांव के पास स्कार्पियो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। डाक्टरों के अनुसार दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं लगा रखा था, सिर में गहरी चोट के चलते दोनों की जान चली गई। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने स्कार्पियो को कब्जे लेते हुए कार्रवाई की है।





### एक सप्ताह पहले मुंबई से गांव आए थे होली मनाने

शिव कुमार चौधरी के पांच बेटों में सनोज चौथे नंबर का था। वह मुंबई में पीओपी का काम करता था। वहीं सत्येंद्र, देवी लाल यादव का सबसे छोटा बेटा था। वह भी मुंबई में कारपेंटर का काम करता था। होली मनाने के लिए दोनों एक सप्ताह पहले मुंबई से गांव आए थे। उनमें आपस में गहरी दोस्ती थी। दोनों के पिता गांव में खेती का काम करते हैं।

डुमरियागंज थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मुकेश कुमार राय ने बताया कि स्कार्पियो कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

गोरखपुर

**अमृत विचार।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने बुधवार को विधान सभा 321 पिपराइच के वेलवारायपुर, क्षत्रधारी/तिकोनिया, इटहिया, पिपराइच बूथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

बूथों पर विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, रैंप, शौचालय और पेयजल सहित निर्वाचन आयोग की निर्धारित गाइडलाइंस के अनुसार अन्य व्यवस्थाओं का सत्यापन किया और जरूरी निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में मौजूद बीएलओ से भी मतदाता पुनरीक्षण के संबंध में बातचीत की। उन्होंने बीएलओ से फार्म-6 और फार्म-7 भरे जाने की स्थिति के साथ-साथ घर-घर सर्वे के बारे में भी जानकारी प्राप्त की तथा सर्वे के दौरान मतदाताओं की शिकायतों और समस्याओं के बारे में बीएलओ से पूछा।

कहा कि सभी बीएलओ की यह जिम्मेदारी है कि उनके क्षेत्र के अंतर्गत 7 मई 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा कोई भी नवयुवक अथवा नवयुवती मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित कराने से वंचित न रहें।

निर्धारित बिंदुओं पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ पर जरूरी जानकारी एवं मोबाइल नंबर अंकित होने चाहिए, ताकि मतदाताओं को यह जानकारी हो सके कि उन्हें किस बूथ पर अपना मतदान करना है तथा मतदाताओं को कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर वे अपने बीएलओ एवं अन्य उच्चाधिकारियों से संपर्क कर सकें। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार बड़े बूथों वाले मतदान केंद्रों को मॉडल मतदान केंद्र के रूप में तैयार कराया जाए और वहां मतदाताओं के लिए आकर्षक माहौल हो। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा। इस दौरान नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान कानूनगो प्रद्युम्न सिंह मौजूद रहे।

## कॉपी मूल्यांकन कार्य के बहिष्कार की चेतावनी

**सिद्धार्थनगर।** शिक्षकों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन किया। शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़, रतन सेन इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज बांसी में यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा है। हाल ही में मुजफ्फरनगर में पुलिसकर्मी द्वारा एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या के विरोध में शिक्षक विरोध दर्ज करा रहे हैं। राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष बाल गोविंद मौर्य ने बताया कि जिला के सभी तीन सेंटरों पर मूल्यांकन हो रहा है। बताया कि पुलिसकर्मी द्वारा शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अगर सरकार ने मांगें नहीं मानी तो मूल्यांकन का बहिष्कार होगा।

# पुलिस मुठभेड़ में गोवध में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** गोवध का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। घायल का अस्पताल में इलाज कराया गया है। पथरा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि गोवघ का आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहा है।

आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की टीम ने घेराबंदी की। सूचना मिली कि आरोपी मिठवल की तरफ से जाने वाली मार्ग पर आ रहा है। बाइक पर सवार होकर आ रहे दो संदिग्धों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगे और कुछ दूर जाकर बाइक सहित गिर गए। इसके बाद आरोपियों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जिसमें पथरा थाना अध्यक्ष बाल-बाल बच गए। पुलिस की जवाबी फॉयरिंग में आरोपी समीर उर्फ मोहम्मद निवासी तुर्कवालिया थाना पथरा घायल हो गया। इसके बाद पुलिस उसे व उसके साथ मोहम्मद फिरोज निवासी कुर्ती डीहा थाना डुमरियागंज को गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ आर्ट एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

# रेलवे में शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में ही किया जाए : सौम्या

गोरखपुर

**अमृत विचार।** महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर की अध्यक्षता में बुधवार को क्षेत्रीय रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। महाप्रबन्धक ने आधार वर्ष-2022 के दौरान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये लखनऊ मंडल को आदर्श मंडल चुने जाने, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा आचार्य महावीर प्रसाद चल वैजयंती प्रदान किये जाने और अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव-2023 में लखनऊ मंडल के नाटक मुट्ठी में गोश्त को द्वितीय स्थान प्राप्त होने की बधाई दी।



बैठक करतीं महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर। अमृत विचार

बैठक में वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीलमणि, प्रमुख विभागाध्यक्ष, मुख्य कारखाना प्रबन्धक, मंडलों के अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी, अपर निबन्धक/रेल दावा अधिकरण, वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं राजभाषा विभाग के रेलकर्मी उपस्थित थे।

महाप्रबन्धक ने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे में हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजभाषा विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। इस रेलवे में कार्यालयी कार्य शत-प्रतिशत हिंदी में किये जा रहे हैं। सभी अधिकारीगण इस रेलवे को राजभाषा हिंदी से जुड़ी प्रगति के आधार पर प्राप्त सम्मानजनक स्थिति को बनाये रखने का हर सम्भव प्रयास करें। कहा कि हम अपने शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में ही करें तथा राजभाषा प्रयोग-प्रसार में अपना भरपूर योगदान दें।

श्रीमती माथुर ने संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किये गये राजभाषा सम्बन्धी निरीक्षण के दौरान रेलवे द्वारा दिये गये आश्वासनों के महत्वपूर्ण बिंदुओं को तत्काल प्रभाव से लागू कराने पर बल दिया। इसके पूर्व मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे पर अधिकाधिक कार्य हिंदी में किया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ दिग्विजय सिंह ने आसन सम्बन्धित रोग पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/मुख्यालय एवं स्टेशन निदेशक/गोरखपुर जय प्रकाश सिंह ने महाप्रबन्धक सहित बैठक में उपस्थित जनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी अरशद मिर्जा ने किया। उन्होंने पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की एवं पिछले बैठक में लिये गये प्रमुख निर्णयों के अनुपालन की चर्चा की तथा रेलवे बोर्ड के संशोधित मानक कार्यसूची पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## गाड़ियों के आगमन व प्रस्थान में परिवर्तन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा 22545/22546 लखनऊ जं.-देहरादून-लखनऊ जं. वंदे भारत एक्सप्रेस का सप्ताह में 06 दिन (सोमवार को छोड़कर) संचलन किये जाने के फलस्वरूप गाड़ियों के आगमन, प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है। वहीं रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अकबरपुर-जफराबाद खण्ड पर जाफरगंज-अकबरपुर स्टेशन के मध्य दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इन्टरलाकिंग/इन्टरलाकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

**सार-संक्षेप**

### दो अपराधियों की खोली हिस्ट्रीशीट

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आपराधिक क्रिया कलापों पर सतत निगरानी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा दो अभ्यस्त अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर गोवध, पशु क्रूरता, चोरी इत्यादि में संलिप्त दो अभियुक्तों पर सतत निगरानी के लिए हिस्ट्रीशीट खोली गयी। जनपद में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत हिस्ट्रीशीट खोलने, गुण्डा एक्ट में कार्रवाई, गैंग पंजीकरण की कार्रवाई की जा रही है। जिसके अन्तर्गत मुबारक अली पुत्र मो0 असलम निवासी परसा महापात्र थाना व सिद्धार्थनगर के विरुद्ध थाना सिद्धार्थनगर पर तथा अभियुक्त रामचरन यादव पुत्र ब्रह्मानन्द यादव निवासी सिहिया थाना जोगिया उदयपुर के विरुध्द थाना जोगिया उदयपुर पर हिस्ट्रीशीट खोली गई, जिन पर सम्बन्धित थानों द्वारा निरंतर निगरानी रखी जायेगी।

### खाद्य विभाग ने लिए जांच के नमूने

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डीएम के आदेश के अनुपालन में मंगलवार की शाम को को सहायक आयुक्त खाद्य गिरिजेश कुमार दुबे के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्र भानु पटेल, आर एन वर्मा, पी के वर्मा एवम वी के यादव की टीम ने होली पर्व के अवसर पर प्रवर्तन कार्यवाही किया है। जांच कर मिलावट का संदेह होने पर नौगढ में दूध विक्रेताओं से दो दूध के नमूने एवम फूड सेफ्टी ऑन व्हील (सचल खादय प्रयोगशाला) के माध्यम से मिठाई विक्रेताओं की जांच की गई जिसमें साई स्वीट्स, बंगाली स्वीट्स, नई अपूर्वा स्वीट्स, मायाराम स्वीट्स एवम कृष्णा स्वीट्स सम्मिलित हैं और उन्हें नोटिस जारी किया गया है। उसका कस्बा के उसका राजा में गोरखपुर रोड पर वाहन को रोककर जांच की गई और आनंदनगर, फरेंदा, महराजगंज से लाये जा रहे नमकीन एवं बेसन के कुल चार नमूने संकलित किये गए। नमूनो को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक उप्र लखनऊ को प्रेषित किया जायेगा। सहायक आयुक्त खाद्य गिरिजेश कुमार दूबे ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### स्लोगन प्रतियोगिता के भेजें विडियो क्लिप

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में गठित स्वीप अन्तर्गत मतदाता जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में इंटर कालेजों/महाविद्यालयों के छात्रों के साथ जनपद के जागरूक नागरिक भी शामिल होंगे। स्लोगन प्रतियोगिता के लिए विडियो क्लिप बनाकर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के ट्वीटर हैण्डल पर हैशटैग करें।

### यात्रियों का छूटा सामान बरामद कर सौंपा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी द्वारा यात्रियों का छूटा एक-एक बैग बरामद कर जिन्हें क्रमश: बनारस तथा भटनी पोस्ट पर जमा किया गया जहां यात्रियों के उपस्थित होने पर बैग को उन्हें सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट सीवान द्वारा महिला यात्री का छूटा एक बैग बरामद कर सीवान पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### विशेष गाड़ियों में सीटों की उपलब्धता का चार्ट जारी

**गोरखपुर।** होली पर्व पर यात्रियों व जनता की सुविधा के लिये रेलवे प्रशासन द्वारा चलाई जा रहीं विशेष गाड़ियों में उपलब्ध बर्थ/सीट की उपलब्धता का चार्ट बुधवार को जारी कर दिया। यह जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि यात्री इन विशेष गाड़ियों में बर्थ/सीट आरक्षित करा सकते हैं।

### स्कूलों को फर्जी मान्यता देने के मामले में जांच तेज

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** कार्यालय के बाबू को बचाने के प्रयास में बीएसए खुद गंभीर धाराओं में फंस गए। इस मामले में बीएसए सहित चार के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीएसए कार्यालय पर फर्जी नियुक्ति एवं फर्जी विद्यालय की मान्यता देने का आरोप है। बीएसए सहित बीएसए कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक मुकुल मिश्रा, शिवसागर चौबे और कुंवर विक्रम पांडे के खिलाफ सदर थाने में संतकबीरनगर निवासी विनोद कुमार सिंह ने अभियोग पंजीकृत कराया है। सूत्र बताते हैं कि इसमें दो खंड शिक्षा अधिकारी भी जांच के घेरे में आ सकते हैं। साथ ही अपर निदेशक बेसिक शिक्षा बस्ती मंडल भी जांच के घेरे में आ सकते हैं। क्योंकि यह मामला 2017 से चल रहा है, जिसकी जांच अपर निदेशक बेसिक शिक्षा बस्ती मंडल ने बीएसए को ही जांच अधिकारी बनाया जबकि बताया जाता है कि बीएसए भी इस जांच के घेरे में हैं। सूत्र बताते हैं कि 2017 से अब तक 50 विद्यालयों को फर्जी मान्यता दी गई। जिसमें से 15 विद्यालयों का फाइल आज भी ऑफिस से गायब है। 2017 से अब तक लगभग 121 फर्जी शिक्षक निलंबित हो चुके हैं। कुछ तो न्यायालय से जाकर बहाल होकर पुन: शिक्षण कार्य में लग गए हैं। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस प्रकरण की जांच कराई गई है। इसमें शामिल मुकुल मिश्रा को निलंबित करते हुए प्राथमिक दर्ज कराई गई है। सदर कोतवाल ने बताया कि तमाम कागजात को खंगाला जा रहा है, सारे साक्ष्य जुटाने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**पर्व** कई वर्षों बाद इस बाद होली पर बन रहा दुर्लभ योग, ज्योतिषाचार्य आचार्य योगेश पांडेय ने पर्व की महत्ता की दी जानकारी

# श्रीवस्त सौम्य योग : इस बार की होली सभी के जीवन में लाएगी खुशहाली

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** रंगों का महापर्व होली इस बार दुर्लभ संजोग लेकर आ रहा है। कई वर्षों बाद 26 मार्च को श्रीवस्त सौम्य योग में पड़ रहा है। इस बार की होली लोगों के जीवन में खुशहाली लेकर आएगी। जिला मुख्यालय पर स्थित जय मां वैष्णो देवी ज्योतिष तंत्र अनुसंधान एवं परामर्श केंद्र के ज्योतिषाचार्य आचार्य योगेश पांडे के गणना के अनुसार इस बार की होली काफी महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि इस वर्ष इस बार श्रीवत्स सौम्य योग में 26 मार्च को पड़ रहा रंगों का महापर्व होली व्यापारी, किसान तथा सभी जनमानस के जीवन में खुशियों का रंग भरने वाला है।



आचार्य योगेश पाण्डेय ने कहा कि शास्त्रीय प्रमाण एवं परंपरा के अनुसार चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि में रंगों की होली रंग उत्सव तथा होरंडी का पर्व धुली वंदन कर मनाया जाता है। जो 26 मार्च को रंग की होली का पर्व काशी से अन्यत्र सर्वत्र मनाया जाएगा। इस दिन होलिका भस्म को मस्तक पर स्पर्श कराकर आगामी संवत की कुशलता की कामना की जाएगी। सनातन धर्मियों का यह महापर्व अद्भुत योग अतुलनीय है। परस्पर सद्भावना का संदेश देता यह पर्व स्वयं के साथ अभियान को दूर करता है। मानव के साथ पशुओं से भी प्रेम करता है। आचार्य ने कहा कि स्मरण रखने की बात है कि आज के दिन हम अपने गांव में पशुओं, गायों को भी नहला-धुला कर अवीर गुलाल का टीका लगाते हैं। ऐसा अद्भुत स्नेहपूर्ण सौंदर्य केवल भारतीय परंपरा में ही संभव है। यह पर्व मानसिक विकारों को दूर करने का पर्व है। होली के दिन होलिका दहन के भस्म को लगाकर नौ संवत्सर में उज्जवल भविष्य की कामना की जाएगी। भारतीय संस्कृति का यह अनुपम पर्व पूरे विश्व के लिए अनुकरणीय है।

### होलिका दहन का शुभ समय

आचार्य योगेश पाण्डेय ने कहा कि भद्रा के बाद होलिका दहन करना शुभ फलदायी होता है। आचार्य जी के जयोतिषीय गणना के अनुसार पूर्णिमा तिथि मे होलिका दहन करना चाहिए जो 24 मार्च को है। रात्रि काल 8 बजकर 32 मिनट तक भद्रा रहेगा। उसके बाद ही होलिका दहन किया जाएगा। इसी समय ढूंढा राक्षसी का पूजन कर ओम होलिकाएं नम : मंत्र का उच्चारण करते हुए विधि विधान से होलिका दहन किया जाएगा।

### होलिका दहन के तीन शास्त्रीय विधान

आचार्य योगेश पांडेय ने बताया कि होलिका दहन के तीन शास्त्रीय विधान होते हैं, पहला पूर्णिमा तिथि, दूसरा प्रदोष काल और तीसरा भद्रा काल न हो। यह तीनों योग 24 मार्च को बन रहा है। जो पूर्व दिशा की ओर मुखकर होलिका दहन करने का शास्त्रोक्त विधान है। आचार्य ने कहा कि होलिका दहन की रात्रि बहुत महत्वपूर्ण होती है। उस दिन सिद्धिया प्राप्त होती हैं।

### होलिका दहन वाले दिन करें यह उपाय

कहा कि होलिका दहन वाले दिन रोगी मनुष्य को चाहिए कि अपने शरीर से पीला सरसों, लवंग गाय का गोबर, गूगल धूप उबार कर जल रही होलिका में डाल दे, ऐसा करने से भयंकर से भयंकर रोगों का समन होता है। चर्म रोग, कुष्ठ रोग जैसी भयंकर बीमारियों का नाश हो जाता है। होलिका दहन के दूसरे दिन होलिका से विभूति तथा थोड़ा सा अग्नि होलिका दहन से लाकर अपने घर पर रखें, इससे घर की नकारात्मकता दूर होकर सकारात्मकता का प्रवेश होता है, दरिद्रता दूर होती है, आपसी प्रेमभाव बढ़ता है।

# जातीय व धार्मिक गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकेंगे राजनीतिक दल व प्रत्याशी

**भारत निर्वाचन आयोग ने गाइड लाइन का कड़ाई से पालन कराने का दिया निर्देश**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



आचार संहिता के संबंध में बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

**अमृत विचार** : कोई भी राजनीतिक दल व प्रत्याशी जातीय व धार्मिक गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकेंगे। इसके साथ ही प्रत्याशी दूसरे प्रत्याशियों व दलों के नेताओं के निजी जीवन की आलोचना भी नहीं कर सकेंगे। आदर्श आचार संहिता के तहत इन गतिविधियों पर रोक रहेगी। भारत निर्वाचन आयोग ने इसका कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में कोई दल या प्रत्याशी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा, जो भिन्न-भिन्न जातियों और समुदायों, चाहे वे धार्मिक या भाषायी हों, के बीच विद्यमान मतभेद को और अधिक बिगाड़े या परस्पर घृणा उत्पन्न करे या उनके बीच तनाव उत्पन्न करे। कोई भी प्रत्याशी दूसरे दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी संबंधी आलोचना करने से बचेंगे।

निर्वाचन के दौरान वोट हासिल करने के लिए किसी जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मस्जिदों, चर्चों, मंदिरों और पूजा के अन्य स्थानों का चुनाव प्रचार के मंच के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। सभी राजनीतिक दल और अभ्यर्थी ऐसी किसी भी गतिविधि जो भ्रष्ट आचरण व अपराध की श्रेणी में आते हैं, जैसे मतदाताओं को घूस देना, मतदाताओं को डराना-धमकाना, मतदाताओं का प्रतिरूपण करना, मतदान केंद्रों से 100 मीटर की दूरी के भीतर प्रचार करना, मतदान समाप्ति के पहले 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना, और मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक ले जाने और वापस लाने के लिए परिवहन आदि की व्यवस्था करना जैसे कार्य नहीं करेंगे। कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी अपने अनुयायियों को किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी निजी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने की अनुमति नहीं होगी।

### दूसरे दलों में जाकर बाधा उत्पन्न करने वालों पर होगी कार्रवाई

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया, राजनीतिक दल और प्रत्याशी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके समर्थक दूसरे दलों द्वारा आयोजित बैठकों और जुलूसों में न तो बाधा खड़ी करें और न ही उन्हें भंग करेंगे। किसी भी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता द्वारा अन्य दल द्वारा आयोजित सार्वजनिक बैठकों में मौखिक या लिखित रूप में प्रश्न पूछकर या अपनी स्वयं की पार्टी के पर्चे बांटकर अव्यवस्था उत्पन्न नहीं करेंगे। किसी भी दल द्वारा उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाएगा, जहां दूसरे दल द्वारा बैठकें आयोजित की जा रही हो। किसी भी दल द्वारा लगाए गए पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ताओं के जरिए नहीं हटाए जाएंगे।

# बड़े ने की बचने की कोशिश, विरोध भी नहीं कर पाया छोटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- छुरे के वार से अचेत होकर गिर पड़ा आयुष तो कर दी उसकी हत्या
- छोटे भाई की कलाई पर चलाया छुरा, फिर आरोपी ने रेता गला


आयुष


आहान

**अमृत विचार** : दो भाइयों की निर्मम हत्या के दूसरे दिन भी शहर में तनाव का माहौल रहा। स्थिति पर नियंत्रण के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पूरे दिन मुस्तैद रहे। बुधवार को दोनों भाइयों के शवों का पोस्टमार्टम हुआ तो हत्यारोपियों की निर्दयता सामने आई। इस दौरान पता चला कि बड़े भाई ने हत्यारोपी के हमले से बचने की कोशिश की थी लेकिन छोटा भाई तो विरोध भी नहीं कर पाया था। बड़े भाई के शरीर पर चोट के 14 निशान मिले हैं जबकि छोटे भाई के हाथ पर चोट का निशान था। दोनों के छुरे से कई बार गले रेते गए थे। वहीं हत्यारोपी के मुठभेड़ में मारे जाने के मामले में डीएम ने मजिस्ट्रेट से जांच कराने के आदेश दिए हैं।

मंगलवार की शाम हुई घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी ठेकेदार विनोद कुमार के बेटे आयुष (13) और आहान उर्फ हन्नू (6) की छुरे और उस्तरा से गला काटकर हत्या कर दी गई। आक्रोशित भीड़ ने बवाल किया। जिला अस्पताल के दो चिकित्सक त्वचा रोग विशेष डॉ. श्रीपाल और फिजीशियन डॉ. जीके गुप्ता के पैनल ने बुधवार सुबह 9 बजे शवों का पोस्टमार्टम किया। आयुष के शरीर पर गर्दन के अलावा कंधे, पीठ, हाथ, सिर आदि पर चोट के 14 निशान थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर साफ हो रहा है कि हत्यारोपियों ने उसे छुरे से मारने की कोशिश की होगी तो आयुष ने अपना बचाव किया होगा। हत्यारोपी छुरे और उस्तरा से वार करता रहा। आयुष के अचेत होने पर गला रेत दिया लेकिन 6 साल का आहान उर्फ हन्नू हत्यारोपी का विरोध तक नहीं कर सका। उसकी कलाई पर चोट का निशान था। हत्यारोपी ने दोनों की गर्दन जघन्य तरीके से रेती थीं। गर्दन पर छुरा रखकर फेरता रहा। दोनों की गर्दन आधी अलग हो गई थीं। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने दोनों के शव कछला ले जाकर दफन कर दिए। जिसके बाद मुठभेड़ में ढेर हुए हत्यारोपी साजिद के शव का पोस्टमार्टम हुआ। इस दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस की तीन गोलियां लगने से उसकी मौत हुई थी। दो गोली उसके सीने और एक गोली पेट के बगल में लगी थी। पुलिस ने मृतक बच्चों के पिता की तहरीर पर कस्बा सखानू निवासी दो सगे भाई साजिद व जावेद उर्फ बाबू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। साजिद को मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने मार गिराया वहीं दूसरे आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि फरार आरोपी की धरपकड़ के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं।

### सिटी मजिस्ट्रेट करेंगे पुलिस मुठभेड़ की जांच

पुलिस मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षा में चलाई गई गोली से हत्यारोपी साजिद की मौत होने की बात कह रही है। इसे लेकर सवाल उठने लगे हैं। डीएम मनोज कुमार ने मुठभेड़ की मजिस्ट्रेट जांच कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार को सौंपते हुए 15 दिन के अंदर रिपोर्ट देने को कहा है।

# आरोपों से घिरे एडी की जांच करेगा निदेशालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : पशुपालन विभाग में तैनात एक अपर निदेशक पर चिकित्सकों से वसूली और कर्मचारियों से उत्पीड़न का आरोप है। मामला निदेशालय पहुंचा तो निदेशक आरएन सिंह ने जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने भी कार्रवाई की बात कही है।

राजकीय पशु चिकित्सालय बीकेटी में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मी राजेंद्र का आरोप है कि पिछले माह एक अपर निदेशक ने धमका कर सादे पेपर पर हस्ताक्षर कराए और मुख्यालय से संबद्ध कर घर पर एक सप्ताह तक चौका-बर्तन व अन्य कार्य कराए। संबद्धीकरण गलत होने के कारण वह अस्पताल लौट आए। इस पर धमकी दी और वेतन रोकने के निर्देश दिए। उत्पीड़न की शिकायत पशुधन मंत्री, प्रमुख सचिव, विशेष सचिव व निदेशक से की। मंगलवार को निदेशक आरएन सिंह ने संज्ञान लिया और अपर निदेशक की गोपनीय जांच की। जांच में एक महिला कर्मी का उत्पीड़न समेत कई और बिंदु भी हैं।

# कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे रामलला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





- गुरु गोरखनाथ को अर्पित फूलों से भी बनाया हर्बल गुलाल औषधीय गुणों से परिपूर्ण
- संस्थान के निदेशक ने मुख्यमंत्री योगी को भेंट किए दोनों हर्बल गुलाल, मिली सराहना

**अमृत विचार** : अवधपुरी के भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में विराज रहे श्रीरामलला इस बार कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे। विरासत को सम्मान देने के भाव के साथ सीएसआईआर-एनबीआरआई के वैज्ञानिकों ने कचनार के फूलों से बने गुलाल को खास तौर पर तैयार किया है। यही नहीं, वैज्ञानिकों ने गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर के चढ़ाए हुए फूलों से भी एक हर्बल गुलाल तैयार किया है।

बुधवार को संस्थान के निदेशक ने दोनों खास गुलाल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किए।

मुख्यमंत्री ने इस विशेष पहल के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह निश्चित रूप से प्रदेश के साथ-साथ देश के कई स्टार्ट-अप और उद्यमियों के लिए अधिक अवसर एवं रोजगार प्रदान करेगा।

निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अयोध्या में रामायणकालीन वृक्षों का संरक्षण किया जा रहा है। विरासत को सम्मान और परंपरा के संरक्षण देने के यह प्रयास हमारे वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणास्पद है। इसी के तहत, संस्थान द्वारा श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या के लिए बौहिनिया प्रजाति जिसे आमतौर पर कचनार के नाम से जाना जाता है, के फूलों से हर्बल गुलाल बनाया गया है।

# एसपी ने विभिन्न कार्यालयों का किया वार्षिक निरीक्षण

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार**। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थित आईजीआरएस शाखा, जनशिकायत प्रकोष्ठ, वीवीआईपी सेल, जनसूचना शाखा, डीसीआरबी शाखा, फील्ड यूनिट, विशेष जांच प्रकोष्ठ, दृष्टि सेल, एएचटीयू, अंगूठा छाप के निरीक्षण के दौरान उनके अभिलेखों का वार्षिक निरीक्षण किया।

आईजीआरएस शाखा, जनशिकायत सेल, वीवीआईपी सेल, जनसूचना शाखा में रखी पत्रावलियों व अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण करने के साथ ही अभिलेखों के रखरखाव और उनको अद्यतन रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में साफ-सफाई का भी जायजा लेकर अधीनस्थों को जरुरी निर्देश दिया।

जनशिकायत प्रकोष्ठ में शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की स्थिति से सम्बन्धित पत्रावलियों का अवलोकन करते हुए आईजीआरएस शाखा के निरीक्षण के दौरान ऑनलाइन प्राप्त शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में शिकायतों के निस्तारण में विलम्ब नहीं होना चाहिए। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीओ ने कहा- मतदान प्रतिशत बढ़ाने में हर सम्भव योगदान करें अधिकारी

**बीते चुनावों में 40 प्रतिशत या उससे कम मतदान वाले बूथों पर विशेष प्रयास का निर्देश**

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार**। प्रतिशत मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप प्रभारी संत कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने के परिप्रेक्ष्य में स्वीप कार्यक्रम व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) के अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम कराये जाने के सम्बन्ध में विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं हीरा लाल राम निवास महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को 18-19 वर्ष के छात्र/छात्राओं की सूची प्रेषित करने, जिस बूथ पर 40 प्रतिशत से कम मतदाता हैं, उस बूथ पर एनएसएस के बच्चों द्वारा नुक्कड़सभा व नाटक प्रस्तुत किये जाने तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को 85 वर्ष से अधिक और 40 प्रतिशत विकलांग मतदाता की सूची प्रस्तुत करने, जिला कार्यक्रम अधिकारी को आगनवाड़ी व एसएचजी के माध्यम से रैली निकालने, जिला युवा अधिकारी व जिला युवा कल्याण अधिकारी को युवक मंगल दल के सदस्यों की बैठक बुलाकर युवा वोटर को जागरुक करने, जिला पंचायत राज्य अधिकारी को 100-200 सफाईकर्मियों की बाइक रैली निकालने, जिला क्रीड़ा अधिकारी को RUN FOR VOTE खिलाड़ियों की दौड़ के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय की आवाज में कालरटोन और बाइक रैली निकाले जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक संदीप चौधरी, जिला पंचायत राज्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, जिला युवा अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार, प्रधानाचार्य एचआरपीजी कालेज समेत तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नाली विवाद का खंड विकास अधिकारी ने कराया निस्तारण

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** बुधवार को खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान ने मेंहदावल विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत थरौली का निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण में गांव के एक रास्ते पर गंदा पानी एकत्रित देख जिम्मेदारों पर भड़क उठे। उन्होंने गांव के लोगों को समझा बूझाकर जल निकासी का जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया। और दो दिन वर्ष की विवाद को कुछ घंटों में समाप्त करा दिया। वही खंड विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधान व सचिव को मनरेगा योजना फाइल बनवा कर जल्द से जल्द सड़क व नाली निर्माण कराने का आदेश दिया। खंड विकास अधिकारी की इस पहल से ग्राम वासियों ने खुशी जताई है। खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान ने लोगों की शिकयत पर थरौली गांव का निरीक्षण किया। वह मौके का मुआयना कर हर जानकारी से रूबरू हुए।

### नमकीन, छेना व खोया का एकत्र किया नमूना

**बलरामपुर अमृत विचार।** आगामी त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम पूरी तरह सक्रिय हो गई है। बुधवार को टीम ने तुलसीपुर क्षेत्र में वृहद चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत कई दुकानों से खाद्य पदार्थों का नमूना एकत्र किया गया। दुकानदारों को मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न करने की चेतावनी दी गई है। सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) योगेश कुमार त्रिवेदी एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में टीम ने तुलसीपुर नई बाजार में श्याम इंटर प्राइजेज की दुकान से नमकीन का नमूना एकत्र किया। इसी तरह पिपरहवा चौराहा से विकास कुमार के यहां से खोया व छेना मिठाई जांच के लिए एकत्र किया। अहलादडीह से गुलशन कुमार की दुकान से खोया व छेना मिठाई का नमूना इकट्ठा किया गया। शमसुद्दीन स्टोर से नमकीन का नमूना लिया गया है।

### आज होगा होली-ठिठोली कार्यक्रम व सम्मान समारोह

**बलरामपुर अमृत विचार।** नगर में गुरुवार शाम रामलीला मैदान में होली महोत्सव समिति बलरामपुर द्वारा होली-ठिठोली कार्यक्रम और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में बैठक कर व्यापक रूपरेखा तैयार की गई है। सम्मान समारोह के बाद प्रदेश स्तरीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन होगा। आगामी 25 मार्च को नगर में गाजे-बाजे के साथ रंग जुलूस निकाला जाएगा। होली महोत्सव समिति के संरक्षक महाराजा बलरामपुर स्टेट जयेन्द्र प्रताप सिंह 25 मार्च की सुबह सिटी पैलेस पर होली के दौरान मौजूद रहेंगे। बैठक मैं समिति के अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, महामंत्री राधेश्याम मिश्रा, डॉक्टर तुलसी दुबे, संजय शर्मा भानु तिवारी और सुनील कसेरा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### जाम का झाम, नहीं है ई-रिक्शों पर लगाम


बलरामपुर नगर में ई-रिक्शों के कारण लगा जाम।

**बलरामपुर अमृत विचार।** मुख्यालय नगर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। सुबह-शाम ई-रिक्शों के कारण जाम के झाम से नगर वासी त्रस्त हैं। ट्रैफिक पुलिस मूखदर्शक बनी हुई है। रूट डायवर्जन का दावा हवा हवाई साबित हो रहा है। बता दें कि अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा सभी ई-रिक्शा चालकों के लिए अलग-अलग रूट की एक सीमा तय की गई थी और उन सभी को गाड़ियों के पीछे नंबर दिया गया था कि कौन सी गाड़ी किस रूट पर चलेगी लेकिन यह सारा दावा खोखला साबित हो रहा है इस समय होली और रमजान का त्यौहार चल रहा है। बाजारों में काफी भीड़ भाड़ है लेकिन ई रिक्शा चालकों की मनमानी के कारण पूरे बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है। न तो यहां पर कोई ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था है और न ही उनके रोक-टोक के लिए कोई कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में आए दिन बाजारों में कभी साइकिल वालों से तो कभी ठेले वालों से अक्सर ई रिक्शा चालकों की भिड़ंत हो जाती है और जाम की स्थिति बन जाती है। आम जनमानस को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### नगर पालिका की अनदेखी से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**बलरामपुर अमृत विचार।** आर्दश नगर पालिका की अनदेखी का खमियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ा रहा है। रोजे और नमाज के दौरान लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। जिससे स्थानीय लोगों में पालिका प्रशासन के खिलाफ काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है बार बार शिकायत के बाद भी इस समस्या के ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। इस्लाम के रमजान माह में मुस्लिम सम्प्रदाय के लोग बड़े अकीदत के साथ रोजे रखते है। इस दौरान वे परिवार, समाज और देश की सलामती की दुआ रखते हैं। इसी रोजे के दौरान अकीदतमंदों को तमाम दुशवारियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने पालिका कर्मियों से इसकी कई बार शिकायत की लेकिन उनकी एक न सुनी गई। मंगलवार को रोजेदार अनस, मेकरानी, नईम, समीम व मुन्नू ने बताया कि नगर पालिका के कुछ कर्मी आये थे लेकिन नाली में से थोड़ा कूडा निकालकर वापस चले गये। करीब 10 माह से ये समस्या बनी हुई लेकिन कोई समाधान नहीं निकल रहा है।

# फारेस्ट रेंजर व वन दरोगा पर भ्रष्टाचार का केस

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार**। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए वन विभाग में तैनात फार्रेस्ट रेंजर डीपीसिंह व वन दरोगा भरत प्रसाद सिंह के विरूद्ध भ्रष्टाचार की गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए पूरे प्रदेश में उनके द्वारा अर्जित की गई अवैध परिसम्पत्तियों की खुली जांच अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश भ्रष्टाचार निरोधक संगठन से कराने के आदेश दिए हैं।

मामला तहसील तुलसीपुर अन्तर्गत ग्राम चरनगहिया का है जहां पर सागौन का पेड़ काटने की परमिट एवं परिवहन के लिए फारेस्ट रेन्जर एवं वन दरोगा ने लकड़ी व्यवसायी से बकायदा रेट चार्ट बनाकर एक लाख इकहत्तर हजार रूपए वसूल लिए और अभी भी लकड़ी के परिवहन की अनुमति के लिए अस्सी हजार रूपए की मांग और की जा रही है। ठेकेदार द्वारा मांगी गई राशि न देने पर फारेस्ट रेन्जर एवं वन दरोगा ने अभी तक ठेकेदार को लकड़ी का परिवहन की अनुमति नहीं दी है।

बताते चलें कि सुनील वर्मा पुत्र श्री चन्द्रभान वर्मा, निवासी वार्ड नं0-7 नगर पालिका कसया थाना कोतवाली कसया, जनपद कुशीनगर लकड़ी व्यवसायी ने गत सोमवार 18 मार्च व मंगलवार 19 मार्च 2024 को जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर पूरी घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए आपबीती बताई। शपथपत्र देते हुए शिकायत किया कि ग्राम चरनगहिया परगना व तहसील तुलसीपुर जनपद बलरामपुर में गाटा संख्या-632 रक्बा 1.489 हेक्टयर जो कि श्रीमती रेनू सिंह पत्नी स्व0 मिथलेश कुमार सिंह के नाम दर्ज है। इस गाटे में सागौन के 300 पेड़ उसके द्वारा खरीदे गये थे। रेनू सिंह के आवेदन पर रिपोर्ट लगाने के लिए जब ठेकेदार ने फार्रेस्ट रेंजर डीपी सिंह से सम्पर्क किया तो उन्होंने कहा कि सिस्टम के हिसाब से आओ। भांभर रेन्ज में तैनात तथा तुलसीपुर रेन्ज के प्रभारी फारेस्ट रेन्जर डीपी सिंह ने तुलसीपुर वन यूनिट के वन दरोगा भरत प्रसाद सिंह से मिलने को कहा। जिस पर ठेकेदार ने वन दरोगा भरत प्रसाद सिंह से 300 सागौन के पेड़ो पर रिपोर्ट लगाने का अनुरोध किया। वन दरोगा द्वारा प्रति पेड़ एक हजार रूपये कुल तीन लाख रूपये की मांग की गई। जबकि आवेदक ने अनुमति के लिए नवम्बर-दिसम्बर में ऑनलाइन आवेदन किया था। दो महीने तक आवेदक को वन विभाग के अधिकारी दौड़ाते रहे।

# लापरवाही के आरोप में चार सेक्टर मजिस्ट्रेटरों पर गिरी गाज

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार**। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गए चार सेक्टर मजिस्ट्रेटों का वेतन रोक दिया गया है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गए 4 सेक्टर मजिस्ट्रेट जिसमें अवर अभियंता पीएमजीएसवाई हरिश्चन्द्र, अवर अभियंता जल निगम मनोज कुमार पाल, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी विनय कुमार दुबे एवं अवर अभियंता पीएमजीएसवाई मनोज कुमार शुक्ला को वनरेबल क्रिटिकल की जाँच हेतु आदेशित किया गया था परन्तु उनके द्वारा वनरेबल क्रिटिकल की कोई सूचना उपलब्ध नही कराई गई जो घोर लापरवाही की घोतक है तथा निर्वाचन अयोग के सुसंगत आदेशों की अवहेलना है जो किसी रूप में स्वीकार नही है।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्वाचन सम्बन्धित कार्य में लापरवाही करने पर उक्त चारों कार्मिकों का तत्काल प्रभाव से मार्च 2024 का वेतन बाधित करते हुए निर्देशित किया गया है कि उक्त कृत्य के लिए अपना स्पष्टीकरण 3 दिवस में प्रस्तुत करें तथा क्रिटकल एवं बल्नरेबल बूथ की सूची कार्यालय से प्राप्त कर, भ्रमण कर रिपोर्ट/सूचना निर्वाचन कार्यालय में 20 मार्च को सायं 5 बजे तक प्रत्येक दशा मे उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### शत-प्रतिशत विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में शामिल

**बलरामपुर अमृत विचार।** बुधवार से परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई। पहले दिन शत प्रतिशत उपस्थिति रही। वहीं, नकल रोकने के लिए गठित सचल दल के अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। पंजीकृत 2.35 लाख छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 100 प्रतिशत रही। 1814 परिषदीय एवं 11 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पहले दिन की प्रथम पाली में कक्षा दो की हिंदी, कक्षा तीन में सामाजिक विषय तथा कक्षा चार से आठ तक की गणित विषय की परीक्षा कराई गई। द्वितीय पाली में कक्षा तीन से आठ तक की कक्षाओं के लिए कला व संगीत विषय की परीक्षा कराई गई। कक्षा एक से पांच तक की मौखिक परीक्षा और कक्षा 5 से 8 तक की लिखित परीक्षा कराई गई है। सभी बीईओ के साथ जिला समन्वयकों ने भ्रमण कर परीक्षा का जायजा लिया। इसके साथ ही ब्लॉक स्तर पर निगरानी के लिए एआरपी को भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

# पूर्व विधायक द्वारा जब्त सरकारी जमीन को डीएम ने कराया मुक्त

संवाददाता, बलरामपुर

**पूर्व विधायक ने खाद गड्ढे की जमीन को कराया था अपने नाम**

**अमृत विचार**। पूर्व सपा विधायक द्वारा सार्वजनिक प्रयोजन के लिए सुरक्षित खाद गड्ढे की जमीन को गलत तरीके से अपने नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर दर्ज करा ली गई जमीन को जिलाधिकारी के आदेश पर पुनः ग्राम सभा की जमीन में दर्ज करने की कार्यवाही की गई है।

मामला तहसील उतरौला का है जहां पर पूर्व सपा विधायक आरिफ अनवर हाशमी पुत्र अब्दुल गफ्फार हाशमी निवासी सादुल्लाह नगर तहसील उतरौला ने ग्राम सभा की सार्वजनिक प्रयोजन के सुरक्षित खाद गड्ढे की जमीन को अपने नाम दर्ज कराकर खतौनी बनवा ली गई। जिलाधिकारी को गोपनीय शिकायत मिली कि आरिफ अनवर हाशमी द्वारा सार्वजनिक प्रयोजन के लिए सुरक्षित खाद गड्ढे की जमीन को गलत तरीके से अपने नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर दर्ज करा लिया गया है। जिलाधिकारी ने मामले की गोपनीय जांच कराई तो मामला सही पाया गया।

जांच में पाया गया कि आरिफ अनवर हाशमी ने वर्ष 1979 में बाले पुत्र राम नारायन से 10 बिस्वा जमीन बैनामा लिया गया था। बैनामा ली गई जमीन में से साढ़े चार बिस्वा रकबा को आरिफ अनवर हाशमी द्वारा नाली में दर्ज करा दिया गया और खाद गड्ढे के लिए सुरक्षित जमीन को अपने नाम दर्ज कराकर खतौनी बनवा लिया। अभिलेखों को खंगालने पर पाया गया कि आरिफ अनवर हाशमी पुत्र अब्दुल गफ्फार हाशमी ने चकबन्दी अधिनियम में दिए गये प्राविधानों को दरकिनार करते हुए गलत तरीके से सार्वजनिक प्रयोजन की खाद गड्ढे की जमीन को अपने दर्ज कराकर खतौनी बनवा ली है।

गोपनीय जांच एवं साक्ष्यों के आधार पर जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने भूमाफियाओं के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने के आदेश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को दिये।

### सीएमओ ने की स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा

**बलरामपुर अमृत विचार।** सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा किया जाय। टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि टी बी के सभी संभावित मरीजों की जांच अवश्य कराई जाय, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए की प्रत्येक टीबी के मरीज का ब्यौरा निक्षय पोर्टल पर अपडेट किया जाय और सभी मरीजों का इलाज भी सुनिश्चित भी किया जाय। बैठक मे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला, डॉ मीनाक्षी चौधरी, डॉ अनिल कुमार चौधरी, डॉ बी पी सिंह, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी जनपद व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# न परिणाम न ही पुस्तक फिर भी परीक्षा पर भड़के विद्यार्थी


बलरामपुर एम एल के पी जी कालेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी के लोग।

**बलरामपुर अमृत विचार।** परिणाम घोषित न होने और न ही किताबें उपलब्ध होने से नाराज डिग्री कॉलेज के छात्रों ने विश्वविद्यालय के खिलाफ प्रदर्शन किया प्रदर्शन के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की एमएलके पीजी कॉलेज इकाई ने बुधवार को प्राचार्य को कुलपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी के जिला संयोजक अम्बुज भार्गव ने बताया की विश्वविद्यालय द्वारा 6 फरवरी तक विषम सेमेस्टर की परीक्षाए कराई जाती हैं और फिर तुरंत बाद अवकाश घोषित हो जाता है। फिर अचानक से विश्वविद्यालय द्वारा अप्रैल माह में सम सेमेस्टर की परीक्षाओं को कराने की सूचना आ जाती है। जबकि अभी पूर्ण रुप से छात्र छात्राओं का विषम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम भी नही आया है। कालेज इकाई मंत्री शिवम दूबे ने कहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रत्येक सेमेस्टर की 90 दिन कक्षाएं संचालित होनी चाहिए।

# बाहुबल के साए में चुनाव, अब बीते दिनों की बात

## चुनाव प्रभावित करने वाले कई बाहुबली जेल में, योगी सरकार ने खत्म किया बाहुबलियों का दबदबा

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** यह पहली बार है कि 2024 का लोकसभा चुनाव बाहुबलियों के बगैर होने जा रहा है। दूर-दूर तक कोई बाहुबली मैदान में नहीं दिख रहा है। आलम यह है कि चुनावों को प्रभावित करने वाले बाहुबली भी अपने-अपने क्षेत्रों से गायब हैं। ज्यादातर बाहुबली या तो जीवित नहीं हैं या फिर जेलों में बंद हैं। ऐसे में 2024 का चुनाव नजीर बनेगा। जाहिर है सरकार ने वादे के अनुरूप प्रदेश में बाहुबलियों का साम्राज्य लगभग खत्म कर दिया।

### प्रदेश के कई बड़े अपराधी, जो चुनाव में देते थे दखल



चार बार से ज्ञानपुर सीट से विधायक रहने वाले बाहुबली विजय मिश्रा का कद इतना बड़ा था कि वह मोदी लहर में भी चुनाव जीते। विजय का कद इतना बड़ा था कि आसपास की सीटों पर भी प्रभाव पड़ता था। योगी सरकार आने के बाद विजय मिश्रा के खिलाफ पुलिस को कार्रवाई करने की छूट मिली। इस समय विजय मिश्रा जेल में हैं और राजनीतिक रूप से भी प्रभावहीन हो चुके हैं।



मुख्तार अंसारी का जरायम की दुनिया में बड़ा नाम है। मुख्तार मऊ निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे, जिसमें दो बार बसपा के टिकट पर जीते। एक वक्त था जब मुख्तार को टिकट देने के लिए विभिन्न पार्टियां बेचैन रहती थी, क्योंकि मुख्तार जीत की गारंटी थे। जलवा इतना कि मुख्तार के वरदस्त पर कई मऊ के कई विधानसभा सीटों पर जीत तय होती थी। इन दिनों मुख्तार सजायाफ्ता हैं। किसी भी पार्टी में दखलंदाजी नहीं है।



माफिया और नेता रहे अतीक अहमद तत्कालीन इलाहाबाद और फूलपुर में खासा दबदबा रहता था। अतीक इलाहाबाद पश्चिमी सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने गए। 14वीं लोकसभा के लिए समाजवादी पार्टी ने फूलपुर से उम्मीदवार चुना। अतीक अहमद का कद इतना बड़ा था कि वह जेल से चुनाव लड़ते और जीतते थे। अप्रैल 2023 में एक गोलीकांड में अतीक की हत्या होने के बाद इलाहाबाद और फूलपुर बाहुबल की राजनीति से पूर्णतया मुक्त हो गया।



तीन बार विधायक और दो बार सांसद रहे यूपी के टॉप टेन माफिया रिजवान जहीर का दबादबा भी लगभग खत्म हो गया। रिजवान जहीर के दबदबे का आलम यह था कि एक समय उन्होंने सपा मुखिया रहे मुलायम सिंह यादव को भी चुनौती दे डाली थी। बसपा, कांग्रेस और सपा में भी प्रभाव रहा। रिजवान के बुरे दिन तबसे शुरू हुए जब यूपी में योगी के नेतृत्व में सरकार बनी। योगी सरकार में रिजवान का नाम यूपी के टॉपटेन माफियाओं में था। सरकार की कार्रवाई में ही रिजवान के राजनैतिक कॅरियर का लगभग अंत हो गया।



लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र के रूप में छात्रसंघ की राजनीति में दखल से धनंजय सिंह का राजनैतिक कॅरियर भी शुरू हुआ। 2002 से 2009 तक निर्दल रारी से विधायक रहे। 15वीं लोकसभा में बसपा के टिकट पर सांसद बने। धनंजय सिंह का जौनपुर संसदीय सीट व विधानसभा क्षेत्रों में दबदबा रहता था। हत्या, लूट जैसे अपराधों को अंजाम देकर धनंजय जरायम की दुनिया में पहुंचे थे। 2024 के चुनावों में ताल ठोकने की तैयारी कर रहे थे, तभी अदालत के एक फैसले से जेल चले गए।



आजमगढ़ की राजनीति में बाहुबली रमाकांत यादव का दबदबा भी लगभग खत्म हो चुका है। जहरीली शराब पीने से 13 लोगों की मौत के मामले में बाहुबली अभी भी जेल में निरुद्ध हैं। रमाकांत यादव के रसूख का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह आजमगढ़ सीट से चार बार सांसद रह चुके हैं। प्रदेश में सक्रिय लगभग सभी पार्टियां रमाकांत को टिकट देने के लिए आतुर रहती थी। लेकिन अदालती और कानूनी कार्रवाइयों ने रमाकांत के बाहुबल का लगभग खात्मा कर दिया।

### पश्चिमी उप्र. की राजनीति में भी खत्म हुआ बाहुबल

पूर्वांचल ही नहीं बल्कि, पश्चिमी यूपी की राजनीति में भी माफियाराज इतिहास का विषय बन चुका है। यहां के माफियाओं में बदन सिंह, डीपी यादव, हाजी याकूब कुरैशी, सुनीर, यशपाल तोमर, अमरपाल उर्फ कालू, संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा, विनय त्यागी, एजाज, सुंदर भाटी, अमित कसाना, विक्रांत उर्फ विक्की जैसे माफियाओं का चुनावों में पूरा हस्तक्षेप रहता था। पुलिस अफसरों के मुताबिक उक्त अपराधी स्थानीय चुनावों को अपने हिसाब से प्रभावित करने में सक्षम थे। सरकार की कार्रवाइयों से यहां के माफियाराज का लगभग अस्त हो चुका है। पूर्वांचल में वृजेश सिंह, संजीव द्विवेदी उर्फ रामू द्विवेदी, अब्बास अंसारी पर भी खूब कानूनी कार्रवाई हुई। अदालतों ने भी सख्ती दिखाई।

## कभी इनके चेहरे पर ही था चुनाव

# इस बार न कल्याण न मुलायम

### सक्रिय राजनीति में न होने के बावजूद भी समर्थकों में रहता था जोश

**2021** में कल्याण व 22 में मुलायम की मृत्यु के बाद हो रहा पहला लोकसभा चुनाव

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार।** इस बार के लोकसभा चुनाव में पीडीए बनाम एनडीए के चुनावी संघर्ष के अब तमाम चेहरों की गुटबंदी आमने-सामने है। एक गठबंधन 'पीडीए' के तो दूसरा 'कमण्डल' के साथ नजर आता है। अब जनता ही तय करेगी हर स्तर पर विकास का मुद्दा बड़ा या जाति और धर्म का?

बहरहाल, एक समय था जब कल्याण सिंह, मुलायम सिंह यादव और छोटे चौधरी कहे जाने वाले अजित सिंह के लिए लगने वाले नारे रोंगटे खड़े देते। जिसका जलवा कायम है, उसका नाम मुलायम है। कल्याण सिंह तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं। अजित सिंह आए हैं, हरित प्रदेश लाए हैं। हालांकि मौजूदा राजनीतिक हस्तियों को लेकर नारे अब भी लगते हैं लेकिन रोंगटे खड़े कर देने को आत्मसात नहीं होते।

बहरहाल, चुनावी बिगुल फुंकने के साथ उत्तर प्रदेश के राजनीतिक पटल पर सरगर्मी तेज है। भाजपा आत्मविश्वास से लबरेज है तो सपा उत्साहित। कांग्रेस कन्फ्यूज़ड है तो बसपा में रहस्मयी चुप्पी पसरी है। निकट भविष्य में सभी की राजनीतिक तकदीर लॉक होने को है। लेकिन इससे पहले होने जा रहे चुनावी संघर्ष में इस बार लगभग चार दशक तक अपनी रणनीतियों, तौरतरीकों, दांवपेचों से विरोधियों को पटखनी देने वाले मुलायम-कल्याण नहीं होंगे। अंतिम दिनों में भले दोनों हस्तियां सक्रिय राजनीति से दूर रहीं हों, पर उनके होने के एहसास मात्र ही दोनों दलों के एक बड़े समर्थक वर्ग के दिलो-दिमाग में राज करता था। उप्र. की राजनीति का अतीत देखें तो 90 के दशक से ही मुलायम और कल्याण इस राज्य की राजनीति के केन्द्र बिन्दु बने रहे। अगस्त 2021 में कल्याण सिंह तो अक्तूबर 2022 में मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया। सपा की स्थापना के बाद मुलायम की गैर-मौजूदगी में पार्टी का यह पहला चुनाव होगा। वहीं राम मंदिर निर्माण से भले भाजपा का बहुप्रतिक्षित एजेंडा पूरा हुआ हो पर इस अभियान के असल हीरो कल्याण की कमी तो खलनी स्वाभाविक है। वहीं, तीन दशक से हर लोकसभा चुनाव में भागीदारी करने वाले राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया रहे चौधरी अजित सिंह की भी मृत्यु मइ्र 2021 में हुई। अजित सिंह तो रहे नहीं लेकिन इस चुनाव में चौधरी खानदान का भी कोई चेहरा नहीं उतरेगा। उनके बेटे जयंत चौधरी इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे।



कल्याण सिंह को याद करें तो, नब्बे के दशक की शुरुआत में राजनीति का जो दौर था, उसे मण्डल और कमण्डल यानी आरक्षण और राम मंदिर आंदोलन के तौर पर जाना जाता है। देश भर में एक ओर मण्डल आयोग की सिफारिशों का समर्थन और विरोध चल रहा था, तो दूसरी ओर अयोध्या में राम-जन्मभूमि के लिए आंदोलन चल रहा था। मुख्यमंत्री थे मुलायम सिंह यादव। इस बीच भाजपा ने कल्याण सिंह को आगे किया। कल्याण सिंह ने एक साल में ही भाजपा को उस स्थिति में ला दिया कि पार्टी ने 1991 में पूर्ण बहुमत की सरकार बना ली। मुख्यमंत्री बनने के बाद कल्याण सिंह ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ अयोध्या का दौरा किया और राम मंदिर का निर्माण करने के लिए शपथ ली थी।

# ...फिर भी नहीं बढ़ा मतदान प्रतिशत

**2014** में मोदी लहर के कारण बढ़ा था मतदान प्रतिशत | अधिक मतदान के लिए चलाया गया अभियान

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकतंत्र के महापर्व पर भीषण गर्मी के बीच मतदाताओं को मतदेय स्थलों तक ले जाना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। लोकसभा, विधानसभा और निकाय के चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर तमाम जतन किए जाते हैं मगर अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नहीं आते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में 70 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य है। लक्ष्य हासिल होता है या नहीं यह तो भविष्य के गर्त में छुपा है और इसका जवाब 20 मई को मिलेगा।

किसी भी चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। इसके बाद प्रदेश और जिले स्तर पर इसका अनुपालन होता है। मताधिकारी को लेकर सबको जागरूक किया जाता है और चुनाव के दौरान बहुमूल्य मत का प्रयोग करने की अपील भी की जाती है। लगातार होने वाली इस कवायद के बाद भी मतदान प्रतशित में कोई खासी बढ़ोतरी नहीं हुई। 2004 और 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में तमाम प्रयास करने के बाद महज दो प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जबकि 2014 के चुनाव में सत्ता के बदलाव की बयार बह रही थी और मोदी लहर के कारण मतदान प्रतिशत 53.1 प्रतिशत पहुंच गया था। जबकि 2019 के चुनाव में महज छह प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और मत प्रतिशत 59.11 रहा।

**इस बार 70** प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य है, 20 मई को पता चलेगा कितना बढ़ा मतदान प्रतिशत

### घर से मतदान करेंगे 60 हजार मतदाता

**संवाददाता, लखनऊअमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़वाने के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग से लेकर राज्य और जिला स्तर तक की टीमें सक्रिय हो गई हैं। 85 वर्ष से अधिक के लगभग 60 हजार मतदाता इस बार घर बैठकर मतदान कर सकते हैं। खास बात यह है कि अगर कोई बुजुर्ग मतदाता अगर मतदेय स्थल तक जाना चाहते हैं तो उनके लिए प्रशासन की ओर से व्यवस्था कराई जा सकती है। बता दें कि चुनाव आयोग ने घर से वोट डालने की सुविधा सिर्फ बुजुर्गों और दिव्यांगों को दी है। 85 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग और 40% से ज्यादा दिव्यांग घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। दिव्यांग व्यक्तियों के पास डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट होना आवश्यक है। जिसमें इस बात का जिक्र हो कि डिसेबिलिटी कितने प्रतिशत है। जो बुजुर्ग अथवा दिव्यांग मतदाता घर बैठे वोट डालना चाहते हैं उन्हें केंद्रीय चुनाव आयोग के सक्षम एप पर इस विकल्प का चुनाव करना होगा। एप पर विवरण के साथ परेशानी भी बतानी होगी। लोकसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के घर फार्म भिजवाया जाएगा।

### विभिन्न आयुवर्ग के मतदाता

| 80-89 आयुवर्ग | 90-99 आयुवर्ग | 100-119 आयुवर्ग | 120 आयुवर्ग से अधिक |
|---|---|---|---|
| 5300 | 1189 | 48 | 01 |
| 4797 | 867 | 42 | 02 |
| 7789 | 1094 | 27 | 02 |
| 4721 | 597 | 27 | 02 |
| 5934 | 936 | 19 | 00 |
| 7894 | 1137 | 29 | 00 |
| 5732 | 978 | 07 | 00 |
| 4461 | 490 | 01 | 00 |
| 4937 | 1166 | 18 | 03 |



| वर्ष | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| 2004 | 35.00 |
| 2009 | 37.00 |
| 2014 | 53.1 |
| 2019 | 59.11 |

### रमाबाई अंबेडकर मैदान में बनेगा स्ट्रांग रूम

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू कर दी है। रमाबाई अंबेडकर मैदान और रैन बसेरा में अधिग्रहीत किए गए कक्षों में ईवीएम ओर वीवीपैट रखे जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने रमाबाई अंबेडकर मैदान में कक्ष संख्या एक से दस, रमाबाई अंबेडकर मैदान मुख्यालय स्मारक समिति में कक्ष 11 एवं 12 को अधिग्रहीत किया गया है। इनमें ईवीएम और वीवीपैट रखे जाएंगे। साथ ही रैन बसेरा आशियाना में कक्ष संख्या 36 से 38 तक अधिग्रहीत किए गए हैं। इनमें प्रयोग में न आने वाली ईवीएम, महत्वपूर्ण अभिलेख और अन्य सामग्री रखी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से इसकी सूचना मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त और लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को भेजी गई है।






पहली बार मतदान को लेकर काफी उत्साहित हूं। लोकसभा चुनाव में वोट करने का मौका मिला है। मैं अपना वोट शिक्षा, बेरोजगारी और विकास पर ही करूंगी। जनपद में जो भी प्रत्याशी विकास को लेकर सजग होगा उसे ही मेरा वोट जाएगा। शिक्षा, बेरोजगारी, महिलाओं को सुरक्षा देने वाली सरकार चुनने के लिए मतदान करूंगी।

**पूनम, सेन**
पहितीपुर बाजार विधानसभा क्षेत्र कटेहरी अंबेडकरनगर।

# बाहरी ही सुलतानपुर में खिला सके 'कमल'

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** सुलतानपुर लोकसभा सीट पर अब तक हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय उम्मीदवारों पर बाहरी प्रत्याशी भारी पड़े हैं। बाहरी प्रत्याशियों ने जहां यहां पर कमल खिलाया है, वहीं स्थानीय प्रत्याशी जमानत भी नहीं बचा सके है।

सुलतानपुर लोकसभा सीट अधिकतर कांग्रेस के ही पास रही। इस बार उसका प्रत्याशी यहां नहीं है। इंडिया गठबंधन में सपा के पाले में यह सीट गई है। भगवा ब्रिगेड की बात करे तो 1991 में पहली सफलता अयोध्या के संत विश्वनाथ दास शास्त्री ने जीत कर यहां पर भाजपा का खाता खोला था। शास्त्री को 1,73,485 और निकटम प्रतिद्वंदी जनता दल के राम सिंह को 64,529 वोट मिले थे। 1996 और 1998 में भाजपा के उम्मीदवार बाबरी ध्वंस के समय फैजाबाद के पुलिस अधीक्षक रहे देवेंद्र बहादुर राय (डीबी राय) थे। 1996 में राय को 2,38,843 और निकटतम प्रतिद्वंदी सपा के कमरुज्जमा फौजी को 1,20,559 वोट मिले। 1998 में राय को 2,69,9510 और डा. रीता बहुगुणा जोशी सपा के वोट 2,05,5030 थे।

1999 में भाजपा बिना लड़े ही मैदान के बाहर हो गई थी। उसके प्रत्याशी सत्यदेव सिंह (गोंडा) समय से नामांकन नहीं दाखिल कर सके थे। इस चुनाव में सुलतानपुर लोकसभा सीट पर बसपा से जयभद्र सिंह निर्वाचित हुए। 2004 और 2009 में भाजपा ने स्थानीय उम्मीदवारों को अवसर दिया। दोनों ही बार पार्टी चौथे स्थान पर रही। 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने स्थानीय उम्मीदवार डा. वीणा पांडेय पर भरोसा दिखाया तो वह 91,328 मत ही पा सकी। वहीं, बसपा के मो. ताहिर खान ने 2,61,564 मत पाकर दुबारा सुलतानपुर लोक सभा सीट बसपा के झोली में डाल दिया। 2009 के लोक सभा चुनाव में भाजपा ने फिर स्थानीय उम्मीदवार सूर्यभान सिंह को टिकट दिया। सूर्यभान सिंह 44,425 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे और जमानत जब्त हो गई। वहीं कांग्रेस के डा संजय सिंह 3,00,411 मत पाकर एक बार फ़िर यह सीट कांग्रेस के झोली में डाल दी। 2014 और 2019 में भाजपा की कामयाबी बाहरी उम्मीदवारों के जरिए मिली। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर पैराशूट उम्मीदवार वरुण गांधी को प्रत्याशी बनाया। वरुण गांधी 4,10,348 मत पाकर बसपा के पवन कुमार पांडेय को 1,78,902 मतों से हरा सुलतानपुर की सीट भाजपा के खाते में डाल दी। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बिना कोई गलती किए मेनका संजय गांधी को प्रत्याशी बनाया। मेनका संजय गांधी 4,59,196 मत पाकर सपा समर्थित बसपा प्रत्याशी चंद्र भद्र सिंह को 14,526 मतों से हरा सीट भाजपा के खाते में डाल दिया।

# 33 साल से लखनऊ सीट नहीं हारी भाजपा

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**विश्लेषण**

- लखनऊ और मोहनलालगंज सीट पर मतदान 5वें चरण में 20 मई को होगा
- लोकसभा की दोनों संसदीय सीट पर 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग









- इसमें सबसे अधिक युवा (18 से 29 वर्ष) मतदाताओं की संख्या लगभग 7 लाख 2 हजार 860 है

**अमृत विचार :** लखनऊ लोकसभा सीट की खासियत अलग है। यहां अटल बिहारी वाजपेयी का बोया बीज बरगद का रूप ले चुका है। इस सीट पर हर क्षेत्र के पुरोधा अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। मगर 33 साल से लखनऊ लोकसभा सीट भाजपा की झोली में है और इस बार भी चुनौती नहीं के बराबर है।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी लखनऊ मध्य से विधायक रविदास मेहरोत्रा जरूर दौड़ में हैं। सपा कैंडीडेट रविदास मेहरोत्रा सिर्फ एक सीट से विधायक हैं, जबकि राजनाथ सिंह लखनऊ की कई सीट पर बीजेपी उम्मीदवारों को जिता चुके हैं। मेयर सुषमा खर्कवाल भी बीजेपी की है, इसलिए राजनाथ सिंह का विस्तार रविदास मेहरोत्रा या इंडिया गठबंधन से निश्चित तौर पर ज्यादा है। उधर बसपा के लिए प्रत्याशी चयन ही संकट बन गया है। राजधानी लखनऊ में मतदाताओं ने भी बदलते दौर के साथ अपना मिजाज बदला, जिसके परिणाम भी चौंकाने वाले सामने आए। 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दो लोकसभा सीटें है। लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा सीट। इन पर 20 मई को 5वें चरण में वोटिंग होनी है। दोनों संसदीय सीट पर 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता हैं। 20 मई को कुल 1545 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दोनों संसदीय सीट पर 18 से 29 वर्ष के युवा मतदाताओं की संख्या 7 लाख 2 हजार 860 है।

वहीं मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर बीजेपी ने कौशल किशोर पर फिर से भरोसा जताया है जबकि समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री आरके चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया है। इस लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी होंगे। बसपा ने अभी लखनऊ की दोनों ही सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

### पहली जीत विजय लक्ष्मी को मिली थी

आजादी के बाद लखनऊ संसदीय सीट पर कुल 16 बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा 7 बार भाजपा और 6 बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है। इसके अलावा जनता दल, भारतीय लोकदल और निर्दलीय ने एक-एक बार जीत दर्ज की है। पहले चुनाव में लखनऊ सेंट्रल से जहां मशहूर नेता विजय लक्ष्मी पंडित विजयी हुई थी वहीं लखनऊ-बाराबंकी सीट पर कांग्रेस के ही उम्मीदवार मोहन लाल सक्सेना को जीत मिली थी।

### 1991 में अटल बिहारी की जीत के बाद भाजपा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा

लखनऊ लोकसभा सीट को बीजेपी का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर 1991 से बीजेपी का कब्जा है। भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने पहली बार इस सीट को 1991 में जीतकर बीजेपी की झोली में डाल दिया था। जीत का सिलसिला अभी भी जारी है। भाजपा 8 बार लोकसभा चुनाव जीत चुकी है। जिसमें अटल जी 5 बार, लाल जी टंडन एक और राजनाथ सिंह दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। राजनाथ सिंह 2014 और 2019 में रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीत चुके हैं। अटल जी ने 8 बार चुनाव लड़ा, जिसमें लगातार उन्हें 3 चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। लखनऊ लोकसभा सीट में कुल 5 लखनऊ पश्चिमी, उत्तरी, पूर्वी, मध्य और कैंट विधानसभा सीट आती है। 2022 विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 3 और सपा ने दो सीट जीती थीं। वर्ष 1967 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी आनंद नारायण मुल्ला ने बाजी अपने नाम की। हालांकि1971 में शीला कौल ने कांग्रेस को जीत दिलाई। इसके बाद जनता पार्टी से हेमवती नंदन बहुगुणा सांसद रहे। हालांकि उन्हें हराकर शीला कौल लगातार दो बार सांसद रहीं। 1989 में जनता दल से मांधाता सिंह ने जीत दर्ज की, लेकिन 1991 में अटल बिहारी वाजपेयी के जीतने के बाद भाजपा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### लखनऊ सीट पर अब तक लोकसभा के सदस्य

| नाम | वर्ष | दल |
|---|---|---|
| शिवराजवती नेहरू | 1951-53 | कांग्रेस |
| विजयलक्ष्मी पंडित | 1953-57 | कांग्रेस |
| पुलिन बिहारी बनर्जी | 1957-60 | कांग्रेस |
| बीके धवन | 1962-67 | कांग्रेस |
| आनंद नारायण मुल्ला | 1967-71 | निर्दलीय |
| शीला कौल | 1971-77 | कांग्रेस |
| हेमवती नंदन बहुगुणा | 1977-80 | लोकदल |
| शीला कौल | 1980-84 | कांग्रेस |
| शीला कौल | 1984-89 | कांग्रेस |
| मंधाता सिंह | 1989-90 | जनता दल |
| अटल बिहारी वाजपेयी | 1991-96 | भाजपा |
| अटल बिहारी वाजपेयी | 1996-98 | भाजपा |
| अटल बिहारी वाजपेयी | 1998-99 | भाजपा |
| अटल बिहारी वाजपेयी | 1999-2004 | भाजपा |
| अटल बिहारी वाजपेयी | 2004-2009 | भाजपा |
| लालजी टंडन | 2009-2014 | भाजपा |
| राजनाथ सिंह | 2014-2019 | भाजपा |
| राजनाथ सिंह | 2019-2024 | भाजपा |

### कौशल किशोर कर रहे जीत की हैट्रिक लगाने का हर संभव प्रयास

मोहनलालगंज सीट पर 1962 में पहली बार कांग्रेस ने चुनाव जीता था, कांग्रेस सबसे ज्यादा 5 बार चुनाव जीत चुकी है, लेकिन अब बीते 40 साल से जीत के लिए तरस रही है। बीजेपी और सपा ने 4-4 बार चुनाव जीता है। 1991 में लखनऊ लोकसभा सीट और मोहनलालगंज सीट पर बीजेपी ने एक साथ खाता खोला था। बीजेपी के छोटेलाल ने 1991 में चुनाव जीता था। 1998 में सपा ने पहली बार जीत दर्ज की थी। इस सीट से जनता दल और जनता पार्टी के कैंडिडेट 1-1 बार चुनाव जीत चुके हैं। बीजेपी कैंडिडेट कौशल किशोर कांग्रेस सांसद गीता देवी की बराबरी करने के लिए जीत की हैट्रिक लगाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसमें सिधौली, मोहनलालगंज, मलिहाबाद, बख्शी तालाब और सरोजनीनगर विधानसभा सीट शामिल हैं। यह सभी सीटें भाजपा के पास है।

### एम बी हनीफा ने बनाई थी ईवीएम

- पांचवी बार ईवीएम के जरिए लोकसभा चुनाव होने जा रहा है। जिस भारतीय ईवीएम पर सवाल उठाए जा रहे हैं उसका आविष्कार 1980 में 'एम बी हनीफा' के द्वारा किया गया था। जिसे उसने 'इलेक्ट्रॉनिक संचालित मतगणना मशीन' के नाम से 15 अक्टूबर 1980 को पंजीकृत करवाया था। एकीकृत सर्किट का उपयोग कर "एम बी हनीफा" द्वारा बनाये गये मूल डिजाइन को तमिलनाडु के छह शहरों में आयोजित सरकारी प्रदर्शनियों में जनता के लिए प्रदर्शित किया गया था। अगस्त, 1980 में राजनीतिक दलों के समक्ष पहली बार प्रदर्शन के बाद आयोग ने इसके इस्तेमाल के निर्देश जारी किए थे। 1982 में केरल में हुए चुनाव में पहली बार ईवीएम का उपयोग हुआ। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती मिलने के बाद चुनाव रद कर दिए गए। 1998 में चुनाव कराने के लिए इसके उपयोग पर सहमति बनी। मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के 25 विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम का उपयोग किया गया। 2004 के लोकसभा चुनावों में पहली बार देश के सभी 543 निर्वाचन क्षेत्रों में ईवीएम का उपयोग किया गया था।

## चुनाव कमाल का...

- 1971 में विपक्ष के 'इंदिरा हटाओ' नारे पर इंदिरा गांधी का 'गरीबी हटाओ' नारा भारी पड़ा। उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस ने लोकसभा की 545 सीटों में से 352 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस (ओ) के खाते में सिर्फ 16 सीटें ही आईं। भारतीय जनसंघ ने चुनाव में 22 सीटें जीतीं। सीपीआई ने चुनाव में 23 सीटें जीतीं। जबकि सीपीआईएम के खाते में 25 सीटें आईं।
- 1977 जनवरी 23 ही वो दिन था जब अचानक इंदिरा गांधी ने आकाशवाणी के जरिए देश में आम चुनाव की घोषणा की। देश में तीन दिन में ही चुनाव संपन्न हो गए। चुनाव 16 से लेकर 19 मार्च 1977 के बीच हुए।
- 22 मार्च 1977 को आए चुनाव नतीजे ने कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया। चुनाव में कांग्रेस गठबंधन को मात्र 153 सीटें ही मिली थीं। इस चुनाव में पूरा विपक्ष समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में गोलबंद हुआ था। जनता पार्टी को चुनाव चिन्ह नहीं मिल पाया था, जिसकी वजह से पार्टी ने 'भारतीय लोक दल' के चिन्ह "हलधर किसान" पर चुनाव लड़ा और 298 सीटें जीतीं।

## चुनावी तीर



मध्यप्रदेश में 29 लोकसभा सीट हैं, लेकिन कांग्रेस के बड़े से बड़े नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। कांग्रेस ने पद यात्रा निकाली, जहां-जहां से यात्रा निकली, लोग कहते हैं कांग्रेस छोड़ो यात्रा थी और वो जहां-जहां गए लोग कांग्रेस छोड़ते चले गये।

**-डॉ मोहन यादव,** मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



भाजपा ने जे.पी. पटेल को खूब सम्मान दिया और सचेतक भी बनाया। भाजपा में उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल था। लेकिन, जब वह अपने राजनीतिक करियर को डुबोने के लिए डूबते जहाज पर सवार होना चाहते हैं तो हम क्या कर सकते हैं? उनके कांग्रेस में शामिल होने से चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**-प्रतुल शाहदेव,** भाजपा प्रवक्ता



आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन स्वार्थ पर आधारित है और इसका उनकी पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा और वह राजधानी की सातों लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी। हम बहुत सकारात्मक अभियान चला रहे हैं और 10 साल के रिपोर्ट कार्ड के साथ लोगों के बीच जा रहे हैं। अबकी बार 400 पार केवल नारा नहीं है बल्कि एक संकल्प है जिसे वास्तविकता में बदला जाएगा।

**- बांसुरी स्वराज,** भाजपा प्रत्याशी दिल्ली



### सल्तनत समाजवादियों की, अब भाजपा के पक्ष में
# सियासी समीकरण

**7** बार जसवंतनगर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए मुलायम सिंह

**1989** में बसपा के संस्थापक कांशीराम को इसी सीट से मिली थी एकलौती जीत और पहुंचे थे संसद में

**पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 41.6 | 37.0 | 17.3 | 1.10 |
| 2019 लोस | 51.1 | 44.8 | ---- | ---- |
| 2017 विस | 40.7 | 28.8 | 25.3 | ---- |
| 2014 लोस | 46.8 | 28.4 | 20.5 | 1.4 |

| विधानसभा | भाजपा | सपा |
|---|---|---|
| इटावा सदर | 1,21,783 | 89,704 |
| भरथना सु. | 1,07,551 | 1,20,940 |
| दिबियापुर | 90,461 | 88,849 |
| औरैया सु. | 95,564 | 84,239 |
| सिकंदरा | 1,04,315 | 72,225 |

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा की सूबे में हॉट सीट इटावा में चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। कानपुर मंडल का यह जिला कभी प्रदेश की राजनीति की धुरी था। नेताजी मुलायम सिंह यादव और वर्तमान में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की जन्म और कर्मस्थली के रूप में पहचान वाले इस जिले को यादव लैंड भी कहा जाता है। मुलायम सिंह जिले की जसवंतनगर विधान सभा सीट से सात बार विधायक चुने गए, जबकि उनके भाई शिवपाल सिंह यादव चार बार इसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। हालांकि जसवंत नगर विधानसभा क्षेत्र इटावा लोकसभा में नहीं आता है और मैनपुरी संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है।

इटावा सुरक्षित लोकसभा सीट है। इसमें तीन ज़िलों की पांच विधानसभा सीटें शामिल है। कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा, औरैया जिले की औरैया और दिबियापुर तथा इटावा जिले की भरथना और सदर विधान सभा सीट को मिलाकर इटावा लोकसभा क्षेत्र का गठन किया गया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इनमें से तीन सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। दो सीटों पर सपा ने कब्जा जमाया था। 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा के डॉ राम शंकर कठेरिया विजयी रहे थे। उन्होंने सपा के कमलेश कठेरिया को 64,359 वोटों से हराया था।

इटावा लोकसभा सीट कांग्रेस के एकाधिकार वाले जमाने में भी समाजवादियों के गढ़ जैसी रही है। 1957 में यहां से सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया ने जीत हासिल की थी। हालांकि 1962 में कांग्रेस के गोपीनाथ दीक्षित ने सोशलिस्ट पार्टी को मात दी, लेकिन 1967 में अर्जुन सिंह भदौरिया ने वापस सीट कांग्रेस से छीन ली। 1971 में कांग्रेस के श्रीशंकर तिवारी विजयी रहे पर 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर एक बार फिर अर्जुन सिंह भदौरिया ने जीत का परचम लहरा दिया। इसके बाद 1980 में जनता पार्टी के राम सिंह शाक्य फिर 1984 में कांग्रेस के चौ. रघुराज सिंह जीते। 1989 के चुनाव में जनता दल से दोबारा राम सिंह शाक्य के बाद इटावा ही वह एकलौती लोकसभा सीट रही जहां से 1989 में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम को जीत मिली और वह संसद में पहुंचे। 1996 में यहां से सपा के टिकट पर तीसरी बार राम सिंह शाक्य सांसद बने। लेकिन 1998 में भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरीं सुखदा मिश्रा ने जीत के साथ पहली बार यहां भाजपा का झंडा फहरा दिया। लेकिन 1999 और 2004 के चुनाव में सपा के रघुराज सिंह तो 2009 में प्रेमदास कठेरिया सफल रहे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने पुनः इस सीट पर कब्जा किया और उसके प्रत्याशी अशोक दोहरे विजयी रहे। 2019 में भाजपा ने आगरा से दो बार सांसद रहे डॉ राम शंकर कठेरिया को इटावा से टिकट दिया तो उन्होने पार्टी का कब्जा इस सीट पर बरकरार रखा। इस बार फिर भाजपा ने भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है। सपा ने इस बार यहां से जितेंद्र दोहरे को टिकट दिया है।

### दलित बाहुल्य पर यादव-मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में

इटावा लोकसभा सीट पर 18 लाख से ज्यादा कुल मतदाताओं में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या लगभग पांच लाख है। ब्राह्मण मतदाता दो लाख से कुछ ज्यादा तो यादव वोटर लगभग दो लाख और मुस्लिम मतदाता डेढ़ लाख तक हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इटावा में 58 फीसदी से अधिक मतदान हुआ था। सपा के कमलेश कठेरिया को 4 लाख 57 हजार 454 वोट प्राप्त हुए थे। भाजपा के डॉ रामशंकर कठेरिया को 5 लाख 21 हजार 815 वोट मिले थे। भाजपा ने सांसद अशोक कुमार दोहरे का टिकट काटकर डॉ. राम शंकर कठेरिया को मैदान में उतारा था। कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए अशोक कुमार दोहरे को टिकट थमा दियाथा। 2014 के लोकसभा चुनाव में इटावा सीट पर 55.04 फीसदी मतदान हुआ था। भाजपा के अशोक कुमार दोहरे ने सपा के प्रेमदास कठेरिया को एक लाख 72 हजार 946 वोटों से मात देकर जीत हासिल की थी। अशोक कुमार दोहरे को 4,39,646 वोट मिले थे, जबकि प्रेमदास कठेरिया ने 2,66,700 वोट पाए थे। बसपा के अजय पाल सिंह जाटव को 1,92,804 वोट हासिल हुए थे। कांग्रेस उम्मीदवार हंस मुखी कोरी 13397 वोटों के साथ चौथे नंबर पर रहे थे।



### 2019 में भरथना विधानसभा पिछड़ गई थी भाजपा

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भरथना सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र में सपा ने बढ़त बनाई थी, हालांकि अन्य चार विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा आगे रही थी। विधानसभा वार दोनों दलों के प्रत्याशियों को मिले मत इस प्रकार थे।

## नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों से हारे थे धर्मेंद्र यादव

● प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। जिले में तीसरे चरण 7 मई को मतदान होना है। सपा ने धर्मेंद्र की जगह शिवपाल यादव प्रत्याशी घोषित किया है। अभी भाजपा और बसपा के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होना शेष है। बदायूं लोकसभा सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। हालांकि 2019 में सपा उम्मीदवार को 18 हजार से कुछ अधिक मतों से हार का सामना करना पड़ा था। तब करीब 19 हजार वोट नोटा और निर्दलीय उम्मीदवारों को तिले थे। वहीं राजनीतिक पंडित सपा बसपा के बीच गठबंधन होने से लोगों की नाराजगी को भी सपा उम्मीदवार की होने की वजह बता रहे हैं। बहरहाल शिवपाल के आने से मुकाबला दिलचस्प होगा।

1951 से 2014 तक हुए लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी ने सबसे अधिक छह बार जीत दर्ज की है। 2014 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव एक लाख 40 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने 28 वर्षों से चले आ रहे सूखे को खत्म करते हुए जीत दर्ज की थी। सपा के धर्मेंद्र यादव की हार में नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों को बजह माना जा सकता है। उस समय चार निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। उन्हें 10621 वोट मिले थे। वहीं 8606 लोगों ने नोटा का बटन दबाया था। निर्दलीय और नोटा को कुल 19,227 वोट पड़े थे। जबकि भाजपा प्रत्याशी संघमित्रा मौर्य की जीत 18,454 वोटों से हुई थी।

**2019** के चुनाव में 18000 से अधिक मतों से सपा प्रत्याशी की हुई थी हार

**19,000** से अधिक मिले थे वोट नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों को

**2019 के चुनाव में यह रहा था परिणाम**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 5,11,352 |
| समाजवादी पार्टी | 4,92,898 |
| कांग्रेस | 51,947 |
| ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लाक | 4,347 |
| निर्दलीय उमीदवार | 10,621 |
| कल्याणकारी जनता पार्टी | 1,336 |

## कैराना से चार बार महिलाएं बनी सांसद

सहारनपुर

- **किसी भी प्रमुख पार्टी ने इस बार महिला को नहीं बनाया है अपना उम्मीदवार**
- **सहारनपुर सीट कभी भी कोई महिला सांसद नहीं हुई निर्वाचित**

पहले नंबर की लोकसभा सीट सहारनपुर को इस बात के लिए भी जाना जाता है कि आजादी के बाद से हुए लोकसभा चुनावों में कभी भी यहां से कोई महिला सांसद निर्वाचित नहीं हुई है। दूसरी ओर इसी मंडल की कैराना सीट इस मामले में सौभाग्यशाली है कि वहां से चार बार महिलाएं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। इनमें सबसे पहले 1980 में प्रधानमंत्री रहे चौधरी चरणसिंह की पत्नी गायत्री देवी, रालोद से अनुराधा चौधरी और दो बार तबस्सुम हसन लोकसभा चुनाव जीती।

तबस्सुम हसन एक बार समाजवादी पार्टी से और दूसरी बार राष्ट्रीय लोकदल से सांसद बनीं। महत्वपूर्ण है कि इस बार भी कैराना सीट पर प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी से इकरा हसन मैदान में हैं। आजादी के बाद से सहारनपुर लोकसभा सीट से कभी भी कोई महिला सांसद लोकसभा में नहीं पहुंची है। इस बार भी किसी प्रमुख पार्टी ने महिला को अपना उम्मीदवार नहीं बनाया है। छह बार कांग्रेस, तीन बार बसपा, तीन बार भाजपा के सांसद बने जबकि पांच बार रसीद मसूद सांसद निर्वाचित हुए। इस चुनाव में रसीद मसूद के भतीजे इमरान मसूद कांग्रेस-सपा गठबंधन से प्रत्याशी हो सकते हैं। दोनों दलों का शीर्ष नेतृत्व उनके नाम पर मोहर लगा चुका है।




सहारनपुर लोकसभा में महिला सांसद भेजने में तो नाकाम रहा है लेकिन जहां तक विधानसभा का सवाल है तो कई महिलाएं जैसे दलित समाज की शकुंतला देवी, विमला राकेश, राजपूत समाज से शशिबाला पुंडीर, रानी देवलता, बसपा प्रमुख मायावती और सत्तो देवी विधायक रही हैं। शकुंतला देवी कांग्रेस की दिग्गज महिला नेत्री रही हैं। वह चार बार विधायक बनीं। विमला देवी विपक्ष में रहीं और छह बार विधायक चुनी गईं। सहारनपुर मंडल के मुजफ्फरनगर से बहन मालती शर्मा भाजपा की ओर से राज्यसभा सदस्य रही हैं। वहां से भी कभी कोई महिला लोकसभा में नहीं गई है। पड़ौस की बिजनौर लोकसभा सीट से मुख्यमंत्री मायावती, लोकसभा अध्यक्ष कांग्रेस की मीरा कुमार और ओमवती तीनों दलित समुदाय से सांसद चुनी गईं और बिजनौर की प्रतिष्ठा बढ़ाई।

18वीं लोकसभा के चुनाव में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और बिजनौर से कोई भी महिला उम्मीदवार नहीं है। केंद्र सरकार ने आगामी चुनावों के लिए महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण का कानून बना दिया है। लेकिन वर्तमान स्थिति बेहद दयनीय है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों की तुलना में थोड़ी-बहुत ही कम है लेकिन उनकी मतदान में भागीदारी पुरूषों से कहीं भी पीछे नहीं है।

## युवा व महिला के हाथ सियासी घमासान की बागडोर

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

- **दोनों वर्गों को साधने के लिए राष्ट्रीय दलों का गणित हुआ तेज**
- **छह विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों से महिला मतदाता अधिक**

लोकसभा चुनावों की तिथि और मुख्य राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों की घोषणा के बाद अब सियासी दलों ने भी अपने राजनीतिक दावपेच चलने शुरू कर दिए हैं। कुमाऊं के चार पहाड़ी जिलों वाली अल्मोड़ा लोकसभा सीट की बात करें तो यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही रहा है। इसलिए इस बार भी दोनों राष्ट्रीय दल एक दूसरे को पटखनी देने के लिए तैयार बैठे हैं। अगर बात सत्ता की बागड़ोर की करें तो इस सीट पर इसका फैसला यहां की महिला और युवा मतदाता करेंगे। क्योंकि चार इस सीट पर सबसे अधिक संख्या महिला और युवा मतदाताओं की है।

हिमालयन रीजन की अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर इस बार कुल 13,59,815 मतदाता हैं। जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 6,50,677 है। जो करीब कुल मतदाताओं का 48 फीसद के आसपास है। चौदह विधानसभाओं वाली इस सीट में से छह विधानसभाएं ऐसी हैं, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से काफी अधिक है। इससे भी मजबूत स्थिति इस सीट पर अलग-अलग आयु वर्ग के युवा मतदाताओं की भी है। ऐसे में इन दो वर्गों का रुझान जिस दल की तरफ सबसे अधिक होगा। जीत का परचम लहराने में उसी दल को कामयाबी मिलेगी। इसलिए सियासी दलों की नजर महिला और युवा मतदाताओं पर सबसे अधिक है। सियासी दल इन चुनावों के प्रति महिलाओं और युवाओं में उत्साह जगाने के लिए कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते हैं।

**महिला मतदाताओं की संख्या में कितना हुआ इजाफा**

| जिला | 2019 | 2024 | कुल वृद्धि |
|---|---|---|---|
| अल्मोड़ा | 2,57,573 | 2,60,529 | 2,956 |
| पिथौरागढ़ | 1,84,143 | 1,85,292 | 951 |
| बागेश्वर | 1,02,701 | 1,06,647 | 3,946 |
| चंपावत | 91,090 | 98,209 | 7,119 |
| कुल | 6,35,705 | 6,50,677 | 14,972 |

**चारों जिलों में युवा मतदाताओं की स्थिति**

| | |
|---|---|
| 18 से 19 साल | 21,000 से अधिक |
| 20 से 29 साल | 2,60,000 के पार |
| 30 से 39 साल | 3,37,000 के ऊपर |

### इस चुनाव में बढ़ गई 15 हजार के करीब महिला मतदाता

अल्मोड़ा सीट पर इस बार कुल 6 लाख 50 हजार से अधिक महिला वोटर्स हैं। यह आंकड़ा बीते लोकसभा चुनावों को देखते हुए तकरीबन 15 हजार अधिक है। अल्मोड़ा जिले में 2,60,529 महिला मतदाता हैं। पिथौरागढ़ जिले में 1,85,292, बागेश्वर जिले में 106647 और चंपावत जिले में 98209 महिला मतदाता हैं। सबसे कम महिला मतदाता वाले जिले चंपावत में पिछली बार के बजाय इस बार सबसे अधिक 7119 महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है।

## चार दशक पहले बदली राजनीति फिर पटरी पर नहीं लौटी

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- **अयोध्या के इर्द गिर्द घूमती रही सूबे की सियासत**
- **आंदोलन के समांनांतर चला जातीय सियासत का दौर**
- **भगवा संग विकास ने बदल दी सियासी तस्वीर**

**अमृत विचार:** चार दशक पहले प्रदेश की राजनीति बदली तो फिर पटरी पर नहीं लौटी। सत्ता और सियासत, अयोध्या के इर्द-गिर्द घूमती रही। कई उतार-चढ़ाव आए। राम मंदिर आंदोलन के समांनांतर जातीय सियासत का दौर चला तो सत्ता आती-जाती रही। तीन दशक तक प्रदेश की सियासत में पहले जैसी स्थिरता नहीं रही। भगवा संग विकास ने एक बार फिर प्रदेश को सियासत की नई दिशा दी है।

सियासी उथल-पथल का यह दौर अयोध्या से ही शुरू होता है। राम मंदिर निर्माण को लेकर साल 1984 में अयोध्या से दिल्ली के लिए रथयात्रा निकली। उस दौरान प्रदेश में प्रचंड बहुमत वाली कांग्रेस की सरकार थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के चलते यात्रा रोकनी पड़ी, लेकिन आंदोलन की तासीर गर्म ही रही। उन दिनों कांग्रेस के साथ जनता दल की रस्साकशी शुरू हो गई थी। 1989 में प्रदेश के चुनाव में मंदिर आंदोलन और मंडल कमीशन की सियासत कुछ इस तरह गरमाई की विधानसभा चुनाव में जनता दल 208 सीटों तक पहुंच गई। कांग्रेस को झटका लगा। वह 54 पर ठहर गई। बीजेपी का 57 सीटों के साथ उदय हुआ। मंदिर आंदोलन परवान चढ़ा। अयोध्या छावनी बनी। 30 अक्टूबर व 2 नवंबर 1990 की घटनाओं ने कई मायनों में नया इतिहास रच दिया। जनमानस को झकझोरा।

वर्ष 1991 के चुनाव में रामलहर ने भाजपा को 425 में से 221 सीटों तक पहुंचा दिया। जनता दल जेडी 92 पर सिमट गई। यह दौर आंदोलन के चरम का था। राजनीति के महारथियों ने आंदोलन से उपजी सहानुभूति को रोकने की कोशिश शुरू कर दी। जातीय सियासत के चलते बसपा और सपा का प्रभाव बढ़ा। 1996 के विधानसभा चुनाव में इसका असर दिखा। आंदोलन के बावजूद भाजपा 174 पर ठहर गई। सपा के 110 के साथ बसपा ने 67 सीटें हथिया लीं। साझा सरकारों का दौर शुरू हुआ। सत्ता की चासनी में सियासत करवट लेने लगी। अयोध्या के मंदिर आंदोलन से शुरू हुए दो ध्रुव भाजपा और सपा के साथ बसपा कदमताल करने लगी। 2002 का चुनाव आते-आते जातीय समीकरणों ने भगवा ब्रिगेड को 88 सीटों पर समेट दिया। आमने-सामने सपा और बसपा आ गईं। सपा के 143 के सामने बसपा 98 सीटों के साथ खड़ी हो गई। वोटों के आंकड़ें बताते है कि अंतरधारा में अयोध्या आंदोलन का प्रभाव बरकरार रहा, लेकिन बसपा की जातीय सियासत ने पांच साल में सपा को भी पीछे छोड़ दिया। नए ध्रुव के रूप में 2007 में बसपा 206 सीटों के साथ सत्ता में पहुंच गई। राम मंदिर आंदोलन के साथ खड़ी भाजपा 51 पर और विरोध करने वाली सपा 97 पर ठहर गई, लेकिन राजनीति की अंतरधारा में इन दोनों के टकराव ने अयोध्या को केंद्र में बनाए रखा। जातीय समीकरण के साथ आंदोलन पर सपा के रुख का प्रभाव बढ़ गया। 2012 में सपा सत्ता की शीर्ष पर फिर एक बार पहुंच गई। उसे 224 सीटों का स्पष्ट बहुमत मिला गया। 80 सीटों के साथ बसपा सत्ता से फिसल गई। 1991 में 221 सीटें हथियाने वाली भाजपा 47 पर आ गई।

क्रिकेट के खेल और राजनीति में कुछ भी संभव है। यह 2017 के विधानसभा चुनाव में दिखा। राम मंदिर आंदोलन की पृष्टभूमि और विकास के नए नारे ने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्तासीन कर दिया। असर यह हुआ कि 2017 में एक बार फिर भाजपा को प्रदेश में सत्ता शीर्ष तक पहुंच गई। ऊफान पर चढ़ी जातीय सियासत जमीन की ओर लुढ़कने लगी। सत्ता में रहने वाली सपा 47 सीटों पर सिमटी तो बसपा का हाल इससे भी खराब रहा, वह 19 पर अटक गई। विकास और भगवा का चटख रंग न केवल केंद्र बल्कि प्रदेश में बरकरार रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव के साथ 2022 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भगवा बिग्रेड 255 सीटों के साथ सत्ता पर काबिज रह गई। सपा 111 तक पहुंच पाई। बसपा परिदृश्य से ओझल होने की स्थिति में पहुंचने लगी। 90 के दशक के पहले राजनीति के एक ध्रुव पर कांग्रेस और दूसरे ध्रुव पर विपक्षी हुआ करते थे लेकिन अयोध्या की सियासी ऊर्जा ने कांग्रेस और विपक्ष के बीच होने वाली सियासी जंग को अतीत की बात तक सीमित कर दिया। 40 साल बाद भी उत्तर प्रदेश की राजनीति उस दौर में नहीं लौट पाई।



## लोस चुनाव के लिए आयकर विभाग का नियंत्रण कक्ष

नई दिल्ली

चुनाव आयोग को चुनाव में काले धन के उपयोग को रोकने के लिए सहायता करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत आयकर विभाग निवासियों को लोकसभा आम चुनाव, 2024 में स्वच्छ और निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए राजधानी दिल्ली में सातों दिन और चौबीस घंटे काम करने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है और टॉल फ्री नंबर जारी किया जिसके माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार आयकर निदेशालय (अन्वेषण), दिल्ली ने आदर्श आचार संहिता के दौरान चुनावी उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाने वाली संभावित / संदिग्ध बेहिसाब नकदी, सर्राफा और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए एनसीटी दिल्ली में कई व्यवस्थाएं की हैं। लोकसभा आम चुनाव, 2024 के संबंध में, अन्य उपायों में, निदेशालय ने सिविक सेन्टर, नई दिल्ली में नियंत्रण कक्ष खोला है एवं एक टोल-फ्री नंबर 1800112300, लैंडलाइन नंबर 011-23232312/31/67/76 और मोबाईल नंबर 9868168682 भी जारी किया है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति एनसीटी दिल्ली में बेहिसाब नकदी, बूलियन और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की संदिग्ध आवाजाही/वितरण के संबंध में आयकर विभाग से बातचीत कर सकता है और जानकारी भी दे सकता है। निवासी टोल-फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं, और फोन करने वाले को नियंत्रण कक्ष के समक्ष किसी भी व्यक्तिगत विवरण, जैसे नाम या पहचान के अन्य विवरण, का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि प्राप्त जानकारी विश्वसनीय और कार्रवाई योग्य हो।

नियंत्रण कक्ष आदर्श आचार संहिता की संपूर्ण अवधि के दौरान दिल्ली में क्रियाशील रहेगा यानी आम चुनाव, 2024 की घोषणा की तारीख से, जब तक दिल्ली में ये खत्म नहीं हो जाते। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की भावना के साथ नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे दिल्ली एनसीटी के संबंध में, प्रासंगिक जानकारी उपर्युक्त नंबरों के माध्यम से निदेशालय से साझा करके, अपनी सहायता प्रदान करे। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। (एजेंसी)

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1175, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |

# डायरेक्ट सेलिंग 21 हजार करोड़ रुपये के पार

## आईडीएसए की सर्वेक्षण रिपोर्ट से हुआ खुलासा, भारत में कुल 86 लाख हैं विक्रेता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री (भारत में डायरेक्ट सेलिंग) उद्योग कोरोना महामारी के दौर की चुनौतियों से उबर कर फिर तेजी की राह पर है और इसका कारोबार वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 21282 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इंडियन डायरेक्ट सैलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) की सर्वेक्षण रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। यह रिपोर्ट बाजार अनुसंधान फर्म कंतार द्वारा संकलित की गई है।

आईडीएसए के एक आयोजन में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए इसके लिए आईडीएसए को बधाई दी। रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की कुल बिक्री में वर्ष 2021-22 के मुकाबले वर्ष 2022-23 में 2252 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है। आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने बताया कि इस उद्योग के कारोबार में वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक के चार वर्षों के दौरान वर्ष-दर-वर्ष औसतन 8.3 प्रतिशत की संचयी वार्षिक दर (सीएजीआर) से वृद्धि की है। आईडीएसए अध्यक्ष को विश्वास है कि भारत अनुमानों से पूर्व ही प्रत्यक्ष बिक्री में विश्व के पांच शीर्ष बाजारों में जल्द अपनी जगह बना लेगा। वर्ष 2022 में भारत का स्थान 11वां था। वहीं भारत में इस कारोबार में कुल 86 लाख विक्रेता शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार कुल बिक्री में उत्तरी क्षेत्र ने सर्वाधिक 30 प्रतिशत का योगदान किया। पूर्वी, पश्चमी, दक्षिणी तथा पूर्वोतर क्षेत्र का योगदान क्रमशः 25, 22, 15 और नौ प्रतिशत है। राज्यों में महाराष्ट्र 12 प्रतिशत योगदान के साथ लगातार शीर्ष पर बना हुआ है जबकि उत्तर प्रदेश शानदार प्रदर्शन कर दस प्रतिशत की भागीदारी के साथ पश्चिम बंगाल के साथ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार प्रत्यक्ष बिक्री बाजार में वेलनेस और न्यूट्रास्युटिकल उत्पाद लगातार उपभोक्ताओं के पसंदीदा बने हुए हैं। सौंदर्य प्रसाधन और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद इस वर्ग में दूसरे स्थान पर है। दोनों वर्गों का कुल कारोबार में क्रमशः 73.5 और 11.3 प्रतिशत योगदान रहा है। इस दौरान लगभग दो लाख और प्रत्यक्ष विक्रेता इस कारोबार से जुड़े और यह संख्या वर्ष 2021-22 के 84 लाख के मुकाबले बढ़ कर लगभग 86 लाख पहुंच गई है। इनमें लगभग 63 प्रतिशत पुरुष और 37 प्रतिशत महिलाएं हैं।

### वैश्विक रैंकिंग में भारत 11वें स्थान पर पहुंचा

आईडीएसए के अध्यक्ष कटोच ने कहा–मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि मजबूत वृद्धि दर के बलबूते भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग ने वैश्विक रैंकिंग में वर्ष 2022 में एक और पायदान का सुधार कर 11वां स्थान हासिल कर लिया है, जो 2019 में 15वां था।




## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,200–50,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,850 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 74,900। |

## गूगल के खिलाफ भारतीय ऐप कंपनियों की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने ऐप के माध्यम से भुगतान पर 11 से 26 प्रतिशत शुल्क लगाने की गूगल की नई प्ले स्टोर बिलिंग नीति के खिलाफ दायर भारतीय ऐप कंपनियों की चार याचिकाओं को बुधवार को खारिज कर दिया। भारतीय ऐप कंपनियों ने आरोप लगाया कि गूगल की प्ले स्टोर नीतियां प्रतिस्पर्धा-रोधी हैं। हालांकि, सीसीआई ने स्पष्ट किया कि इस आदेश में कही गई कोई भी बात मामले के गुण-दोष पर राय की अंतिम अभिव्यक्ति के समान नहीं होगी और महानिदेशक यहां की गई टिप्पणियों से किसी भी तरह प्रभावित हुए बिना जांच करेंगे। सीसीआई ने अपने आदेश में कहा-आयोग का मानना है कि इस बारे में याचिका दायर करने वाले शीर्ष कोर्ट द्वारा प्रस्तावित अंतरिम राहत देने के लिए मानदंडों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

# नौकरियों के सृजन के लिए 8% की वार्षिक वृद्धि दर रखने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक सुब्रमण्यम ने कही बात

भारत को गरीबी और असमानता को कम करने तथा पर्याप्त संख्या में नौकरियों के सृजन के लिए निरंतर आधार पर आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने की जरूरत है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम ने यह बात कही है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 की अंतिम तिमाही में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह पिछले डेढ़ साल में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

ओएमआई फाउंडेशन के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार सुब्रमण्यम ने कहा-भले ही हम सात प्रतिशत की दर से बढ़ें, हमें इससे संतुष्ट नहीं होना चाहिए। हमें आठ प्रतिशत और



उससे अधिक की दर हासिल करने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि देश को बहुत सारा बुनियादी ढांचा बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आठ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने से हमारे पास बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा करने की क्षमता होगी। इससे गरीबी और असमानता घटेगी। एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर में वृद्धि दर पिछले तीन वर्षों की 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर से अधिक है।

## भारत का सौर कचरा 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंचने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का सौर कचरा 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंच सकता है। बुधवार को जारी एक शोध रिपोर्ट के अनुसार, यह ओलंपिक आकार के 720 स्वीमिंग पूल (तरणताल) को भरने के बराबर है।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और स्वतंत्र शोध संस्थान काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायर्नमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) द्वारा किए गए अध्ययन में कहा गया कि इस कचरे का लगभग 67 प्रतिशत पांच राज्यों- राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से आएगा। "भारत के सौर उद्योग में एक चक्रीय अर्थव्यवस्था को सक्षम करनाः सौर अपशिष्ट मात्रा का आकलन" शीर्षक वाले अध्ययन में कहा गया है कि भारत में मौजूदा (बीते वित्त वर्ष तक) स्थापित 66.7 गीगावाट क्षमता से पहले से ही 100 किलोटन कचरा पैदा हो रहा है, जो 2030 तक बढ़कर 340 किलोटन हो जाएगा। इसमें लगभग 10 किलोटन सिलिकन, 12 से 18 टन चांदी और 16 टन कैडमियम और टेलरियम होगा। इन सामग्रियों को दोबारा प्राप्त करने के लिए सौर कचरे का पुनर्चक्रण करने से आयात निर्भरता कम होगी और खनिज सुरक्षा बढ़ेगी।

## खराब गुणवत्ता वाली चाय के आने से छोटे उत्पादक चिंतित

**कोलकाता।** छोटे चाय उत्पादकों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल टी ग्रोअर्स एसोसिएशन (सीआईएसटीए) ने बाजार में कथित तौर पर खराब गुणवत्ता वाली चाय की बाढ़ पर चिंता व्यक्त की है और इस संबंध में चाय बोर्ड के हस्तक्षेप का आग्रह किया है। चाय बोर्ड के चेयरमैन ए एस भाटिया को लिखे एक पत्र में सीआईएसटीए के अध्यक्ष बिजॉय गोपाल चक्रवर्ती ने कहा कि चाय पीने के स्वास्थ्य लाभों पर केंद्रित एक सामान्य अभियान उन युवाओं के बीच खपत को बढ़ावा देने के लिए जरूर चलाया जाना चाहिए।

# 4जी यूजरों के मुकाबले 5जी यूजरों का औसतन डाटा उपभोग 3.6 गुना अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

- दूरसंचार कंपनी नोकिया की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

भारत में 5जी सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले मोबाइल ग्राहक 4जी उपभोक्ताओं की तुलना में मोबाइल डेटा का इस्तेमाल 3.6 गुना अधिक कर रहे हैं। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

देश में 5जी सेवाओं की शुरुआत अक्टूबर, 2022 में हुई थी। नोकिया की बुधवार को जारी 'मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में कुल डेटा ट्रैफिक में 5जी का योगदान




15 प्रतिशत रहा है। रिपोर्ट कहती है, 5जी ग्राहक 4जी की तुलना में लगभग 3.6 गुना अधिक मोबाइल डेटा ट्रैफिक का उपयोग कर रहे हैं। 2023 में उपयोगकर्ताओं ने 17.4 एक्साबाइट प्रति माह की खपत की। पिछले पांच साल की तुलना में डेटा इस्तेमाल की सालाना वृद्धि 26 प्रतिशत रही है। एक एक्साबाइट एक अरब गीगाबाइट (जीबी) के बराबर होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में डेटा इस्तेमाल में बढ़ोतरी में 5जी ने उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। 2023 में कुल डेटा ट्रैफिक में 5जी का हिस्सा 15 प्रतिशत रहा।

नोकिया इंडिया के विपणन और कॉरपोरेट मामलों के प्रमुख अमित मारवाह ने कहा-भारत में डेटा की खपत साल-दर-साल आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 17.4 एक्साबाइट प्रतिमाह हो गई है।



### पुलिसकर्मियों के साथ खेली लट्ठमार होली...



मथुरा में बुधवार को एक महिला ने पुलिसकर्मियों के साथ विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली खेली। होली खेलने के दौरान आसपास लोगों की भारी भीड़ लगी रही। ● एजेंसी

## मोदी की गारंटी एक विश्वासघात है: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लद्दाख में पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि इस केंद्रशासित प्रदेश को लेकर दी गई 'मोदी की गारंटी' एक विश्वासघात है तथा यह 'चीनी गारंटी' है। पर्यावरणविद सोनम वांगचुक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर पिछले दो सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मोदी की चीनी गारंटी! लद्दाख में संविधान की छठी अनुसूची के तहत जनजातीय समुदायों की सुरक्षा की मांग के पक्ष में समर्थन की एक मजबूत लहर है।



# राजनीति में कुछ लोगों को बार-बार लॉन्च करने की पड़ती है जरूरत : नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में राहुल गांधी पर कसा तंज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीति में कुछ लोगों को बार-बार लॉन्च करने की जरूरत पड़ती है जबकि स्टार्ट-अप की दुनिया में जब कोई एक असफल होता है तो इस स्थिति में दूसरा रास्ता अख्तियार कर लेता है। मोदी ने यहां स्टार्ट-अप महाकुंभ में किसी का नाम लिए बिना स्टार्ट-अप और राजनीति की तुलना करते हुए कहा, ''स्टार्ट-अप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ज्यादा... और बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर एक



बार लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं।

मोदी ने लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने और एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए पूर्ण बजट पेश करने का विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि सामान्य स्थिति में कारोबारी चुनाव संपन्न होने तक बड़े आयोजनों को टाल देते हैं लेकिन आम चुनावों की घोषणा के कुछ दिन बाद तीन दिवसीय महाकुंभ में स्टार्ट-अप उद्यमियों और उस पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े लोगों का विशाल जमावड़ा आने वाली चीजों का संकेत है। उन्होंने 19 अप्रैल से चार जून तक होने वाले आम चुनावों के बाद भी शासन में बने रहने का विश्वास जताते हुए कहा-आप जानते हैं कि अगले पांच साल में क्या होने जा रहा है।

### भारत एआई में दुनिया की अगुवाई करेगा: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को युवा उद्यमियों और स्टार्टअप से दुनियाभर में आ रही चुनौतियों पर 'वैश्विक अनुप्रयोगों के लिए भारतीय समाधान' पर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमता में दुनिया का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'स्टार्टअप महाकुंभ' को संबोधित करते हुए कहा कि एआई, सेमीकंडक्टर और क्वॉन्टम पर पहले शुरू किए गए तीन मिशन युवाओं के लिए रोजगार और वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा करेंगे। उन्होंने कहा–हम एआई प्रौद्योगिकी के एक नए युग में हैं और दुनिया मानती है कि एआई में भारत का पलड़ा भारी रहेगा। अब यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है कि हम इस अवसर को जाने न दें। उन्होंने कहा कि एआई युवा नवप्रवर्तकों और वैश्विक निवेशकों के लिए असीमित संभावनाएं प्रदान करता है। उन्होंने कहा–एआई क्षमताओं का नेतृत्व भारत के हाथों में रहेगा और रहना चाहिए।

## एक नजर

### मणिपुर के राहत शिविर में रह रहे चार बच्चे नदी में डूबे

**चुराचांदपुर।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर में अपने परिवार के साथ रह रहे चार बच्चे नदी में डूब गए। पुलिस ने बताया कि बच्चों की उम्र चार से नौ वर्ष के बीच है जिनमें तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल है। वे राज्य में जातीय संघर्ष के कारण तुईबुओंग में 'ईसीए कनान' राहत शिविर में रह रहे थे। वे मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे अपने शिविर के पास तुइथा नदी में नहाने गये थे। जब वे काफी देर तक वापस नहीं लौटे तो उनके परिवार वालों ने शिविर में रह रहे अन्य लोगों के साथ मिलकर उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस को भी सूचित किया गया, जिसके बाद पुलिस भी उनकी खोजबीन में जुट गई और बुधवार सुबह करीब छह बजे बच्चों के शव नदी में मिले।

### आबकारी नीति मामले में कारोबारी की जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को हैदराबाद के कारोबारी अभिषेक बोइनपल्ली को पांच सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी जिन्हें कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति की पीठ ने बोइनपल्ली की पत्नी के स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें अंतरिम जमानत दे दी।

## सियासी गर्मी बढ़ी, एबीवीपी के विरुद्ध वाम दलों ने बनाया संयुक्त मोर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

### जेएनयू छात्र संघ चुनाव

- 22 मार्च होगा मतदान और मतगणना 24 मार्च को

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव में कई सियासी दिग्गज भी गहरी रुचि ले रहे हैं। भाजपा समर्थित छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सभी पदों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। उनके शक्ति प्रदर्शन को देखते हुए वामपंथी दलों ने इस बार संयुक्त मोर्चा गठित कर अपने उम्मीदवारों का प्रचार शुरू किया है। मतदान 22 मार्च एवं मतगणना 24 मार्च को होगी।

जेएनयू छात्र संघ में शुरू से ही वाम दलों के छात्र संगठनों का कब्जा रहा है। लेकिन 2019 के चुनाव में जिस तरह से एबीवीपी ने छात्रों के बीच घुसपैठ बनाई थी और इस बार सभी पदों पर उम्मीदवार उतारकर चुनाव अभियान छेड़ा है। उसका मुकाबला करने के लिए वाम दलों के प्रमुख छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), डेमोक्रेटिक स्टूडेंट फेडरेशन (डीएसएफ), एवं ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन (एआईएसएफ) ने संयुक्त मोर्चा का गठन कर छात्र संघ में कब्जा करने के लिए साझा मंच तैयार किया है।

एबीवीपी ने उमेश चंद्र अजमीरा-अध्यक्ष, दीपिका शर्मा-उपाध्यक्ष, अर्जुन आनंद-महासचिव एवं गोविंद दांगी को संयुक्त सचिव के पद पर उम्मीदवार बनाया है। एबीवीपी नेता विकास पटेल के मुताबिक छात्र संघ में काउंसलर के 42 पदों के लिए भी उम्मीदवार घोषित किए गए हैं।

वहीं वाम दलों के संयुक्त मोर्चा ने धनंजय को अध्यक्ष, अभिजीत घोष को उपाध्यक्ष, स्वाति सिंह को महासचिव एवं साजिद को संयुक्त सचिव पद का उम्मीदवार बनाया है। अभी तक चुनाव प्रचार के दौरान दोनों गुटों के बीच कई बार तीखी नोक-झोंक भी हो चुकी हैं और मामला पुलिस तक पहुंच चुका है। कुछ लोगों ने प्रत्याशियों की आयु सीमा बढ़ाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया था। दोनों गुटों ने जवाबी शक्ति प्रदर्शन करते हुए मसाल जुलूस भी निकला है। जिसमें भारी संख्या में छात्रों की भीड़ देखने को मिली।

## राहुल गांधी को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली राहत

रांची, एजेंसी

### मानहानि मामला

झारखंड में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी,एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी 2024 को जारी गैर जमानती वारंट को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई आज झारखंड उच्च न्यायालय में हुई। मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा की एमपी ,एमएलए कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट को एक माह के लिए शर्त के साथ स्थगित कर दिया। साथ ही गांधी को ट्रायल फेस करने के लिए कानून सम्मत उपयुक्त कदम उठाने का निर्देश दिया है।

इसके साथ ही न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को निष्पादित कर दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी को लेकर राहुल गांधी द्वारा एक आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया गया था।बाद में मामले को चाईबासा में एमपी,एमएलए कोर्ट में इसे ट्रांसफर कर दिया गया था।

## कांग्रेस ने कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही के खिलाफ न्यायालय का किया रुख

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उसके खिलाफ कर पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही किए जाने के विरोध में बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। इस मामले का उल्लेख राजनीतिक दल के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष किया, जो इसे बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमत हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोरा भी शामिल हैं। वकील ने कहा कि आयकर विभाग के अधिकारियों ने चार साल का मूल्यांकन फिर से खोला है। साथ ही उन्होंने अदालत से याचिकाओं को बृहस्पतिवार के लिए सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि तीन अलग-अलग वर्षों से संबंधित ऐसी तीन याचिकाएं आज सुनवाई के लिए पहले से ही सूचीबद्ध हैं।

## बीआरएस नेता कविता को बेटों और मां से मिलने की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को अपने दो बेटों, मां और परिवार के सदस्यों से मुलाकात की अनुमति दे दी है। कविता फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में हैं। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने कविता की ओर से पेश अधिवक्ता नीतेश राणा द्वारा दायर आवेदन पर यह आदेश पारित किया। वकील ने अनुरोध किया था कि पिछले आदेश के अनुसार आरोपी से मिलने की अनुमति पाने वालों की सूची में परिवार या संबंधियों के सात और नाम जोड़े जाएं।

# मुफ्त सौगात संबंधी याचिका पर सुनवाई करने को कोर्ट सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनहित याचिका में निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का किया गया अनुरोध

उच्चतम न्यायालय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त सौगातों और सुविधाओं का वादा करने के चलन के खिलाफ एक जनहित याचिका को बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। आगामी 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जनहित याचिका में निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह ऐसे राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद करने और चुनाव चिह्न जब्त करने के अपने अधिकारों का उपयोग करे।



मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को कहा-यह महत्वपूर्ण है। हम इसे कल लेंगे।

शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया की दलीलों पर संज्ञान लिया कि याचिका पर लोकसभा चुनाव से पहले सुनवाई की जरूरत है। याचिका में कहा गया कि मतदाताओं से अनुचित राजनीतिक लाभ पाने के लिए लोक-लुभावन घोषणाओं पर पूरी तरह प्रतिबंध होना चाहिए क्योंकि ये संविधान की अवहेलना करते हैं और इस मामले में निर्वाचन आयोग को उचित कदम उठाने चाहिए। इसमें अदालत से यह घोषित करने का भी अनुरोध किया गया है कि चुनाव से पहले सार्वजनिक धन से अतार्किक तरीके से मुफ्त सौगातों का वादा मतदाताओं को अनुचित रूप से प्रभावित करता है, समान अवसर को अवरुद्ध करता है और चुनाव प्रक्रिया की शुचिता को नुकसान पहुंचाता है।

याचिका के अनुसार, याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुफ्त सुविधाएं देकर मतदाताओं को प्रभावित करने की राजनीतिक दलों की हालिया प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा है, बल्कि संविधान की भावना को भी चोट पहुंचाती है। उसने कहा-यह अनैतिक प्रवृत्ति सत्ता में बने रहने के लिए सरकारी खजाने से मतदाताओं को रिश्वत देने के समान ही है और लोकतांत्रिक सिद्धांतों तथा परंपराओं के संरक्षण के लिए इससे बचना चाहिए।

# सूर्यकुमार आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार

## अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे



### राहुल के आईपीएल में अच्छे खेल से टी20 विश्व कप टीम में जगह होगी पक्की



**नयी दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर केएल राहुल टीम को पहला आईपीएल खिताब दिला पाते हैं तो टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में उनकी जगह तय होनी चाहिये। जांघ की मांसपेशियों की चोट से उबरकर वापसी कर रहे राहुल शायद आईपीएल में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। उनका भारत की टी20 टीम में चयन तय नहीं है लिहाजा उन्हें आईपीएल में बल्लेबाजी में और विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। यह पूछने पर कि कप्तानी की निजी आकांक्षाओं और टीम के हितों में संतुलन कैसे बनायेंगे, लैंगर ने कहा कि यह मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा, ''अगर टीम अच्छा करती है तो हर किसी को ईनाम मिलता है। केएल अगर लखनऊ टीम को आईपीएल खिताब दिलाते हैं तो इसका मतलब होगा कि उन्होंने अच्छी कप्तानी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी विकेटकीपिंग की है।'' राहुल के अलावा लखनऊ के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी चयन की दौड़ में हैं। लैंगर ने कहा, ''केएल या बिश्नोई के लिये साफ संदेश है कि लखनऊ टीम के लिये अच्छा खेलने पर फोकस करें, टी20 विश्व कप टीम में जगह पाने के मौके बढ़ेंगे।'' लखनऊ टीम के पूर्व मेंटोर गौतम गंभीर अब केकेआर से जुड़ गए हैं। यह पूछने पर कि क्या टूर्नामेंट के दौरान उनसे टक्कर देखने को मिल सकती है, लैंगर ने कहा कि वह टीम के लिये गंभीर के योगदान के प्रशंसक हैं।

**दुबई, एजेंसी**

पिछले तीन महीने से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहने के बावजूद सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे हैं। आईपीएल के आगामी सत्र में मुंबई इंडियंस के लिये वापसी करने जा रहे सूर्यकुमार के 861 अंक है जबकि दूसरे स्थान पर 802 अंक लेकर फिल साल्ट हैं। सूर्यकुमार ने दिसंबर में खेल हर्निया की सर्जरी के बाद से क्रिकेट नहीं खेला है।

वहीं आयरलैंड के खिलाफ 2-1 से मिली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले राशिद खान ने शीर्ष दस में वापसी की है। वह चार पायदान की छलांग लगाकर नौवें से चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने श्रृंखला में तीन मैचों में आठ विकेट लिये। अफगानिस्तान के नवीन उल हक दो पायदान चढकर 55वें स्थान पर है। आयरलैंड के जोश लिटिल सात पायदान चढकर 39वें, मार्क एडेयर दो पायदान चढकर 56वें और बैरी मैकार्थी 15 पायदान चढकर 77वें स्थान पर हैं। टी20 हरफनमौलाओं की रैंकिंग में बांग्लादेश के शाकिब अल हसन शीर्ष पर बने हुए हैं।

### भारतीय हॉकी टीमें एफआईएच हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**लुसाने।** भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा पहली बार जारी हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। भारतीय पुरूष टीम ओमान और मलेशिया के साथ दूसरे स्थान पर है। तीनों टीमों के 1400 अंक है। भारत ने एशियाई चैम्पियनशिप जीती और मस्कट में जनवरी में हुए विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहा था। वहीं ओमान ने कांस्य पदक जीता था। नीदरलैंड 1750 अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने पहला हॉकी5 विश्व कप और यूरोपीय चैम्पियनशिप जीती थी। पोलैंड और मिस्र संयुक्त पांचवें स्थान पर है। त्रिनिदाद और टोबैगो और कीनिया संयुक्त सातवें स्थान पर है जबकि पाकिस्तान नौवे स्थान पर है। महिला रैंकिंग में नीदरलैंड शीर्ष पर है जिसने विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके साथ ही यूरोपीय चैम्पियनशिप भी अपने नाम की थी। रजत पदक विजेता भारत दूसरे स्थान पर है जबकि पोलैंड तीसरे स्थान पर है। उरूग्वे और दक्षिण अफ्रीका संयुक्त चौथे स्थान पर है।



**नया कलेवर** बुधवार को चेन्नई में आईपीएल टीम की नई जर्सी के लांच के दौरान साथी खिलाड़ियों फाक डु प्लेसिस, मोहम्मद सिराज, ग्लेन मैक्सवेल के साथ विराट कोहली। ● एजेंसी

## डेविड विली शुरुआत में नहीं खेलेंगे

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

**आईपीएल**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) टीम का हिस्सा रहे इंग्लैंड के बायें हाथ के तेज गेंदबाज डेविड विली निजी कारणों से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की शुरुआत में नहीं खेल पाएंगे। एलएसजी के नए प्रमुख कोच जस्टिन लैंगर ने बुधवार को बताया कि विली सीजन की शुरुआत में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह दो पिछले दो महीनों से लगातार अबु धाबी नाइटराइडर्स और मुल्तान सुल्तांस के लिए खेले थे। विली को एलएसजी ने जहां दिसंबर में हुई नीलामी में उन्हें दो करोड़ में खरीदा गया था। इससे पहले टी-20 विश्व कप को देखते हुए कार्य प्रबंधन की वजह से इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मार्क वुड को खेलने से मना कर दिया था। वुड की जगह पर वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ को टीम में शामिल किया था।न विली की जगह अभी किसी को नहीं चुना है। लैंगर ने कहा, "मार्क वुड ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है और डेविड विली भी नहीं आ रहे हैं, जिससे अनुभव थोड़ा कम होगा। लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमने देखा है कि हमारे पास भरपूर कौशल है। हमारे कुछ खिलाड़ियों को चोट लगी थी लेकिन अभी वे सभी फिट दिखाई दे रहे हैं।" उन्होंने कहा, "हमारे पास शमार जोसेफ और मयंक है जो अच्छी गति से गेंदबाजी कर सकता है। उम्मीद है हम वुड के अनुभव तो नहीं लेकिन गति के साथ रिप्लेस कर लेंगे।" एलएसजी जयपुर में होने वाले अपने पहले मैच रविवार को राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी।

## खेल डायरी

### जारा को क्वीन सिरिकिट कप में संयुक्त बढ़त



**क्राइस्टचर्च।** भारतीय गोल्फर जारा आनंद ने कड़ाके की सर्दी के बीच यहां खेले जा रहे 44वें क्वीन सिरिकिट कप के पहले दौर में एक ओवर 73 का स्कोर करके संयुक्त बढत बना ली। पंद्रह वर्ष की जारा को 2023 विजेता अवनि प्रशांत के नाम वापिस लेने के बाद भारतीय गोल्फ यूनियन ने टूर्नामेंट में जगह दी। वह चीनी ताइपै की चुन वेइ वू और जापान की ऐना फुजिमोतो के साथ शीर्ष पर है। भारत की विधात्री उर्स संयुक्त 20वें और हीना कांग संयुक्त 32वें स्थान पर है। टीम वर्ग में भारत छठे स्थान पर है जबकि चीनी ताइपै शीर्ष पर है।

### त्रिसा-गायत्री की जोड़ी स्विस ओपन के दूसरे दौर में



**बासेल (स्विटजरलैंड)।** भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी अमेरिका के एनी शू और कैरी शू को सीधे गेम में हराकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई। पिछले सप्ताह आल इंग्लैंड ओपन से पहले दौर में बाहर हुई भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट में 21-15, 21-12 से जीत दर्ज की। महिला युगल में तीन अन्य भारतीय जोड़ियों को पहले दौर में पराजय का सामना करना पड़ा।

### डोपिंग प्रतिबंध के बाद लौटी हालेप पहले दौर में हारीं



**मियामी गार्डन्स।** दो बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन सिमोना हालेप अपील के बाद डोपिंग प्रतिबंध वापिस लिये जाने के साथ टेनिस कोर्ट पर लौटी लेकिन मियामी ओपन के पहले दौर में पाउला बाडोसा से 6-1, 4-6, 3-6 से हार गई। रोमानिया की 32 वर्ष की हालेप 2017 में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। वह 2022 अमेरिकी ओपन में प्रतिबंधित दवा रोक्साडस्टेट के सेवन की दोषी पायी जाने के बाद से टूर पर नहीं खेली है। अमेरिकी ओपन के पहले दौर में उन्हें यूक्रेन की डारिया स्निगुर ने हराया था। उन पर 2023 में चार साल का प्रतिबंध लगाया गया था जिसे दो सप्ताह पहले खेल पंचाट ने घटाकर नौ महीने का कर दिया।

### ओलंपिक के उद्घाटन में भाग नहीं लेंगे रूस-बेलारूस

**जिनेवा।** रूस और बेलारूस के खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक परेड में भाग नहीं ले सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने यह जानकारी दी। ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 26 जुलाई को है जिसमें हजारों खिलाड़ी सीन नदी से एफील टावर की तरफ नावों से आयेंगे जबकि आम तौर पर परेड स्टेडियम में होती है। आईओसी ने कहा कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ी नदी के किनारे समारोह देख सकेंगे। उन्हें तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर ओलंपिक में खेलने की अनुमति मिली है।

## सीरीज स्थगित होने से अफगान बोर्ड निराश

**काबुल, एजेंसी**



अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ तीसरी बार द्विपक्षीय श्रृंखला स्थगित करने पर निराशा व्यक्त करते हुए वैकल्पिक समाधान तलाशने का आग्रह किया है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि एसीबी ऑस्ट्रेलियाई सरकार से आग्रह करता है कि वह अपनी नीतियों को क्रिकेट बोर्डों पर थोपे के बजाय सभी क्षेत्रों में क्रिकेट के विकास का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करे। उन्होंने कहा कि एसीबी का शीर्ष प्रबंधन पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ बातचीत में शामिल हुआ था और सार्वजनिक रूप से वापसी की घोषणा करने के बजाय वैकल्पिक समाधान तलाशने का प्रस्ताव रखा था। एसीबी के बयान में कहा गया है कि स्थगित टी-20 श्रृंखला को सीए प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में आईसीसी द्वारा अनुमोदित किया गया था।

### 24 मार्च को मनेगा विश्व कबड्डी दिवस

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पंचकूला में ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडियम में 24 मार्च को विश्व कबड्डी दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय होंगें। होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआईपीएसए) और विश्व कबड्डी संगठन इस वर्ष के आयोजन का संयुक्त रूप से आयोजन कर रहे हैं। एचआईपीएसए की अध्यक्ष सुश्री कॉथी डी सुरेश ने यह जानकारी बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व कबड्डी दिवस समारोह का लक्ष्य एक अनोखा आयोजन करना है।

## भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी को तैयार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



खेल और युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। एक न्यूज चैनल के सम्मेलन में ठाकुर ने कहा कि मेजबानी की दावेदारी के लिये आमंत्रण के साथ ही भारत इसकी मेजबानी के लिये तैयार होगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिये तैयार है।'' उन्होंने कहा, ''हम दुनिया की पांचवें सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हमारे पास युवाशक्ति है।'' उन्होंने बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट देखने ब्रिटेन से करीब 4000 क्रिकेटप्रेमी धर्मशाला पहुंचे थे और उन्होंने स्टेडियम की तारीफ भी की। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद 2028 ओलंपिक लॉस एंजीलिस में और 2032 ओलंपिक ब्रिसबेन में खेले जायेंगे।

### चुनाव में खेल संहिता का पालन सुनिश्चित करेगा डब्ल्यूएफआई

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) यह सुनिश्चित करेगा कि गुजरात, तेलंगाना और उत्तराखंड में आगामी राज्य संघ के चुनावों में खेल संहिता का पालन किया जाए। वह 27 मार्च से राष्ट्रीय शिविर बहाल करने के लिए भी तैयार है। राजस्थान जैसे कई राज्य संघों में 70 साल की निर्धारित आयु से अधिक उम्र के पदाधिकारी काम कर रहे थे। डब्ल्यूएफआई यह सुनिश्चित करना चाहता है कि चुनाव में उम्र और कार्यकाल से संबंधित दिशानिर्देशों का पालन किया जाए।

## विराट कोहली से मिलना मेरे जीवन का सबसे अनमोल क्षण : श्रेयांका

**बेंगलुरू, एजेंसी**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला प्रीमियर लीग में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली 'परपल कैप' विजेता श्रेयांका पाटिल के लिये सबसे बड़ा पल रहा जब उन्हें विराट कोहली से मिलने का मौका मिला। इक्कीस वर्ष की आफ स्पिनर श्रेयांका ने एलिमिनेटर और फाइनल में डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि बचपन से उनके पसंदीदा क्रिकेटर रहे कोहली उनका नाम जानते हैं। उन्होंने आरसीबी 'अनबॉक्स' कार्यक्रम में कोहली के साथ अपनी तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए लिखा, ''उनकी वजह से क्रिकेट देखना शुरू किया था। उनके जैसा बनने का सपना देखा करती थी। कल मेरे जीवन का सबसे अनमोल पल था।'' उन्होंने लिखा, ''विराट ने कहा, ''हाय श्रेयांका। अच्छी गेंदबाजी की।' उन्हें मेरा नाम पता था।'' श्रेयांका को आरसीबी ने पिछले साल डब्ल्यूपीएल की पहली नीलामी में उनके बेसप्राइज 10 लाख रूपये में लिया था।

### पाक महिला क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज की करेगी मेजबानी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम अगले महीने वेस्टइंडीज के साथ होने वाले तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैचों की सीरीज की मेजबानी करेगी। सभी मैच कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में खेलें जायेंगे। पहला एकदिवसीय मैच 18 अप्रैल को, दूसरा 21 अप्रैल और तीसरा 23 अप्रैल को होगा। 26 अप्रैल से तीन मई तक पांच मैचों की टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

## मुकाबले में भारत की नजरें तीन अंकों पर

**आभा (सउदी अरब), एजेंसी**

**फीफा विश्व कप क्वालीफायर**

जैकसन सिंह और अनवर अली की वापसी से उत्साहित भारतीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को जब फीफा विश्व कप क्वालीफायर के मुकाबले में अफगानिस्तान का सामना करेगी तो उसकी नजरें तीसरे दौर में जगह बनाने पर लगी होंगी। मिडफील्ड में जैकसन और सेंटर बैक में अनवर चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं। दूसरे दौर के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी पर भारत का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। हालांकि मिडफील्डर सहल अब्दुल समद इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। दो मैचों में एक जीत के तीन अंक के साथ भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है।



# बॉलीवुड हलचल

## विवादों में फंसी खेसारी लाल की फिल्म 'रंग दे बसंती'



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता खेसारी लाल यादव की आगामी फिल्म 'रंग दे बसंती' रिलीज से पहले विवादों में फंसी हुई है। इसे 22 मार्च को होली के मौके पर रिलीज किया जाना था लेकिन अपने टाइटल की वजह से ये सर्टिफिकेशन बोर्ड में अटक गई। फिल्ममेकर रौशन सिंह ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। ऐसे में अब कोर्ट की ओर से सीबीएफसी को आदेश दिया है कि वो मामले को 10 दिनों के अंदर ही निपटाएं। खेसारी लाल की फिल्म 'रंग दे बसंती' को पहले यूनिवर्सल सर्टिफिकेट दिया गया था और बाद में सीबीएफसी के अध्यक्ष प्रसून जोशी के रवैये के कारण फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई। ट्रेड पंडितों के अनुसार बताया जा रहा है कि रिलीज डेट टलने से इस फिल्म को करीब 10 करोड़ का नुकसान हुआ है। 'रंग दे बसंती' के निर्माता रौशन सिंह ने प्रसून जोशी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने जानबूझकर सेंसर प्रक्रिया में देरी की।



## लाल साड़ी और मांग में सिंदूर में दिखीं रश्मिका मंदाना

**मुंबई, एजेंसी।** साउथ सिनेमा के स्टार अल्लू अर्जुन और एनिमल फिल्म की फेम रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा 2' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसे इसी साल यानी कि 15 अगस्त, 2024 के मौके पर रिलीज किया जाना है। इसी बीच एक बार फिर से फिल्म सुर्खियों में आ गई है। इससे एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक लीक हो गया है। मूवी के सेट से एक्ट्रेस का फर्स्ट लुक सामने आया है। इसमें उन्हें देखते ही बन रहा है। रश्मिका से पहले अल्लू अर्जुन का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया जा चुका है, जो काफी एक्साइटिंग कर देने वाला है। सोशल मीडिया पर सामने आए रश्मिका मंदाना के लुक में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस 'पुष्पा 2' के सेट पर लाल साड़ी और मांग में सिंदूर लगाए नजर आ रही हैं। इसमें उनका लुक देखते ही बन रहा है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि वो पुष्पराज के साथ शादी का सीक्वेंस शूट कर रही थीं। इसे देखने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं।

## कार्तिक आर्यन के साथ दिख सकती हैं माधुरी दीक्षित



**मुंबई, एजेंसी।** कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'भूल भुलैया-3' आजकल सुर्खियों में है। फिल्म में विद्या बालन और तृप्ति डिमरी के बाद अब एक और नाम सामने आया है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री भी हो सकती है। हालांकि अभी मेकर्स ने इस बात पर कोई ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं दी है। 'भूल भुलैया-3' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में डायरेक्टर अनीस बज्मी से पूछा गया कि क्या 'भूल भुलैया-3' में माधुरी दीक्षित नजर आ सकती हैं? इस पर डायरेक्टर बोले- जो भी होने वाला है, हम खुद बताएंगे। तृप्ति और विद्या के बारे में बताया जा चुका है। लेकिन अभी और भी बहुत कुछ बाकी है। फिल्म की कुछ और कास्ट को लेकर बातचीत चल रही है। हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। कुछ दिन पहले कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर घर के मंदिर के सामने सिर झुकाए एक फोटो शेयर की थी। जिसमें उन्होंने कैप्शन लिखा था- आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। 'भूल भुलैया-3' का शुभारंभ। 'भूल भुलैया 2' को अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया था। इसमें कार्तिक के अलावा कियारा आडवाणी, तब्बू, राजपाल यादव और संजय मिश्रा भी लीड रोल में थे। यह फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म 2007 में आई 'भूल भुलैया' का सीक्वल थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# संघर्ष विराम में कूटनीति ही आगे का रास्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुतिन और जेलेंस्की से प्रधानमंत्री मोदी ने फोन पर की बात, जंग और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच साथ काम करने को लेकर सहमति बनी है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत और रूस के विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

बता दें, दोनों नेता आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमत हुए। फोन पर हुई मोदी और पुतिन की बातचीत के दौरान भारत और रूस ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों में प्रगति की भी समीक्षा की। दोनों शीर्ष नेताओं के बीत आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। गौरतलब है कि रूस में हुए राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद पुतिन के विरोधियों का जनाधार बेहद खोखला रहा, ऐसे में पुतिन को बड़ी जीत हासिल हुई है। 87 फीसदी वोट हासिल कर जीत दर्ज करने वाले पुतिन बीते दिनों विपक्ष के नेता नवलनी की मौत के कारण भी विवादों में घिरे थे।

## मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत–यूक्रेन साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि, भारत–यूक्रेन साझेदारी को मजबूत करने पर राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ अच्छी बातचीत हुई। शांति के लिए सभी प्रयासों और चल रहे संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया। यूक्रेन–रूस युद्ध पर पीएम मोदी ने भारत के पुराने रूख को दोहराया कि इस विवाद का समाधान कूटनीति व वार्ता से ही हो सकती है। साथ ही दोनो नेताओं ने मौजूदा द्विपक्षीय रिश्तों के विभिन्न आयामों की भी समीक्षा की, क्षेत्रीय व वैश्विक हालातों पर भी चर्चा हुई।

# चीन की चाल पर भारी पड़ रही भारत की नीति

*जून, 2020 में लद्दाख के गलवान में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच शुरू हुई तनातनी लगातार बढ़ती नजर आ रही है। अब हाल ही में पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश का दौरे के बाद चीन बौखला गया है। एक ओर चीन कभी इस राज्य के कई इलाकों के नाम बदलता है तो कभी केंद्रीय नेताओं के दौरे और जी 20 की बैठक पर आपत्ति जताता रहा है। अरुणाचल प्रदेश की 1,126 किमी लंबी सीमा चीन से लगी है। आईए जानते हैं क्या मामला...*




**1,126**
किमी लंबी सीमा अरुणाचल प्रदेश की चीन से लगती है

## सेला सुरंग के निर्माण से बौखलाया चीन

अरुणाचल प्रदेश में चीन सीमा के पास सेला सुरंग का निर्माण हुआ है। सीमा पर सुरंग के निर्माण से चीन बौखलाया गया है। बता दें, इस सुरंग का निर्माण 825 करोड़ में हुआ है, जो तेजपुर से तवांग को जोड़ने वाली सड़क पर पश्चिम कामेंग जिले में 13,700 फीट की ऊंचाई पर है। इसकी आधारशिला फरवरी 2019 में रखी थी। सेला सुरंग भारत की सबसे ऊंची पहाड़ी सुरंग सड़क है जो भारतीय सेना को अरुणाचल प्रदेश में दोनों देशों के बीच विवादित सीमा तक हर मौसम में संपर्क बनाए रखने में मदद करेगी। इस सुरंग के प्रोजेक्ट को अंजाम सीमा सड़क संगठन ने दिया है, जिसमें दो सुरंगें और एक लिंक रोड शामिल है।

## बकवास है चीन का अरुणाचल पर दावा



चीन बार–बार अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता आया है। वहीं, चीन के इस दावे को भारत ने हमेशा नकारा है। एक बार फिर ड्रैगन के इस दावे को भारत सरकार ने बकवास बताया है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से चीन के साथ अरुणाचल प्रदेश का कोई संबंध नहीं है। वहीं, यह राज्य भारत का अभिन्न अंग है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "ऐतिहासिक रूप से हमारा चीन के साथ कोई जुड़ाव या संबंध नहीं है। इसलिए अरुणाचल के चीन का हिस्सा होने का कोई सवाल ही नहीं है। राज्य के क्षेत्र पर दावा करने से जमीन पर स्थिति नहीं बदलेगी। हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है। अरुणाचल प्रदेश एक भारतीय क्षेत्र है। रिजिजू ने कहा, अपने क्षेत्र को विकसित करना हमारा संप्रभु अधिकार है और कोई भी हम पर आपत्ति नहीं कर सकता हाल ही में पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था, जिसके बाद चीन बौखला उठा। चीन के विदेश मंत्रालय वांग वेनबिन ने कहा कि इससे भारत–चीन का सीमा विवाद और बढ़ेगा।

## भारत का रुख

भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावों को बार–बार खारिज किया है। भारत ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। भारत ने चीन की ओर से क्षेत्र नया नाम गढ़े जाने के कदम को खारिज किया है और कहा है कि इससे सच्चाई में कोई बदलाव नहीं आया है।

## चीन क्यों करता है अरुणाचल पर दावा

अब सवाल ये है कि आखिर चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा क्यों करता है। अरुणाचल को 1987 में एक राज्य बनाया गया था। दरअसल अरुणाचल ने जब से तिब्बत पर कब्जा किया, उसके बाद से ही वो अरुणाचल पर अपना दावा पेश करता है और इसे साउथ तिब्बत बोलता है। तिब्बत पर चीन के कब्जे को लेकर दुनियाभर में बहस है। खुद दलाई लामा तिब्बत को चीन का हिस्सा बताने से इनकार करते हैं और इसे चीन की दादागीरी बताते हैं। ऐसे में चीन का तिब्बत के सहारे अरुणाचल पर दावा करना काफी खतरनाक माना जा रहा है।

## एक नजर

### पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट पर गोलीबारी, आठ आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स को बुधवार को आतंकियों ने निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग की। बता दें कि आतंकियों की गोलीबारी का सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया। इस हमले से पहले पोर्ट पर एक धमाका हुआ। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ग्वादर पोर्ट पर आठ आतंकियों ने हमला किया था और सभी आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मौत के घाट उतार दिया। बलूचिस्तान प्रांत के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी।

### इमरान की संघीय-प्रांतीय चुनावों की न्यायिक आयोग से जांच की मांग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में धांधली के आरोपों की जांच को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। जिसमें उन्होंने एक न्यायिक आयोग के जरिए जांच की मांग की है। गौरतलब है कि पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ ने आठ फरवरी के आम चुनाव के नतीजों में हेरफेर का आरोप लगाकर नतीजों को मानने से इनकार कर दिया था। पीटीआई नेता और वरिष्ठ वकील हामिद खान ने इमरान खान की ओर से याचिका दायर की, जिसमें कहा गया कि न्यायिक आयोग को आठ फरवरी को हुए आम चुनावों की प्रक्रिया और आचरण से संबंधित मामलों की जांच, ऑडिट और समीक्षा करनी चाहिए।

### गाजा शहर में इजराइली हमले में 23 की मौत, कई घायल

**गाजा।** गाजा शहर में मंगलवार को इजराइली हवाई हमले में 23 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। मीडिया एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने बताया कि, सहायता वाले ट्रकों के इंतजार में खड़े लोगों पर गोलीबारी हुई है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि गाजा पट्टी पर चल रहे इजराइली हमलों में फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 31 हजार से ज्यादा हो गया है। जबकि 73,934 अन्य घायल हुए हैं।

### लद्दाख को राज्य का दर्जा की मांग को लेकर लोगों ने निकाला मार्च

**करगिल।** लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग के समर्थन में हजारों लोगों ने बुधवार को मार्च निकाला जिसके कारण दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। शिक्षासुधारक सोनम वांगचुक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर पिछले दो सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। करगिल डेमोक्रेटिक एलायंस (केडीए) के आह्वान के जवाब में बड़ी संख्या में लोगों ने फातिमा चौक से हुसैनी पार्क तक एक मार्च निकाला।

# तालिबानी फौज का चेकपोस्ट पर कब्जा, पाकिस्तानी सैनिक भागे

## पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक का अफगानी जवाब, दोनों देशों में बढ़ा तनाव

काबुल, एजेंसी

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में डूरंड लाइन पर तकरार और बढ़ गई है। पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक के बाद तालिबानी फौज ने मुंहतोड़ जवाब दिया। मंगलवार को तालिबान शासकों की फौज ने पाकिस्तान की सैन्य चौकी पर कब्जा कर लिया। पाकिस्तानी फौजी इस चौकी से पीछे हट गए हैं। यह पोस्ट पाक के उत्तर-पूर्वी बजीरिस्तान इलाके के कुर्रम में है।

मीडिया के मुताबिक, अफगानी फौज ने भारी मोर्टार से बमबारी की और सैनिक हमले से चेकपोस्ट पर कब्जा किया। बजीरिस्तान इलाके में पाकिस्तान की कई सैन्य चौकी हैं, स्थिति और न बिगड़े, इसलिए पाकिस्तानी सेना ने वहां से जवानों को हटा लिया। दो दिन पहले ही पाक के जेएफ- 17 लड़ाकू विमानों ने अफगानिस्तान में खोस्त और पकटिका इलाकों में भारी बमबारी की थी। इसके बाद अफगान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पाक के हमले में 8 महिलाओं और कुछ बच्चों की मौत हुई है और हम पाक से बदला जरूर लेंगे। इसीलिए अफगान फौज ने मंगलवार तड़के डूरंड लाइन पर घातक हमला किया।

### पाकिस्तान व अफगानिस्तान के बीच कैसे शुरू हुआ संघर्ष

दोनों देशों के बीच ताजा संघर्ष की शुरुआत शनिवार (16 मार्च) को हुई। दरअसल, शनिवार को



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मीर अली में एक आत्मघाती हमलावर ने अपने विस्फोटक से भरे ट्रक को एक सैन्य चौकी में घुसा दिया। यह इलाका अफगानिस्तान की सीमा से लगा हुआ है। इस घटना में सात पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि उसकी जवाबी गोलीबारी में सभी छह हमलावरों को मार गिराया गया। हमले की जिम्मेदारी हाल ही बने एक आतंकी समूह जैश–ए–फुरसन–ए–मुहम्मद ने ली। कहा गया कि इस समूह को मुख्य रूप से पाकिस्तानी तालिबान तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सदस्यों ने बनाया है। प्रतिबंधित टीटीपी के निशाने पर अक्सर पाकिस्तानी सैनिक और पुलिसकर्मी रहे हैं। इस हमले के बाद पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने जवाबी कार्रवाई करने का एलान किया। बीते दो तीन वर्षों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं।

### पाकिस्तान ने सेना में शामिल दो अफगानी अफसरों को निकाला

पाकिस्तान ने खुलासा किया कि सेना में दो ऑफिसर रैंक के अफगान नागरिक थे। इन्हें निकाल दिया गया है। ये अफसर अवैध अप्रवासियों के खिलाफ पाक के अभियान में शामिल थे। संघर्ष को लेकर अमेरिका ने नसीहत दी है कि, पाक धैर्य दिखाए। अफगानिस्तान भी अपनी धरती का इस्तेमाल आतंकी हमलों में करने से रोके।

### बात न बनी तो तोपों से हमला करेगा पाकिस्तान

पाकिस्तानी सेना अभी कूटनीति से मामला निपटा रही है। उसका कहना है कि या तो अफगास्तिान सरकार आतंकी संगठन टीटीपी को खुद खत्म करे या हमें सौंप दे। इसके लिए राजनयिक प्रयास चल रहे हैं। यदि ये फेल होते हैं तो उसने उत्तरी वजीरिस्तान में कई तोपें तैनात कर रखी हैं। इन्हीं से जवाबी हमले की योजना है। पाक टीटीपी के आतंकी हाफिज गुल बहादुर की गिरफ्तारी चाहता है।

## बलूचिस्तान प्रांत में कोयला खदान धंसी 12 लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारी ने बताया कि ये विस्फोट काफी शक्तिशाली था। इसके कारण कोयला खदान धंस गई और 12 लोगों की जान चली गई।

अधिकारी के अनुसार, इस हादसे के बाद लगभग आठ लोगों को खदान से बचाया गया है। मीडिया के मुताबिक, यह घटना हरनाई जिले के जरदालो इलाके में हुई। अब्दुल गनी बलूच ने कहा कि दो शवों को रात में ही खदान से बरामद किया गया और बाकी 10 शवों को बुधवार सुबह निकाला गया है। मीडिया के अनुसार, बलूचिस्तान प्रांत के खनन महानिदेशक अब्दुल्ला शाहवानी ने भी मरने वालों की संख्या की पुष्टि की है।

घटना में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दुर्घटना में मारे गए लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज ने निर्देश दिया कि घायल लोगों को हर संभव इलाज उपलब्ध कराया जाए।

# विदेश में भी चलती है मोदी की गारंटी : एस जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले -मोदी की गारंटी राजनीतिक दबाव के आगे झुकती नहीं



विदेश मंत्री एय जयशंकर ने कहा है कि देश के साथ विदेश में भी मोदी की गारंटी चलती है। लोगों को उन पर विश्वास है। देश में गौरव की भावना पहले से ज्यादा है और भरोसा भी बढ़ा है।

जयशंकर ने कहा, जब मैं बाहर (विदेश) जाता हूं और विदेशी नीतियां समझाता हूं, तो पता चलता है कि मोदी विदेश में भी उतना ही काम करने की गारंटी देते हैं जितना भारत में। मोदी की गारंटी विदेशों में भी उतनी चलती है जितनी की भारत में चलती है। निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- मोदी की गारंटी की वजह से ही ऑपरेशन गंगा, 'ऑपरेशन कावेरी' और ऑपरेशन अजय सफल हो पाए। वैक्सीन मैत्री के जरिए हमने दुनिया भर के 100 देशों को वैक्सीन दी। मोदी की गारंटी में राजनीतिक दबाव के आगे न झुककर पेट्रोल की कीमतें उचित बनाए रखना भी शामिल है। लोगों को अब भरोसा है कि पानी, बिजली और स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी जरूरतें मुहैया कराई जाएंगी। जयशंकर ने कहा- मोदी की गारंटी की वजह से पिछले 75 सालों से चल रही विदेश नीति में कई तरह के बदलाव आए हैं। हमारा लक्ष्य आतंकवाद को इस तरह से रोकना है कि यह दोबारा न हो।

हालांकि यूक्रेन के संदर्भ में पश्चिमी देशों के हमारे साथ मतभेद हो सकते हैं। लेकिन हमारी विदेश नीति का मुख्य उद्देश्य भारत के हितों की रक्षा करना है और यह जरूरी नहीं कि हम अन्य देशों के साथ सहमत हों और उनके हितों की रक्षा करें। जयशंकर ने भारत और पाकिस्तान के रिश्तों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा- आज पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते बहुत ही औपचारिक स्तर पर हैं। बातचीत बहुत ही कम है। ऐसा 2 कारणों से हुआ।

## बारिश से बढ़ी ठंडक...



**शिमला :** हिमाचल में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर लगातार बना हुआ है। बुधवार को नारकंडा में ताजा हिमपात हुआ है। प्रदेश के मध्यम से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश से मौसम में ठंडक बनी हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान बिलासपुर, हमीरपुर और शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में कहीं कहीं पर ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने देश के पूर्वी हिस्सों में तेज रफ्तार हवाएं, ओलावृष्टि के साथ मध्यम बारिश होने संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार से 23 मार्च तक पूर्वोत्तर भारत, उप–हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में गरज के साथ भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

## अमेरिका में अवैध प्रवेश पर लगेगा अंकुश, आव्रजन कानून को मिली अनुमति

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को टेक्सास राज्य को तत्काल एक आव्रजन कानून लागू करने की अनुमति दे दी। इस फैसले से राज्य के अधिकारियों को देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लोगों को गिरफ्तार और हिरासत में लेने का अधिकार मिल गया है। वहीं, कई लोगों का कहना है कि यह कानून सही नहीं है।

दरअसल, संघीय अपील अदालत में कानून के लिए कानूनी चुनौतियां चल रही हैं, लेकिन एससी के निर्णय से आव्रजन नीति पर बाइडन प्रशासन से जूझ रहे टेक्सास को एक महत्वपूर्ण जीत मिली है। इस आदेश ने अदालत द्वारा लगाए गए अनिश्चितकालीन रोक को भी हटा दिया, जो कानून को प्रभावी होने से रोक रहा था। बता दें कि दिसंबर में रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट द्वारा हस्ताक्षरित सीनेट बिल 4, टेक्सास में अवैध रूप से प्रवेश को अपराधिक बताता है और न्यायाधीशों को आप्रवासियों को निर्वासित करने का आदेश देने की अनुमति देता है।

# महिला सशक्तिकरण से 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र: रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



- संयुक्त राष्ट्र में बोलीं रुचिरा कंबोज, भारत में महिलाओं के लिए अहम कदम उठाए जा रहे

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बताया कि देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई अहम कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि किस तरह से समाज में लैंगिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। दरअसल भारतीय मिशन ने संयुक्त राष्ट्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें महिलाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। कंबोज ने कहा कि भारत महिला सशक्तिकरण से ही 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा।

कार्यक्रम के दौरान भारत की यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि महिलाओं के लिए एक बहुमुखी रणनीति तैयार की जा रही है, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से लैंगिक न्याय, समानता और भारत के सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित है। बता दें, संयुक्त राष्ट्र में महिलाओं की स्थिति पर 68वीं वार्षिक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक 11 मार्च से शुरू हुई है, 22 मार्च तक चलेगी। इसी बैठक के दौरान भारतीय मिशन ने भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। रुचिरा कंबोज ने कहा कि महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता से भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा।

# पाकिस्तान के आम चुनाव में मानवाधिकारों को कुचला

वाशिंगटन, एजेंसी

- धांधली के आरोपों को लेकर अमेरिका बोला- विस्तृत जांच हो



अमेरिका ने पाकिस्तान आम चुनाव में हुई कथित धांधली की बात को माना है और इसे लेकर चिंता जाहिर की है। अमेरिका ने पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करने और आतंकवाद से निपटने में मदद देने का भी आश्वासन दिया।

दरअसल अमेरिका के राजनयिक और पाकिस्तान मामलों के जानकार डोनाल्ड लू ने पाकिस्तान चुनाव में हुई कथित धांधली को लेकर अपनी लिखित गवाही संसद की समिति के पास भेजी थी, जिसे अब सार्वजनिक किया गया है। डोनाल्ड लू ने अपनी गवाही में कई मुद्दों पर चिंता जाहिर की और दोनों देशों के भविष्य को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अमेरिका का विदेश विभाग पाकिस्तान में हुई चुनावी हिंसा, मानवाधिकारों पर प्रतिबंध, आजादी, मीडिया पर हमले और कम्युनिकेशन सेवाओं पर प्रतिबंधों की निंदा करता है। चुनावी प्रक्रिया में कथित धांधली पर भी चिंता जाहिर की गई और कहा कि आरोपों की विस्तृत जांच होनी चाहिए। लू ने कहा कि पुलिस, नेताओं और जनसभाओं के दौरान हमले हुए। कई पत्रकारों, खासकर महिला पत्रकारों का उत्पीड़न किया गया। चुनाव के दिन अंतर्राष्ट्रीय मॉनिटरिंग टीम को भी वोटों की गणना की समीक्षा नहीं करने दी गई। मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं को बंद किया गया।

विज्ञान — मिशिगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एसएन 1987ए दुर्लभ सुपरनोवा नाम दिया

# मोतियों की माला में घिरा नजर आया सुपरनोवा

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचारः** ब्रह्मांड में एक रहस्यमयी सुपरनोवा मोती की माला में सुसज्जित नजर आ रहा है। इस दुर्लभ सुपरनोवा का नाम एसएन 1987ए है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह एक विशाल तारे के विस्फोट के अवशेषों को खुद मे समेट रहा है। यह घटना पृथ्वी से लगभग 160,000 प्रकाश वर्ष दूर है। जिसमें एक विशाल तारा (सुपरनोवा) टूटकर बिखर रहा है और टूटे हुए तारे की सामग्री से घिर रहा है। यह सुपरनोवा एक आकाशगंगा के उप आकाशगंगा में स्थित है। वैज्ञानिक इस घटना को लार्ज मैगेलैनिक क्लाउड या एलएमसी नाम से पुकारते हैं। एसएन 1987ए के बारे में विशेष रूप से उल्लेखनीय तथ्य यह सामने आया है कि यह चमकते हाइड्रोजन प्लाज्मा के गुच्छों से घिरा हुआ है । यह एक ऐसी संरचना है, जो खगोल भौतिकी में एक लंबे समय तक चलने वाली रहस्यमय प्रक्रिया है। जिसका अभी कोई सटीक जानकारी नही मिल पाई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सुपरनोवा अवशेष के आभूषण के रहस्य को पूरी तरह से समझने के लिये समय लगेगा।




मोतियों की माला मे घिरे सुपरनोवा की तस्वीर

## आंखों से भी देखा जा सकता है सुपरनोवा

इस सुपरनोवा को नग्न आंखों से देखा जा सकता है। यह सुपरनोवा अविश्वसनीय रूप से दुर्लभ खगोलीय घटना है। इस घटना से सितारों के विकास और अंतत : मृत्यु के बारे में हमारी समझ में कुछ अधिक वृद्धि हो सकती है। बहरहाल इस तरह की घटनाओं को लेकर नई समझ पैदा होगी । साथ ही खोज को नई दिशा मिलेगी।

मिशिगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार मोतियों की माला की संरचना अद्भुत है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस सुपरनोवा मलबे की खोज हुई है। जिसके समीप एक छिपा हुआ न्यूट्रॉन तारा है।

# दुनिया के सिख समुदाय की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध भारत

वाशिगटन, एजेंसी

- अमेरिका के प्रतिष्ठित सिख नेता ने गृह मंत्री, रक्षा मंत्री और जयशंकर की मुलाकात

अमेरिका के एक प्रतिष्ठित सिख नेता ने बताया कि भारत सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत दुनियाभर में समुदाय की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिका के सिख संगठन के जस्सी सिंह हाल ही में भारत का दौरा करके लौटे हैं। एक सिख प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की।

जस्सी सिंह ने बताया कि भारत के इन वरिष्ठ नेताओं के साथ उन्होंने बात की कि कैसे सिख समुदाय भारत की मदद कर सकता है और देश के विकास का हिस्सा बन सकता है। उन्होंने कहा, "हमें बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार दुनिया भर के सिख समुदाय की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

जस्सी सिंह ने आगे कहा, बैठक में हमने पंजाब में विकास को लेकर चर्चा की। पंजाब को अलगाववादी आंदोलन के दौरान बहुत नुकसान का सामना करना पड़ा है। उन्होंने अमेरिका और कनाडा के एक वर्ग का खंडन किया जिन्होंने आरोप लगाया कि भारत में उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। इस पर उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है। अन्य समुदाय की तरह सिखों का भी अपना मुद्दा है। भारत में अन्य नागरिकों की तरह सिखों को भी समान अधिकार प्राप्त है।